माघ कृष्ण पक्ष षष्ठी 02:03 उपरांत सप्तमी विक्रम संवत 2080
कानपुर, गुरुवार, 1 फरवरी 2024
वर्ष 2, अंक 161, पृष्ठ 16
मूल्य 5 रुपये
2 राज्य, 6 संस्करण
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
www.amritvichar.com

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

नासा ने खोजा छह ग्रहों का दुर्लभ संसार 16
चंद पैसों के लिए अपराध की राह चलीं अभिनेत्रियां 02

एक नजर

सोलहवें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति

नई दिल्ली। नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में बने 16वें वित्त आयोग के सदस्यों की नियुक्ति कर दी गई है। राष्ट्रपति की मंजूरी से 15वें वित्त आयोग के पूर्व सदस्य एवं पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा को पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। इसी तरह से पूर्व विशेष व्यय सचिव एनी जॉर्ज मैथ्यू को भी पूर्णकालिक सदस्य बनाया गया है। अर्थ ग्लोबल के कार्यकारी निदेशक डॉ. निरंजन राजाध्यक्ष भी पूर्णकालिक सदस्य नियुक्त किए गए हैं। एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष भी पूर्णकालिक सदस्य किए गए हैं। 16वें वित्त आयोग से 1 अप्रैल, 2026 से शुरू होने वाली पांच वर्षों की अवधि को कवर करते हुए अपनी सिफारिशें 31 अक्टूबर, 2025 तक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

संगरूर देश में सर्वश्रेष्ठ जिला के रूप में सम्मानित

चंडीगढ़। पंजाब के संगरूर जिले को ग्रीन स्कूल कार्यक्रम के तहत देश में सर्वश्रेष्ठ जिला के रूप में सम्मानित किया गया है। मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार खुशी व्यक्त करते हुए सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि..जिस दिन से चला हूं मेरी मंज़िल पे नज़र है, आंखों ने कभी मील का पत्थर नहीं देखा..। संगरूर देश में सर्वश्रेष्ठ जिला बधाइयां..। गौरतलब है कि सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट (सीएसई) का ग्रीन स्कूल प्रोग्राम (जीएसपी) हर साल देश भर के उन स्कूलों को पुरस्कृत करता है, जो पर्यावरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं।

फार्मा फैक्टरी में विस्फोट में तीन कर्मियों की मौत

वडोदरा। गुजरात के वडोदरा जिले में बुधवार अपराह्न एक फार्मा फैक्टरी में गैस के रिसाव की वजह से हुए विस्फोट में तीन कर्मियों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, जिले की पडरा तालुका के एकाल्बरा गांव में स्थित फैक्टरी में हुए विस्फोट में एक अन्य कर्मी भी घायल हो गया। पडरा पुलिस निरीक्षक एलबी तडवी ने बताया कि अपराह्न करीब दो बजे ओनीरो लाइफकेयर संयंत्र में एक गैस पाइप से रिसाव के कारण विस्फोट हुआ और उस समय घटनास्थल पर चार कर्मी मौजूद थे। उन्होंने बताया कि विस्फोट में चारों कर्मी घायल हो गये, जिन्हें आनन-फानन में वडोदरा के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन कर्मियों ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

राम मंदिर का सदियों पुराना सपना पूरा हुआ, दुर्बल से सबल हुई अर्थव्यवस्था

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बजट सत्र के पहले दिन दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी/ब्यूरो

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बीते एक वर्ष को देश के लिए ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा हुआ बताते हुए कहा कि इस दौरान भारत ने अर्थव्यवस्था से लेकर अंतरिक्ष तक नए आयाम हासिल कर दुनिया में विश्व मित्र की छवि बनाई और भव्य राम मंदिर के निर्माण की लोगों की सदियों पुरानी आकांक्षा भी पूरी हुई। राष्ट्रपति ने संसद के बजट सत्र के पहले दिन बुधवार को यहां दोनों सदनों के संयुक्त अधिवेशन को संबोधित करते हुए कहा कि देश सही निर्णय लेते हुए सही दिशा में आगे बढ़ रहा है जिससे दशकों से अटके काम पूरे हुए हैं और भारतीय अर्थव्यवस्था पांच कमजोर अर्थव्यवस्थाओं से निकलकर पांच शीर्षस्थ अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जा रही है। उन्होंने आदिवासियों, किसानों, महिलाओं, मछुआरों और कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए उठाए गए कदमों की लंबी सूची प्रस्तुत करते हुए अपने अभिभाषण में कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र पर चल रही सरकार समाज के हर वर्ग को उचित अवसर देने में जुटी है।

मेजों की थपथपाहट और जय श्रीराम की गूंज के बीच 22 जनवरी की तिथि को ऐतिहासिक बताते हुए उन्होंने कहा कि सभ्यताओं के कालखंड में ऐसे पड़ाव आते हैं जो सदियों का भविष्य तय करते हैं। इस वर्ष, 22 जनवरी को भी देश ऐसे ही एक पड़ाव का साक्षी बना। सदियों की प्रतीक्षा के बाद अयोध्या में रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार तीर्थों एवं ऐतिहासिक धरोहरों के विकास के साथ तीर्थाटन एवं पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।

विनिर्माण क्षेत्र में ताकत बन चुका है भारत

राष्ट्रपति ने मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान का जिक्र किया और कहा कि भारत विनिर्माण क्षेत्र में भी ताकत बन चुका हैं। भारत आज दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल फोन निर्माता देश है। पिछले एक दशक के दौरान मोबाइल फोन विनिर्माण में पांच गुना बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार संपदा निर्माताओं का सम्मान करती है तथा भारत के निजी क्षेत्र के सामर्थ्य पर विश्वास करती है। डिजिटल इंडिया को बड़ा सुधार बताते हुए कहा कि डिजिटल इंडिया ने भारत में जीवन और बिजनेस, दोनों को बहुत आसान बना दिया है। आज विकसित देशों में भी भारत जैसा डिजिटल सिस्टम नहीं है।

साफ सुथरी परीक्षा के लिए बनेगा कानून

राष्ट्रपति ने कहा है कि परीक्षाओं में आए दिन होने वाली गड़बड़ी को रोकने के लिए एक कानून बनाया जाएगा। सरकार परीक्षाओं में होने वाली गड़बड़ी को लेकर युवाओं की चिंताओं से अवगत है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार नारीशक्ति का सामर्थ्य बढ़ाने के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। कृत्रिम मेधा मिशन पर भी काम हो रहा है।

हुड़दंग करने वाले करें आत्म निरीक्षण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि देश प्रगति की नई उंचाइयों को छू रहा है। विश्वास जताया कि लोगों के आशीर्वाद से 'सर्वसमावेशी एवं सर्वांगीण' विकास की उनकी सरकार की यात्रा आगे भी जारी रहेगी। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों को संबोधित करते हुए मोदी ने उन्हें राम राम कहकर बधाई दी और कहा कि चुनाव से पहले पूर्ण बजट पेश नहीं करने की परंपरा रही है जिसका पालन करते हुए उनकी नई सरकार बनने के बाद पूर्ण बजट पेश किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आदतन हुड़दंग करना जिनका स्वभाव बन गया है, ऐसे सभी सांसदों को आत्मनिरीक्षण करना चाहिए। मोदी ने विपक्षी सांसदों पर संसदीय कार्यवाही को बार-बार बाधित करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जो लोग हंगामा करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को बिगाड़ने के आदी हैं, उन्हें इस अंतिम सत्र के दौरान आत्मनिरीक्षण करना चाहिए।

ज्ञानवापी : 31 साल से बंद पड़े व्यास तहखाने में पूजा की मिली अनुमति

अदालत ने जिलाधिकारी को दिए 7 दिन में पूजा के इंतजाम करने के निर्देश

वाराणसी, एजेंसी

जिला अदालत ने बुधवार को ज्ञानवापी परिसर में स्थित व्यास जी के तहखाने में हिंदुओं को पूजा-पाठ करने का अधिकार देने का आदेश दे दिया। हिंदू पक्ष के वकील मदन मोहन यादव ने बताया कि जिला जज अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने तहखाने में पूजा पाठ करने का अधिकार व्यास जी के नाती शैलेंद्र पाठक को दे दिया है। जज ने अपने आदेश में जिलाधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा है कि वादी शैलेंद्र व्यास तथा काशी विश्वनाथ ट्रस्ट द्वारा तय किए गए पुजारी से व्यास जी के तहखाने में स्थित मूर्तियों की पूजा और राग भोग कराए जाने की व्यवस्था सात दिन के भीतर कराएं।

यादव ने बताया कि पूजा कराने का कार्य काशी विश्वनाथ ट्रस्ट करेगा। ज्ञानवापी में वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटाकर रास्ता खोला जाएगा। व्यास जी के तहखाने में पूजा-पाठ किए जाने संबंधी आवेदन पर अदालत में दोनों पक्ष की तरफ से मंगलवार को बहस पूरी कर ली थी। हिंदू पक्ष का कहना था कि नवंबर 1993 तक सोमनाथ व्यास जी का परिवार उस तहखाने में पूजा पाठ करता था, जिसे तत्कालीन मुलायम सिंह यादव सरकार के शासनकाल में बंद करा दिया गया था।

- वजूखाने के समक्ष बैठे नंदी के सामने लगी बैरीकेडिंग हटेगी
- काशी विश्वनाथ ट्रस्ट व वादी शैलेंद्र पाठक तय करेंगे पुजारी

वजूखाना के सर्वे मामले में इंतेजामिया कमेटी को नोटिस

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने राखी सिंह की पुनरीक्षण याचिका पर ज्ञानवापी मस्जिद की अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को बुधवार को नोटिस जारी किया। वादी राखी सिंह ने वाराणसी की अदालत द्वारा 21 अक्टूबर 2023 को सुनाए गए उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उसने ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर कथित शिवलिंग को छोड़कर वजूखाना का भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) से सर्वेक्षण कराने का निर्देश देने से मना कर दिया था। अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी को यह नोटिस न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल की अदालत द्वारा जारी किया गया।

शिवभक्तों को न्याय मिला। बाबा विश्वनाथ मंदिर परिसर में व्यास जी के तहखाने में पूजा का अधिकार दिए जाने के संबंध में माननीय न्यायालय के ऐतिहासिक फैसले का हार्दिक स्वागत करता हूं। 1993 से भक्तों को था इंतजार। हर हर महादेव। जय बाबा विश्वनाथ। जय माता शृंगार गौरी। –**केशव प्रसाद मौर्य**, उपमुख्यमंत्री

इस फैसले से मायूसी जरूर है, लेकिन अभी ऊपरी अदालतों का रास्ता खुला है। जाहिर है कि हमारे वकील इस फैसले को चुनौती देंगे। ज्ञानवापी का मामला अयोध्या के मसले से अलग था। अभी लंबा रास्ता तय करना है। हमें उम्मीद है कि इसे ऊपर की अदालत में चुनौती दी जाएगी।
–**मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली**, एआईएमपीएलबी सदस्य

गिरफ्तारी के बाद हेमंत सोरेन का इस्तीफा, चंपई सोरेन होंगे सीएम

रांची, एजेंसी

ईडी ने भूमि घोटाला मामले में सात घंटे तक पूछताछ के बाद बुधवार को देर शाम झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद सोरेन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। साथ ही सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया। सोरेन ने राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को अपना इस्तीफा सौंप दिया। इस बीच झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि हेमंत सोरेन ईडी की हिरासत में हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा, 'हेमंत सोरेन ने झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। सत्तारूढ़ झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने नए मुख्यमंत्री के रूप में वरिष्ठ झामुमो नेता चंपई सोरेन का नाम प्रस्तावित किया है।' 67 साल के चंपई सोरेन सरायकेला के विधायक हैं। इससे पहले मुख्यमंत्री आवास पर जुटे विधायकों ने चंपई सोरेन को झामुमो विधायक दल का नेता चुना। पार्टी प्रवक्ता विनोद पांडे ने कहा कि चंपई सोरेन के नाम पर आम सहमति बनी।

इससे पहले ऐसी अटकलें थीं कि नए मुख्यमंत्री के तौर पर हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना का नाम प्रस्तावित किया जा सकता है। झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) की सांसद महुआ मांझी ने बताया है कि सत्ताधारी गठबंधन के पास बहुमत है। उन्होंने बुधवार देर शाम बताया, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अभी हिरासत में हैं। वह ईडी की टीम के साथ गवर्नर साहब के पास गए हैं। महुआ ने कहा कि विधायकों की बैठक में यही निर्णय हुआ है कि चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। हालांकि ईडी ने देर शाम हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया।

हेमंत सोरेन

चंपई सोरेन

भूमि घोटाला मामला

- सात घंटे तक पूछताछ के बाद सोरेन को ईडी ने किया गिरफ्तार
- मुख्यमंत्री के लिए हेमंत सोरेन की पत्नी के नाम की भी थी चर्चा

सोरेन ने ईडी अफसरों पर दर्ज कराई प्राथमिकी

रांची। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां एससी/एसटी पुलिस थाने में ईडी के अफसरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। सूत्रों ने बताया कि सोरेन के दिल्ली आवास पर केंद्रीय जांच एजेंसी के हालिया तलाशी अभियान के संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को बताया कि ईडी के कुछ वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है...हमें मुख्यमंत्री की अर्जी मिली है।

ईडी ने भेजा केजरीवाल को पांचवां समन

नई दिल्ली। ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को एक बार फिर समन भेजा है। मुख्यमंत्री को भेजा गया यह पांचवां समन है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल इससे पहले जांच एजेंसी की ओर से चार बार भेजे गए समन पर पूछताछ के लिए पेश नहीं हुए थे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

आठ फर्जी लाभार्थियों पर एफआईआर दर्ज अधिकारी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- घटना पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण का कड़ा रुख
- बलिया के मनियर में हुआ था नाटकीय सामूहिक विवाह

अमृत विचार : बलिया में 25 जनवरी को हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम झूठा था। बिन दूल्हे के ही कइयों की शादी करा दी गई थी। इस योजना का लाभ अपात्रों को दिए जाने का मामला संज्ञान में आते ही समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने जांच का आदेश दिया था। जांच के बाद आरोपी सहायक विकास अधिकारी (समाज कल्याण) सुनील कुमार यादव को समाज कल्याण निदेशक ने बुधवार को निलंबित कर दिया। साथ ही आरोपी अधिकारी सहित सभी 8 अपात्र लाभार्थियों के खिलाफ बलिया में विभिन्न धाराओं में मुकदमा भी दर्ज कराया गया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में आरोपी अधिकारी सुनील कुमार यादव ने ग्राम पंचायत मानिकपुर से आर्चना, रंजना, सुमन को शामिल करवाया।

इसी तरह ग्राम पंचायत सुल्तानपुर से प्रियंका, सोनम, पूजा, सन्जू और रमिता का भी विवाह 25 जनवरी को संपन्न हुआ। इन सभी का सत्यापन सुनील कुमार द्वारा ही किया गया था। जांच में पता चला कि सन्जू का विवाह 3 साल पहले जबकि पूजा का विवाह एक साल पूर्व हो चुका है। इसके अतिरिक्त अर्चना, रंजना, सुमन, रमिता और प्रियंका का विवाह वर्ष 2023 में हो चुका है।

नाटकीय सामूहिक शादी का वीडियो वायरल

लखनऊ। बलिया में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह में 545 जोड़ों की शादी हुई थी। जिसका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में नाटकीयता साफ नजर आ रही है। बिना दूल्हा के दुल्हनों की शादी करा दी गई है। दुल्हनें खुद ही वरमाला डाल रही हैं। सामूहिक विवाह योजना में दोबारा लाभ लेने के लिए शादीशुदा दोबारा बैठ गए। कई के तो बच्चे भी हैं। वीडियो वायरल होते ही आनन-फानन मुकदमा दर्ज किया गया। डीएम रवींद्र कुमार के आदेश पर सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण सुनील कुमार यादव के अलावा अपात्र मिले लाभार्थी मानिकपुर की अर्चना, रंजना यादव, सुमन चौहान, सुल्तानपुर की प्रियंका, सोनम राजभर, पूजा, संजू, रमिता के खिलाफ 30 जनवरी को जालसाजी का मुकदमा मनियर थाने में दर्ज किया गया है। जांच में पता चला कि सोनम का विवाह तय ही नहीं है और उसे लाभार्थी के रूप में शामिल किया गया।

जम्मू-कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश में ईडी ने की छापेमारी

जम्मू, एजेंसी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने भारत पेपर्स लिमिटेड (बीपीएल) से जुड़े 200 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले में बुधवार को जम्मू-कश्मीर, पंजाब और उत्तर प्रदेश में कई परिसरों पर छापे मारे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। केंद्रीय एजेंसी धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत इन क्षेत्रों में कम से कम नौ परिसरों की तलाशी ले रही है।

कंपनी के खिलाफ प्राथमिक आरोप यह है कि इसके निदेशकों ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई वाले बैंकों के कंसोर्टियम के साथ लगभग 200 करोड़ रुपये की ऋण धोखाधड़ी को अंजाम दिया।

बैंक धोखाधड़ी

- भारत पेपर्स लिमिटेड से जुड़े 200 करोड़ के मामले में तीनों राज्यों के नौ परिसरों की ली गई तलाशी

अन्य बैंकों में जम्मू एंड कश्मीर (जेएंडके) बैंक, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) और करूर वैश्य बैंक शामिल हैं। आरोप है कि आरोपी ने सहयोगी कंपनियों/फर्जी संस्थाओं के जरिए धन की हेराफेरी की और फर्जी चालान जारी करके ऋणदाता बैंकों की अनुमति के बिना आयातित/स्वदेशी मशीनरी की बिक्री की। भारत पेपर्स लिमिटेड के निदेशक राजिंदर कुमार, परवीन कुमार, बलजिंदर सिंह, अनिल कुमार और अनिल कश्यप हैं।

राज्य में फिर कार्यवाहक पुलिस महानिदेशक की नियुक्ति

लखनऊ। डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार को उप्र का नया कार्यवाहक डीजीपी बनाया गया है। कार्यवाहक डीजीपी विजय कुमार के बुधवार को रिटायर होने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके पास डीजी कानून-व्यवस्था के साथ डीजी आर्थिक अनुसंधान शाखा की जिम्मेदारी भी बनी रहेगी। वह 2020 से प्रदेश में कानून-व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। प्रशांत कुमार नियुक्ति के बाद वह मुख्यमंत्री से मिले। बाद में एक्स कर कहा कि उप्र पुलिस परिवार और प्रदेश के नागरिकों के साथ मिलकर विश्वास और सुरक्षा की नींव को मजबूत करते हुए माफिया-अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। 1990 बैच के आईपीएस अफसर प्रशांत कुमार मूल रूप से बिहार (सीवान) के निवासी हैं। उनकी शिक्षा, बिहार और दिल्ली में हुई हैं।

- विजय कुमार के रिटायर होने के बाद प्रशांत कुमार को जिम्मेदारी

पेटीएम को 29 फरवरी के बाद जमा और टॉपअप लेने से रोका

मुंबई, एजेंसी

- आरबीआई ने नियमों के उल्लंघन के आरोप में की कार्रवाई

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड को किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड साधन, वॉलेट एवं फास्टैग आदि में 29 फरवरी, 2024 के बाद जमा या टॉप-अप स्वीकार करने से रोक दिया है। पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के खिलाफ रिजर्व बैंक ने यह कदम व्यापक प्रणाली ऑडिट रिपोर्ट और बाहरी ऑडिटरों की अनुपालन सत्यापन रिपोर्ट के बाद उठाया है।

आरबीआई ने बुधवार को इसकी जानकारी देते हुए कहा कि इन रिपोर्टों से भुगतान बैंक में लगातार नियमों के गैर-अनुपालन और सामग्री पर्यवेक्षण से जुड़ी चिंताएं सामने आईं। इसके बाद आगे की निरीक्षण कार्रवाई की जरूरत पड़ी। केंद्रीय बैंक ने कहा कि किसी भी ग्राहक खाते, प्रीपेड माध्यम, वॉलेट, फास्टैग, एनसीएमसी कार्ड आदि में 29 फरवरी, 2024 के बाद किसी भी जमा या क्रेडिट लेनदेन या टॉप अप की अनुमति नहीं दी जाएगी। हालांकि किसी भी ब्याज, कैशबैक या रिफंड को कभी भी जमा किया जा सकता है।

आईआईएमसी को मिला डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

नई दिल्ली। पत्रकारिता और जनसंचार के क्षेत्र में अग्रणी संस्थान, भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) को डीम्ड विश्वविद्यालय का दर्जा दिया गया है। इसी के साथ अब इसे केवल डिप्लोमा के बजाय डिग्री प्रदान करने का अधिकार मिल गया है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने जानकारी दी कि आईआईएमसी को डीम्ड यूनिवर्सिटी के रूप में मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि यह आईआईएमसी के लिए खास और ऐतिहासिक दिन है। इस संस्थान का पत्रकारिता, विज्ञापन, जनसंपर्क जैसे मीडिया विषयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने का गौरवशाली इतिहास रहा है।

विहिप नेता समेत चार लोग गोकशी में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने को कराई थी गोकशी
- तहसील-थाने का कर रहे थे घेराव मददगार दरोगा भी निलंबित

अमृत विचार : पुलिस ने विश्व हिंदू परिषद के नेता समेत चार लोगों को गोकशी के आरोप में गिरफ्तार किया है।

इन लोगों ने गोकशी को आधार बनाकर छजलैट थानाध्यक्ष सत्येंद्र शर्मा को हटवाने का प्रयास किया। विश्व हिंदू परिषद के नेताओं ने दो बार गोकशी कराकर कांवड़ियों के रास्ते में गोवंश के अवशेष रखवाए। थानाध्यक्ष पर गोकशी करने वालों से मिले होने के आरोप में लगातार धरना-प्रदर्शन किया। इनके समर्थकों ने बुधवार को भी छजलैट थाने का घेराव किया।आरोपियों के मददगार दरोगा नरेंद्र कुमार को भी एसएसपी ने निलंबित कर दिया है।

एसएसपी हेमराज मीना ने बताया कि मोनू विश्नोई उर्फ सुमित, राजीव चौधरी, रमन चौधरी, शाहबुद्दीन, जमशेद और नईम ने मिलकर साजिश को अंजाम दिया है। मोनू, राजीव, रमन व शाहबुद्दीन को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि जमशेद व नईम फरार हैं। गिरफ्तार चारों आरोपियों ने अपराध स्वीकार कर लिया है, पुलिस के पास वीडियो रिकॉर्डिंग मौजूद है। कांठ थाना क्षेत्र के रसूलपुर गुज्जर निवासी मोनू विश्नोई जो खुद को 2011 से विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार विभाग का जिला प्रमुख बताता है। छजलैट थाने के गांव चक पचोकरा का राजीव चौधरी विहिप का तहसील क्षेत्र का प्रखंड अध्यक्ष ,छजलैट के खानपुर का रमन चौधरी खुद को विहिप का सदस्य बताता है। तीनों ने चेतरामपुर के शाहबुद्दीन से मिलकर तानाबाना बुना था। पहले इन लोगों ने 16 जनवरी को समदपुर चौराहा के पास कांवड़ पथ पर मवेशी के अवशेष रखवाए। थानाध्यक्ष पर आरोप लगाकर प्रदर्शन किया। 28 जनवरी को शाहबुद्दीन व जमशेद ने चेतरामपुर में गाय चोरी कर गोकशी कराई फिर तहसील कांठ और थाने का घेराव किया। एसएसपी ने बताया कि 15 दिन पहले करीब 32 भैंसे पकड़े गए थे। जिन्हें थानाध्यक्ष से दबाव बनाकर मोनू विश्नोई अपने कार्यकर्ताओं के सुपुर्द करने को कह रहा था। लेकिन थानाध्यक्ष ने अन्य को सुपुर्द कर दिए थे। मोनू थानाध्यक्ष पर गोकशी व अन्य अनैतिक कार्य कराने का दबाव बनाता था। इन मामलों में थानाध्यक्ष की सहमति न मिलने से वह उन्हें थाने से हटवाने के लिए साजिश रच रहा था।

मोनू विश्नोई क्रियाशील कार्यकर्ता हैं ,उन्होंने अपने धर्म के विरुद्ध कार्य करने वालों के खिलाफ लोगों को साथ लेकर आंदोलन किया था। पुलिस से गोकशी के विरुद्ध आवाज उठाई थी। मामले में संगठन अपने स्तर से छानबीन कर रहा है। संगठन का मानना है कि विश्नोई पर कार्रवाई किसी साजिश का हिस्सा है। –**गौरव कश्यप**, विभाग प्रमुख, विहिप (धर्म प्रसार विभाग)

डूंगरपुर प्रकरण : सपा नेता आजम खां समेत सातों आरोपी बरी

रामपुर। डूंगरपुर के एक मामले में एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (सेशन ट्रायल) ने बुधवार को सपा नेता आजम खां व पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां समेत सभी आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। सपा शासनकाल के दौरान डूंगरपुर में आसरा आवास बनाए गए थे। इस जगह पहले से कुछ लोगों के मकान बने थे। सरकारी जमीन पर बताकर तीन फरवरी 2016 की सुबह मकानों को तोड़ दिया गया था। एक साल बाद प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी तो डूंगरपुर के लोगों ने जुलाई 2019 को गंज कोतवाली में मामले दर्ज कराए। आरोप था कि आजम खां के इशारे पर पुलिस और सपाइयों ने उनके घरों को जबरन खाली कराकर तोड़ दिया था।

अश्विन टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष पर, बुमराह चौथे पायदान पर

आईसीसी की गेंदबाजी तालिका में रविंद्र जडेजा छठे स्थान पर

दुबई, एजेंसी

आईसीसी की ओर से बुधवार को जारी टेस्ट गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन शीर्ष स्थान पर बरकरार है, जबकि जसप्रीत बुमराह चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट मैच में अश्विन ने 6 विकेट झटके थे। बुमराह ने भी इस मैच में 6 विकेट चटकाए थे, जिससे वह चौथे स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजी तालिका में शीर्ष 10 में तीसरे भारतीय रविंद्र जडेजा है, जो छठे नंबर पर हैं।

बल्लेबाजों में विराट कोहली शीर्ष 10 में अकेले भारतीय

विराट कोहली छठे स्थान के साथ शीर्ष 10 बल्लेबाजों में अकेले भारतीय हैं। भारत के खिलाफ दूसरी पारी में 196 रन बनाने वाले इंग्लैंड के ओली पोप 20 स्थान के सुधार के साथ 15वें पायदान पर पहुंच गए हैं। पोप के इंग्लैंड टीम के साथी बेन डकेट भी अपनी रैंकिंग में सुधार करने में सफल रहे हैं। भारत के खिलाफ 35 और 47 रन की पारी खेलने के बाद पांच पायदान के फायदे से 22वें स्थान पर पहुंच गए। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा वेस्टइंडीज के खिलाफ गाबा में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में अर्धशतक लगाने के बाद दो स्थान के सुधार के साथ आठवें स्थान पर आ गए है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस मैच में बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले वेस्टइंडीज के खिलाड़ी भी अपनी रैंकिंग सुधारने में सफल रहे। केमार रोच दो पायदान ऊपर 17वें, अल्जारी जोसेफ चार पायदान ऊपर 33वें और गाबा में मैन ऑफ द मैच रहे शमरा जोसेफ 42 पायदान ऊपर चढ़कर रैंकिंग में 50वें स्थान पर पहुंच गए।

टेस्ट ऑलराउंडरों में रविंद्र जडेजा सूची में टॉप पर

टेस्ट ऑलराउंडर रैंकिंग में जडेजा शीर्ष पर हैं। ऑलराउंडरों की सूची में इंग्लैंड के जो रूट चौथे स्थान पर पहुंच गए है। वह अगर गेंद से अच्छा प्रदर्शन जारी रखने में सफल रहे तो इस सूची में शीर्ष तीन स्थान पर काबिज खिलाड़ियों जडेजा, अश्विन और शाकिब अल हसन को कड़ी टक्कर दे सकते हैं। अपनी शानदार बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले रूट ने हैदराबाद टेस्ट में पांच विकेट चटकाए थे। उन्होंने दूसरी पारी में गेंदबाजी का आगाज भी किया था। अक्षर पटेल इस सूची में छठे स्थान पर खिसक गए हैं।

दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय बने विष्णु सरवनन

विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए पेरिस खेलों में बनाई जगह

एडीलेड, एजेंसी

एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता विष्णु सरवनन लगातार दो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय पाल नौकायन खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने बुधवार को विश्व चैंपियनशिप के जरिये पेरिस खेलों में जगह बनाई।

मुंबई स्थित सेना नौकायन नोड में सूबेदार 24 साल के विष्णु सरवनन ने आईएलसीए-सात विश्व चैंपियनशिप में 152 प्रतिभागियों के बीच 26वें स्थान पर रहते हुए पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई किया।

एशियाई खिलाड़ियों में शीर्ष पर रहे

सरवनन एशियाई देशों के खिलाड़ियों के बीच शीर्ष पर रहे। उन्होंने एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सिंगापुर के खिलाड़ी को पछाड़ा। सरवनन का कुल स्कोर 174 रहा। मानक नियमों के अनुसार इसमें से 49 के उनके न्यूनतम स्कोर को हटा दिया गया, जिससे उनका नेट स्कोर 125 रहा। स्पर्धा के दौरान तेज हवा चल रहीं थी, जिसका एडीलेड सेलिंग क्लब में प्रतिस्पर्धा कर रहे खिलाड़ियों पर असर भी पड़ा। रेस इतनी कड़ी थी कि सरवनन की अंगुलियां सुन्न हो गईं और पैर में काफी दर्द है। सरवनन इससे पहले दिसंबर में थाईलैंड एशियाई चैंपियनशिप के जरिये ओलंपिक के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए थे और इस झटके से उबरकर आगे बढ़े थे।

मंजू रानी ने पैदल चाल स्पर्धा में जीता स्वर्ण

चंडीगढ़, एजेंसी

पंजाब की मंजू रानी ने राष्ट्रीय ओपन रेस वॉक चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बुधवार को सीनियर महिलाओं की 10 किलोमीटर प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। महिलाओं की 20 किमी स्पर्धा में मंगलवार को स्वर्ण जीतने के एक दिन बाद उन्होंने 10 किमी स्पर्धा में अपना दबदबा बनाया। मंजू ने 45 मिनट और 20 सेकंड के समय के साथ 10 किमी स्पर्धा का शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि ओलंपिक खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर सकेंगी।

सीनियर 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा राष्ट्रीय टीम के लिए संभावित एथलीटों का चयन करने के लिए कार्यक्रम में शामिल किया है। इसमें प्रदर्शन के आधार पर चयन होने वाली टीम अप्रैल में तुर्की में आयोजित होने वाली मैराथन पैदल चाल मिश्रित रिले में चुनौती पेश करेगी। इस प्रतियोगिता की शीर्ष 22 टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करेगी।

एक दिन पहले भी मंजू ने 20 किमी स्पर्धा में जीता था सोना

साहिल ने दिग्गजों को हराकर जीता स्वर्ण पदक

पुरुषों के 10 किमी स्पर्धा में पंजाब के साहिल ने अनुभवी खिलाड़ियों को पछाड़कर स्वर्ण पदक जीता। साहिल ने 39 मिनट 25 सेकंड का समय लिया। उत्तराखंड के परमजीत सिंह बिष्ट 39 मिनट 36 सेकंड के साथ दूसरे स्थान पर रहे, जबकि एशियाई कांस्य पदक विजेता दिल्ली के विकास सिंह 39 मिनट 37 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे। गोवा के ओंकार विश्वकर्मा ने 35 किमी स्पर्धा को दो घंटे 39 मिनट और 19 सेकंड के समय के साथ जीता। महिला वर्ग में उत्तर प्रदेश की वंदना पटेल ने स्वर्ण जीता।

सरफराज-पाटीदार में से किसी एक को चुनना मुश्किल फैसला : कोच

बल्लेबाजी कोच ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट में किया है अच्छा प्रदर्शन

विशाखापत्तनम, एजेंसी

भारत के बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने बुधवार को कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के लिए रजत पाटीदार और सरफराज खान में से किसी एक को चुनना मुश्किल विकल्प होगा। भारतीय टीम शुक्रवार से होने वाले इस मैच को जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में वापसी करना चाहेगी। हैदराबाद में खेले गए पहले मैच में मिली हार के साथ रविंद्र जडेजा और लोकेश राहुल की चोट के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर होने से भारत की मुश्किलें बढ़ गई है।

विराट कोहली पहले दो टेस्ट के लिए अनुपलब्ध है। ऐसे में चयनकर्ताओं को सरफराज खान, सौरभ कुमार और वाशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल करने के लिए मजबूर होना पड़ा। रजत पाटीदार पहले से टीम का हिस्सा है। सरफराज, सौरभ और पाटीदार ने राष्ट्रीय टीम के लिए पदार्पण नहीं किया है।

अंतिम फैसला राहुल-रोहित पर

विक्रम राठौड़ ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कि पिछले कुछ वर्षों में इन खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। इस तरह के विकेटों पर वे टीम को मजबूती प्रदान करेंगे। अगर हमें उनमें से सिर्फ एक को चुनना होगा तो निश्चित रूप से यह कठिन होगा। यह निर्णय मुख्य कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा द्वारा किया जाएगा।

परिस्थितियों को देखकर तय की जाएगी टीम

विक्रम राठौड़ ने कहा कि परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए ही अंतिम एकादश तय की जाएगी। पिच के बारे में कुछ भविष्यवाणी करना मुश्किल होगा। यहां स्पिनरों को टर्न मिलेगा। हो सकता है कि मैच के पहले दिन ज्यादा टर्न नहीं मिले लेकिन इससे निश्चित तौर पर टर्न मिलेगा। भारतीय टीम हैदराबाद टेस्ट मैच में हार के बाद इस मुकाबले से दमदार वापसी करना चाहेगी। उन्होंने कहा कि आप हर मैच से कुछ सीखते है। उस मुकाबले में हम बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में अच्छा कर सकते थे।

खेल डायरी

किदांबी श्रीकांत थाईलैंड मास्टर्स के दूसरे दौर में पहुंचे

बैंकॉक। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने बुधवार को चीनी ताइपे के वैंग जू वेई को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। श्रीकांत ने पहले दौर के मुकाबले में वैंग को 45 मिनट में 22-20, 21-19 से हराया। श्रीकांत दूसरे दौर में भारत के ही मिथुन मंजूनाथ से भिड़ेंगे। मिथुन ने पुरुष एकल के पहले दौर के मुकाबले में हांगकांग के जेसन गुनावन को 21-17, 21-8 से हराया था। एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम ने भी पहले दौर के मुकाबले में मलयेशिया के लियोंग जुन हाओ को सीधे गेम में 21-14, 21-17 से हराया। हालांकि समीर वर्मा पहले दौर में हांगकांग के एनजी का लोंग एंगस से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गए, जबकि किरण जॉर्ज चीन के लेई लैन शी के खिलाफ मुकाबले में 17-21 से पिछड़ने के बाद मैच से हट गए।

जय शाह लगातार तीसरी बार बने एसीसी अध्यक्ष

नई दिल्ली। बीसीसीआई के सचिव जय शाह को बुधवार को लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) का अध्यक्ष चुना गया। जय शाह के कार्यकाल के विस्तार का प्रस्ताव बाली में वार्षिक आम बैठक के दौरान श्रीलंका क्रिकेट के अध्यक्ष शमी सिल्वा ने रखा और एसीसी के सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से उनका समर्थन किया। जय शाह सबसे पहले जनवरी 2021 में इस पद पर काबिज हुए थे। उन्होंने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष नजमुल हसन की जगह ली थी। उनके नेतृत्व में एसीसी ने 2022 में टी-20 और 2023 में एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में एशिया कप का सफल आयोजन किया।

भारतीय मैदान विकेट कीपरों के लिए चुनौती

विशाखापत्तनम। इंग्लैंड के बेन फोक्स का कहना है कि भारतीय विकेट विकेटकीपरों के लिए सबसे कठिन हैं क्योंकि उन्हें लगातार सुधार की आवश्यकता होती है और गलतियों से निपटने के लिए मानसिक रूप से मजबूत होने की भी जरूरत होती है। 11 महीने बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे फोक्स ने हैदराबाद में भारत के खिलाफ पहले टेस्ट की दूसरी पारी में रविचंद्रन अश्विन और मोहम्मद सिराज को स्टंप किया था। फोक्स ने कहा कि उन्होंने इंग्लैंड के बाहर काफी विकेटकीपिंग की है लेकिन अधिक उछाल के कारण भारतीय पिचों पर विकेटकीपिंग सबसे मुश्किल है। उन्होंने कहा कि अगला मैच कड़ा होने वाला है।

सचिन को खाता खोलने के लिए 3 मैच तक करना पड़ा इंतजार

मुंबई, एजेंसी

सचिन तेंदुलकर ने अपने दोस्तों को अपने जीवन का पहला मैच देखने के लिए आमंत्रित किया था लेकिन उन्हें निराश होकर लौटना पड़ा क्योंकि दुनिया का सबसे सफल बल्लेबाज पहली ही गेंद पर आउट हो गया था।

सचिन ने अपने समर्थकों के सामने कुछ बहाने बनाए और उन्हें मना लिया कि उनके आउट होने में उनकी गलती नहीं थी। उनके वही दोस्त दूसरे मैच के लिए भी मैदान में पहुंचे लेकिन इस बार भी तेंदुलकर पहली ही गेंद पर आउट हो गए। तेंदुलकर ने तीसरे मैच के लिए अपने दोस्तों को मैदान पर नहीं बुलाया। उन्हें किस्मत में बदलाव की उम्मीद थी लेकिन इस बार भी भाग्य ने उनका साथ नहीं दिया और वह एक रन बनाकर सिर्फ खाता ही खोल पाए।

तेंदुलकर ने बुधवार को कहा कि अपने जीवन के पहले मैच में उन्होंने साहित्य सहवास के अपने सभी मित्रों को बुलाया था। वह अपनी कॉलोनी के मुख्य बल्लेबाज थे। उनके सभी मित्र आए और वह पहली गेंद पर आउट हो गए जो काफी निराशाजनक था।

सचिन ने साझा किए अपने शुरुआती मैचों के अनुभव

जब समझ में आई एक रन की अहमियत

तेंदुलकर ने कहा कि तब उन्होंने एक रन बनाने की अहमियत समझी। उन्होंने पांच-छह गेंद खेली और एक रन बनाकर आउट हुए लेकिन वह खुश थे कि उन्होंने एक रन बनाया था। वह शिवाजी पार्क से बांद्रा वापस गए। बस का यह सफर सुखद था क्योंकि उन्होंने एक रन बनाया था। उन्होंने कहा कि यह इतना बड़ा बदलाव था। कि उस एक रन ने उनका मूड बदल दिया। शहर में अपने पहले घर बांद्रा के साहित्य सहवास में स्ट्रेट ड्राइव खेलने से उन्हें इस शॉट में माहिर बनने में मदद मिली और बाद में उनके कोच रमाकांत आचरेकर ने इसे और निखारा।

मयंक को अस्पताल से मिली छुट्टी

अगरतला, एजेंसी

कर्नाटक के कप्तान मयंक अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि उनकी हालत में सुधार हो रहा है और वह वापसी के लिए तैयार हैं। मयंक को बीमार पड़ने के बाद मंगलवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह बेंगलुरु के लिए रवाना हो गए। उन्होंने एक्स पर अस्पताल के बिस्तर पर लेटे हुए अपनी तस्वीर को साझा करते हुए लिखा कि वह अब बेहतर महसूस कर रहे हैं। वापसी की तैयारी कर रहे हैं। प्रार्थना, प्यार और समर्थन के लिए सभी का शुक्रिया।

मयंक ने पानी समझकर एक पाउच से पेय पदार्थ पीया था जो इंडिगो एयरलाइंस के विमान में उनकी सीट पर रखा था। इसे पीने के बाद वह बीमार पड़ गए। कर्नाटक टीम के प्रबंधक रमेश राव ने अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद संवाददाताओं से कहा कि लगा था कि मयंक को अस्पताल में कम से कम दो या तीन दिन रुकने की जरूरत होगी लेकिन डॉक्टरों ने 24 घंटे के भीतर ही उन्हें छुट्टी दे दी। हालांकि मयंक सूरत में रेलवे के खिलाफ टीम का अगला रणजी ट्रॉफी मैच नहीं खेलेंगे। मयंक के प्रबंधक ने साजिश का आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

एशियन लीजेंड्स लीग में चमक बिखेरेंगे 5 देशों के दिग्गज

क्रिकेट

नई दिल्ली। भारत, श्रीलंका, बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान के दिग्गज क्रिकेट सितारे 13 मार्च से शुरु होने वाली एशियन लीजेंड्स लीग में अपनी चमक बिखेरेंगे। वर्ल्ड स्पोर्ट्स ग्रुप ने बुधवार को एशियन लीजेंड्स लीग के उद्घाटन संस्करण के शुभारंभ की घोषणा की। लीग कमिश्नर और पूर्व भारतीय क्रिकेटर चेतन शर्मा ने सीजन के लिए अपने आईकन खिलाड़ियों के साथ पांच फ्रेंचाइजी के नामों की भी घोषणा की। भारत के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान जहां इंडियन रॉयल्स टीम का हिस्सा बने, वहीं पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद इरफान पाकिस्तान स्टार्स के लिए मैदान में उतारेंगे। इसी तरह श्रीलंका लायंस ने पूर्व सलामी बल्लेबाज उपुल थरंगा को अपने साथ जोड़ा है, जबकि अफगानिस्तान के पूर्व कप्तान असगर अफगान उद्घाटन संस्करण के लिए अफगानिस्तान पठान्स टीम में शामिल हुए हैं। मोहम्मद अशरफुल को बांग्लादेश टाइगर ने अपने आईकन खिलाड़ी के रूप में शामिल किया है। चेतन शर्मा ने कहा कि एशियन लीजेंड्स लीग एक अनोखा टूर्नामेंट है जिसमें एशिया के पांच शीर्ष देशों के कुछ सबसे बड़े नाम एक बार फिर वर्चस्व की लड़ाई में भाग लेते हुए दिखेंगे। एक क्रिकेटर के रूप में, जब खेलते हैं तो बहुत गर्व महसूस होता है। लेकिन ऐसी लीगों में देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा गर्व की अनुभूति होती है।

रणबीर ने संजय लीला भंसाली के सामने रखीं बड़ी शर्तें

रणबीर कपूर की हाल ही रिलीज हुई फिल्म एनिमल को दर्शकों का खूब प्यार मिला। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई है। बीते दिनों खबर आई थी कि रणबीर कपूर संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर में नजर आने वाले हैं। इस बीच एक और खबर सामने आ रही है कि उन्होंने फिल्म को साइन करने से पहले कुछ शर्तें रख दी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक रणबीर कपूर ने यह कहा है कि फिल्म की शूटिंग समय से हो और डेट को आगे ना बढ़ाया जाए। इसपर संजय लीला ने रणबीर से वादा किया है कि जुलाई साल 2025 तक फिल्म पूरी कर लेंगे। दूसरी शर्त है काम के घंटे तय होना। आखिर में रणबीर कपूर ने कहा कि हर काम डिसिप्लिन के साथ हो। इस फिल्म में रणबीर कपूर और आलिया भट्ट के साथ विक्की कौशल भी नजर आएंगे। रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल ने बॉक्स ऑफिस पर ऐसा तहलका मचाया कि सभी के होश उड़ गए। रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना और अनिल कपूर की इस फिल्म ने दुनिया भर में 900 करोड़ का आंकड़ा पार किया।

वरुण धवन के साथ बोनी कपूर बनाएंगे नो एंट्री का सीक्वल

बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म नो एंट्री का सीक्वल बनाने जा रहे हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 2005 में फिल्म नो एंट्री बनाई थी। इस फिल्म में सलमान खान, अनिल कपूर, फरदीन खान, सेलीना जेटली, बिपाशा बासु और लारा दत्ता ने अहम भूमिका निभाई थी। नो एंट्री के सीक्वल का निर्देशन अनीस बजमी करेंगे। कहा जा रहा है कि इसमें वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे।

चंद पैसों के लिए अपराध की राह पर चलीं अभिनेत्रियां, तबाह हो गया कॅरिअर

बॉलीवुड में शोहरत कमाना और फिर उसे बनाए रखना और वह भी अभिनेत्रियों के लिए आसान डगर नहीं है। कई अभिनेत्रियां ऐसी रहीं जो अच्छी खासी पहचान बनाने के बाद अपराध के दलदल फंसकर अपने बने-बनाए कॅरिअर को तबाह कर बैठीं। इन्हें बाद में काम के लिए मोहताज तक होना पड़ा था। आइए जानते हैं ऐसी अभिनेत्रियों के बारे में जिनके नाम आपराधिक मुकदमे दर्ज हुए और इसका असर उनके कॅरिअर पर पड़ा।

जैकलीन फर्नांडिस : अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने अपनी खूबसूरती और अदाकारी से लाखों लोगों को अपना दीवाना बनाया मगर इन दिनों वह सुकेश चंद्रशेखर के मनी लॉन्ड्रिंग केस में ईडी के रडार पर हैं। इस मामले में उनका नाम सामने आने के बाद उनके कॅरिअर पर खासा असर पड़ा है।

मोनिका बेदी : 90 के दशक की खूबसूरत अभिनेत्री मोनिका बेदी का नाम सुर्खियों में उस समय आया जब उनका नाम अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम से जुड़ा।

ममता कुलकर्णी : ममता कुलकर्णी पर मादक पदार्थ की तस्करी के गंभीर आरोप है। इस मामले में उनके खिलाफ 12 अप्रैल 2016 में चार्जशीट दायर की गई थी। जो फिलहाल कोर्ट में विचाराधीन है।

रिया चक्रवर्ती : सुशांत सिंह राजपूत की मृत्यु के बाद उनकी गर्लफ्रेंड रिया चक्रवर्ती पर ड्रग्स खरीदने और बेचने के गंभीर आरोप लगे थे। इसके बाद उन्हें एनसीबी की गिरफ्त में आने के बाद 1 महीने तक जेल में रहना पड़ा। हालांकि बाद में उन्हें क्लीन चिट दे दी गई।

सोनाली बेंद्रे : सलमान खान और सैफ अली खान के साथ सोनाली बेंद्रे का भी नाम काले हिरण के शिकार केस में जुड़ा था। हालांकि उन्हें केस में आरोपी नहीं माना गया था।

श्वेता बसु प्रसाद : मकड़ी फेम चाइल्ड एक्टर रहीं श्वेता बसु प्रसाद का नाम हाई प्रोफाइल सेक्स रैकेट में आया था। इसके बाद वह पुलिस रिमांड तक में रही थीं। बाद में उन्हें कोर्ट से जमानत मिली थी।

49 साल की हुईं अभिनेत्री प्रीति जिंटा



अभिनेत्री प्रीति जिंटा बुधवार को 49 वर्ष की हो गईं। 31 जनवरी 1975 को हिमाचल प्रदेश के शिमला में जन्मी प्रीति जिंटा ने अपने कॅरिअर के शुरुआती दौर में विज्ञापन फिल्मों में काम किया। उन्होंने बॉलीवुड में अपने कॅरिअर की शुरुआत 1998 में मणिरत्नम की फिल्म दिल से से की। इसके लिए प्रीति जिंटा को फिल्मफेयर की ओर से सर्वश्रेष्ठ डेब्यू अभिनेत्री का पुरस्कार दिया गया। वर्ष 1998 में प्रीति जिंटा की एक और फिल्म सोल्जर प्रदर्शित हुई। इसमें प्रीति जिंटा के अपोजिट बॉबी देओल थे। इस फिल्म में प्रीति जिंटा और बॉबी देओल की जोड़ी को दर्शकों ने बेहद पसंद किया। सोल्जर सुपरहिट साबित हुई। वर्ष 2000 में प्रदर्शित फिल्म क्या कहना प्रीति जिंटा के कॅरिअर के लिए अहम फिल्म साबित हुई। इके पहले लोगों की धारणा थी कि प्रीति जिंटा केवल चुलबुले किरदार निभा सकती है लेकिन इस फिल्म में प्रीति जिंटा ने संजीदा अभिनय कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। इसके बाद दिल चाहता है प्रीति जिंटा के कॅरिअर की महत्वपूर्ण फिल्मों में से एक है। वर्ष 2003 प्रीति जिंटा के लिए खास साल साबित हुआ। इस साल उनकी कल हो ना हो और कोई मिल गया जैसी सुपरहिट फिल्में प्रदर्शित हुई। कल हो ना हो के लिए प्रीति जिंटा सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित की गई, वहीं कोई मिल गया के लिए वह सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के फिल्मफेयर पुरस्कार से नामांकित की गई। वर्ष 2004 में प्रदर्शित फिल्म वीर जारा भी खूब पसंद की गई। वर्ष 2005 में सलाम नमस्ते, 2006 में कभी अलविदा ना कहना प्रीति जिंटा के कॅरिअर की अंतिम सुपरहिट फिल्म साबित हुई। इसके बाद उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री से किनारा कर लिया। वर्ष 2013 में फिल्म इश्क इन पेरिस के जरिये प्रीति जिंटा ने कमबैक किया लेकिन यह फिल्म सफल नहीं रही है। प्रीति जिंटा ने वर्ष 2016 में अमेरिकन जीन गुडइनफ से शादी की है। शादी के बाद प्रीति जिंटा ने फिल्मों में काम करना बंद कर दिया है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

एक नजर

पत्रकार के पिता का निधन

अकबरपुर। अमृत विचार कानपुर देहात के प्रभारी त्रिपुरेश अवस्थी के पिता शेष नारायण अवस्थी (75) का बुधवार को निधन हो गया। वह इधर काफी समय से बीमार चल रहे थे। श्री अवस्थी पुलिस में सब इंसपेक्टर के पद से रिटायर हुए थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को बिठूर घाट पर होगा।

संदिग्ध हालात में दो गोवंश की मौत, दफनाया गया

रूरा। थाना क्षेत्र के जगदीशपुर में संदिग्ध हालात में एक खेत पर दो गोवंश मृत पड़े मिले। बुधवार को ग्राम प्रधान के खेत पर दो गोवंश पड़े मिले। ग्राम प्रधान ने बताया कि सुबह वह अपने खेतों की तरफ गए तो उन्होंने अपने खेत पर गोवंशों के शव देखे। इसकी सूचना थाने में दी है। एसएसआई डीएन दुबे ने बताया कि पोस्टमार्टम होगा।

अंकित शुक्ल सलाहकार समिति के सदस्य बने

पुखरायां। भाजपा आईटी सेल के पूर्व जिला सह संयोजक एवं भोगनीपुर विधानसभा के सेक्टर संयोजक अंकित शुक्ल को केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने नेहरू युवा केंद्र संगठन की जिला सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया है। इस पर जीतेंद्र सिंह गुड्डू, सत्यम चैहान, प्रभात मिश्र, आशुतोष त्रिपाठी, नवनीत दीक्षित, नमन अग्निहोत्री बिट्टू पाण्डेय, अंकित मिश्र, मुकुल पांडेय, पंकज सचान, दीपक सेन ने बधाई दी है।

फैसला: युवती से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल का कठोर कारावास

अकबरपुर थाना क्षेत्र में छह साल पहले खेत गई युवती के साथ हुई थी वारदात

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- अदालत ने दोषी पर 10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया

अमृत विचार: अकबरपुर क्षेत्र में करीब छह साल पहले एक गांव की युवती को खेत पर दबोच कर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में सुनवाई पूरी होने के बाद बुधवार को अपर जिला जज (एफटीसी) प्रथम की अदालत ने आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है और उस पर अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अमित सिंह चैहान व अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि अकबरपुर क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती 26 अक्टूबर 2017 की शाम को गांव के बाहर खेत पर शौच के लिए गई थी। वहां उसे अकेला देखकर गांव के ही अंगद कुमार ने उसे दबोच लिया था और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था। इस मामले में पीड़िता ने दूसरे दिन अकबरपुर कोतवाली में आरोपी अंगद कुमार के खिलाफ दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

पूरे मामले की विवेचना, पीड़िता के बयान और चिकित्सीय रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी अंगद कुमार के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। मामले की सुनवाई अपर जिला जज (एफटीसी) प्रथम सुरेन्द्र सिंह की अदालत में चल रही थी। मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आरोपी को दोषी सिद्ध करार दिया था। बुधवार को अदालत ने दोषी अंगद कुमार को 10 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। इसके साथ ही उस पर 10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर दोषी को दस माह के अतिरिक्त कारावास की सजा का भी आदेश हुआ है।

जानलेवा हमले में दोषी को सात साल की सजा

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

अमृत विचार: घाटमपुर क्षेत्र के कमंडलपुर गांव में करीब पांच साल पहले बकरी को डंडा मारने पर हुए विवाद में अनुसूचित जाति के एक युवक को गंभीर रूप से घायल करने के मामले की सुनवाई करते हुए विशेष न्यायालय (एससी-एसटी एक्ट) रजत सिन्हा की अदालत ने बुधवार को दोषी को सात साल के कारावास की सजा सुनाई और अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता आशीष कुमार तिवारी ने बताया कि घाटमपुर क्षेत्र के गांव कमंडलपुर निवासी सुनील ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, जिसमें बताया था कि तीन जून 2018 की शाम उसकी भतीजी वंदना घर के बाहर चबूतरे पर लेटी थी, तभी वहां से गुजर रहे गांव के महेश उर्फ कुदारी ने वहां बंधी उसकी बकरी को डंडा मार दिया था। भतीजी ने विरोध किया तो उसने जाति सूचक गालियां देते हुए भतीजी को भी डंडे से पीटने लगा। शोर सुनकर पहुंचे भतीजे आशीष ने उसे रोकना चाहा तो महेश उर्फ कुदारी ने आशीष पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किया था। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट रजत सिन्हा की अदालत में चल रही थी। मंगलवार को अदालत ने मामले की सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी को दोषी ठहराया था। बुधवार को अदालत ने सजा के बिंदु पर दोनों पक्षों को सुनने के बाद दोषी को सात साल के कारावास की सजा सुनाई, साथ ही उस पर 42 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

सड़क हादसों में दो लोग गंभीर घायल

रसूलाबाद। थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।परिजन सी एच सी ले गए वहां से ईएमओ ने इलाज के बाद हैलट रेफर कर दिया।

जोत गांव निवासी बृजमोहन पत्नी संगीता 45 के साथ उन्नाव के बांगरमऊ मे रिश्तेदारी से बाइक द्वारा घर वापस आ रहा था तभी जोत मोड़ के पास अचानक बाइक अनियंत्रित होकर खड्ड में गिर जाने से संगीता सिंह गंभीर रूप से घायल हो गई सूचना पर पहुंचे परिजन एंबुलेंस से सी एच सी ले गए वहां ईएमओ ने भर्ती कर इलाज किया।

दूसरी तरफ रतनपुर अमलिहा निवादा निवासी रामचंद्र का बेटा सुल्लन सिंह 19 बाइक से रसूलाबाद जा रहा था तभी अज्ञात कार ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।परिजन सीएचसी ले गए। डॉ.सौरभ शाक्य ने इलाज के बाद हैलट रेफर कर दिया ।

दो बकरी चोर गिफ्तार

कानपुर देहात। बरौर पुलिस ने बुधवार को बकरी चोरी में दो शातिरों प्रमोद निवासी अहरौली शेख थाना भोगनीपुर व अंशु निवासी बरवा रसूलपुर को दो बकरी अनुमानित लागत करीब तीस हजार रुपए समेत ग्राम बहमनौती तिराहे के पास से गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

सम्मान समारोह के बहाने चुनावी कसरत

समारोह में पहुंचे पूर्व विधायक विक्रम सिंह । अमृत विचार

संवाददाता, रनिया

- पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने सम्मान समारोह किया
- लोकसभा चुनाव को लेकर जमीन तलाशने का प्रयास

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी के भावी उम्मीदवारों ने कसरत शुरू कर दी है। अकबरपुर लोकसभा क्षेत्र से टिकट की दावेदारी कर रहे फतेहपुर सदर से पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने विसायकपुर में कार्यकर्ता सम्मान समारोह के बहाने अपनी जमीन तैयार करने की कोशिश की।

रनिया में आयोजित इस समारोह में क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों और ग्राम प्रधानों को बुलाया गया। इस दौरान समर्थकों ने पूर्व विधायक का भारी भरकम माला पहनाकर स्वागत किया। भाजपा नेता अंशु तिवारी ने लोगों का परिचय कराया। इसके बाद पूर्व विधायक विक्रम सिंह ने क्षेत्र के लोगों को अंग वस्त्र ओढ़ा कर सम्मानित किया। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस में अकबरपुर लोकसभा सीट से अपनी दावेदारी का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि अगर पार्टी ने अकबरपुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया तो सबके सहयोग से लोकसभा क्षेत्र को विकसित करूंगा।

इस मौके पर भाजपा नेता अंशू तिवारी, पप्पू चंदेल, संतोष राजावत, शिवबाबू गुप्ता, बबलू चंदेल, उमा द्विवेदी, प्रसाद द्विवेदी, नीतू पांडेय, उमा द्विवेदी, संगीत शर्मा, महेश त्रिवेदी, गुड्डू दिवाकर, राघवेंद्र सिंह, शिवगोपाल आदि लोग मौजूद रहे।

बजबजाती गंदगी में गुजरती जिंदगी

संवाददाता, रसूलाबाद

कीचड़ के बीच से निकलते ग्रामीण। अमृत विचार

- गांव के अंदर क्षतिग्रस्त पड़ीं नालियां
- रास्ते में बहती दिखी नालियों की गंदगी

अमृत विचार: प्रदेश सरकार स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत लाखो करोड़ों का बजट खर्च कर स्वच्छता व्यवस्था की कवायद में जुटी है। लेकिन जनपद के रसूलाबाद क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन अभियान धरातल पर दम तोड़ता नजर आ रहा है। जहां नालियों की गंदगी रास्ते में बजबजाती दिखाई दी।

दरअसल रसूलाबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत अटियारायपुर गांव में जाने वाले रास्ते पर ओवर फ्लो नालियों की गंदगी रास्ते में बजबजाती नजर आई। गांव में नालिया क्षतिग्रस्त पड़ी नजर आई। वही अटियारायपुर में ओवर फ्लो नालियों की गंदगी रास्ते में बहती दिखी । जिस बजबजाती गंदगी के बीच से लोग निकलने को मजबूर है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या काफी दिनो से है।

रास्ते में बजबजाती गंदगी के बीच से निकलने में अक्सर बाइक सवार राहगीर और पैदल चलने वाले लोग फिसल कर गिर जाते हैं। जिससे ग्रामीण बहुत ज्यादा परेशान हैं। लेकिन इस समस्या का कोई समाधान नही हो रहा है। इस बावत धन प्राप्त यादव ने बताया कि सफाई कर्मी को भेजा जाएगा जल्दी समस्या का समाधान कराया जाएगा

खड़े होते ही गिरे और थमीं सांसें

रसूलाबाद। माल का पुरवा के योगेश्वर मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा की आरती के दौरान स्टेट बैंक का संविदा कर्मी अचानक गिरा और कुछ ही देर में उसकी सांसें थम गईं। सांस की आस में परिवार वाले उसे कानपुर ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

माल का पुरवा निवासी रंजीत सिंह गौर (55) गांव के योगेश्वर मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा सुनने गए हुए थे। देर शाम भागवत कथा समाप्त होने के बाद वह आरती करने के लिए जैसे ही खड़े हुए, तभी अचानक गिर पड़े। लोगों ने उन्हें उठाया तो शरीर में कोई हलचल नहीं हुई। परिवार के लोग फौरन उन्हें लेकर हृदय रोग संस्थान कानपुर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रंजीत कहिंजरी की स्टेट बैंक शाखा में संविदा पर कार्यरत था।

अधेड़ और महिला ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, रनियां/शिवली

जगदंबा तिवारी।

चिरौरा में रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

- शिवली और रनियां थाना क्षेत्रों में हुईं घटनाएं
- दोनों के परिवार वालों के बीच मचा कोहराम

अमृत विचार: जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रो में एक अधेड़ व महिला ने फंदा लगाकर जान दे दी, जिससे उनके परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है

केस 01 आटो चालक ने फंदा लगा कर दी जान: चिरौरा निवासी जगदंबा प्रसाद तिवारी (55) आटो चला कर जीवन यापन करते थे। बीते कई वर्षो से वह मानसिक रूप से परेशान रहते थे। मंगलवार की रात को खाना पीना करके बाहर के कमरे में सोने चले गए। बुधवार की सुबह खेतो मे काम करने गए किसानों ने पेड़ से उनका शव लटका देखा। किसानों ने परिजनो की घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनो में कोहराम मच गया। पति की मौत के बाद पत्नी उमा देवी, पुत्री रितु, रक्षा की रो रोकर बुरा हाल है।एसओ महेंद्र सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

केस 02 मानसिक परेशान महिला ने फंदा लगा कर दी जान: नहरीबरी गांव निवासी स्व0 अशोक श्रीवास्तव की पुत्री रिचा श्रीवास्तव की 2013 में अमित श्रीवास्तव निवासी ग्वाल टोली कानपुर नगर निवासी के साथ शादी हुई थी।किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद कानपुर न्यायालय में चल रहा है और वह अपने मायके में ही रहती थी।बीते करीब दो वर्ष से वह मानसिक रूप से बीमार चल रही थी।उसकी रसोइयां मां चुन्नी देवी बुधवार की सुबह स्कूल चली गई।उसने घर के अंदर कमरे में छत के पंखे में रस्सी के सहारे गले में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।जब स्कूल से शाम करीब 5 बजे मां चुन्नी घर पहुंची तो अंदर से दरवाजा बंद था।वह किसी तरह घर के अंदर पहुंची तो कमरे में पंखे के सहारे पुत्री रिचा का शव लटक रहा था। सूचना पर पहुंचे चौकी प्रभारी काली चरन ने घटना की जांच पड़ताल कर शव को नीचे उतरवाया।जिसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

संवाददाता, रसूलाबाद

- लोगों को जागरूक करने के लिए निकाली गई रैली

अमृत विचार: विकास खंड में ओडीएफ प्लस के अंतर्गत स्वच्छता संबंधित गतिविधियों का शुभारंभ हुआ। जिसमें विकास खंड के समस्त कर्मचारी तथा अधिकारियों की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम जनमानस में स्वच्छता के नियमित आयामों के बारे में बताया गया ।जिसके अंतर्गत कचरा प्रबंधन ,तरल अवशिष्ट प्रबंधन तथा शौचालय के नियमित उपयोग के बारे में बताया गया। आम जनमानस के व्यवहार परिवर्तन हेतु समझाया गया।कार्यक्रम का संयोजन न्यू जेनेसिस लखनऊ के द्वारा चलाया जा रहा है जो कि जनता के समस्त ग्राम पंचायत तथा समस्त राजस्व गांव में कराया जाना है। जिससे जनमानस के व्यवहार परिवर्तन का प्रयास किया जा रहा है, जो कि नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा कराया जा रहा है। कार्यक्रम में एडीपीसी खुर्शीद मास्टर ट्रेनर सीपी गोस्वामी ,आर्यन आदि टीम के सदस्य रहे। कार्यक्रम का संचालन राज्य प्रशिक्षक डॉ लक्ष्मण मिश्रा ने किया।

डेरापुर ने जयपुर को 5 विकेट से हराया

संवाददाता, मूसानगर

विजेता को ट्राफी देते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

अमृत विचार: क्षेत्र के पुलन्दर गांव में चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में डेरापुर टीम ने जयपुर की टीम को पांच विकेट से पटखनी देते हुए विजय हासिल की। डेरापुर की टीम को टूर्नामेंट विजेता का खिताब दिया गया।

क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में डेरापुर टीम ने टॉस जीता और पहले फील्डिंग करने का निर्णय लिया। जयपुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 197 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसमें जयपुर टीम से खेलते हुए मोनू सरदार ने सबसे ज्यादा 84 रन व अयान ने 50 रन बनाएं स डेरापुर टीम से सोएब ने तीन ओवर में 24 रन देते हुए 4 विकेट लिए स विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी डेरापुर की टीम ने आखरी ओवर में 199 रन बनाकर मैच जीत लिया स डेरापुर टीम से बल्लेबाजी करने आये सानू ने 108 व कप्तान खलील पठान ने 38 रन बनाकर आउट हुए। बल्लेबाजी करने उतरे सानू ने 61 गेंदों में 108 रन बनाकर नाबाद रहे। सानू को मैन ऑफ द मैच दिया गया। डीके सिंघल, हिमांशु सिंघल, मनीष सचान, एसआई कृपाल सिंह ने डेरापुर टीम को ट्राफी के साथ बजाज की बाइक और उप विजेता टीम जयपुर को बजाज की प्लैटिना बाइक पुरस्कार के रूप में दी गई।

हत्या के प्रयास में चार लोगों पर केस

मंगलपुर। थाना क्षेत्र के संदलपुर कस्बा निवासी गुफरान अली ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 24 जनवरी को गांव के मोहम्मद हाशिम से मेले में कहासुनी हुई थी, जिसमें उसने देख लेने की धमकी दी थी। 25 जनवरी की शाम वह सामान लेने बाजार जा रहा था, तभी पहले से ही घात लगाए मोहम्मद हाशिम और उसके साथ रमजान, मकसूद अहमद व जसीम ने लाठी-डंडे व कुल्हाड़ी से हमला बोल दिया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया। थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि मारपीट व हत्या के प्रयास के आरोप में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

खंडहर हुआ सिंकदरा का सरकारी गेस्ट हाउस

संवाददाता, सिकंदरा

अमृत विचार: कस्बे में बना नगर पंचायत का गेस्ट हाउस देखरेख के अभाव में खंडहर में तब्दील हो गया है। जिससे ग्रामीणों को शादी व अन्य कार्यक्रमों के लिए दिक्कत का सामना करना पड़ता है। नगरपंचायत होने के बाद भी किसी भी जिम्मेदार अधिकारी की नजर इस पर नही पड़ी।जिससे कस्बा वासियों में रोष व्याप्त है।

नगर पंचायत सिकंदरा में करीब 20 वर्ष पुराने गेस्ट हाउस का जीर्णोद्धार के लिए चार वर्ष पहले एक करोड़ बीस लाख के लगभग धनराशि स्वीकृत किया जा चुका थी। ठेकेदार को इसका भुगतना भी हो चुका है। इसके बाद भी गेस्ट हाउस को हैंडोवर नहीं किया गया उसके पहले ही गेस्ट हाउस टूट फूट कर कबाड़ खाने में तब्दील हो गया है। गेस्ट हाउस के चारों ओर गंदगी फैली है। ऐसे में सवाल उठता है कि कमीशन खोरी के पैसे का बंदर बाट तो हो गया लेकिन गेस्ट हाउस का जीर्णोद्धार अधर में ही लटका दिया गया। ईओ शालिनी त्रिपाठी ने कहा कि मेरी तैनाती से पहले छत्रपति शिवाजी गेस्ट हाउस में जीर्णोद्धार के लिए ठेकेदार को कुछ पैसों का भुगतान कर दिया गया था।

राहत मिली | मौसम के मिजाज में उतार-चढ़ाव जारी, दिन में धूप और शाम से गलन बढ़ी

गुनगुनी धूप में खिल उठे ठिठुरन से मुरझाए चेहरे

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

रूरा में धूप में बैठे लोग। अमृत विचार

अमृत विचार: जिले में कोहरे के साथ गलन भरी सर्दी मुसीबत का सबब बनी है। वहीं तापमान में भी उतार चढ़ाव का क्रम जारी है। बुधवार को भी कोहरे के साथ दिन शुरू हुआ, लेकिन दिन में धूप निकलने से लोगों को सर्दी से राहत मिली। इससे कस्बों से लेकर गांवों तक चहल पहल दिखी। शाम होते ही ठंडी हवा ने गलन बढ़ा दी। इससे राहगीर परेशान रहे।

जनपद में मौसम बार-बार करवट बदल रहा है। मंगलवार रात में पारा सामान्य से एक डिग्री नीचे गिरने व ठंडी हवा से गलन बरकरार रही। बुधवार को भी कोहरे व ठंडी हवा के साथ दिन शुरू हुआ, लेकिन करीब साढे 9 बजे से आसमान साफ होने व धूप निकलने से लोग घरों से बाहर आकर गुनगुनी धूप का आनंद लेते दिखे।

माती कोर्ट आए फरियादी व जिला अस्पताल के मरीज व तीमारदार गुनगुनी धूप का आंनद लेते दिखे। मौसम साफ रहने से जहां बाजारों में रौनक दिखी। पूरे दिन मौसम साफ रहने व धूप निकलने से लोगों ने काफी राहत महसूस की।

हालांकि दो किमी प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली उत्तर पश्चिमी हवा राहगीरों को गलन का अहसास कराती रही। दिन ढलने के बाद फिर तेज हवा ने मौसम को सर्द कर दिया। गलन बढ़ने से हर कोई जल्द घर पहुंचने की कवायद में जुटा दिखा।

अन्ना मवेशियों को भुला बैठा प्रशासन

कड़ाके की सर्दी में बेहाल हो रहे अन्ना गोवंश शासन के निर्देश के बाद भी जनपद में अन्ना गोवंश का संरक्षण अफसरों के गले की फांस बना है ।अभी तक जिले की 90 गौ आश्रय गृहों में12,500 गोवंश ही संरक्षित हो सके हैं। जबकि करीब दस हजार अन्ना गोवंश अस्पताल परिसरों, खाली प्लाटों, हाई-वे व प्रमुख सड़कों पर खुले आसमान के नीचे डेरा डाले अन्ना गोवंश कड़ाके की सर्दी में जहां ठिठुरने को मजबूर हैं। रात में खेत में झुंड के रूप में यह धावा बोलकर फसलों को चैपट कर रहे हैं। वहीं सर्दी से बेहाल अन्ना गोवंश फसलों की सुरक्षा के लिए खेतों में डेरा डाले किसानों के साथ ही राहगीरों व आम लोगों पर एकाएक हमलाकर उनको घायल भी कर रहे हैं।

बादलों के साथ अभी सर्दी और कोहरा के आसार

सीएसए के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएन सुनील पांडेय ने बताया कि मको अधिकतम तापमान 22 डिग्री व न्यूनतम तापमन 6 .6 डिग्री रहा। उन्होने बताया कि अगले पाच दिन तक आसामान में बदली रहने के साथ ही सर्दी बढ़ने तथा सुबह शाम व रात में घना कोहरा रहने की संभावना है

रनिया में राजाराम पाल का स्वागत

संवाददाता, रनिया

पूर्व सांसद राजाराम पाल का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

अमृत विचार: आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सपा की ओर से पूर्व सांसद राजाराम पाल को अकबरपुर लोकसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद वह बुधवार को रनिया पहुंचे तो चेयरमैन विटान दिवाकर और उनके समर्थकों ने स्वागत किया। टिकट की घोषणा के बाद पूर्व सांसद राजाराम पाल ने घाटमपुर के मां कूष्मांडा मंदिर में दर्शन-पूजन के साथ चुनावी अभियान का शंखनाद किया है।

मां कूष्मांडा देवी के दर्शन के बाद वह रनियां पहुंचे, जहां नगर पंचायत की चेयरमैन विटान दिवाकर ने अपने समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान समर्थकों ने अयोध्या में जय श्री राम और अकबरपुर में राजाराम का नारा बुलंद किया। इस दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव के आह्वान पर पीडीए की परिकल्पना की गई है।

उन्होंने कहा कि पीडीए व इंडिया ही एनडीए को हराकर देश की सत्ता का परिवर्तन करेगा। उन्होंने कहा कि अब दलितों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों, मजदूरों, किसानों और नौजवानों ने भाजपा को उखाड़ फेंकने के लिए सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व को स्वीकार कर लिया है। इस दौरान विष्णु कुमार गुप्ता, रामकिशोर दिवाकर, सुरेश सक्सेना, पवन यादव, आनन्द वर्मा, जयचंद पाल, राजेन्द्र कश्यप सहित तमाम लोग मौजूद रहे। कार्यकर्ताओं में गर्मजोशी दिखी।

बागेश्वर बाबा को सुनने के लिए हजारों भक्त आए। अमृत विचार

सनातन धर्म की रक्षा को सभी एकजुट हों -धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री

चौबेपुर के बैदानी गांव पहुंचे बागेश्वर धाम ने हिंदू राष्ट्र बनाने की आवाज फिर उठाई

संवाददाता ,चौबेपुर (कानपुर)

अमृत विचार। सनातन धर्म की रक्षा के लिए हम सभी को एकजुट होना पड़ेगा । अब समय आ गया है कि हिंदू राष्ट्र निर्माण के लिए हम सभी जी जान से जुट जाएं। कागजों पर नहीं बल्कि लोगों के दिलों में हिंदू राष्ट्र का जज्बा होना चाहिए और इसके विरोध में जो भी आएगा उसकी ठठरी बंधना निश्चित है। उक्त बातें बुधवार को चौबेपुर के बैदानी गांव स्थित दक्षिण मुखी बालाजी महाराज की मूर्ति प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आए बागेश्वर महाराज पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने अपने संबोधन में कहीं। कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़ के चलते पुलिस प्रशासन को खासी मशक्कत करनी पड़ी।

बैदानी गांव स्थित दक्षिण मुखी बालाजी महाराज की मूर्ति प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर यहां गत 21 जनवरी से धार्मिक आयोजन चल रहा था। कार्यक्रम के अंतिम दिन 31 जनवरी को बालाजी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा बागेश्वर महाराज पं धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के हाथों संपन्न कराई गई। अपराह्न करीब 3:30 बजे कार्यक्रम में पहुंचे बागेश्वर सरकार ने सर्वप्रथम यहां दक्षिण मुखी बालाजी की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कराई।

इसके बाद विशालकाय पंडाल के मंच पर सबसे पहले सीताराम का जाप कराया। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल, एडीसीपी आकाश पटेल, एसीपी कल्यानपुर अभिषेक पांडे, एसीपी बिल्हौर अरुण त्रिवेदी समेत अन्य पुलिस अधिकारी व फोर्स मौजूद था।

भक्तों को अपने अंदाज में संबोधित करते धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री। अमृत विचार

- दक्षिणेश्वर बालाजी महाराज की मूर्ति प्रतिष्ठा में शामिल हुए बागेश्वर महाराज

कानपुर में सात दिन का कथा कार्यक्रम करेंगे

उन्होंने सभी भक्तों के हाथ खड़े कराकर एक साथ अर्जी लगवाई। बताया कि आगामी 1 से 8 मार्च तक बागेश्वर धाम में 108 कुंडीय महायज्ञ होने जा रहा है, जिसमें 108 बेटियों के विवाह संपन्न कराए जाएंगे। उन्होंने कार्यक्रम आयोजन विमल सिंह चौहान व अन्य को आशीर्वाद भी प्रदान किया। साथ ही आश्वासन दिया कि जल्द ही वह कानपुर में सात दिन का कथा कार्यक्रम करेंगे। इस दौरान पंडाल जय श्री राम के जयकारों से गुंजायमान रहा। इस दौरान हजारों लोग और भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

कानपुर के पागलों कैसे हो

अपने संबोधन में उन्होंने कानपुर के पागलों कैसे हो, के साथ अपनी बात शुरू की। कहा कि बाला जी की कृपा से ही सब संभव हो पाया है। बताया कि हनुमान जी करते हैं रामकाज और हम सभी करते हैं कामकाज। इसलिए जरूरी है कि कामकाज को ही अपना रामकाज बना लें। हिंदुत्व व सनातन धर्म की रक्षा के लिए सभी मिलकर खड़े हो जाएं, यही राम काज है ।

शैतान से जो टकराये उसे हनुमान कहते हैं

बागेश्वर बाबा ने अपने संबोधन के दौरान हनुमान चालीसा की कई पंक्तियां सुनाते हुए कहा कि पहाड़ों से जो टकराये उसे चट्टान कहते हैं, इंसान से जो टकराए उसे शैतान कहते हैं, और शैतान से जो टकराये उसे हनुमान कहते हैं। बताया कि पानी के बिना हम कुछ समय जीवित रह सकते हैं, लेकिन हवा के बिना जीवन संभव नहीं है। इसलिए पवनसुत हनुमान को हमेशा अपने दिल में साथ रखें। उनके साथ रहने से कभी कोई समस्या उत्पन्न नहीं होगी।

उद्यमी नरेंद्र शर्मा ने किया धीरेंद्र शास्त्री का स्वागत

कानपुर। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री के कानपुर आगमन पर चकेरी एयरपोर्ट पर तिरंगा समूह के एमडी नरेंद्र शर्मा एवं कानपुर दक्षिण उद्योग व्यापार मंडल के महामंत्री अभिषेक पांडेय मोनू ने स्वागत किया। उन्होंने रामलला का चित्र स्मृति चिन्ह के रूप में उन्हें भेंट किया और पटका देकर स्वागत किया। इस अवसर प्रमुख रूप से इंजी ऋषभ शुक्ला, अभय दुबे, विवेक शुक्ला, मनोज सिंह, आलोक महेश्वरी, सचिन गुप्ता, कुशलेष ओमर, अभी महेश्वरी रहे ।

बागेश्वर बाबा को रामजी का चित्र देते पंडित नरेंद्र शर्मा और मोनू पांडेय। अमृत विचार

स्वागत में सड़कों पर भी हजारों लोग मौजूद रहे। अमृत विचार

एक नजर

पुलिस ने तीन अपराधियों को पकड़ा

कानपुर। गुजैनी पुलिस ने मनीष वर्मा उर्फ टैया निवासी टिकरा बस्ती जरौली को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी विनय तिवारी ने बताया कि संदिग्ध लगने पर उसकी तलाशी ली गई जिसके पास से एक 315 बोर तमंचा और कारतूस बरामद हुआ है। इसी तरह चमनगंज पुलिस ने फैज वारिस निवासी मुन्नापुरवा को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पांच लीटर शराब बरामद हुई है। दोनों को जेल भेज दिया। इसी प्रकार गोविंद नगर पुलिस ने एक मुकदमे में वांछित पंकज निवासी कच्ची बस्ती को गिरफ्तार कर लिया है।

जानलेवा हमले में नाबालिग समेत चार गिरफ्तार

कानपुर। काकादेव थानाक्षेत्र के शास्त्री नगर में युवक पर जानलेवा हमले के मामले में घायल युवक के पिता की ओर से एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। काकादेव इंस्पेक्टर मानवेंद्र सिंह ने बताया शास्त्री नगर निवासी सुनील कुमार बाजपेई ने 29 जनवरी को जूही निवासी रोहित शुक्ला समेत 15 अज्ञात लोगों के खिलाफ बेटे पर जानलेवा हमले के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके बाद से आरोपियों की तलाश की जा रही थी। बुधवार को हमले में शामिल नामजद आरोपियों रोहित शुक्ला, राज गौतम, साहिल श्रीवास्तव और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया है। कोर्ट में पेश करने के बाद उन्हें जेल भेज दिया गया है।

गोवध मामले में आरोपी गिरफ्तार

कानपुर। अर्मापुर पुलिस ने गोवध निवारण अधिनियम की धारा में दर्ज मुकदमे में वांछित को गिरफ्तार कर लिया। अर्मापुर थाना प्रभारी राममूरत पटेल ने बताया गिरफ्तार आरोपी की पहचान इफ्तीखाराबाद निवासी महफूज के रूप में हुई है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है।

शहर में सिर्फ दो पार्किंग हैं वैध, बाकी स्टे पर संचालित

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर में नगर निगम की सिर्फ दो ही पार्किंग वैध हैं। बाकी 17 जगह कोर्ट से स्टे लेकर पार्किंग का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा सभी पार्किंग अवैध रूप से मनमाने तरीके से संचालित हो रही हैं। नगर निगम ने अब नए सिरे से पार्किंग को नियमानुसार डेवलप कर उठाने का प्लान बनाया है। नगर निगम ने इसको लेकर सर्वे भी शुरू किया है। जोन अधिकारियों ने छह जानों में अभी तक 47 स्थल चयनित किये हैं। इनमें से अंतिम 43 चयनित स्थलों पर पार्किंग बनाने की योजना है।

शहर में बंद किए गए पार्किंग स्थलों को नगर निगम जल्द ही फिर शुरू करने की तैयारी में है। इसके तहत पार्किंग स्थलों में व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के लिए अपर नगर आयुक्त आवेश खान ने पहल शुरू की है। इनमें टायलेट, पानी की व्यवस्था के साथ ही टिन शेड के साथ पार्किंग स्थलों को डेवलप किया जाएगा।

इससे पहले नगर निगम अगस्त 2021 तक शहर में 44 पार्किंग स्थल को संचालित कर रहा था। इन पार्किंग स्थलों की जांच की गई तो पाया गया कि इनमें से 42 में पानी, टिनशेड, टायलेट आदि जरूरी कोई सुविधा नहीं है। सिर्फ अटल घाट और नगर निगम स्थित पार्किंग स्थल पर ही इनकी व्यवस्थाएं पूरी पाई गई हैं।

नियम न पूरे किये जाने पर शासन के निर्देश पर मोतीझील और अटल घाट छोड़कर बाकी सभी पार्किंग स्थलों को निरस्त कर दिया गया। इसके बाद 17 जगहों पर संचालित पार्किंगों पर पार्किंग संचालक स्टे ले आये। जो अभी भी संचालित हो रही हैं। नगर निगम अब कोर्ट से स्टे को हटवाने के लिये प्रार्थना पत्र देगा ताकि, नियमानुसार पार्किंग संचालित की जा सकें।

नगर निगम में नियमानुसार संचालित हो रही पार्किंग। अमृत विचार

- नगर निगम ने नए सिरे से पार्किंग एलॉट करने के लिये सर्वे किया शुरू
- मानकों को ध्यान में रखते हुये जगह की जाएंगी चिह्नित, 44 जगह बनेंगी

इन पार्किंग स्थलों पर होनी है तैयारी

भार्गव नर्सिंग होम, नवीन मार्केट, कृष्णा टावर, नाला रोड, बिरहाना रोड चेस्ट क्लीनिक, डफरिन अस्पताल के पीछे, पीडब्ल्यूडी कार्यालय सिविल लाइंस, पीपीएम अस्पताल, मंदाकिनी होटल साकेत नगर, स्टेट बैंक नौबस्ता, मधुलोक नर्सिंग होम, वी मार्ट साकेत नगर, शिवाजी इंटर कालेज केशव नगर, गौशाला चौराहा, रीयल चिल्ड्रेन हास्पिटल, स्पंदन हास्पिटल, वी मार्ट नौबस्ता, आइडीबीआइ नौबस्ता, डा. संदीप मिश्रा क्लीनिक नौबस्ता, स्टेट बैंक वसंत विहार, म्युजिकल फाउंटेन पार्क, सोसाइटी मोटर्स, कालेज आफ मैनेजमेंट, लीलामणि हास्पिटल, मर्चेंट चैंबर, वोडाफोन कार्यालय सिविल लाइन, पदम टावर, एक्सेल हास्पिटल, आभा नर्सिंग होम, मधुराज नर्सिंग होम, आरके देवी हास्पिटल, रीजेंसी रीनल साइंस सेंटर, गैस्ट्रोलीवर अस्पताल, चांदनी नर्सिंग होम, राजीव वाटिका, तुलसी उपवन, लाजपत भवन, आरएसपीएल लिमिटेड, लोहिया स्टार लिंगर, विशाल मेगा मार्ट।

अब बच्चों को अंक की जगह मिलेगा स्टार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जिले के प्राथमिक विद्यालयों में अब कक्षा 2 तक के विद्यार्थियों को मार्कशीट नहीं दी जाएगी। शिक्षा विभाग ने अब उन्हें स्टार अंक देने का प्लान बनाया है। वहीं कक्षा एक से आठ तक के बच्चों के रिपोर्ट कार्ड पर विषयों के मूल्यांकन के साथ ही बच्चों के व्यवहार का आकलन भी देखने को मिलेगा। परिषदीय विद्यालयों ने कक्षा एक से आठ तक के बच्चों का समग्र प्रगति कार्ड तैयार किया है। जिसमें बच्चे की विषय में दक्षता के साथ ही छात्र की आयु, लंबाई, वजन के अलावा बच्चे का स्कूल और घर में व्यवहार को भी दर्शाया जाएगा। समग्र प्रगति कार्ड को राज्य शैक्षिक अनुसंधान केन्द्र ने तैयार किया है। जिसे नए सत्र से परिषदीय विद्यालयों में लागू कराएंगे।

समग्र प्रगति रिपोर्ट कार्ड में कक्षा एक से दो तक के छात्रों के अंक की जगह स्टार दिए जाएंगे। साथ ही स्वच्छता, कलात्मक अभिरूचि, व्यवहार का आकलन भी होगा। वहीं कक्षा तीन से आठ तक हिन्दी, गणित, अंग्रेजी के साथ पर्यावरण अध्ययन, सामाजिक विषय एवं विज्ञान आधार पर आकलन होगा। बच्चों की तार्किक क्षमता, अभिरुचि, व्यवहार, कौशल का आकलन होगा।

कक्षा 2 तक के बच्चों को अंक के स्थान पर स्टार प्रदान करने से छात्रों में शुरू से अवसाद होने की स्थिति से बचा जा सकेगा।

सपा मतदाता सूची सर्वेक्षण में त्रुटियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। बुधवार को समाजवादी पार्टी ने लोक सभा चुनाव की तैयारी से पहले गोविंद नगर विधान सभा क्षेत्र की मतदाता सूची का सर्वेक्षण किया। महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा की सर्वेक्षण में त्रुटिया पायी गयी हैं। कई मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं। पूरी सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार की जा रही है। सपा 5 फरवरी को जिला निर्वाचन आधिकारी को आपत्ति रिपोर्ट सौंपेगी। फजल महमूद ने कहा कि सपा का प्रत्येक युवा कार्यकर्ता अपने-अपने वार्ड के दो परिवारो से संपर्क करेगा और समाजवादी पार्टी की नीतियों से अवगत कराकर 2024 लोक सभा चुनाव मे भारी मतदान के लिए प्रेरित करेगा। बैठक मे प्रमुख रूप से प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, नीतेंद्र यादव, अर्पणा जैन, आकाश यादव, नंदलाल जयसवाल, परमवीर सिंह गंभीर, आनंद शुक्ला, संजय निषाद, एहसास बॉबी, बृजलाल यादव, जसवेंद्र निषाद मौजूद रहे।

सपा जिलाध्यक्ष ने बैठक कर की समीक्षा। अमृत विचार

चोरी के माल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

कानपुर। चमनगंज पुलिस ने चोरी के माल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष हमीद ने बताया कि आरोपी की पहचान अंकित वर्मा निवासी श्रीनगर के रूप में हुई है। उसके पास से चोरी के 2000 रुपये, एक लोहे की रॉड, एक काला बैग जिसमें पासबुक, क्रेडिट कार्ड, 02 फोटो थे। वह सीसामऊ थाने में हुई चोरी में वांछित था। जिसनें थानाक्षेत्र में 65 पुड़िया पान मसाला, 65 पुड़िया तम्बाकू, तीन डिब्बी सिगरेट 305 रुपये नकद चोरी किए थे। उसके खिलाफ चमनगंज में दो और सीसामऊ में एक मुकदमा पंजीकृत है।

दीप चौराहे के पास दो जगह लीकेज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। शहर में पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। एक तरफ गंगा बैराज मेन लाइन में लीकेज की वजह से 50 मोहल्लों में जल संकट है वहीं, दक्षिण क्षेत्र में दीप टाकीज व गौशाला चौराहा के पास लीकेज के चलते हर दिन लाखों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। पाइप लाइन फटने की शिकायत कई बार जलनिगम से की गई लेकिन मरम्मत का काम शुरू नहीं हो सका है।

गंगा बैराज वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से कम्पनीबाग की ओर जाने वाली पाइप पाइन का विष्णुपुरी इलाके में लीकेज है। शनिवार से लीकेज तलाश रही जलनिगम को काफी मशक्कत के बाद सफलता मिली है। वहीं, गोविंद नगर पार्षद नवीन पंडित ने बताया कि पराग डेरी के पास स्थित दीप सिनेमा चौराहे के पास पिछले कई दिनों से दो जगहों पर पाइप लाइन में लीकेज है। जिसके चलते पेयजल संकट हो रहा है।

पार्षद समेत स्थानीय लोगों ने जल निगम में पाइप लाइन की मरम्मत के लिए शिकायत भी की, लेकिन दो दिन से न तो वहां कोई मरम्मत करने के लिए टीम पहुंची और न ही पानी की समस्या से परेशान लोगों का निजात मिल सकी। स्थानीय लोग सबमर्सिबल के भरोसे हैं। जिन घरों में सबमर्सिबल नहीं है, वहां लोगों को पानी के लिए लाइन तक लगानी पड़ रही है।

- शिकायत अनसुनी, लाखों लीटर पानी हो रहा बर्बाद
- पार्षद ने दिया अल्टीमेटम दर्ज कराएंगे रिपोर्ट

लीकेज रिपेयर नहीं तो होगी एफआईआर

पार्षद ने बताया कि लीकेज के चलते वार्ड 48, वार्ड 93, वार्ड 02 और वार्ड 07 में पानी की किल्लत है। स्थानीय लोगों ने जब जल निगम में लीकेज मरम्मत के लिए शिकायत की तो अवकाश का हवाला दिया गया। पार्षद ने कहा कि दो दिन के भीतर अगर लीकेज नहीं सुधरा तो जल निगम के अफसरों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएंगे।

विकास की ओर

कंसलटेंट तैयार करेगा फिजिबिलिटी रिपोर्ट और प्रोजेक्ट रिपोर्ट, उप्र राज्य राजमार्ग प्राधिकरण को इस मार्ग को फोरलेन करना है

सिकंदरा- चौडगरा हाईवे निर्माण की डीपीआर के लिए मांगे टेंडर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। सिकंदरा से भोगनीपुर होते हुए घाटमपुर से चौडगरा तक स्टेट हाईवे को फोर लेन बनाने के लिए कवायद तेज हो गई है। उप्र राज्य राजमार्ग प्राधिकरण ने इसकी फिजिबिलिटी रिपोर्ट और डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के लिए कंसलटेंट के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कंसलटेंट नामित करने के लिए 15 फरवरी को टेंडर डाले जाएंगे जबकि तकनीकी बिड 16 फरवरी को खोली जाएगी। इनमें जो कंपनियां मानक पर खरी उतरेंगी उनमें से ही वित्तीय बिड आधार पर किसी एक का चयन किया जाएगा।

15 फरवरी को डाले जाएंगे टेंडर

27 किमी दूरी बढ़ेगी हाईवे की

82.53 किमी का पहले था

4.6 किमी लंबा बाईपास बनेगा घाटमपुर

पहले भोगनीपुर- घाटमपुर से चौडगरा तक इस मार्ग को चार लेन किया जाना था। तब लागत 1136.44 करोड़ रुपये थी, लेकिन अब सड़क की लंबाई बढ़ गई है ऐसे में लागत तो बढ़ेगी ही, सिकंदरा से भोगनीपुर के बीच भूमि अधिग्रहण भी करना होगा। कंसलटेंट ही किसानों को चिह्नित करेगा, मुआवजा कितना बनेगा यह देखेगा और उसी आधार पर डीपीआर तैयार करेगा। विद्युत विभाग, दूर संचार विभाग व अन्य विभागों से भी यूटिलिट शिफ्टिंग में आने वाले खर्च के आधार पर एस्टीमेट मांगा जाएगा। ताकि उसे भी डीपीआर में शामिल किया जा सके।

स्टेट हाईवे प्राधिकरण ने प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप मॉडल पर इस मार्ग को टू लेन से फोर लेन करने का निर्णय लिया है। डिजाइन विल्ड फाइनेंस आपरेट एंड ट्रांसफर मोड के तहत निर्माण एजेंसी को इस ही प्रोजेक्ट पर पूरी धनराशि खर्च करनी है और वह लागत और मुनाफा की वसूली टोल टैक्स के माध्यम से करेगी। पूर्व में इसे भोगनीपुर से घाटमपुर होते हुए चौडगरा तक बनाया जाना था, लेकिन जिस कंपनी का चयन हुआ था उसने यह कहते हुए कदम वापस खींच लिया था कि लागत अधिक है और उसे घाटा होगा। हालांकि कंपनी ने बहुत ही बिलो टेंडर डाला था। ऐसे में उसकी धरोहर राशि भी जब्त कर ली गई थी। सांसद देवेंद्र सिंह भोले की पहल पर तय हुआ कि अब इसका चौड़ीकरण सिकंदरा से किया जाएगा। यही वजह है कि प्राधिकरण ने पुनः कंसलटेंट नामित करने की प्रक्रिया शुरू की है।

भोगनीपुर, घाटमपुर और चौडगरा रेलवे रेलवे क्रॉसिंग पर ओवरब्रिज बनेगा। घाटमपुर में 4.6 किलोमीटर लंबा एक बाईपास बनाया जाएगा। भोगनीपुर से चौडगरा तक भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया लगभग पूरी हो गई है। अब भोगनीपुर से सिकंदरा के बीच भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू करनी पड़ेगी। पहले 82.53 किलोमीटर लंबे इस हाईवे का चौड़ीकरण होना था अब लंबाई 27 किलोमीटर और बढ़ जाएगी। भूमि अधिग्रहण पर तीन सौ करोड़ रुपये का बजट खर्च किया जा चुका है।

बनने से वाहन चालकों को होगा लाभ

इसके बन जाने से कई बड़े लाभ होंगे। झांसी और इटावा की ओर से आने वाले वाहन जिन्हें प्रयागराज की चौडगरा की ओर जाना होता है उन्हें अभी फतेहपुर के रास्ते जाना होता है। इससे उन्हें लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। जबकि सिकंदरा से भोगनीपुर होते हुए चौडगरा जाने के लिए टू लेन मार्ग है। इस मार्ग पर यातायात के दबाव के कारण जाम भी लगता है और सड़क आए दिन टूटती है। इस समस्या के समाधान के लिए ही तीन साल पहले भोगनीपुर से घाटमपुर होते हुए चौडगरा तक स्टेट हाईवे को फोर लेन बनाने की योजना बनी थी।

एक साल बढ़ा छावनी बोर्ड का कार्यकाल

विशेष संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। छावनी बोर्ड का कार्यकाल एक साल के लिए बढ़ा दिया गया। यह 10 फरवरी 2024 को समाप्त हो रहा था। बोर्ड का कार्यकाल अब तक सात बार बढ़ाया जा चुका है। चुनाब लंबित हैं।

रक्षा मंत्रालय ने गजट नोटीफिकेशन जारी करते हुए कानपुर, बरेली समेत देश के 56 कैंट बोर्डों का कार्यकाल बढ़ाया है। यह 12 फरवरी से प्रभावी होगा। अक्टूबर 2021 को निर्वाचित कैंट बोर्डों का कार्यकाल खत्म हो गया था तब से तीन सदस्यीय नामित केयर टेकर कैंट बोर्ड के सारे प्रशासनिक और आवश्यक विकास के कार्य देख रहा है। इस कार्यकाल में भी ब्रिगेडियर, सीईओ कैंट बोर्ड और जनता की तरफ से नामित प्रतिनिधि कामकाज देखेंगे। कानपुर कैंट बोर्ड में लखन ओमर जनता के प्रतिनिधि हैं। ओमर उपाध्यक्ष हैं। कैंट बोर्ड के विधिवत गठन तक ही कार्यकाल विस्तार प्रभावित रहेगा।

उपाध्यक्ष का भी जनता से सीधे चुनाव की तैयारी है। छावनी (संशोधन) अधिनियम 2022 को लोकसभा से मंजूरी मिलने के बाद ही यह संभव हो सकेगा। फिलहाल छावनी अधिनियम 2006 ही लागू है। हालांकि छावनी बोर्ड के सिविल एरिया यानी वार्डों का नगर निगम क्षेत्र में विलय को लेकर तेजी से मंथन चल रहा है।

जूता फटा, वकील ने दुकानदार को भेजा नोटिस

फटा जूता दिखाते अधिवक्ता।

संवाददाता फतेहपुर

- कहा, साले के लड़के की शादी में नहीं जा सका
- जूते की रकम न देने पर केस की चेतावनी

अमृत विचार। दुकान से खरीदा जूता खराब होने के एक अधिवक्ता अपने साले की शादी में शामिल से वंचित रह गया। तनाव में आकर बीमार भी पड़ गए। इलाज के बाद वकील के जरिए फुटवियर संचालक को नोटिस थमाई है। अधिवक्ता ने दुकानदार से जूते की रकम के साथ बीमारी में खर्च हुए रुपये भी मांगे हैं। न देने पर कोर्ट केस की चेतावनी दी है।

शहर के कमला नगर कलक्टरगंज निवासी ज्ञानेंद्र भान त्रिपाठी पेशे से अधिवक्ता है। उन्होंने बताया कि सिविल लाइन स्थित एक ब्रांडेड जूते की दुकान से 12 सौ रुपये का जूता खरीदा था। दुकानदार द्वारा छह माह की गारंटी दी गई थी, लेकिन एक माह बाद ही जूते की सिलाई खुलने लगी। जूते का शोल टूटने लगा, जिससे वह तनाव में आकर बीमार हो गए। उन्हें इलाज के लिए हृदय रोग संस्थान जाना पड़ा। ज्ञानेन्द्र भान के मुताबिक उनका मानसिक तनाव इसलिए बढ़ा कि जूता खराब होने से वह अपने साले की शादी की शामिल नहीं हो सके। नकली जूता देने से उन्हें मानसिक और आर्थिक क्षति हुई है। बताया कि उन्होंने अधिवक्ता अभिषेक शर्मा से जरिए दुकानदार को नोटिस भेजते हुए जूते की रकम, बीमारी में खर्च हुए राशि और अन्य खर्च का भुगतान की मांग की है। तय तिथि तक रकम नहीं दिए जाने की दशा पर दुकानदार के खिलाफ केस कराएंगे।

ट्रेन की चपेट में आकर वृद्धा की हुई मौत

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के बसावनखेड़ा में बुधवार की दोपहर खेत जा रही बुजुर्ग महिला की रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आ जाने से मौके पर ही मौत हो गई। बसावनखेड़ा गांव निवासी रामकली पत्नी स्व. दिरपाल बुधवार दोपहर लगभग दो बजे खेत जा रही थी। जब वह रेलवे लाइन पार करने लगी इसी बीच आ रही ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे उसकी घटनास्थल पर मौत हो गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जल निगम की लापरवाही से सड़क हुई जानलेवा

संवाददाता, खागा फतेहपुर

सड़क के किनारे खोदा गया जानलेवा गड्ढा। अमृत विचार

अमृत विचार। नगर पंचायत खखरेरू के कस्बा के अंदर जल निगम संस्था ने पाइप लाइन डालने का कार्य करा रही है। पाइप लाइन डालकर गड्ढो की पुराई कार्य करना ही भूल गई जो आज तक मार्ग में बड़े बड़े गड्ढे दिखाई दे रहें हैं। जिससे ग्रामीणों को निकालने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दो पहिया वाहन को निकलने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है।

नगर निवासी विकास, रहमान, शिवम, शिब्लू, हम्माद आदि ने बताया कि कार्य करा रही जल निगम संस्था के कर्मचारीयों से गड्ढे की पुराई की बात की गई। लेकिन अनदेखी करते हुए मौके से चले गए। कस्बे के अंदर जुम्मा मस्जिद के पास अंधेरे में नमाजियों को बड़े बड़े गड्ढे होने के कारण दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इन्होंने यह भी बताया कि घर के बाहर नल की टोंटी लगाने को लेकर जल निगम संस्था के कर्मचारी सौ-सौ, रुपये ले रहे हैं। बेपरवाह कार्य से लोगों ने रोष व्यक्त किया हैं।

एक नजर

रणजीत बहादुर बने थरियांव थानाध्यक्ष

फतेहपुर। पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने बुधवार को थरियांव थानाध्यक्ष प्रवीण सिंह को हटाते हुए एसओजी में तैनात रणजीत बहादुर सिंह को थानाध्यक्ष के रुप में स्थानांतरित किया है। तीन दिन पूर्व एक युवक द्वारा पुलिस प्रताड़ना से तंग आकर खुदकुशी कर ली गई थी। खुदकुशी से पहले युवक ने एक वीडियो बनाया था जिसमें अपनी जान देने का कारण थाना पुलिस की प्रताड़ना बताई थी। हालांकि जिम्मेदारों द्वारा प्रवीण सिंह को हटाने का कारण स्पष्ट नहीं किया है।

रोडवेज बस की टक्कर से युवक की जान गई

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र में मलवां थाना क्षेत्र के हसनापुर सानी गांव निवासी शिवधर का पुत्र मनोज कुमार मंगलवार शाम बाइक से रिश्तेदारी में बिंदकी जा रहा था। अलियाबाद के पास सामने से आ रही रोडवेज बस ने उसे टक्कर मार दिया जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे सीएचसी पहुंचाया जहां डाक्टर ने उसे मृत बता दिया।

बेकाबू ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, दो युवकों की मौत

ट्रक में फंसकर बाइक सवार 20 मीटर तक घिसटते चले गए

संवाददाता फतेहपुर

- बांदा-कानपुर हाईवे पर मंगलवार देर रात हुआ हादसा

अमृत विचार। ललौली थाना क्षेत्र के बांदा-कानपुर हाईवे पर तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि ट्रक की टक्कर के बाद बाइक सवार 20 मीटर तक सड़क पर घिसटते चले गए हैं। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

जाफरगंज थाना क्षेत्र के गांव रावतपुर सरायं निवासी राहुल कुमार उर्फ छोटू रैदास (22) पुत्र रामकिशुन अपने मौसेरे भाई के साले मलवां थाना क्षेत्र के गांव बादलपुर निवासी विनय कुमार (23) पुत्र छोटेलाल के साथ बाइक से देर रात अजमतपुर गांव किसी काम से जा रहा था। शिवरी गांव के समीप आकूपुर मोड़ के पास सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। दोनों युवक बाइक समेत करीब 20 मीटर तक घसीटते चले गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने पुलिस और युवक के परिजनों को सूचना दी। घटना के बाद करीब एक घंटे तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रही। मृतक राहुल कुमार की मौत से मां कमला देवी और बहन उर्मिला का बेहाल हैं। युवक अपने भाइयों दलजीत व प्रभात कुमार से छोटा था और मजदूरी करता था। वही मृतक विनय कुमार की मौत से मां ममता देवी का हाल बेहाल है। दोनों युवक अविवाहित थे। दोनों हैदराबाद की एक आइस्क्रीम फैक्टरी में नौकरी करते थे। 11 जनवरी को गांव आए थे। थाना प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि चालक की तलाश की जा रही है।

नर्सिंगहोम में गलत इलाज से बच्ची की हालत बिगड़ी

संवाददाता फतेहपुर

- कार्रवाई के लिए परिजनों ने किया हंगामा, जबरन डिस्चार्ज करने का आरोप

अमृत विचार। एक निजी अस्पताल में बुखार से पीड़ित बच्ची को परिजनों ने इलाज के लिए भर्ती कराया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने डाक्टर पर गलत इलाज का आरोप लगाया है। बच्ची की हालत गंभीर है। उसी हालत में स्टाफ ने बच्ची को बाहर कर दिया। इसके बाद परिजनों ने हंगामा किया और डीएम व सीएमओ को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

शहर के हरिहरगंज मोहल्ला के रहने वाले रवि पांडेय ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर जिलाधिकारी के नाम एक शिकायती पत्र एसडीएम और सीएमओ को दिया। आरोप लगाया कि 28 जनवरी को बेटी भूमि पांडेय (7) को बुखार आने पर एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। 30 जनवरी की रात में बेटी का अस्पताल के स्टाफ ने गलत इलाज कर दिया। इससे बेटी की हालत गंभीर होने पर जब डॉक्टर और स्टाफ से पूछा गया तो अभद्रता करते हुए जबरन डिस्चार्ज कर बाहर कर दिया गया। बेटी को गंभीर हालत में लेकर कानपुर गया और वहां के एक निजी अस्पताल में इलाज कराया। सुबह जब हास्पिटल पहुंचा तो वहां के स्टाफ ने धमकी दी। पीड़ित रवि पांडेय ने कहा कि उनकी मांग है कि हॉस्पिटल के डॉक्टर और स्टाफ पर कार्रवाई की जाए। मामले में सीएमओ डा. अशोक कुमार ने जांच के बाद कार्यवाही का भरोसा दिया है।

सार-संक्षेप

प्रतिबंधित मांस के साथ चार दबोचे गए

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र में चार आरोपियों को पुलिस ने 1.20 क्विंटल प्रतिबंधित मांस के साथ दबोचा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चार चाकू और एक कुल्हाड़ी बरामद की है। हथगाम पुलिस को क्षेत्र के चकभुनगापुर नट के डेरा गांव के एक खेत में कुछ लोगों के गोवध की सूचना दी। पहुंची पुलिस को गांव के करीम, मुमताज पुत्र रहीम, मोहम्मद पुत्र अशर्फीलाल और कौशांबी जिले के थाना कौशांबी क्षेत्र के मझियारी चक ऐलई निवासी इरफान पुत्र अदालती चाकू से एक गोवंश का वध करते मिले। पुलिस ने चारों लोगों को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक अखिलेश कुमार ने बताया कि इन लोगों के खिलाफ गोवंश अधिनियम और शस्त्र अधिनियम के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया है। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

बोलेरो पलटी, दो दरोगा घायल

फतेहपुर। मंगलवार देर रात तेज रफ्तार बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खंती में पलट गई। बोलेरो में सवार दो दरोगा घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर घायल दरोगा को बाहर निकाला। पुलिस उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया। बता दें कि चौकी प्रभारी खुद गाड़ी चला रहे थे। किशनपुर थाना क्षेत्र के विजयीपुर चौकी प्रभारी महेंद्र सिंह और एसआई अश्वनी सिंह किसी मामले की जांच के लिए पहाड़पुर बोलेरो से जा रहे थे। तभी पहाड़पुर गांव के पास सामने से वाहन को साइड देने के चक्कर में बोलेरो अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। दोनों दरोगा घायल हो गए। राहगीरों ने गाड़ी में फंसे दरोगा को देखकर थाना पुलिस को सूचना दी व दोनों दरोगा को बाहर निकाला। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों दरोगा को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। पहुंचे थाना प्रभारी जेपी शाही ने बताया कि देर रात बोलेरो पलटने से चौकी प्रभारी विजयीपुर महेंद्र सिंह और दरोगा अश्वनी सिंह घायल हुए हैं।

राशन दुकान में लगी आग, लाखों की क्षति

फतेहपुर। संदिग्ध हालात में एक परचून की दुकान में आग लग गई। आग से एक झोपड़ी भी जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने मशक्कत कर आग पर काबू पाया। पीड़ित दुकानदार ने अराजकतत्वों पर दुकान में आग लगाने का आरोप लगाया है। वहीं पुलिस ने इस मामले में कहा कि उनको कोई जानकारी नहीं है।ललौली थाना क्षेत्र के सिधांव गांव के रहने वाले श्रवण देर रात नौ बजे दुकान बंद कर घर चला गया था। कुछ देर बाद उसकी परचून की दुकान में आग लगने की जानकारी हुई तो मौके पर पहुंचा। जहां आग ने विकराल रूप धारण करते हुए दुकान के साथ बगल में बनी झोपड़ी को भी जला दिया। ग्रामीणों ने पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया। इसी बीच ग्रामीण के सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया, लेकिन जबतक दुकान का सब कुछ जलकर खाक हो गया। पीड़ित दुकानदार श्रवण ने आरोप लगाते हुए बताया कि गांव के कुछ अराजकतत्वों ने दुकान में आग लगाई है। आग लगने से दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया है। थाना प्रभारी तारकेश्वर राय ने बताया कि जांच की जा रही है।

दुकान में आग लगने से उठतीं लपटें। अमृत विचार

सीएनजी ऑटो में लगी आग

फतेहपुर। मंगलवार रात चलते ऑटो में अचानक आग लग गई। आग लगने के बाद चालक ने किसी तरह ऑटो से कूदकर जान बचाई। आग लगने के बाद सीएनजी गैस सिलेंडर फटने से ऑटो पूरी तरह से जल गया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया।घटना थरियांव थाना क्षेत्र के आंबापुर हाईवे की है। तेज रफ्तार ऑटो में रात करीब 12 बजे आग लग गई। जब तक चालक कुछ समझ पाता सीएनजी गैस सिलेंडर फटने से आग ने ऑटो को पूरी तरह जला दिया। सूचना पर पहुची फायर ब्रिगेड टीम ने आग पर काबू पाया। इस बीच दहशत के कारण ऑटो चालक भाग गया। कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर ऑटो में आग के कारण कुछ देर के लिए एक तरफ का ट्रैफिक बंद रहा, ऑटो में आग लगने के सूचना पर पहुंची पुलिस ने आग बुझने के बाद ऑटो को हाईवे से हटवाकर चौकी में खड़ा करा दिया। थाना प्रभारी प्रवीण सिंह ने बताया कि रात में हाईवे पर आरापुर गांव के पास सीएनजी गैस लीक होने से ऑटो जलकर राख हो गया है। ऑटो चालक भाग गया था। बताया जा रहा है कि ऑटो चालक सवारियां छोड़ने के बाद रात को घर जा रहा था।

हाईवे पर आंबापुर के पास जलता ऑटो।

ताकत बढ़ाने का झांसा देकर बेची जा रहीं नशे की गोलियां

संवाददाता फतेहपुर

- रैपर में पैक नशे की गोलियों को आयुर्वेदिक बताया जा रहा

अमृत विचार। नशे की गोलियों को टॉफी के रैपर में पैककर ताकत बढ़ाने वाली आयुर्वेदिक दवा बताकर बेचा जा रहा है। गांव से शहर तक पान की दुकानों से लेकर किराना की दुकानों पर बिक रही हैं। इस नशे के प्रति कार्रवाई कराना तो दूर जिला आयुर्वेद व यूनानी विभाग जागरुकता तक का प्रयास नहीं कर रहा है।

स्कूल-कॉलेज ही नहीं बल्कि अस्पतालों के आसपास की पान व किराना की कई दुकानें नशे की गोलियां बेच रही हैं। विभिन्न नाम से बिकने वाली यह गोलियां टॉफी जैसे दिखने वाले रैपर में पैक होती हैं। वैसे तो इन्हें आमतौर पर भांग की गोली मानकर नशेड़ी खरीदते हैं, लेकिन कई दुकानदार इसकी बिक्री बढ़ाने के लिए युवाओं से झूठ बोल रहे हैं कि इसे खाने से ताकत बढ़ जाती है। आयुर्वेदिक बताकर यह भी झांसा देते हैं कि इसको खाने से कोई नुकसान नहीं होता। कुछ दुकानदार इसे पेट का पाचन तंत्र दुरुस्त कर भूख बढ़ाने वाली आयुर्वेदिक वटी बताकर युवाओं को बरगला रहे हैं तो कुछ इसे अच्छी नींद लाने की दवा बताकर बेच ले रहे हैं। जबकि डॉक्टर इसे बहुत ही घातक बता रहे हैं। उधर जिला आयुर्वेद व यूनानी विभाग इस मामले पर न तो लोगों को जागरूक कर रहा है और न ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई करा रहा है।

याददाश्त निगल रही गोली

वरिष्ठ फिजीशियन डा. एनके सक्सेना का कहना है कि नशे की उक्त गोलियों से शरीर के कई अंग क्षतिग्रस्त तो होते ही हैं, लत अधिक बढ़ जाने पर याददाश्त तक विपरीत रूप से प्रभावित होने लगती है। समय रहते इस पर रोक न लगने पर शरीर इन गोलियों का आदती हो जाता है। बिना उसे खाए मरीज को बेचैनी होने लगती है।

सस्ते के चक्कर में फंस रहे लोग

मुनक्का के नाम से बेची जा रही नशे की गोलियों की कीमत मात्र दो या तीन रुपये है। इससे सस्ता कोई नशा नहीं है। इसलिए छात्र, युवा और मजदूर आदि तेजी से इसकी चपेट में आ रहे हैं। वहीं इसे बेचने वाले दुकानदार को लागत का दो गुना लाभ हो रहा है। सूत्रों की मानें तो 40 गोली का एक पैकेट 45 रुपये में दुकानदार को मिलता है। जबकि यह दो से तीन रुपये में एक पीस बिक रही है।

ढाई करोड़ की लागत से बनी टंकी लगे भूत बंगला

संवाददाता, औंग फतेहपुर

पानी की टंकी बनी भूत बंगला, रहते जहरीले कीड़े। अमृत विचार

- जलजीवन मिशन योजना चढ़ी भ्रष्टाचार की भेंट
- वित्तीय वर्ष 2017-18 में योजना के तहत हुआ था निर्माण

अमृत विचार। विकास खंड देवमई की ग्राम पंचायत गलाथा में गत वर्ष ढाई करोड़ की लागत से बनी पानी की टंकी के पास जाने के लिए कोई भी ग्रामीण हिम्मत नहीं जुटा पाता है। देखने में यह टंकी किसी भूत बंगला से कम नहीं है। जिसका गेट घास फूस से घिरा है और उस गेट में अक्सर जहरीले और खतरनाक जंगली जीव ग्रामीणों को दिख जाते हैं, लोग इसे भूत बंगला भी कहने लगे हैं।

अभिलेखों में टंकी निर्माण के स्टेटस के अनुसार वित्तीय वर्ष 2017-18 में जल जीवन मिशन योजना के तहत गलाथा गांव में 2 करोड़ 86 लाख 15 हजार रुपए की लागत की पानी की टंकी सेंशन हुई थी जो कंस्ट्रक्शन डिविजन जल निगम यूपी फतेहपुर द्वारा 24 अक्टूबर 2023 को बनाकर तैयार कर दी गई थी। जिसमें वाटर हेड टैंक के साथ पम्प ऑपरेटर के लिए आवास, कंट्रोल रूम तथा बाउंड्री वॉल का भी निर्माण हुआ था। करीब आधा गांव को पेयजल आपूर्ति शुरू है।

विद्युत व सौर ऊर्जा से चलित है टंकी : हर घर नल और हर घर जल योजना की इस टंकी में बिजली के साथ सौर उर्जा से भी चलने की व्यवस्था है, लेकिन अभी तक इसमें विद्युत ट्रांसफार्मर नहीं रखा गया है। न ही बिजली के खंभे लगाए गए हैं, सिर्फ सौर ऊर्जा से यह टंकी का नलकूप सूर्योदय होने पर अपने आप चल जाता है। सूर्यास्त होने पर बंद हो जाता है। अगर बिजली की व्यवस्था हो जाएग तो इसका लाभ भी मिलने लगे, मगर अफसर इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार टंकी दूर से चटकी हुई नजर आती है, गत वर्ष दो सौर पैनल की चोरी भी हुई थी जिसकी रिपोर्ट जलनिगम ने कहीं भी दर्ज नहीं कराई है।

करोड़ों खर्च, फिर भी संकट

योजना के अनुसार इस गांव की कुल आबादी 2207 है। जिसमें दलित 194 व सामान्य 2013 दर्ज हैं। इस टंकी को सौ फीसदी कंप्लीट दर्शा दिया गया है। इस योजना के खर्च के ब्योरे में वर्ष 2018-19 में 65 लाख 30 हजार, वर्ष 2019-20 में एक करोड़ 86 लाख 38 हजार तथा वर्ष 2020-21 में 15 लाख 46 हजार रुपए कुल दो करोड़ 67 लाख 14 हजार रुपए खर्च दिखाए गए हैं जो कि आंकलन के हिसाब से कहीं ज्यादा खर्च दिखाने के अनुमान लगाए जा रहे हैं।

356 घरों को कनेक्शन, पाइप लाइन जर्जर

अभिलेखों के अनुसार गलाथा में कुल 356 घरों में नल की टोंटी लगाकर पेयजल आपूर्ति का उल्लेख मिल रहा है। स्थलीय सत्यापन में ग्रामीणों ने बताया कि पूरे गांव में डाली गई। मगर पाइप लाइन इतनी घटिया है कि अभी से जगह-जगह लीकेज हैं। सप्लाई की बात करें तो करीब आधे घरों में अभी तक पीने का पानी नहीं पहुंचा है। जिसका मुख्य कारण है कि टंकी बिजली से नहीं चल रही है, जबकि सौर ऊर्जा से पानी सप्लाई में प्रेशर न बनने के कारण पानी नहीं पहुंच पाता है।

> अभी तक टंकी ग्राम पंचायत को हैंडओवर नहीं है, जो काम रह गए हैं, उनके लिए पत्रचार जारी है।
>
> -उज्ज्वल कुमार, अवर अभियंता, जलनिगम देवमई

बोले ग्रामीण

कार्यदाई संस्था द्वारा घटिया पाइप लाइन बिछाई गई है। जिससे घरों में न पहुंचकर रास्ते में पानी ज्यादा दिखाई दे रहा है। पूरी तरह से योजना भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है।

-भोला सिंह परिहार, गलाथा

यहां पर बड़े-बड़े जहरीले जीव जंतु पाए जाते हैं। जिससे कोई भी व्यक्ति यहां पर नहीं पहुंच पाता है। आधे गांव में पानी नहीं पहुंच रहा है।

-आशीष निषाद, गलाथा

सखी | यूपी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को दिया जा रहा अंतिम रूप

प्रयागराज से बोर्ड परीक्षा केंद्रों पर रहेगी नजर

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

प्रशिक्षण को लेकर बैठक करते डीआईओएस। अमृत विचार

- मुख्यालय में कंट्रोल रूम बनकर तैयार, जोड़े जा रहे सारे केंद्र

अमृत विचार। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। इससे पहले दो फरवरी से प्रयोगात्मक परीक्षाएं होंगी। परीक्षा केंद्रों की सीधे प्रयागराज से निगरानी की जाएगी। इसके लिए पहले ही परीक्षा केंद्रों में लगे कैमरों और डीवीआर की जानकारी ली जा चुकी है। जिले में जिन परीक्षा केंद्रों पर कैमरे लगे हैं किस कैमरे की कौन सी डीबीआर है, अब माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इसकी अलग जानकारी मांगी है। परीक्षा केंद्रों के स्ट्रांग रूम के कैमरे की डीवीआर की अलग से जानकारी मांगी गई है।

माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव ने स्ट्रांग रूम के कैमरे की डीबीआर की पूरी सूचना उपलब्ध कराने को कहा है। पिछले वर्ष की तरह ही इस बार भी प्रयोगात्मक परीक्षा कैमरे की निगरानी में होंगी और बोर्ड परीक्षाओं पर इस बार भी प्रयागराज से सीधी नजर रखी जाएगी। जिला स्तर पर भी कंट्रोल रूम तैयार करा दिया गया है। इसमें करीब एक दर्जन कंप्यूटर लगाए गए हैं। राजकीय इंटर कालेज में बने स्ट्रॉग रूम से 115 परीक्षा केंद्रों पर पैनी नजर रखी जाएगी। जिला विद्यालय निरीक्षक शिवपूजन द्विवेदी ने बताया परीक्षा केंद्रों पर प्रयागराज से भी सीधी नजर होगी। जीआईसी में परीक्षा कंट्रोल रूम बना दिया गया है। जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखी जाएगी।

केंद्र व्यवस्थापकों का प्रशिक्षण आज

यूपी बोर्ड की परीक्षा को किस प्रकार से कराना है और क्या क्या सावधानी बरतनी है, इसके लिए राजकीय इंटर कालेज में आज यानि एक फरवरी से केंद्र व्यवस्थापकों और वाहय केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जहां प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा केंद्र व्यवस्थापकों एवं वाहय केंद्र व्यवस्थापकों को प्रशिक्षण देकर परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए दक्ष करेंगे।

195 केन्द्रों में होंगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

लिखित परीक्षा के पूर्व यूपी बोर्ड प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पन्न कराता है। जिले को द्वितीय चरण में रखा गया है। डीआईओएस ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षाओं के लिए जिले में 195 केन्द्र बनाए गए हैं। जहां प्रयोगिक परीक्षाएं कराई जाएंगी। परीक्षाएं एक फरवरी से 9 फरवरी के बीच सम्पन्न कराई जाएंगी। सभी केन्द्रों में सीसीटीवी की निगरानी में प्रयोगात्मक परीक्षाएं सम्पन्न कराई जाएंगी।

प्रधानमंत्री से मुलाकात के लिए युवक पैदल दिल्ली हुआ रवाना

संवाददाता फतेहपुर

औंग पुलिस की देखरेख में प्रतीक ने फतेहपुर सीमा की पार। अमृत विचार

अमृत विचार। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने पैदल दिल्ली जा रहे युवक ने बुधवार को जिले की सीमा में प्रवेश किया। उसके आने की सूचना पर एसपी के निर्देश पर पुलिस ने उसे सुरक्षा व्यवस्था के बीच जिले की सीमा से पार कराया। युवक के अनुसार वह 12 फरवरी को दिल्ली पहुंचेगा। बीएड तक की शिक्षा ग्रहण की है, प्रयागराज के रहने वाले हैं। बस प्रधानमंत्री से मिलने की लालसा है।

50 घंटे में 200 किलोमीटर पैदल का सफर कर प्रतीक कुमार भारतीय औंग थाना क्षेत्र की सीमा में बुधवार को पहुंचा। युवक का स्वागत करते हुए पुलिस ने युवक को जिले के सीमा छिवली नदी बॉर्डर तक छोड़ा। युवक प्रतीक कुमार भारतीय ने बताया कि वह प्रधानमंत्री मोदी से मिलने की उमंग लिए दिल्ली के लिए जा रहा है। प्रयागराज जनपद के कौंधियारा थाना के कुंकडी गांव के प्रतीक कुमार भारतीय पासी बिरादरी से ताल्लुक रखते हैं। बीए, बीएड की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं। गले में मोदी की तस्वीर,भगवा गमछा, पीठ पर बैग लादे पैदल दिल्ली रवाना हो गए हैं।

प्रतीक कुमार ने बताया मोदी से मिलने की दिली ख्वाहिश है। आज कानपुर नगर में विश्राम करेंगे। 12 फरवरी तक दिल्ली पहुंचकर मोदी से मिलने की बात दोहराई है। प्रतीक कुमार ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री से बहुत प्रभावित हूं, क्योंकि जो काम पहले कि सरकारों ने नहीं किया। वह काम प्रधानमंत्री ने कर दिखाया। वह प्रधानमंत्री के देन है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना

यह कि मेरे पुत्र ओमजी व विदुर व पुत्र वधु आरती व सोनम का चाल चलन सही न होने कारण पुत्र व पुत्रबहुओं को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया। उनके कार्यो की वह लोग स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **रामबाबू पुत्र सूरजप्रसाद निवासी दौलीखाती तिर्वा, कोतवाली तिर्वा, जनपद कन्नौज।**

सूचना

मेरे पुत्र रुद्र प्रताप सिंह की त्रुटिवश सरकारी दस्तावेजों में जन्म तिथि 19-11-2018 दर्ज हो गयी जबकि असली जन्म तिथि 16-11-2017 है। इसी तरह दूसरे बेटे दर्श प्रताप सिंह की जन्म तिथि त्रुटिवश 15-10-2021 दर्ज हो गयी जबकि असली जन्म तिथि 15-10-2020 है। सभी दस्तावेजो में मेरे दोनो पुत्रो की असली जन्म तिथि क्रमशः रुद्र प्रताप सिंह की 16-11-2017 व दर्श प्रताप सिंह की 15-10-2020 मानी व पढ़ी जाए। **गुंजन सिंह पत्नी प्रतीक चन्द्र भान सिंह निवासी लखनऊ बाईपास नियर बाई उदय प्रताप सिंह डिग्री कालेज फतेहपुर 212601 मो0 : 9260987784**

बदला मौसम का मिजाज, बच्चे-बुजुर्ग बीमार

जिला अस्पताल में उमड़ रही मरीजों की भीड़, 1050 रोगियों ने बनवाया पर्चा, 123 ने कराई खून की जांच

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। दो दिन से अचानक मौसम ने पलटी मारी है। दोपहर में धूप निकलने से तापमान बढ़ जाता है, जबकि रात में पारा लुढ़कर आठ डिग्री तक पहुंच रहा है। दिन और रात के तापमान में लगभग दस डिग्री का परिवर्तन लोगों को तेजी से बीमार कर रहा है। इसकी चपेट में बच्चे और बुजुर्ग ज्यादा हैं। बुधवार को जिला अस्पताल की ओपीडी, पर्चा काउंटर और डायग्नोस्टिक विंग समेत निजी अस्पतालों में में मरीजों की भीड़ उमड़ रही है। ओपीडी में मरीज अपनी बारी का इंतजार करते रहते हैं।

जिला अस्पताल में बुधवार को मौसमी बीमारियों के मरीजों की भीड़ रही। इनमें अधिकतर बुजुर्ग व बच्चे शामिल थे। सर्दी, जुकाम, बुखार व पेट दर्द समेत अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित 1050 मरीज जिला अस्पताल पहुंचे। मरीजों की भीड़ का मुख्य कारण मौसम में आ रहा बदलाव रहा। सुबह से ही लोग पर्चा काउंटर पर पर्चा बनवाने के भीड़ जमा रही। इस दौरान कई बार लोगों के बीच धक्का मुक्की भी हुई। अस्पताल कर्मियों ने लोगों को समझाया तब जाकर पर्चा बनने का काम शुरू हो सका। डाक्टरों ने बताया कि मौसम के बदलाव से लोग कपड़े पहनने में लापरवाही बरतते हैं। इस मौसम में मामूली लापरवाही लोगों को बीमार कर रही है। आज ओपीडी में आने वाले अधिकतर मरीज जुकाम, बुखार पीड़ित रहे। उन्हें दवा देकर सर्दी से बचाव की सलाह दी गई है। वहीं लंबे समय से बुखार और खांसी से ग्रसित मरीजों को खून की जांच और एक्सरे के लिए भेजा गया है।

पर्चा काउंटर पर लगी मरीजों की भीड़। अमृत विचार

बोले जिम्मेदार

इस मौसम में सबसे अधिक बच्चे प्रभावित होते हैं। दिन में बच्चे गर्मी होने पर ऊनी कपड़े निकाल देते हैं। रात के समय सर्दी की चपेट में आकर इन्हें खांसी, जुकाम, बुखार, निमोनिया समेत अन्य बीमारियां हो जाती हैं। ऐसे में परिजनों को बच्चों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। उन्हें गर्म उनी कपड़े पहनाकर ही बाहर भेजें।

–डा. मूलचन्द्रा, बाल रोग विशेषज्ञ

जिला अस्पताल में बढ़े काउंटर

सीएमएस डा. पीके सिंह ने बताया कि इस समय मौसमी बीमारियों से ग्रसित मरीजों की संख्या बढ़ी है। डायग्नोस्टिक विंग में मरीजों की सहूलियत के लिए दो सैंपलिंग काउंटर लगवाए गए हैं।

डायग्नोस्टिक विंग में भीड़

जिला अस्पताल के डायग्नोस्टिक विंग में भी बुधवार को भीड़ रही। लंबे समय से खांसी, जुकाम और बुखार से ग्रसित मरीजों को डाक्टरों ने खून की जांच कराने की सलाह दी। इस पर मरीज डायग्नोस्टिक विंग पहुंचे और यहां भी भीड़ जमा हो गई। बुधवार को 123 लोग खून की जांच के लिए पहुंचे। यहां भीड़ होने से लोग घंटो लाइन में लगकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।

मुसाफा गांव की सड़क पर उड़ती धूल

संवाददाता, बकेवर फतेहपुर

अमृत विचार। विकास खंड देवमई क्षेत्र के मुसाफा गांव की सकूरा-पसियापुर सड़क इस समय बदहाल है। सड़क से उठते धूल के गुबार से लोग बीमार होने को मजबूर हैं। बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग गंभीर नहीं दिख रहा है।

कुछ माह पहले लोक निर्माण विभाग ने ग्रामीणों की शिकायत पर जलभराव से निजात के लिए महज तीन मीटर चौड़ी व 350 मीटर लंबी सड़क का निर्माण कराया है। सड़क चौड़ी न होने के कारण आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। जिसपर विभाग ने सड़क के आसपास मिट्टी भरवाने का ठेकेदार को आदेश दिया। ठेकेदार ने तालाब की मिट्टी को सड़क में फैला दी। कुछ दिन तक इसको भी ग्रामीणों ने बर्दाश्त किया। उसके बाद ठेकेदार ने मजदूरों से आसपास की मिट्टी को बराबर कराया, लेकिन फैली हुई मिट्टी को सीसी सड़क से पूरी तरह नहीं हटाई, जिस पर वाहनों के निकलने पर धूल का गुबार उठ रहा है। महिलाओं, वृद्ध जनों, स्कूली बच्चों आदि को मजबूरन धूल फांकना पड़ रहा है। ग्रामीणों में समस्याओं को लेकर भारी रोष उत्पन्न है। पूर्व में सड़क चौड़ीकरण के लिये मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल व जहानाबाद विधायक राजेन्द्र सिंह पटेल, सांसद निरंजन ज्योति, जिलाधकारी, उपजिलाधिकारी बिंदकी, लोकनिर्माण विभाग सहित संबंधित अधिकारियों से मामले से अवगत कराया था। बावजूद इसके अभी तक कोई सुनवाई नहीं है।

सड़क में कुछ इस तरह से फैली है मिट्टी। अमृत विचार

मिट्टी से नाला भी हुआ चोक

सड़क के आसपास डाली गई मिट्टी ने बगल के नाले को चोक कर दिया है। जिससे नाले का गंदा पानी नहीं निकल पा रहा है। नाले को कुछ माह पहले प्रधान द्वारा जेसीबी से साफ कराया गया। जेसीबी ने नाले में पटी हुई पटियों को भी बेकार कर दिया था। जिससे नाला अब पूरा खुल चुका है। नाले के खुले रहने से हादसे का खतरा बना हुआ है। लोगों की मांग है कि इस नाले को पटियों से बन्द कराया जाय।

राजस्व वसूली में शिथिलता बर्दाश्त नहीं : डीएम

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- डीएम ने कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा की
- नायब तहसीलदारों को राजस्व वसूली का लक्ष्य देने के निर्देश

अमृत विचार। कर करेत्तर एवं राजस्व वसूली की बैठक में डीएम सी. इंदुमती ने कड़े तेवर दिखाए। उन्होंने अफसरों से स्पष्ट किया कि राजस्व वसूली में किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कलक्ट्रेट के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी सी.इंदुमती की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि शासन से निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष राजस्व की वसूली की जाए। इस कार्य में शिथिलता व लपरवाही न बरती जाए। आरसी का मिलान करके तहसीलदार, नायब तहसीलदार अपने तहसील क्षेत्र के अधिकारियों से सहयोग करके राजस्व वसूली कराएं। इसके लिए नायब तहसीलदारों को राजस्व वसूली के लिए लक्ष्य आवंटित कर दें। जिससे नायब तहसीलदार अपने अधीन अमीनों को वसूली का लक्ष्य दे दें और समीक्षा लगातार करते रहें। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि अपने तहसील क्षेत्र के ईंट भट्टों के संचालकों का जो पंजीकरण शेष रह गया है, पंजीकरण कराते हुए पंजीकरण शुल्क, रॉयल्टी शुल्क वसूल करें। वाणिज्य कर, खनन विभाग, संभागीय परिवहन विभाग आदि प्रवर्तन का कार्य संजीदगी से करें। उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि डिजिटल क्रॉप के सर्वे में तेजी लाएं। इसके लिए नायब तहसीलदारों को लक्ष्य निर्धारित करते हुए डिजिटल क्रॉप की समीक्षा प्रतिदिन करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना, अपर जिलाधिकारी अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक धीरेन्द्र प्रताप, उप जिलाधिकारी सदर प्रभाकर त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी खागा नन्द प्रकाश मौर्य, उप जिलाधिकारी बिंदकी अनिल यादव मौजूद रहे।

बैठक में अधिकारियों को दिशा निर्देश देती डीएम। अमृत विचार

मतदान के लिए करें जागरुक

स्वीप कार्यक्रम के तहत लोकसभा सामान्य निर्वाचन में शत प्रतिशत मतदान कराने के लिए डीएम ने अफसरों को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतो में बूथवार मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए संकल्प दिलाते हुए हस्ताक्षर लिया जाए। विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पोस्टर, बैनर प्रतियोगिता कराएं, पोस्टर में छात्र अपने परिजनों के नाम अंकित करें जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं और संबंध पोस्टर पर अंकित करें। उपजिलाधिकारी अपने तहसील क्षेत्र के स्कूलों में पोस्टर प्रतियोगिता जमा कर जिले स्तर पर एक प्रदर्शनी आयोजित की जाए। प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय विजेता को पुरस्कृत किया जाय। तहसील क्षेत्र के 100 वर्ष से अधिक की आयु पूर्ण कर चुके है, उनके घर जाकर सम्मानित करें।

धूप से मिली राहत, सुबह और शाम सर्दी बरकरार

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। जनवरी माह की भीषण सर्दी के बाद अब मौसम ने अपने मिजाज में बदलाव लाना शुरु कर दिया है। जिससे लोगों को कम से कम दिन के वक्त राहत मिलनी शुरु हो गई है। अधिकतम के साथ न्यूनतम तापमान में इजाफा हो रहा है। वहीं सुबह और शाम की सर्दी अभी भी बरकरार है।

दिसम्बर से जनवरी भर सर्दी ने इस बार लोगों की कड़ी परीक्षा ली है। जिससे लोगों की मुश्किलें काफी बढ़ीं। वहीं 29 जनवरी से मौसम में बदलाव आना शुरु हुआ है। सुबह और शाम के वक्त सर्दी बदस्तूर जारी है पर दिन में नीले आसमान की धूप लोगों तक पहुंचना शुरु हो गई है। पिछले कई दिनों से धूप मिलने से लोगों को राहत मिली है। दोपहर में लोगों ने धूप की तेजी को देखते हुए मफलर, गर्म कैप व शॉल उतार दी। वहीं शाम होते ही लोगों को गर्म कपड़ों की फिर याद आई। बुधवार को धूप में तेजी दिखी, लोगों को गर्मी का एहसास हुआ।

लगातार बढ़ रहा तापमान

बुधवार को अधिकतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं एक दिन पूर्व मंगलवार को अधिकतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस ही दर्ज किया गया था।

मौसम विभाग का अलर्ट

कई दिनों से धूप से राहत महसूस कर रहे लोगों को मौसम फिर परेशान कर सकता है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है कि अगले एक-दो दिनों में आसमान में बादल छाए रहेंगे। जिससे बारिश होने की भी संभावनाएं हैं। यदि बारिश होती है तो एक बार फिर सर्दी में इजाफा हो सकता है।

सार-संक्षेप

जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल। अमृत विचार

जरूरतमंदों को वितरित किए कंबल

फतेहपुर। सर्वसमाज सेवा संस्थान शीतला धाम रमवां में सैकड़ों जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया गया। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष गोविन्द शास्त्री ने कहा कि आश्रम केवल साधू संतों के निवास स्थान नहीं बल्कि समाज को सुव्यवस्थित करने के लिए दिगदर्शक होते हैं। जनकल्याण के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के संयोजक भी होते हैं। इस कार्यक्रम के संयोजक स्वामी गुलाब सिंह एवं संतोष कुमार मिश्र ने कंबल दानदाता राहुल अग्निहोत्री सपरिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

ब्लाक प्रमुख ने बांटे कंबल

खागा फतेहपुर। धाता ब्लाक प्रमुख प्रदीपिका सिंह के पति राज नारायण ने क्षेत्र की गरीब, असहायों को ठंड से बचने के लिए राहत प्रदान की है। उन्होंने गांव-गांव जाकर लोगों का चयन कर समाजसेवा में भी अपनी भूमिका निभाई है। बुधवार को भी लोगों के बीच पहुंचकर कंबल बांटे। धाता ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि राज नारायण उर्फ राजू सिंह ने विभिन्न गांवों में लोगों को चिह्नित कर कंबल दिया है। उन्होंने बताया कि विभिन्न गांवों में अब तक 7000 लोगों को कंबल देकर राहत प्रदान की गई है। असहायों की मदद करना हम सभी का कर्तब्य है। यह कार्य आगे भी जारी रहेगा। कोट व मकसूदन गांव में लगभग 200 से ज्यादा कंबल बांटे गए। वितरण के दौरान बीडीसी राशिद खान, इम्तियाज अहमद, बाबू अढ़ाईया, सत्यम सिंह, लल्लन सिंह, सोनू सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

बारात लेकर भागा दूल्हा, पुलिस ने मनाकर कराई शादी

बिंदकी। कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के फरीदपुर मोड़ स्थित एक मैरिज हाल में ढकौली थाना राधानगर से बारात आई थी। रात में अगवानी के समय जब बाराज शहबाजपुर गांव के पास पहुंची तो अगवानी के समय गांव के कुछ लोग डांस करने लगे। जिससे दोनों पक्षो में विवाद हो जाने से नाराज दूल्हा रंजीत पासवान परिजनों समेत फरार हो गया। मामले की जानकारी दुल्हन पक्ष को लगी तो इसकी जानकारी जोनिहा पुलिस चौकी को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी आलोक कुमार तिवारी मय हमराहियों के पहुंचे। इस दौरान रो रही दुल्हन प्रीति व उसके पिता राजबहादुर निवासी दुगरेई कोतवाली बिंदकी को शादी कराने का भरोसा दिलाया। पुलिस रात में ही दूल्हे के गांव ढ़कौली पहुंचे और दूल्हे व दूल्हे पक्ष के लोगों को समझा कर शादी के लिए राजी कर लिया। पुलिस उन्हें मैरिज हाल लेकर पहुंची। चौकी प्रभारी ने अपनी मौजूदगी में शादी सम्पन्न कराई। वही अगवानी के दौरान उपद्रव करने वाले अराजक तत्वों को सीसीटीवी कैमरा में देखकर चिन्हित करने का प्रयास पुलिस कर रही है।

सड़क हादसे में ठेकेदार की मौत

फतेहपुर। कोतवाली क्षेत्र के आधारपुर गांव के पास हाइवे पर मंगलवार की देर रात दो कारों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में फतेहपुर से खागा आ रहे गुजरात प्रांत निवासी कार सवार ठेकेदार किशोर भाई की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। गुजराज के सावर कुंडला के रहने वाले किशोर भाई पुत्र देवजी भाई किशनपुर थाने के सिलमी गढ़वा गांव में हर घर जल योजना के तहत पाइप लाइन डलवाने की ठेकेदारी करते थे। रोज की तरह वह अपने साथी लवकरन निवासी बाना जनपद मेरठ की कार लेकर खागा आ रहे थे। तभी आधारपुर गांव पास गलत दिशा में सामने से आ रही है। तेज रफ्तार कार ने ठेकेदार की कार में सीधी टक्कर मार दी। ठेकेदार गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि दूसरा कार सवार मौके से कार छोड़कर फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल ठेकेदार को पुलिस ने सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने परिजनों को जानकारी दी। ठेकेदार के चचेरे भाई अशोक ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म, रिपोर्ट हुई दर्ज

संवाददाता जहानाबाद

- जहानाबाद क्षेत्र में की घटना, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट, आरोपियों की तलाश

अमृत विचार। रिश्तेदार के घर से पहचान के दो युवकों के साथ बाइक पर बैठकर लौट रही एक किशोरी के साथ दोनों युवकों ने रास्ते में दुष्कर्म किया। मामले की जानकारी परिजनों होने पर थाने पहुंचकर दोनों युवकों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

चांदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि भगौनापुर निवासी शमी व देवीशंकर उर्फ गुड्डू ने उसकी नाबालिग बेटी के साथ जबरन दुष्कर्म किया। बताया कि बेटी कानपुर के एक गांव में अपनी बड़ी बहन के घर 26 जनवरी को गई थी। मंगलवार को दोनों युवक उस गांव पहुंचे जहां से पहचान होने के चलते बेटी उनकी बाइक में बैठकर गांव के लिए निकली थी। बताया कि जैसे ही जहानाबाद के लहुरीसरांय स्थित नवनिर्मित आईटीआई कालेज से कुछ दूरी पर स्थित पुलिया के पास खेत में ले जाकर बेटी के साथ दुष्कर्म किया। घर पहुंचकर बेटी ने इसकी जानकारी परिजनों को दी। थानाध्यक्ष अनिरुद्ध कुमार द्विवेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। महिला निरीक्षक द्वारा बयान दर्ज किया गया है और फॉरेंसिक टीम घटनास्थल पहुंचकर साक्ष्य एकत्रित किए। गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

पत्नी के बाद अब पति ने तोड़ा दम

खागा। खखरेरु कोट मार्ग के शिवपुरी गांव के पास सप्ताह भर पूर्व बाइक सवार दंपति नीलगाय से टकरा गए थे। हादसे में मौके पर पत्नी की मौत हो गई थी। पति को जिला अस्पताल से गंभीर हालत में कानपुर रेफर कर दिया था। जहां उपचार दौरान उसकी सांसें थम गईं।

किशनपुर थाना क्षेत्र के गाजीपुर निवासी रामदत्त विश्वकर्मा 24 जनवरी को पत्नी रूपरानी को लेकर बाइक से सास के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए धाता थाना क्षेत्र के घोषी गांव जा रहे थे। खखरेरु कोट मार्ग पर अचानक सामने से आई नीलगाय से बाइक सवार टकरा गए थे। हादसे में पत्नी रूपरानी की मौके पर मौत हो गई थी। वहीं पति रामदत्त गंभीर रूप से घायल हो गया था। कानपुर में बुधवार इलाज दौरान उसकी भी मौत हो गई।

बाजार हो या खेत, गोवंश खाते डंडा

संवाददाता, धाता फतेहपुर

- अन्ना गोवंशों से नहीं मिल रही लोगों को निजात
- बाजारों में विचरण कर रहे गोवंश बनते खतरा

अमृत विचार। नगर पंचायत धाता में हर गली चौराहों पर बेसहारा गोवंश आपको टहलते हुए मिल जाएंगे। सरकार द्वारा गोवंशो के लिए विशेष ध्यान दिया जाता है, गोवंशों के रखरखाव के लिए भारी भरकम बजट भी पेश किया जाता है। लेकिन स्थानीय स्तर के अधिकारियों व कर्मचारियों की उदासीनता व लापरवाही की वजह से बेसहारा गोवंशो का बुरा हाल है। नगर पंचायत में गोशाला होने के बावजूद खेत खलिहान हो या गली बाजार हर जगह बेसहारा गोवंश विचरण करते हुए मिल जाएंगे।

सड़कों में टहलते हुए गोवंशो की वजह से दुर्घटना होना एक आम बात हो गयी है। कभी-कभी गोवंशो को बचाने के चक्कर में लोगों को जान तक गवांनी पड़ जाती है। लेकिन जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से भागते हुए नज़र आते हैं। वहीं दूसरी ओर मेहनत से तैयार हुई किसानों की फसल को भी अन्ना मवेशी उजाड़ रहे हैं। प्रशासन कागजों पर गोवंश पकड़ कर गोशाला में बंद करने का दावा कर रहा है। लेकिन वास्तविकता कुछ और ही है। किसानों को रात-रात भर फसल को बचाने के लिए जागना पड़ रहा है। फिर भी अन्ना गोवंश से फसल बचाना मुश्किल हो रहा है।

बाजारों में विचरण करते गोवंश। अमृत विचार

आस जगी | जिले में और बढ़े रेल की सुविधा, लगे रोजगार परख उद्योग, अंतरिम बजट को लेकर लोगों ने दीं अपनी राय

केंद्र सरकार के अंतरिम बजट से लोगों को बड़ी उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

अमृत विचार। केंद्र सरकार के अंतरिम बजट से इस बार दोआबा के लोगों को बड़ी उम्मीदें हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के क्षेत्र में केंद्रीय बजट से जिले को क्या मिलेगा, ये तो बजट पेश होने के बाद पता चलेगा लेकिन जनपद के लोगों ने ढ़ांचागत विकास और रोजगार के अवसरों के दृष्टिगत बजट से बड़ी उम्मीदें लगा रखी हैं। रेल सेवाओं के विस्तार के अलावा उद्योगों की स्थापना के लिए भी जिले को बड़ी उम्मीदें हैं।

करीब चार दशक पहले बिंदकी में स्थापित आधा सैकड़ा राईस मिले कृषि विकास का बड़ा जरिया थीं। इन राइस मिलों से औद्योगिक वातावरण बना हुआ था। रोजगार के अवसर भी पैदा हो रहे थे। मिलों में धान को ब्यालकर सेला चावल तैयार किया जाता था। जिसे दिल्ली, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु आदि की मंड़ियों में बिक्री के लिए भेजा जाता था। खास बात तो यह है कि प्रदेश में चावल का भाव कभी बिंदकी की मंडी से खुलता था। लेकिन बिजली की नजर लगने से धीरे-धीरे उद्योग चैपट हो गए और अनेक मिल मालिक कंगाल हो गए।

जनपद के धान किसानों को स्थानीय स्तर पर ही अपने उत्पाद को बेचने और आर्थिक उन्नति करने का मौका मिल रहा था लेकिन सरकारी उपेक्षा के चलते राइस मिलों की रफ्तार दम तोड़ती गई। राइस मिलर्स एवं प्रमुख व्यवसाई गोविंद बाबू टाटा का कहना है कि सरकार चावल कारोबार के पुराने दिन लौटा दें तो यहां के किसानों और युवाओं के सपने पूरे हो सकते हैं। स्थानीय कृषि को कृषि कारोबार से जोड़ा जाए।

–गोविंद बाबू टाटा, राईस मिलर्स एवं प्रमुख व्यवसाई

बिंदकी रेलवे स्टेशन में एक-दो पैसंजर ट्रेनें रुकती हैं, जबकि इस समय यहां 7 से 8 ट्रेनें पैसेंजर और एक्सप्रेस की बेहद जरूरत है। यहां ट्रेनें न रुकने से हम लोगों को ट्रेन पकड़ने के लिये 50 किलोमीटर दूर मजबूरी में कानपुर जाना पड़ता है। रेलवे स्टेशन का सुंदरीकरण करा कर कम से कम 7 से 8 ट्रेनों को रोकना चाहिये जिससे क्षेत्र की व्यापारिक गतिविधियों में विकास हो सके।

–शिव प्रकाश गोस्वामी, व्यापारी

बिंदकी रोड रेलवे स्टेशन पर गाड़ियों के ठहराव की मांग लंबे समय से की जा रही है लेकिन ये मांग सरकार तक नहीं पहुंच पा रही है। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं जिले की सांसद साध्वी निरंजन ज्योति का रेलवे क्षेत्र के लिए किया गया प्रयास सार्थक रहा लेकिन आपेक्षित नहीं रहा। बिंदकी रोड-बांदा को रेलवे लाइन जोड़ा जाना चाहिए।

–नरेंद्र प्रसाद मिश्रा-पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष बिंदकी

बिंदकी रोड-चौडगरा बहुत पुराना रेलवे स्टेशन है लेकिन यहां बड़ी ट्रेनें न रुकने से क्षेत्रवासियों को इलाहाबाद, कानपुर, लखनऊ आने-जाने में परेशानियां उठानी पड़ती हैं। पैसेंजर ट्रेनों को यहां रोकने के लिए बहुत बार आश्वासन दिए गए, लेकिन गाड़ियां नहीं रुकती हैं। अब यदि ट्रेनों का ठहराव होने लगे तो व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएंगी।

– पुरूषोत्तम गुप्ता

कानपुर-प्रयागराज नेशनल हाइवे पर जिला स्थित है। जिससे औद्योगिक क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। मलवां व औंग क्षेत्र में इकाई स्थापित हुईं, सुविधाओं के आभाव में दम तोड़ने लगीं। जिससे रोजगार के अवसरों में भी कमी आई है। औद्योगिक को बढ़ावा देकर विकास का सपना सरकार पूरा कर सकती है।

–राजेंद्र प्रसाद मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता

बिंदकी रोड-चौडगरा स्टेशन में पैसेंजर ट्रेन के नाम पर एक-दो ट्रेनें ही रूकती आ रही हैं, जो पर्याप्त नहीं हैं। जबकि एक्सप्रेस ट्रेनों का भी ठहराव दिया जाना चाहिए। जिससे क्षेत्र की लगभग 6.7 लाख की आबादी ट्रेन से आवागमन का लाभ ले सकेगी। साथ ही रेलवे के राजस्व में भी बढ़ोत्तरी होगी।

–हयातउल्ला नजमी, समाजसेवी

स्वभाव होगा सरल तभी मिलेंगे प्रभु

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- केवट संवाद की मार्मिक कथा सुन भावविभोर हुए भक्त
- संवेदना सेवा न्यास द्वारा आयोजित हो रही श्रीराम कथा

अमृत विचार। श्रीराम कथा महोत्सव में आचार्य शांतनु जी महाराज ने केवट संवाद का मार्मिक प्रसंग सुनाया। श्रीरामचरित मानस में भगवान श्रीराम के वनवास के समय का एक बेहद मार्मिक प्रसंग है। तुलसीदास द्वारा लिखित मानस का ये प्रसंग केवट की भक्ति और श्रीराम की करुणा को बताता है।

आचार्य ने कहा कि केवट अपने तर्कों से प्रभु को भी निरुत्तर कर देते हैं तथा भक्त वत्सल श्रीराम उन पर अनन्य कृपा बरसाते हैं। केवट ने श्रीराम से कहा कि जिसके छूते ही पत्थर की शिला सुन्दरी हो गई। काठ पत्थर से कठोर तो कुछ होता नहीं। मेरी नाव भी मुनि की स्त्री हो जाएगी और इस प्रकार मेरी नाव उड़ जाएगी, मैं लुट जाऊंगा। इस पर श्रीराम बोले तुम वही करो जिससे नाव न जाए। जिनका नाम एक बार स्मरण करने से मनुष्य अपार भवसागर से पार उतर जाते हैं आज वहीं प्रभु केवट का निहोरा कर रहे हैं। केवट प्रसंग को सुनाते हुए महाराज ने कहा यदि परमात्मा से मिलन करना हो तो एकदम सरल और भोले हो जाइए। राम कथा में प्रमुख यजमान राकेश श्रीवास्तव के साथ महेन्द्र गुप्ता, कविता रस्तोगी, विष्णु रस्तोगी, दीपिका सिंह यजमान के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ धुन्नी, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष ज्योति प्रवीण, नगर पंचायत किशनपुर अध्यक्ष सुरेंद्र सोनकर, ओएसडी समाज कल्याण अभिषेक परिहार, ओएसडी पार्थ जादौन, नमामि गंगे संयोजक शैलेंद्र शरन सिंपल, हिमांशु श्रीवास्तव, विनोद सिंह, वंदना त्रिवेदी आदि रहीं।

रामकथा में आरती के समय जुटी महिलाएं। अमृत विचार

एंटी साइक्लोन हुआ प्रभावी बारिश की संभावना बढ़ी

मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट, दो से पांच फरवरी के बीच हल्की-मध्यम वर्षा

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। मौसम के मिजाज में फिर से बदलाव आने लगा है। हिमालय पर एंटी साइक्लोन के प्रभावी होने से जहां ठंड में नरमी आई तो बारिश की आशंका प्रबल हो गई है। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है, जिसमें दो से पांच फरवरी तक हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है। बारिश के साथ ही ओलावृष्टि भी हो सकती है, जिससे फसलों में नुकसान होगा और शीतलहर चलने से सर्दी का प्रकोप भी बढ़ेगा।

बुधवार को सुबह घना कोहरा छाया था और दृश्यता काफी कम थी और सड़कों पर भी सन्नाटा छाया रहा। हवा चलने से कोहरा ज्यादा देर तक नहीं टिक पाया और 11 बजे के करीब धूप निकली, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। रात में भी घना कोहरा छाया रहा। हालांकि तापमान ज्यादा कम नहीं हुआ, जिससे ठिठुरन का प्रकोप नहीं रहा। मौसम विभाग का कहना है कि दो पश्चिमी विक्षोभ हिमालय की तरफ बढ़ रहे हैं, जिसके कारण एंटी साइक्लोन बन गया है। एक क्षोभ मंडल उत्तर भारत के मैदानी इलाकों के ऊपर बन रहा है, जिससे दो फरवरी से बारिश और ओलावृष्टि की संभावना बढ़ गई है। ऐसे में उत्तर मध्य भारत के जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना बढ़ गई है।

तालग्राम-छिबरामऊ रोड पर कोहरे में जा रहा बाइक सवार। अमृत विचार

घने कोहरे से खराब हो रही सरसों की फसल

उत्तर-पश्चिमी हवाओं के कारण आसमान में हल्के बादल छाए हैं और इससे कोहरा बढ़ रहा है। प्रतिदिन रात में घना कोहरा छाया रहता है जो सुबह काफी देर तक बना रहता है। कोहरे से जहां गेहूं को फायदा हो रहा है तो सरसों की फसल को नुकसान हो रहा है। कोहरे के कारण सरसों की फली पीली या लाल होकर सड़ रही है। यदि एक सप्ताह तक कोहरा पड़ता रहा तो सरसों का उत्पादन कम हो जाएगा।

कोहरे से खराब हो रही सरसों की फसल। अमृत विचार

बुधवार को मौसम का हाल

अधिकतम तापमान (डिग्री से.)	22.2 (+4.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री से.)	7.0 (+1.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम	97 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम	47 प्रतिशत
हवा की औसत गति	3.0 किमी/घंटा
हवा की दिशा	उत्तर-पश्चिम

चक्रवाती परिसंचरण के प्रभावी होने के कारण दो से पांच फरवरी के बीच कन्नौज एवं आसपास के जनपदों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना बढ़ गई है। किसानों को सलाह दी जाती है कि वह अभी रबी की फसलों में सिंचाई न करें। उत्तर-पश्चिमी हवाओं के प्रभाव से शीतलहर बढ़ेगी और ओलावृष्टि की संभावना भी है।

-डॉ. अमरेंद्र कुमार, मौसम वैज्ञानिक

'अपराध नियंत्रण में विफल हुई भाजपा'

गुरसहायगंज, कन्नौज। बुधवार को पीडीए पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत ग्राम रजलामऊ में सपा पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव के नेतृत्व में बैठक का आयोजन किया गया। पीडीए पखवाड़ा के तहत आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व सपा विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा कि सपा ने हमेशा दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यकों को हक व सम्मान देने का कार्य किया है। सपा सरकार में विकास की गंगा बहाकर योजनाओं का लाभ दिलाया गया। वर्तमान भाजपा सरकार में दलित, पिछड़े व अल्पसंख्यकों को हक व सम्मान नहीं मिल पा रहा है। प्रदेश में महिलाओं के साथ लगातार अपराध हो रहे हैं। सरकार अपराध नियंत्रण में असफल साबित हुई है। कहा कि शिक्षक भर्ती में आरक्षण को लेकर महिलाओं के साथ मारपीट की गई। रोजगार की मांग करने वालों पर सरकार लाठियां बरसाने और कोर्ट के चक्कर लगवाने का कार्य कर रही है। प्रदेश में महंगाई, भ्रष्टाचार और बेरोजगारी का बोलबाला है। इस दौरान पूर्व महासचिव प्रभाकर यादव उर्फ बोबी, डॉ. जनेन्द्र प्रताप, आकाश शाक्य, अर्पित शुक्ला, अंकुर सिंह यादव, अंकित पहलवान, नरेन्द शाक्य, सुनील पाल, ब्रजेश शाक्य, दिनेश शाक्य, गरिमा शर्मा, राहुल शाक्य, चंदन शाक्य, गुंजन गुप्ता, पप्पू प्रजाप्रीत, रामनरेश कठेरिया मौजूद रहे।

प्रधानाचार्य अनिल मिश्र को मिलेगा मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- फतेहपुर के रहने वाले सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा में हैं तैनात
- सूबे में दो प्रधानाचार्यों का हुआ है चयन, शिक्षकों ने जताई खुशी

अमृत विचार। फतेहपुर जिले के भिठौरा गांव निवासी व सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा के प्रधानाचार्य अनिल मिश्र का चयन मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार के लिए हुआ है। सूबे के दो प्रधानाचार्यों को यह पुरस्कार मिलेगा, जिसमें जनपद कन्नौज का भी नाम शामिल है। सूची आने के बाद शिक्षकों में खुशी देखी जा रही है।

मुख्यमंत्री अध्यापक पुरस्कार की सूची विशेष सचिव उमेश चंद्र ने जारी की है। इसमें दूसरा नाम कासगंज के भूपेंद्र सिंह भी शामिल हैं, वह सूरज प्रसाद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाध्यापक हैं। 60 वर्षीय प्रधानाचार्य अनिल मिश्र ने बताया कि वर्ष 1997 में उन्होंने फतेहपुर से ही विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान में शिक्षक पद पर सेवाएं देने का काम शुरू किया था। उसके बाद वह प्रधानाचार्य पद पर पहुंच गए। तिर्वा में मई 2020 में कार्यभार संभाला था। उन्होंने बताया कि शैक्षिक गतिविधियां, संस्कार केंद्र, पठन-पाठन, पिछले पांच साल का परीक्षा परिणाम देखा गया। करीब 20-25 बिंदुओं पर आवेदन हुआ था। उसके बाद साक्षात्कार और अब चयन हुआ। प्रधानाचार्य मिश्र का कहना है कि सूबे के 18 हजार विद्यालयों में असेसमेंट में उनको दूसरा स्थान मिला। छह स्टार भी दिए गए। स्काउट गाइड में भी काम किया। डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि शिक्षक के नाम का पत्र मिल गया है।

अनिल मिश्र, प्रधानाचार्य। अमृत विचार

पुरस्कार मिलना जिले के लिए गौरव की बात है। डीआईओएस कार्यालय में तैनात पटल प्रभारी अनुज कटियार ने बताया कि यह पुरस्कार अशासकीय माध्यमिक विद्यालय वित्तविहीन को मिलता है। जनपद से इकलौता नाम ही इसके लिए गया था। बताया गया है कि कई सालों से विद्या मंदिर से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षार्थी यूपी बोर्ड की मेरिट सूची में आ रहे थे। विद्या भारती की पुस्तक में प्रधानाचार्य का लेख भी प्रकाशित हुआ। अनुशासन में भी विद्यालय का नाम है। छात्र संख्या भी बेहतर है। इन सभी अच्छे कामों ने पुरस्कार दिलाने में सहयोग किया। दूसरी ओर दो नाम राज्य शिक्षक पुरस्कार के लिए भी भेजे गए थे, लेकिन जनपद से किसी अध्यापक का चयन उसके लिए नहीं हो सका। हालांकि 11 शिक्षकों के नाम अन्य जनपदों से शामिल हैं, उनको राज्य शिक्षक पुरस्कार मिलेगा।

बताया गया है कि यह पुरस्कार राजकीय माध्यमिक स्कूलों व सहायता प्राप्त विद्यालयों के शिक्षकों को मिलता है। उधर, विद्या मंदिर के प्रबंधक प्रदीप गुप्ता व उनकी टीम ने भी प्रसन्नता जाहिर की है।

स्मार्टफोन के साथ मौजूद छात्र-छात्राएं व संस्थापक। अमृत विचार

460 छात्र-छात्राओं को वितरित किए स्मार्टफोन

संवाददाता, तेराजाकेट, कन्नौज

अमृत विचार। बुधवार को सराय प्राग ग्राम मिश्रापुर स्थित चौधरी जयवीर सिंह महिला शिक्षण संस्थान में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 460 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया।

स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में छिबरामऊ पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे, संस्थापक जयवीर सिंह यादव एडवोकेट, प्रबन्धक प्रशांत सिंह ने 460 छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन प्रदान किए। मनोज दुबे ने कहा कि शिक्षा के विकास के लिए स्मार्ट फोन का बहुत बड़ा योगदान है।

छात्र-छात्राएं स्मार्ट फोन के माध्यम से देश दुनिया की तकनीकी जानकारी हासिल कर आगे बढ़ सकेंगे। इस दौरान अगम कुमार दुबे, नोडल अधिकारी राहुल सिंह, संजीव मोहन, राजेन्द्र सिंह, अमर सिंह यादव, सौरभ, आशीष, दीपक मौजूद रहे।

हजार किलो लहन नष्ट कर दो दबोचे

गुरसहायगंज, कन्नौज। कोतवाली पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर अवैध शराब सहित दो लोगों को हिरासत में लिया है।

बुधवार को कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक नीलम सिंह, उपनिरीक्षक आनंद कुमार मिश्र, राजेश प्रताप सिंह ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। पुलिस ने ग्राम सराय प्रयाग स्थित गिहार बस्ती व ग्राम खाडेदेवर स्थित गिहार बस्ती में छापेमारी करते हुए 1000 किलो लहन नष्ट किया। पुलिस ने दुलारी उर्फ आशा निवासिनी गिहार बस्ती सराय प्रयाग को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब व उपकरण के साथ दबोच लिया। जबकि आदर्श गिहार निवासी ग्राम खांड़ेदेवर को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ हिरासत में ले लिया।

गुगरापुर बीईओ रिटायर, विदाई में याद किया गया कार्यकाल

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/जलालाबाद

- बीएसए कार्यालय व गोसाईंदासपुर में हुए कार्यक्रम
- अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न व श्रीराम चरित मानस भेंट की

अमृत विचार। बीआरसी गुगरापुर के बीईओ संजय शुक्ल बुधवार को सेवानिवृत्त हो गए। बीएसए कार्यालय सभागार में इसको लेकर कार्यक्रम हुआ। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपासना रानी वर्मा ने कहा कि बीईओ का कार्यकाल सराहनीय रहा। इस मौके पर वित्त एवं लेखाधिकारी आरिफ अशफाक, बीईओ संजय कुमार, डीसी निर्माण पीयूष श्रीवास्तव, राहुल कटियार समेत अन्य कर्मचारियों ने बीईओ का फूलमालाओं से स्वागत कर प्रतीक चिह्न भेंट किए। दूसरी ओर बीआरसी गुगरापुर के गोसाईंदासपुर मुख्यालय पर बीडीओ गुगरापुर उमाशंकर साहू, मथुरा के बीईओ अविनाश दीक्षित, सौरिख के सर्वेश यादव, तालग्राम के रमेश चन्द्र चौधरी, छिबरामऊ के विमल तिवारी, डीसी विश्वनाथ शर्मा, डीसी गौरव दीक्षित व शिक्षकों ने बीईओ संजय शुक्ल को अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। बीईओ ने बताया कि 16 जनवरी 1997 में प्रथम नियुक्ति शाहजहांपुर में हुई थी। इसके बाद सीतापुर, मुरादाबाद, फर्रुखाबाद में रहे। 16 मार्च 2022 को कन्नौज में कार्यभार ग्रहण किया। 25 जून 2022 को गुगरापुर में तैनाती मिली। इस दौरान अमित मिश्र, संजीव कटियार, विकास कुमारी दीक्षित, राकेन्द्र सक्सेना, सौरभ सैनी, संदीप राजपूत, सुरेंद्र सिंह, आलोक चतुर्वेदी, रवी मोहन त्रिपाठी, आशीष शुक्ला, जितेंद्र कुमार, रणजीत सिंह, मनोज चतुर्वेदी, विशाल मिश्रा, मोहम्मद समीद, मोहम्मद हारुन, अशोक सक्सेना, रामकिशोर सिंह, रमेश चंद्र पाल, अशोक सक्सेना, नीरज यादव, मदन पांडेय, अभिषेक दीक्षित, रामशरण, मधु वर्मा थे।

बीईओ संजय शुक्ल को श्रीराम चरित मानस भेंट करतीं बीएसए उपासना रानी वर्मा।

चार कर्मियों का प्रमोशन, दो हो गए रिटायर

कलक्ट्रेट नियमित अधिष्ठान के चार वरिष्ठ सहायक से प्रधान सहायक पद पर प्रोन्नत हो गए। इसमें सुरेंद्र सिंह, धीरेंद्र मोहन अग्निहोत्री, सुबोध अग्निहोत्री और प्रभात त्रिपाठी शामिल हैं। खास बात यह है कि प्रोन्नत के बाद कार्मिक प्रशासनिक अधिकारी सदर जनक राम और प्रधान सहायक सुरेंद्र सिंह रिटायर भी हो गए।

तीन दरोगा, दो हेड कांस्टेबल का भी कार्यकाल पूरा

कन्नौज। पुलिस विभाग में तैनात उप निरीक्षक मंगलदास, शिवपाल सिंह व भैयालाल और हेड कांस्टेबल मोहम्मद वसीम सिद्दीकी और अरिमर्दन सिंह ने नौकरी की अधिवर्षता आयु पूरी कर ली। सीओ कमलेश कुमार ने शॉल भेंटकर उज्जवल भविष्य की कामना की और विदाई दी।

मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता प्रतियोगिता, मनदूत का चयन

कन्नौज। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत टीम डीएमएचपी की ओर से शहर के केके इण्टर कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विद्यालय के समस्त छात्रो ने प्रतिभाग किया, प्रतियोगिता संपन्न कराई गई। सफल प्रतिभागियों को मनदूत के रूप में चयन किया गया। उनको ट्रॉफी व प्रमाण पत्र वितरित किए गए। एन.सी.डी. के नोडल अधिकारी डॉ. ओ.पी. गौतम व जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम से सृष्टि नंदा नैदानिक मनोवैज्ञानिक व अभिषेक कुमार साइकियाट्रिक नर्स ने बच्चों को मानसिक रोगों के विषय में जानकारी दी। उनको बचाव के लिये चिकित्सा उपचार के विषय में विस्तार से बताया गया। इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य अरुण कुमार शर्मा मानसिक स्वास्थ्य ट्रेनिंग में प्रतिरक्षण प्राप्त कर चुके अध्यापक डॉ. एसके सिंह व उपासना कुशवाहा एएफएचएस काउंसलर तथा अन्य अध्यापक मौजूद रहे।

लोक अदालत में विद्युत के 181 मुकदमे निस्तारित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विशेष लोक अदालत का आयोजन
- सचिव ने किया राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह का निरीक्षण, बंदियों को दी कानूनी जानकारी

अमृत विचार। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें केवल बिजली विभाग से संबंधित मुकदमों का निस्तारण किया गया। विद्युत वादों के 820 मुकदमे संदर्भित किए गए, जिसमें सुलह-समझौते के आधार पर 181 मुकदमों का निस्तारण कर दिया।

बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला जज लवली जायसवाल ने जिले के किशोर बंदियों का हालचाल जानने के लिए राजकीय बाल संप्रेक्षण गृह याकूतगंज का निरीक्षण किया। उन्होंने बताया कि संप्रेक्षण गृह में कन्नौज जनपद के दस किशोर अपचारी हैं, जिन्हें वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायालय में पेश किया जाता है। उन्होंने किशोर अपचारियों से जानकारी ली तो बताया गया कि उनके केस की पैरवी निजी अधिवक्ताओं द्वारा की जा रही है। उन्होंने विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया, जिसमें कहा कि यदि किसी किशोर अपचारी के पास वकील नहीं है तो वह प्रभारी अधीक्षक के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पत्र भेज कर निःशुल्क सहायता ले सकता है।

किशोर से जानकारी लेतीं अपर जिला जज लवली जायसवाल। अमृत विचार

जिला कारागार में दो बंदियों की होगी रिहाई

बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर में अंडर ट्रायल रिव्यू कमेटी की बैठक की गई, जिसमें जेल अधीक्षक विजय कुमार ने बताया कि जिला कारागार में दो विचाराधीन बंदी अधिकतम सजा की आधी अवधि व्यतीत कर चुके हैं। इस पर प्रभारी जिला जज लोकेश वरुण ने दोनों बंदियों के आवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, जिससे उनकी रिहाई की जा सके। बैठक में डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल, एसपी अमित कुमार आनंद, एडीजे लवली जायसवाल समेत कई अधिकारी उपस्थित थे।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में हुआ कूल्हे का प्रत्यारोपण

तिर्वा-कन्नौज। तीन माह से कूल्हा टूटने से परेशान मरीज का राजकीय मेडिकल कॉलेज में सफल प्रत्यारोपण किया गया। प्राचार्य समेत डॉक्टरों की टीम ने कूल्हे को बदल दिया, जिससे अब कुछ महीनों में सामान्य रूप से चल सकेगा।

हरदोई जनपद के कस्बा पाली निवासी 23 वर्षीय सुचित के 22 अक्टूबर 2023 को चोट लगने से उसका कूल्हा टूट गया था। तीन माह से उसके परिजनों ने उसे कई डाक्टरों को दिखाया, पर वह सही नहीं हो पाया। चार दिन पहले हरदोई से उसके परिजन आर्थो सर्जन एवं मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सीपी पाल के पास ले आए। प्राचार्य ने मरीज की परेशानियों को देखकर उसे भर्ती कर उसकी सभी जांचों के साथ सीटी स्कैन कर उसे भर्ती कर लिया। प्राचार्य ने सुचित का करीब ढाई घंटे आपरेशन कर उसका पूर्ण रूप से कूल्हे का प्रत्यारोपण कर दिया। प्राचार्य ने बताया कि निजी अस्पताल मे लाखों रुपये खर्च करने पड़ जाते हैं। इस दौरान आर्थो विभाग के डा. रोहित यादव, डा. प्रशांत द्विवेदी व डा. राजीव भी रहे।

ऑपरेशन करते प्राचार्य सीपी पाल व अन्य।

जिला प्रोबेशन अधिकारी ने भेजा जवाब... सभी आख्याएं भेज दीं

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- घरेलू हिंसा के करीब 50 मामलों में आख्याएं न भेजने का जारी हुआ है नोटिस
- वर्ष 2018 से 2023 तक की पीड़िताएं न्याय के लिए भटक रहीं

अमृत विचार। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव लवली जायसवाल की ओर से जिला प्रोबेशन अधिकारी (डीपीओ) इरा आर्या को भेजे गए नोटिस का जवाब प्राधिकरण को भेज दिया गया है। घरेलू हिंसा के करीब 50 केसों में आख्याएं न भेजने के नोटिस के जवाब में डीपीओ ने लिखा है कि जितने मामले उनको मिले, उन सभी में आख्याएं भेजी जा चुकीं हैं।

दरअसल, जिला कचहरी में वर्ष 2018 से 2023 तक के 50 से अधिक मामले ऐसे हैं, जिसमें पीड़िताएं भटक रहीं हैं। उनको राहत नहीं मिल पा रही है। इसका संज्ञान लेकर सचिव ने डीपीओ का उत्तरदायित्व ठहराते हुए 29 जनवरी को नोटिस जारी किया था। साथ ही तीन दिन में जवाब देने और ऐसा न करने पर रिपोर्ट हाईकोर्ट इलाहाबाद को भेजने का अल्टीमेटम दिया गया था। डीपीओ को वादों की सूची समेत नोटिस भेजी गई है। भरोसेमंद सूत्रों की माने तो डीपीओ ने भेजे नोटिस में जिक्र किया है कि उनके कार्यालय में जिन मामलों की आख्या मांगी गई थी, वह भेज दी गई है। जो केस नहीं दिए गए, उनकी रिपोर्ट नहीं गई है। जानकारों की माने तो इस जवाब के बाद पड़ताल शुरू हो गई है। उसके आद ही आगे की कार्यवाही होगी।

घर में घुसकर किशोरी से अश्लील हरकतें

सौरिख-कन्नौज। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित किशोरी मंगलवार की देर रात 11 बजे के करीब घर के कमरे में अकेली सो रही थी। उसी दौरान गांव का युवक घनश्याम पुत्र हरीराम दीवार फांदकर घुस गया और नाबालिग को दबोच कर अश्लील हरकतें करने लगा। विरोध करने और चीखपुकार सुन घर परिजन जागे और मामले की शिकायत युवक के परिजनों से की तो युवक के परिजनों ने जातिसूचक गालियां देते हुए मारपीट पर आमादा हो गए। पुलिस ने आरोपी घनश्याम को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी सचिन सिंह ने बताया कि किशोरी के परिजनों ने कानूनी कार्रवाई करने से मना कर आपसी समझौता कर लिया।

सफलता | आरोपी के पास से तमंचा हुआ बरामद, पिता भी बाइक चोरी में जा चुका है जेल

चोरी के ऑटो के साथ दबोचा गया युवक

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। सदर कोतवाली पुलिस ने चेकिंग के दौरान हरदोई जनपद से चोरी आटो समेत युवक को पकड़ लिया। उसके पास से तमंचा बरामद किया गया। आरोपी का पिता भी बाइक चोरी में जेल जा चुका है। सीओ सदर ने कोतवाली सदर में मामले का खुलासा किया।

क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार ने सदर कोतवाली में चोरी की घटना का खुलासा करते हुए बताया कि प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सदर विष्णुकान्त तिवारी के नेतृत्व में कुसुमखोर चौकी प्रभारी श्यामपाल सिंह, दरोगा अजब सिंह, सिपाही विवेक कुमार व अर्जुन कुमार तहसीपुर पुल के निकट संदिग्ध व वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान सूचना मिली कि चोरी का आटो लेकर एक युवक चलाता हुआ आ रहा है। इस पर पुलिस ने उसे रोक लिया। आटो के कागज मांगे तो नहीं दिखा सका। शक होने पर नंबर प्लेट की जांच की तो वह कन्नौज का आटो निकला। चेसिस नंबर से जांच करने पर पता चला कि उक्त आटो टिलिया घटवासा थाना अरवल जनपद हरदोई से चोरी किया गया था। इसकी रिपोर्ट थाना अरवल जनपद हरदोई में दर्ज है। आरोपी की तलाशी ली गई, तो उसके पास से तमंचा देसी 315 बोर बरामद किया गया। पूछताछ में पकड़े गये आरोपी ने अपना नाम रत्नेश उर्फ गोलू पुत्र सर्वेश निवासी ग्राम अल्लापुर थाना कोतवाली सदर बताया। उसने बताया कि यह आटो उसने टिलिया घटवासा थाना अरवल जनपद हरदोई से चोरी किया है। अवैध तमंचा व कारतूस की बरामदगी के आधार पर सदर कोतवाली में आर्म्स एक्ट व थाना अरवल जनपद हरदोई में दर्ज आटो चोरी के अलावा टेंपो की बरामदगी और गलत नम्बर प्लेट लगाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। रत्नेश उर्फ गोलू पर हरदोई जनपद के थाना अरवल, थाना मल्लावां के अलावा सदर कोतवाली में दो मुकदमे दर्ज हैं। सीओ सदर ने बताया कि आरोपी रत्नेश का पिता सर्वेश के पास से पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद की थी, उसे भी जेल भेजा गया था। हाल ही में जमानत पर छूट कर आया है।

पुलिस गिरफ्त में चोरी का आरोपी, खुलासा करते सीओ सदर कमलेश कुमार।

किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास में अधेड़ को चार साल कैद

विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) ने सुनाई सजा, सात हजार अर्थदंड

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- आठ साल पहले खेत में दुष्कर्म का प्रयास करते हुए ग्रामीणों ने पकड़ा था दोषी को

अमृत विचार। किशोरी से दुष्कर्म का प्रयास कर रहे अधेड़ को ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया था। कोर्ट ने आरोपी को पॉक्सो एक्ट के तहत दोषी पाया और उसे चार साल कठोर कारावास की सजा सुनाई है। उस पर सात हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। जुर्माने की रकम अदा न करने पर उसे दो माह का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। सजा सुनाए जाने के बाद दोष सिद्ध अपराधी को न्यायिक अभिरक्षा में जिला कारागार अनौगी भेज दिया गया।

शासकीय अधिवक्ता नवीन कुमार दुबे ने बताया कि तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम किनौरा में 25 सितंबर 2015 को शाम साढ़े छह बजे खेतों में एक लड़की के चिल्लाने की आवाज सुनाई दी। गांव के योगेंद्र सिंह, हरजीत सिंह, आकाश सिंह, अमर सिंह व नरायन दुबे खेत पर पहुंचे तो वहां देखा कि एक अधेड़ किशोरी को दबोच कर दुष्कर्म का प्रयास कर रहा था और उसकी बाइक वहीं खड़ी थी। ग्रामीणों से आरोपी रामप्रताप सिंह पुत्र तिलक सिंह निवासी ग्राम भवानीपुर थाना ठठिया को पकड़ लिया और उसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया, जबकि किशोरी पास के ही एक गांव की रहने वाली थी। ग्रामीणों ने उसके पिता को बुलाकर घर भेज दिया। पुलिस ने योगेंद्र सिंह की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया। 19 दिसंबर 2015 को उपनिरीक्षक सुनील कुमार सक्सेना ने रामप्रताप सिंह के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया। अभियोजन पक्ष की तरफ से 11 गवाह पेश किए गए। बुधवार को विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट) अलका यादव ने रामप्रताप को दोष सिद्ध करते हुए पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत चार साल का कठोर कारावास तथा सात हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

दोषी रामप्रताप सिंह। अमृत विचार

धारा गंभीर होने से बढ़ गई सजा

विशेष लोक अभियोजक किशोर दोहरे ने बताया कि पुलिस ने धारा 354ए दुष्कर्म का प्रयास तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 8 के तहत रिपोर्ट दर्ज की थी। रामप्रताप को दोनों ही धाराओं में दोषी पाया गया। 354ए में उसे सजा तीन साल की हो रही थी। ऐसे में गुरुतर धारा होने की वजह से केवल पॉक्सो एक्ट में चार साल कैद की सजा सुनाई गई है। इस तरह उसकी सजा एक साल और बढ़ गई।

जीवित मतदाताओं को मृत दिखाने पर शिक्षक निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- 285 प्राथमिक विद्यालय चंदुआहार पर 14 वोटरों को रिपोर्ट में मार डाला था
- उप जिला निर्वाचन अधिकारी के पत्र पर बीएसए ने की कार्रवाई

अमृत विचार। मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में लापरवाही बरतने के आरोपी बीएलओ/सहायक शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। आरोप है कि जिंदा मतदाताओं को मृत दिखाकर वोट काट दिए गए थे। इसकी शिकायत निर्वाचन विभाग में हुई थी।

बीएसए उपासना रानी वर्मा ने जारी किए निलंबन आदेश में कहा है कि प्राथमिक स्कूल चंदुआहार के सहायक अध्यापक/बीएलओ रोहित त्रिपाठी के खिलाफ उप जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह ने पत्र भेजा है। 30 जनवरी को जारी पत्र में कहा गया है कि 15 मतदाता वास्तविक रूप से मृत हैं उनके नाम नहीं हटाए गए हैं, जबकि जीवित 14 वोटरों के नाम सूची से हटा दिए गए हैं। इनको रिपोर्ट में मृतक दर्शाया गया है।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने कार्रवाई के लिए भी कहा। उसके बाद बीएसए ने दायित्वों में लापरवाही बरतने की वजह से निलंबित कर दिया। रोहित त्रिपाठी को प्राथमिक सकूल दहलेपुर्वा से संबद्ध कर दिया गया है। जांच बीईओ तालग्राम को दी गई है। साथ ही 15 दिन में आरोप पत्र दाखिल करने को कहा गया है।

अखिलेश यादव ने मामले को उठाया था

कुछ दिन पहले सपा मुखिया व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तहसील तिर्वा क्षेत्र के फकीरेपुर्वा व चंदुआहार में पहुंचे थे। उन्होंने भी निर्वाचन विभाग पर निशाना साधा था। कहा था कि वोटर लिस्ट में फर्जी नाम शामिल किए गए हैं, जबकि जिंदा लोगों को मृत दिखाकर नाम काट दिए गए हैं। उस दौरान पीड़ितों ने तख्तियां लेकर विरोध-प्रर्दशन भी किया था। सपा का दावा है कि मामले की शिकायत आयोग में भी हुई थी।

देवालयों में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

अमृत विचार। नगर के रामगंज स्थिति मंशा देवी मंदिर, गांधी नगर स्थिति शिव मन्दिर व चौराहा स्थित प्राचीन शिव कुआं मंदिर में देवी देवताओं की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इसके लिए प्रकांड विद्वान पं. शिव सागर पांडेय, रामानुज पांडेय आदि के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान को पूर्ण कराया गया।

बुधवार को नगर के फर्रुखाबाद रोड मोहल्ला रामगंज स्थित मंशा देवी मंदिर में प्रमुख समाजसेवी अशोक कुमार गुप्ता ने धर्मपत्नी पालिकाध्यक्षा मुन्नी देवी गुप्ता, प्रतिनिधि मयंक गुप्ता ने राम दरबार, मां दुर्गा और राधा कृष्ण की मूर्ति, हनुमान जी, शिव लिंग, नंदी जी की प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूजा अर्चना व हवन पूजन किया। प्रकांड विद्वानों ने वैदिक मंत्रोच्चार कर प्रतिमाओं की विधि विधान से पूजा अर्चना कराई। समाजसेवी अशोक गुप्ता ने धर्मपत्नी के साथ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में पूजा अर्चना कर हवन पूजन किया और श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया।

इस दौरान मौजूद श्रद्धालुओं ने देवी देवताओं के जयकारे लगाकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

शिवलिंग की पूजा अर्चना करते समाजसेवी अशोक गुप्ता। अमृत विचार

निष्काम भक्ति से मिलेगा परमात्मा का साक्षात्कार

सौरिख। नगर के रौरीकुंड में चल रही श्रीराम कथा महोत्सव के विश्राम दिवस में वृन्दावन से पधारे कथा प्रवक्ता पं. रमण बिहारी शरण ने राम दूत हनुमान जी की महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि जो श्रीराम जी की निष्कपट भाव से सेवा करते है वह सहज ही हनुमान जी की कृपा से अष्ट सिद्धियों सहित नौ निधि को पाने के अधिकारी बन जाते हैं। महाराज जी ने कहा कि भगवान बहुत दयालु है उनकी निष्काम भक्ति हमको साक्षात भगवान का साक्षात्कार कराती है। प्रभु श्रीराम जी की निष्काम भक्ति से ही विभीषण लंका में रहते हुए भी किसी दुराचरण या पाप का भागी नहीं बना। अगर हमारी भक्ति निष्कपट एवं निष्काम है। तो हमें विश्वास होना चाहिए कि परमात्मा हमारे साथ बुरा नहीं करेंगे। श्रीराम कथा में जीतू हजेला एवं नितेंद्र बिहारी हजेला ने पं. रमण बिहारी शरण जी को श्रीराम दरबार का चित्रपट भेंटकर, शाल ओढ़ाकर एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। श्रीराम कथा पाण्डाल में विघ्नेश चंद्र वर्मा, विजय शुक्ला, विशुन चन्द्र वर्मा, चेतन चतुर्वेदी, विजय शुक्ला, ग्रीशचन्द्र वर्मा, सुनील अग्निहोत्री, पुट्टन चतुर्वेदी, पिंकू वर्मा, देवेश मिश्रा, पिंटू सविता, गोपाल शाक्य अनूप राठौर सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया।

कथा व्यास रमण बिहारी का स्वागत करते भक्त।

छात्रों के बीच मारपीट का वीडियो हुआ वायरल

संवाददाता इंदरगढ़, कन्नौज

- इंदरगढ़ क्षेत्र के एक कॉलेज का मामला

अमृत विचार। स्कूल पढ़ने आए छात्रों के बीच मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो वायरल होने की जानकारी पर कॉलेज प्रशासन अनजान बना हुआ है। मारपीट करने वालों कार्रवाई करने से कतरा रहा है।

बुधवार को कॉलेज के छात्रों के बीच मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इसकी छानबीन की गई, तो इदंरगढ़ कस्बे के एक कालेज का बताया गया। कॉलेज के अन्य छात्रों ने बताया कि कॉलेज में आए दिन छात्रों के बीच मारपीट होती रहती है। कॉलेज प्रशासन मारपीट में शामिल छात्रों के खिलाफ कोई भी कार्रवाई नही करता है। उनका कहना है कि कॉलेज का वातावरण बिगड़ता जा रहा है। वहीं, थाने के कार्यवाहक प्रभारी देवेंद्र यादव का कहना है कि छात्रों के बीच मारपीट कॉलेज परिसर का मामला है। कॉलेज प्रशासन को छात्रों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए। वायरल वीडियो की जांच कर दोषी छात्रों पर कार्रवाई की जाएगी।

कालेज में मारपीट करते छात्र।

वार्षिकोत्सव में झूमे बच्चे, मिला पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, सौरिख/कन्नौज

- सभी परिषदीय विद्यालयों में कार्यक्रम के लिए आया आदेश
- शिक्षक-अभिभावक की बैठक में दी गई योजनाओ की जानकारी

अमृत विचार। जिले के सभी परिषदीय स्कूलों में इस बार वार्षिकोत्सव व शिक्षक-अभिभावक बैठक करने के आदेश थे। उसी के तहत 30 जनवरी को चार ब्लॉक और 31 जनवरी को नगर क्षेत्र समेत पांच विकास खंड क्षेत्रों के प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में कार्यक्रम हुए।

ब्लॉक सदर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय आसकरनपुर्वा में बुधवार को शिक्षक-अभिभावक बैठक हुई। वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम पेश किए। इससे पहले शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। उसके बाद अभिभावकों का सम्मान व प्रतियोगिताएं, निपुण बच्चों का सम्मान, खेलकूद प्रतियोगिताएं, बच्चों का डांस कराया गया। प्रधानाध्यापक सरिता गौतम ने पुरस्कार वितरित किए।

इस मौके पर अमित श्रीवास्तव, पुष्पा, संदीप मिश्रा उपस्थित रहे। दूसरी ओर प्राथमिक विद्यालय खड़िनी व कुसका नगरिया गांव में वार्षिक उत्सव में बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए कार्यक्रम हुए। बीईओ सौरिख सर्वेश यादव ने कहा कि सरकार की ओर से निपुण भारत, कायाकल्प, डीबीटी, एसएमसी जैसे कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

गिरजेश सिंह ने कहा कि स्वस्थ मनोरंजन बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। हिमांशु प्रताप ने कहा कि ऐसे आयोजनों से शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक एवं नैतिक क्रियाओं का ज्ञान भी होता है।

इस अवसर रंजना, गौरव, सावित्री सिंह, प्रीति मिश्र, मोहनलाल, लक्ष्मी शाक्य, बबिता सिंह, आशुतोष गुप्ता, नैमिष दुबे आदि उपस्थित रहे।

प्राथमिक विद्यालय आसकरनपुर्वा में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

आशा कार्यकत्रियों ने दिया धरना, नारेबाजी

कन्नौज। प्रोत्साहन राशि की मांग को लेकर आशा कार्यकत्रियों ने सीएमओ कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनोद कुमार को दिया। आशा वर्कर्स यूनियन की जिलाध्यक्ष रानी ने बताया कि उनके ऊपर काम का बोझ बढ़ता जा रहा है। 50 से अधिक काम लिए जा रहे हैं, लेकिन कोई भी प्रोत्साहन राशि नहीं दी जा रही है और समय से किसी प्रकार का भुगतान नहीं हो रहा है। उन्हें किसी प्रकार का अवकाश भी नहीं दिया जा रहा है, जबकि वह ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार काम कर रही हैं। उन्होंने मांग की कि टीचरों की तरह उन्हें भी मातृत्व अवकाश प्रदान किया जाए। इस दौरान जिला मंत्री विनीता यादव, सरोज, कीर्ति, ममता देवी, ऊषा देवी, रामसती, रजनी यादव, राधा देवी, सुनीता देवी, आसमां बेगम, सुनीता राठौर, लौंग श्री, आशा देवी आदि रहीं।

सार-संक्षेप

आज मनाया जाएगा स्टेशन का स्थापना दिवस

गुरसहायगंज, कन्नौज। एक फरवरी 1881 को गुरसहायगंज रेलवे स्टेशन की स्थापना की गई थी, जिसका 143 वां स्थापना दिवस धूमधाम से एक फरवरी दिन गुरुवार को दोपहर 12 बजे मनाया जाएगा, जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे के मंडल वाणिज्य प्रबंधक आशीष त्रिपाठी समेत कई अधिकारी व नागरिक उपस्थित रहेंगे।

दरवाजे खडी बाइक चोरी, सीसीटीवी कैमरे में कैद

तिर्वा। ठठिया निवासी शिवम पुत्र अरविंद ने 26 जनवरी की शाम को बाजार से आकर अपनी बाइक दरवाजे बरामदे मे खड़ी कर दी। जब वह सुबह उठा तो उसने बाइक दरवाजे पर नही देखी तो तलाश की। वहां लगे सीसीटीवी फुटेज मे देखा। सीसीटीवी में दिखाई दिया कि दो युवक उसके दरवाजे पर आए और उसकी बाइक चोरी कर ले गए। थानाध्यक्ष अजय कुमार अवस्थी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

पिता पुत्र से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

गुरसहायगंज, कन्नौज। अनौगी के ग्राम खुर्रमपुर्वा निवासी सत्यनारायण का कहना है कि मामूली विवाद को लेकर गांव के राजेंद्र, सुनील व शरद नारायण ने बुधवार की शाम तीन बजे दरवाजे पर आकर गाली गलौज की। मना करने पर उसे लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। बीच बचाव में आए उसके पुत्र विमलेश को से भी मारपीट की। कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

तमंचा कारतूस सहित दबोचा

गुरसहायगंज। बुधवार को कोतवाल जेपी शर्मा के नेतृत्व में उप निरीक्षक सुनील कुमार चौधरी ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस ने ग्राम खाड़ेदेवर निवासी बबलू गिहार को ग्राम जलालाबाद के निकट 315 बोर तमंचा के साथ दबोच लिया।

आठ अपराधियों पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई

गुरसहायगंज, कन्नौज। आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने व अपराधियों पर नकेल लगाने के लिये बुधवार को उच्चाधिकारियों के निर्देश पर कोतवाल जयप्रकाश शर्मा ने नगर के मोहल्ला अशोक नगर निवासी पारुल गुप्ता, ग्राम रूपपुर निवासी अरविंद, नृपेंद्र, अभिषेक, धर्मपाल, ग्राम भगवंत नगला निवासी अखिलेश, शिवकुमार, दीपू के खिलाफ गुंडा एक्ट की कार्रवाई की है

स्टेशन बोर्ड के सदस्य बने अनुराग

गुरसहायगंज, कन्नौज। पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष अनुराग गुप्ता ने बताया कि इज्जत नगर मंडल द्वारा उन्हें रेलवे स्टेशन बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया गया है, जिस पर स्टेशन मास्टर योगेन्द्र कटियार ने फूलमाला पहनाकर उनका स्वागत कर बधाई दी। अनुराग के स्टेशन बोर्ड का सदस्य बनने पर स्थानीय लोगों में हर्ष व्याप्त है।

कपड़े वितरण करते चेयरमैन मनोज दुबे। अमृत विचार

समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने जरूरतमंदों में बंटे वस्त्र

छिबरामऊ, कन्नौज। नगर के अस्पताल रोड़ हंस मार्केट स्थित प्रतिष्ठान पर समर्थ चैरिटेबल ट्रस्ट ने जरूरतमंदों में वस्त्र बांटे। वहीं चेयरमैन मनोज दुबे ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना करते हुए समाजसेवियों को इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष अमित त्रिपाठी एडवोकेट ने बताया वस्त्र एकत्रीकरण और वितरण अभियान के स्टाल का शुभारंभ चेयरमैन मनोज दुबे और वस्त्र वितरण प्रभारी डॉ. डीके राय ने फीता काटकर किया। उन्होंने बताया ट्रस्ट के द्वारा अब तक 200 से ज्यादा जरूरतमंद लोगों को वस्त्र मुहैया कराए जा चुके हैं। बुधवार को नगर पालिका के चेयरमैन मनोज दुबे ने हंस मार्केट में ट्रस्ट के स्टाल पर वस्त्र बांटे। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट का ये काम सराहनीय है। समाजसेवी लोगों को ऐसे कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। ट्रस्ट के सचिव रजत त्रिपाठी ने अभियान में सहयोग करने वालों का आभार जताया। इस दौरान कैंप कार्यालय प्रभारी गुड्डू अग्निहोत्री, नदी स्वच्छता अभियान प्रभारी संतोष पांडेय (पिंकू), सच्चू तिवारी, डाक्टर मिलन राय, नितिन, आकाश, विजेंद्र, ध्रुव व अमन मौजूद रहे।

पुलिस ने सात वारंटियों को दबोचा

गुरसहायगंज, कन्नौज। उच्चाधिकारियों के निर्देशन व कोतवाल जयप्रकाश शर्मा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक नीरज कुमार, आनंद कुमार मिश्र, राजेश प्रताप सिंह ने कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की और सात वारंटियों को दबोच लिया। जिसमें पुलिस ने कस्बा समधन निवासी आकिल, ग्राम गौरीबांगर निवासी लाखन, ग्राम हनुमंतखेड़ा निवासी जदुवीर, ग्राम सूलनपुर निवासी ग्रीशचन्द्र, ग्राम सराय प्रयाग निवासी विकास गिहार, ग्राम झूसीनागर निवासी सचिन व ग्राम बदलेपुर्वा निवासी राकेश को हिरासत में लेकर न्यायालय भेजा है।

फुटपाथ पर अतिक्रमण, फोरलेन पर खड़े होते आटो

तिर्वा। फुटपाथ कब्जा मुक्त होने के बाद भी अतिक्रमणकारियों ने दोबारा कब्जा करने के साथ सड़क किनारे खड़े हो रहे डग्गामार वाहनों के कारण फोरलेन एक सामान्य सड़क में तब्दील हो गई। यह सब देखकर भी प्रशासन अंजान बना हुआ है। सड़क हादसों को देखकर सरकार ने निर्देश दिए कि सड़क के फुटपाथ को कब्जा मुक्त कराने के साथ सडक पर कोई भी वाहन खड़ा नही करेगा। अगर ऐसा होता तो कार्रवाई की जाएगी। सरकार के निर्देश पर करीब करीब साल भर पहले पूर्व तहसील प्रशासन ने पुलिस के सहयोग से कस्बे की मुख्य सड़क के साथ ठठिया, व खैरनगर मार्ग पर फुटपाथ पर कब्जा किए लोगो को खदेड़ कर उनका अतिक्रमण साफ कराया। वहीं, डग्गामार वाहनों का कोई इंतजाम न होने पर वह भी सड़क पर खड़े होकर सवारियों को भर रहे हैं।

गोलकुआं चौराहे पर बनाया पुलिस बूथ

कन्नौज। शहर के सबसे व्यस्ततम गोलकुआं चौराहे का सुंदरी करण किया जायेगा। यातायात व्यवस्था को चौकस करने के लिये यातायात बूथ लगाने का काम किया गया। आने वाले समय में यह चौराहा पाल चौराहे की तरह सुंदर दिखेगा।

यातायात प्रभारी आफाक खान ने बताया कि उन्होंने यातायात बूथके लिये प्रस्ताव तैयार किया था। शासन से मांग की गई।जिसके आधार पर गोलकुआं चौराहे पर कंपनी की ओर से यातायात बूथलगाने का काम शुरू कर दिया गया है। इस बूथ पर एक यातायात सिपाही मौजूद रहेगा।जो आने जाने वाले वाहन को दिशा देकर निकालेगा। इससे चौराहे पर किसी तरह का जाम नहीं लगेगा साथ ही यात्रियों को निकलने में भी दिक्कत नहीं होगी।

गोशाला की सबमर्सिबल चोरी के आरोपी गिरफ्तार

तिर्वा, कन्नौज। गोशाला मे लगी सबमर्सिबल दूसरी बार चोरी हो जाने के मामले मे प्रधान की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने के बाद आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया। उनके पास से चोरी के समबर्सिबल पंप बरामद कर आरोपियों को न्यायालय भेजा गया।

थाना इंदरगढ़ के ढिपिया गांव निवासी ग्राम सभा प्रधान रामसेवक ने पुलिस को तहरीर देते बताया कि गोशाला में गोंवशो के लिए पानी के लिये एक समबर्सिबल पंप लगी थी, जो 10 जनवरी की रात चोरी हो गई। प्रधान ने चोरी की घटना की जानकारी कि तो पता चला कि सपाहा गांव निवासी अभिषेक कुमार पुत्र ग्रीशचंद्र, आकाश पुत्र धर्मेंद्र, रज्जन पुत्र सुरेशचद्र, नागेंद्र पुत्र रामप्रकाश ने समबर्सिबल को चोरी किया। इसके साथ ही इन्हीं लोगों ने तीन साल पहले भी गोशाला में लगी पंप को चोरी किया था। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस अपराधियो की तलाश में वाहन चेकिग कर रही थी उसी दौरान सूचना मिली कि एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर समबर्सिबल पंप की बिक्री के लिए जा रहे थे। पुलिस ने मढ़पुरा के पास काली मठिया पर बाइक सवार तीनो को पकड़ लिया। पूछताछ में वह तीनों चोर निकले, जिन्होंने गोशाला से दोनो बार पंप चोरी की थी।

विद्यार्थियों का भविष्य बनाएगा स्मार्टफोन

छिबरामऊ। श्री गजेंद्र सिंह मीरा देवी पीजी कॉलेज संगम नगर टड़हा, प्रेमपुर में स्वामी विवेकानन्द सशक्तिकरण योजना के तहत स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस मौके पर विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने कहा शिक्षा के विकास में स्मार्टफोन का बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा छात्र छात्राएं स्मार्ट फोन के माध्यम से देश दुनिया की तकनीकी जानकारी हासिल कर आगे बढ़ सकेंगे। निदेशक डॉ संगम यादव ने कहा स्मार्ट फोन का प्रयोग छात्र छात्राएं बेहतर तकनीकी शिक्षा के लिए करें। जबरसिंह पाल की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में मिघौली के प्रधान मनोज यादव, संजीव एटम, राकेश यादव, विकास यादव, जयंत सक्सेना, विवेक यादव आदि रहे।

भाजपाइयों का दावा, तीन को आएंगे मुख्यमंत्री

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

- कन्नौजी माटी वंश (विरासत) समागम कार्यक्रम व मातृ शक्ति को सम्मानित किया जाएगा

अमृत विचार। शहर के बोर्डिंग ग्राउंड पर तीन फरवरी को कन्नौजी माटी वंश (विरासत) समागम कार्यक्रम होगा। इसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी शामिल होंगे, ऐसा भाजपाइयों का दावा है। हालांकि अब तक लिखित में कार्यक्रम नहीं आया है। दूसरी ओर प्रशासन व पुलिस अफसरों ने स्थल का निरीक्षण किया।

दरअसल, सांसद अपने पिता ओमप्रकाश पाठक की स्मृति समारोह में हर साल कार्यक्रम करते हैं। उसमें दिव्यांग समेत अन्य तरीके के लाभार्थियों को सम्मानित किया जाता है। पूर्व में सरकारी विभागों की ओर से स्टॉल भी लगाए जाते रहे हैं। इस बार भी तीन फरवरी को कार्यक्रम होगा। इसमें मातृ शक्ति को भी सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा कान्यकुब्ज और किसी न किसी तरह कन्नौज लोकसभा क्षेत्र से जुड़े दिग्गजों व बड़े पद पर आसीन लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। असम के मुख्यमंत्री के भी आने का दावा किया जा रहा है। कई सांसद भी आ सकते हैं। शहर के बोर्डिंग ग्राउंड व पुलिस लाइन मैदान पहुंचकर डीएम शुभ्रान्त शुक्ल, एसपी अमित आनंद, व एडीएम आशीष सिंह व लोनिवि के अभियंता जायजा लेने पहुंचे।

परीक्षा | जिले के 18 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में हुई परीक्षा में 1480 छात्र-छात्राएं शामिल हुए

विज्ञान को बढ़ावा देने को विद्यार्थियों ने की दिमागी कसरत

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं में विज्ञान को बढ़ावा देने के लिए परीक्षा हुई। इसमें 1480 परीक्षार्थी शामिल हुए। परीक्षा में बहुविल्पीय प्रश्न आए। इसमें विज्ञान, गणित, ईवीएस, आईटी, कंप्यूटर और सामान्य योग्यता संबंधी 80 प्रश्न 120 मिनट में ओएमआर शीट पर उत्तर देने थे।

डीआईओएस डॉ. पूरन सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय विज्ञान संचान एवं नीति अनुसंधान संस्थान विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार का प्रमुख संस्थान है। इसके तहत ज्ञान और जागरुकता मानचित्र मंच का संचालन होता है। इसमंत्र छात्र-छात्राओं का 21वीं सदी के कौशल, जागरुकता व विज्ञान के ज्ञान का मूल्यांकन किया जाता है। कक्षा नौ से इंटरमीडिएट तक के छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास, सामाजिक आर्थिक सरोकार की समझ, डिजिटल साक्षरता की समक्ष बढ़ाने के लिए अभिरुचि परीक्षा हुई है। कुल 18 राजकीय स्कूलों में परीक्षा हुई। मूल्यांकन के बाद जिला टॉपर को उत्कृष्टता व भागीदारी प्रमाण पत्र मिलेगा। राज्य टॉपर को क्रिटिकल थिंकर अवार्ड व प्रमाण पत्र मिलेगा। साथ ही अनुसंधान संस्थानों का भ्रमण कराया जाएगा। डीआईओएस का कहना है कि सभी पंजीकृत छात्र-छात्राओं को एक साल के लिए ऑनलाइन पाक्षिक कार्यशालाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

राजकीय माध्यमिक स्कूल डयोढ़ा में परीक्षा देते परीक्षार्थी। अमृत विचार

आज से स्कूल व मदरसों का होगा निरीक्षण

कन्नौज। बीएसए उपासना रानी वर्मा ने बताया कि पहली फरवरी से 29 तारीख तक परिषदीय स्कूलों के अलावा सभी सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों व मदरसों परिषदीय स्कूलों का नियमित निरीक्षण किया जाएगा। टीम में बीईओ व नगर शिक्षा अधिकारी भी शामिल रहेंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि विशेष अभियान में मिड-डे मील, ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 19 पैरामीटर, अनुपस्थित मिलने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई कुल तीन बिंदुओं पर फोकस किया गया है।

जिले के एक हजार शिक्षक आज सम्मानित होंगे

कन्नौज। शहर के तिर्वा रोड स्थित शरीफापुर गांव के निकट एक गार्डन में एक फरवरी को जनपद के करीब एक हजार शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। इसमें एमएलसी डॉ. आकाश अग्रवाल शामिल होंगे।

एमएलसी ने फोन पर बताया कि यूपी बोर्ड के करीब 250 विद्यालय और 140 मदरसा के शिक्षकों कार्यक्रम में बुलाया गया है। गुरुवार को दोपहर 12 बजे के बाद आयोजित होने वाले कार्यक्रम में एक हजार से 1200 अध्यापक सम्मानित होंगे। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम सभी के सहयोग से संपन्न होगा।

रोडवेज बस की टक्कर से मवेशी कारोबारी की मौत

पुलिस ने बस को कब्जे में लिया, यात्रियों को दूसरी बस से रवाना किया गया, पिकअप में मवेशी लाद जा रहा था मोहम्दाबाद

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

अमृत विचार। कायमगंज-फर्रुखाबाद रोड स्थित टेड़ीकोन के पास रोडवेज बस ने मवेशी लदे पिकअप को टक्कर मार दी। पिकअप में बैठे मवेशी कारोबारी की मौत हो गई। पिकअप चालक व उसके दो साथी घायल हो गए। कारोबारी पिकअप गाड़ी से मवेशी लाद कर मोहम्दाबाद जा रहा था। पुलिस ने रोडवेज बस को कब्जे में ले लिया है। यात्रियों को दूसरी बस से रवाना किया गया।

राशिद

क्षेत्र के गांव रायपुर निवासी राशिद कुरैशी (45) गांव के ही अपने साथी रईस मिया, अबरार के साथ मवेशी बेचने का कार्य करते थे। तीनों साथी गांव के ही पिकअप चालक राजिक की पिकअप गाड़ी को किराए पर लेकर मवेशियो को लाद कर विक्रय के लिए मोहम्दाबाद नखासे जा रहे थे। जब उनकी पिकअप कायमगंज फर्रुखाबाद मार्ग स्थित टेड़ीकोन के पास पहुंची तभी पिकअप में लदा एक मवेशी बैठ गया। उस मवेशी को खड़ा करने के लिए राशिक ने सड़क के किनारे वाहन रुकवाया और डाले के पास खड़ा हो गया। जबकि उसके दोनो साथी वाहन के अंदर जाकर मवेशी को खड़ा करने लगे। इसी बीच कायमगंज की ओर से तेज रफ्तार रोडवेज बस के चालक ने पिकअप में जोरदार टक्कर मार दी । जिससे राशिद समेत चारों घायल हो गए। गंभीर हालत में राशिद को सीएचसी लाया गया। जहां डाक्टर ने राशिद को मृत घोषित कर दिया जबकि चालक के अलावा उसके दोनो साथियो का इलाज शुरू किया गया। हादसे की जानकारी पर मृतक के परिजन सीएचसी पहुंचे। जहां राशिद का शव देकर बिलख पड़े। उनके चीत्कार से सभी के ह्रदय दहल गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने रोडवेज बस को अपने कब्जे में ले लिया। रोडवेज में सवार यात्रियों को दूसरी बस में शिफ्ट कर गंतव्य को भेजा। पिकअप गाड़ी को भी मंडी समिति भिजवाया। मृतक की पत्नी रिजवाना का रो-रो बुरा हाल है। परिजनो ने बताया मृतक का बड़ा पुत्र 15 वर्षीय अजीम, 12 वर्षीय अनस, 10 वर्षीय असद, 11 वर्षीय पुत्री आफरीन व 8 वर्ष की फलक है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सीएचसी में रोते परिवारीजन। अमृत विचार

कोहरा बना जानलेवा

कायमगंज : बुधवार की सुबह कोहरा बेहद था। हाल यह था कि रोड पर कुछ दूरी पर ही वाहन दिखाई नहीं दे रहे थे। सभी वाहन धीमी गति में अपनी दिशा की ओर चल रहे थे। रोडवेज बस तेज रफ्तार में थी। इसके चलते कोहरे में वह पिकअप को नजदीक पाकर बस से नियंत्रण खो बैठा और पिकअप में टक्कर मार दी।

गन्ना लदे ट्रैक्टर में टेंपो व बाइक घुसी, दस घायल

कायमगंज फर्रुखाबाद। मेदपुर गांव के पास कोहरे की बजह से गन्ना लदे ट्रैक्टर में टेंपो व बाइक जा घुसी, जिसमें दस लोग घायल हो गए। एक की हालत गंभीर है।

कंपिल से एक टेंपो चालक सवारिया भरकर कायमगंज की ओर रवाना हुआ जहां टेंपो मेदपुर गांव के पास खड़े गन्ना लदे ट्रैक्टर में जा घुसा। पीछे से ही बाइक सवार भी टैम्पों में जा घुसे जिसमें टैम्पों व बाइक सवार आधा दर्जन से अधिक सवार घायल हो गए। चीखपुकार मच गई। जोरदार धमाके की आवाज से आसपास के ग्रामीण मौके पर दौड़े और टैम्पों में फंसी सवारियों को बाहर निकाला। घटना की जानकारी पुलिस को दी गई, जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलो को सीएचसी लाया गया। टैंपों में सवार घायलों में कंपिल क्षेत्र के गांव कुवरपुर खास निवासी पुष्पेंद्र, अबधेश, संचिद्दानंद, रामनरेश, मुनीश, मैकूलाल, दीपू, कंपिल क्षेत्र के गांव अकबराबाद निवासी बाइक सवार श्याम सिंह, उनके पुत्र रजत व शिवम घायल हो गए। गंभीर हालत में टैंपो सवार रामनरेश को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

मार्ग दुर्घटनाओं में तीन घायल

कायमगंज : अलग अलग मार्ग दुर्घटना में क्षेत्र के गांव अताईपुर निवासी नीलेश, पपड़ी निवासी नीतू व श्यामवीर घायल हो गए। तीनो के परिजनों ने सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से नीलेश को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

मां-बेटी का शव आते ही खुशियां मातम में बदलीं

फर्रुखाबाद। देवर के बेटे की शादी में शामिल होने जाते वक्त कार की टक्कर से टेंपो सवार मां-बेटी की मौत हो गई। शव घर पहुंचने पर मातम पसर गया। रात भर चीख-पुकार मची रही। गमगीन माहौल में दोनों शवों को सुपुर्द खाक किया गया।

शहर के मोहल्ला खैराती खां निवासी स्व. इदरीश का छोटा भाई तोराब दिल्ली में परिवार के साथ रहता है। उसके पुत्र उस्मान की मंगलवार को शादी थी। उसमें शामिल होने इदरीश की पत्नी जरीना बेगम (45) अपनी बेटी मदीना (20) के साथ सोमवार शाम बस से दिल्ली गई थीं। वह टेंपो से गोविंदपुरी जा रही थीं। घर से करीब दो किमी पहले तेज रफ्तार एक कार ने टेंपो में टक्कर मार दी। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शवों को परिजनों को सौंप दिया।

पेड़ से गिरकर युवक की मौत, मचा कोहराम

अस्पताल में रोते परिजन। अमृत विचार

संवाददाता, कायमगंज-फर्रुखाबाद

- ललई गांव की घटना, घर के लिए पेड़ से काट रहा था लकड़ी, तभी संतुलन बिगड़ा

अमृत विचार। ललई गांव में पेड़ से गिरकर युवक की मौत हो गई। मौत पर परिवार में कोहराम मच गया।

इरशाद।

क्षेत्र के गांव ललई निवासी इरशाद (26) पुत्र लालमीर दिल्ली में बेकरी का कार्य करता था। वह काफी समय से अपने घर पर था। बुधवार को वह गांव स्थित रजबहे के पास खेत पर पापुलर के पेड़ पर चढ़कर टहनिया काट रहा था। तभी अचानक असंतुलित होकर नीचे जा गिरा और गंभीर घायल हो गया। यह देख उसके भतीजे तंजीम ने घर पर सूचना दी। सभी मौके पर पहुंचे और उसे सीएचसी लेकर आए। जहां डाक्टर ने इरशाद को मृत घोषित कर दिया। मौत पर मां जुलेखा, भाई बबलू, जमील व परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मृतक तीन भाईयो में सबसे छोटा था। उसकी की शादी नहीं हुई थी। परिजन शव लेकर घर चले गए।

शराब पिला युवक को जूतों की माला पहनाई

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक युवक को शराब पिला कर उसके मुंह पर गमछा बांध कर दबंग ने जूतों की माला पहनाई। पीड़ित की मां की तहरीर पर पुलिस ने मामले रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

थाना क्षेत्र के गांव वीरपुर निवासी रजनीश कुमारी पत्नी स्व. वेद राम जाटव ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 29 जनवरी 2024 को उसका पुत्र भूरा घर पर सो रहा था ।तभी गांव का शिवम पुत्र ओंकार ठाकुर घर पर आया और पीड़िता के पुत्र को घर से बुला ले गया । रजनीश के मुताबिक उसके पुत्र को जबरन आरोपी युवक ने शराब पिलाई। वहीं कुछ कहा सुनी होने लगी। तभी शराब के नशे में पीड़िता के पुत्र के मुंह पर उसने अंगोछा लपेट दिया और युवक के गले में जूतों की माला डाल दी । जब इस बात की जानकारी युवक की मां को हुई तो रजनीश कुमारी पहले आरोपी के विरुद्ध घर पर शिकायत करने गई।

इसके बाद थाने जाकर थाना पुलिस को आरोपी के विरुद्ध तहरीर दी । थानाध्यक्ष जेपी पाल ने बताया कि पीड़ित की मां की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

कापियां पुलिस अभिरक्षा में संकलन केंद्र भेजने के निर्देश

कार्यालय संवाद दाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। फतेहगढ के म्युनिस्पल इंटर कॉलेज में आयोजित प्रशिक्षण में केंद्र व्यवस्थापकों ने कई सवाल उठाए, जिनका जिला विद्यालय निरीक्षक ने जवाब दिया। पुलिसबल का मुद्दा जोरदारी से उठाया गया। केंद्र व्यवस्थापकों को बोर्ड परीक्षा के संबंध में नई-नई जानकारियां दी गईं।

बुधवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद से प्रशिक्षण लेकर आए प्रधानाचार्य योगेश तिवारी ने केंद्र व्यवस्थापकों से कहा कि अबकी बार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी लिखित उत्तर पुस्तिकाओं के बंडल परीक्षा केंद्रों से संकलन केंद्र नहीं ले जाएंगे। विद्यालय के लिपिक या शिक्षक की देखरेख में पुलिस अभिरक्षा में बंडलों को संकलन केंद्र भिजवाया जाएगा। यह सुनते ही केंद्र व्यवस्थापकों ने कहा कि पुलिसबल तो मिलता ही नहीं है। इसके साथ ही अन्य समस्याएं भी बताएं। जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने कहा कि पुलिसबल मुहैया कराए जाने को लेकर पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा जाएगा। अन्य समस्याओं का भी निस्तारण किया जाएगा। प्रधानाचार्य एपी सिंह ने कहा कि परीक्षा केंद्र पर कक्ष निरीक्षक उपस्थिति पंजिका रखी जाए, जिसमें उनका नाम, पदनाम, अध्यापित विषय व स्नातक व परास्नातक का विषय अंकित हो। प्रधानाचार्य संतोष त्रिपाठी ने कहा कि स्ट्रांग रूम व उसमें रखी डबल लॉक अलमारी चौबीस घंटे नाइटविजन सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगी। इसके साथ ही बोर्ड संबंधी अन्य जानकारियां भी केंद्र व्यवस्थापकों को दी गईं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य अनिल सिंह, गिरिजाशंकर, गंगा महेश मिश्र, नर्गिस खान व सुमन त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

एमआईसी फतेहगढ़ में चल रहा प्रशिक्षण। अमृत विचार

- प्रशिक्षण में मौजूद केंद्र व्यवस्थापकों ने पुलिस बल न मिलने का उठाया मुद्दा

सार-संक्षेप

दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, दंपति समेत तीन घायल

संवाददाता, फर्रुखाबाद। थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के नगला गुलाल में दो पक्षों में कहासुनी के बाद जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट की घटना में दंपति समेत आठ लोग घायल हो गए। घायलों का लोहिया अस्पताल में मेडिकल कराया गया। मामले में आठ लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। गांव नगला गुलाल निवासी योगेंद्र की गांव के ही अजय के साथ कहासुनी हो गई। मामला बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे चलने लगे। मारपीट में योगेंद्र, उनकी पत्नी पायल व दूसरे पक्ष से अजय कुमार घायल हो गए। पायल को गंभीर हालत में लोहिया अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस ने घायलों का डॉक्टरी परीक्षण कराया। अजीत प्रताप सिंह की तहरीर पर पुलिस ने अजय, शिवम, आशीष, राजन, सोनू, पप्पू, शैलेंद्र सिंह व माधुरी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना के बाद से दोनों पक्षों में तनाव बना हुआ है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अजीत ने आरोप लगाया कि उनकी अनुपस्थिति में दबंग दोबारा घर में घुस गए थे।

व्यापारी पर लगाया कब्जा करने का आरोप

फर्रुखाबाद। पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर युवक ने व्यापारी नेता पर कब्जा करने का आरोप लगाया। साथ ही कहा कि व्यापारी नेता बसपा नेता माफिया के गुर्गा हैं। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव कुटरा निवासी शिवम कटियार ने एसपी विकास कुमार को दिए प्रार्थना पत्र में कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा के पास के निवासी व्यापारी नेता बसपा नेता माफिया अनुपम दुबे के गुर्गे हैं। पिता जितेंद्र कुमार ने व्यापारी नेता व ग्वालटोली निवासी एक युवक को दुकान किराए पर दी थी। व्यापारी नेता व युवक ने दुकान पर नाजायज रूप से कब्जा कर लिया है। पिता के देहांत के बाद इन लोगों से कई बार दुकान खाली करने का दबाव बनाया। व्यापारी नेता व युवक ने दुकान खाली करने से मना कर दिया और दुकान बेचने का दबाव बनाकर जान से मारने की धमकी दी। ऐसे में वह परेशान है। इस मामले में एसपी ने जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिए है।

गर्म पानी से बच्ची झुलसी

कायमगंज फर्रुखाबाद। नगर के मोहल्ला फूलमती मंदिर के समीप निवासी दीपक की दो वर्षीय पुत्री निक्की गर्म पानी से झुलस गई। परिजन उसे सीएचसी लाए। जहां उसका इलाज किया गया। बच्ची गंभीर रूप से धुलस जाने से परिजन चिंचित हैं। लाभ न मिलने पर डाक्टर भी उसे रेफर कर सकते हैं।

पत्रकारों से बातचीत करते नवल किशोर शाक्य। अमृत विचार

पीडीए से उतारे गए उम्मीदवार लोस चुनाव में भाजपा को हराएंगे

फर्रुखाबाद। पिछड़ा,दलित,और अल्प संख्यक मिल कर लोक सभा चुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त देगें। यह बात आज यहां सपा के घोषित लोक सभा उम्मीदवार नवल किशोर शाक्य ने कही। नवल किशोर पार्टी के जिला कार्यालय पर पत्रकारो से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने भाजपा पर करारे प्रहार करते हुए कहा कि भाजपा धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है। इसका जबाव देने के लिए पीडीए का गठन किया गया है। अब पिछड़ा दलित और अल्पसंख्यक मिल कर आगामी लोक सभा चुनाव में सपा को जिताकर भाजपा को मुह तोड़ जबाव देगें। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी ने इटावा,मैनपुरी,बदायूं बांदा सहित कई जिलों में पीडीए से आने वाले ही प्रत्याशी बनाए है। सपा को अगड़ों का वोट नहीं चाहिए इस सवाल पर सपा प्रत्याशी चुप्पी साध गए। स्वामी प्रसाद मौर्य के बयानों पर सपा प्रत्याशी ने कहा, पार्टी कई बार कह चुकी है कि वह उनके निजी बयान है । इससे पार्टी को कुछ लेना देना नही है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चन्द्रपाल सिंह यादव,यूनुस अंसारी पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम सहित दर्जनों पदाधिकारी मौजूद रहे।

मेला में पेट दर्द के रोगी बढ़े, 170 रोगियों की जांच

फर्रुखाबाद। गंगा तट पांचाल घाट पर लगे मेला रामनगरिया में पेट दर्द के रोगियों की संख्या बढ़ती चली जा रही है। मेला रामनगरिया में खोले गए एलोपैथिक अस्पताल में बुधवार को 170 रोगियों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया ।जिनमें अधिकांश रोगी पेट दर्द और पेचिश से पीड़ित पाए गए ।

मेला रामनगरिया के अस्थाई अस्पताल में ड्यूटी कर रहे डॉक्टर पुष्पेंद्र सिंह ने बताया कि ज्यादातर रोगी पेट दर्द से पीड़ित होकर आ रहे हैं ।जिन्हें दवा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि बुखार जुकाम से भी पीड़ित रोगी भीआ रहे हैं ,लेकिन पेचिश और पेट दर्द से पीड़ित रोगी बहुतायत से आ रहे हैं। चिकित्सक यह भी मानते हैं मौसम और खानपान में थोड़ी सी भी लापरवाही से पेट की बीमारी हो सकती है।

कल्पवासी सहायता केंद्र का हुआ उद्घाटन

संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। पांचाल घाट गंगा तट पर मेला श्री राम नगरिया लगा हुआ है। हजारों की संख्या में श्रद्धालु कल्पवास कर रहे हैं ।बिजली, पानी, शौचालय की समस्या से उन्हें दो चार होना पड़ रहा है। करणी सेना ने मेला में कल्पवासी सहायता केंद्र का शुभारंभ किया है।

मेला श्री राम नगरिया में प्रशासनिक पांडाल के पीछे करणी सेना को प्रशासन ने कार्यालय उपलब्ध कराया है ।बुधवार दोपहर को पंच दस नाम जूना अखाड़ा प्रमुख संत सत्य गिरी महाराज ने फीता काट कर कल्पवासी सहायता केंद्र का शुभारंभ किया।

संत सतगिरी महाराज ने कहा कि कल्पवासियों साधु संतों की परेशानियों को दूर करने के लिए करणी सेना ने अच्छा कदम उठाया है ।जनता की सेवा करना है की सबसे बड़ा मानव का कर्तव्य है। करणी सेना जिला अध्यक्ष मंथन ठाकुर ने कहा की मेला श्री रामनगरिया में कल्पवास कर रहे हर श्रद्धालु के पास संगठन के पदाधिकारी पहुंचेंगे। उनकी समस्याओं का हर संभव स्तर पर निस्तारण करने का प्रयास किया जाएगा। साथ ही कार्यालय प्रभारी के तौर पर कीर्तिवर्धन सिंह राठौड़ की नियुक्त की गई है। जिला महासचिव प्रदीप सिंह राठौड़ के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम मेला श्री रामनगरिया में काम करेगी। इस दौरान भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ संयोजक जितेंद्र सिंह, एफवीएम अध्यक्ष भईयन मिश्रा, मानवाधिकार संगठन नेता धीरज पांडे, भाकियू जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सोमवंशी आदि रहे।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर 27.50 लाख से लगेंगे झूले, टेंडर प्रक्रिया शुरू

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

अमृत विचार। जनपद के 55 को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों (परिषदीय विद्यालय में संचालित आंगनबाड़ी केंद्र) में 27.50 लाख से झूले लगाए जाएंगे। बजट आवंटित होते ही बेसिक शिक्षा विभाग ने टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी है।

करीब छह माह पहले शासन ने को-लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्रों में झूले लगवाए जाने के आदेश दिए थे। इसके लिए शासन ने जिला बेसिक शिक्षा विभाग को 27.50 लाख का बजट आवंटित किया था। प्रति आंगनबाड़ी केंद्र पर 50 हजार रुपये की लागत से पांच-पांच झूले लगाए जाने हैं। बजट मिलने के बाद टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पांच फर्मों ने जेम पोर्टल पर आवेदन किए हैं। हालांकि अभी किसी फर्म को ठेका नहीं दिया गया है। ठेका उठते ही झूले लगाए जाने की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

- शासन ने बजट किया आवंटित, टेंडर प्रक्रिया हुई शुरू
- प्रति आंगनबाड़ी खर्च होगा 50 हजार, बच्चे झूलेंगे झूले

यह झूले लगेंगे

- एआरसी स्विंग टू सीटर
- शीशा टू सीटर
- स्टैंडिंग एमजीआर
- स्लाइडर
- रॉकिंग वोट टू सीटर

आंगनबाड़ी केंद्रों पर बढ़ेगा बच्चों का रुझान

सरकार का उद्देश्य है कि नौनिहाल खेल-खेल में पढ़ाई कर सकें, इसीलिए आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की पढ़ाई प्री प्राइमरी स्कूलों की तरह कराई जाने लगी है। पढ़ाई के दौरान बच्चों का मन लग सके, इसलिए उन्हें मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। इसी कड़ी में सरकार आंगनबाड़ी केंद्रों में झूले लगवा रही है, जिससे नौनिहालों का रुझान बढ़ सके। आंगनबाड़ी केंद्रों में झूले लगने से बच्चे वहां रुकेंगे।

> जनपद के 55 आंगनबाड़ी केंद्रों में पांच-पांच झूले लगाए जाएंगे। प्रति विद्यालय 50 हजार रुपये खर्च होंगे। बजट मिल गया है। पांच फर्मों ने टेंडर डाले थे, लेकिन शर्तें पूरी न होने के चलते टेंडर नहीं हो सका। अब दोबारा टेंडर डाला जाएगा। जल्द ही ठेका उठाकर झूले लगवाए जाएंगे।
>
> – गौतम प्रसाद, बेसिक शिक्षाधिकारी

चरित्र निर्माण शिविर | कल्पवासियों को गृहस्थ जीवन सुखी बनाने के उपाय बताए गए

मेला रामनगरिया : वैदिक क्षेत्र में सत्संग की बयार

कार्यालय संवाददाता, फर्रुखाबाद

अमृत विचार। मेला रामनगरिया के वैदिक क्षेत्र चरित्र निर्माण शिविर में आज वैदिक सत्संग का आयोजन किया गया। जिसमें कल्पवासियों को गृहस्थ जीवन को सुखी बनाने के उपाय बताए गए।

शिविर के संचालक आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि पति और पत्नी इस गृहस्थ रूपी रथ के दो पहियों के समान होते हैं । यदि इन दोनों में समन्वय न हो तो गृहस्थी की गाड़ी मार्ग से भटक सकती है। इसके लिए दोनों को शास्त्रों का यथावत ज्ञान आवश्यक है। आज भौतिकवाद के बढ़ते प्रभाव से गृहस्थ की मर्यादाएं टूट रही हैं। एक सद्गृहस्थ का वास्तविक धर्म श्रेष्ठ सन्तान का निर्माण करना है, पर आज का व्यक्ति संतान के स्थान पर उसके लिए भौतिक संसाधनों के निर्माण में लगा रहता है। यही बाद में पारिवारिक दुःखो का कारण बनता है। अपने परिवारों को स्वर्ग बनाने के लिए हमें वेद के विद्वानों के सानिध्य में बैठकर सत्संग लाभ लेना चाहिए । कहा कि अपने पूर्वजों व महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। मर्यादा पुरूषोत्तम राम व योगीराज श्रीकृष्ण आदि महापुरुषों के जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए जो कि एक सद्गृहस्थ के अनुपम उदाहरण हैं। यह भी कहा कि दुर्भाग्य है कि आज का व्यक्ति फिल्मी कलाकारों और टीवी सीरियल को अपना आदर्श मान अपने सुखी गृहस्थ जीवन में ग्रहण लगा रहे हैं। आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि हमे स्वामी दयानंद के बताए मार्ग पर चलकर अपने परिवार को सुखमय बनाने का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए एक मास तक सभी कल्पवासी नित्य वैदिक क्षेत्र में आकर अपने इस तप को सिद्ध करें तभी हमारा कल्पवास सार्थक होगा।

मध्याह्न की सभा मे हरदेव आर्य, धनीराम बेधड़क व उदिता आर्या ने भक्तिमय भजन सुनाकर सभी को मोहित किया। प्रातःकाल यज्ञ शैलेश शास्त्री ने संपन्न कराया। आज के कार्यक्रम में हरिओम शास्त्री, उत्कर्ष आर्य, उदयराज,यज्ञ प्रताप, शिशुपाल, प्रशांत आर्य, उपासना कटियार, अमृता आर्या आदि उपस्थित रहे।

सत्संग सुना रहे आचार्य। अमृत विचार

ग्राम प्रधान को लात घूसों से जमकर पीटा

कायमगंज फर्रुखाबाद

- टंकी निर्माण में मानक के अनुसार कार्य न करने का किया था विरोध

ग्राम पंचायत रसीदाबाद तिवारियान के ग्राम प्रधान पर हमलावरों ने लात-घूसों से जमकर पीटा। जानमाल की धमकी दी। प्रधान ने गांव में टंकी निर्माण में मानक के अनुसार कार्य न करने का विरोध किया था। पीड़ित प्रधान ने सीओ से शिकायत की है।

कंपिल क्षेत्र के गांव रसीदाबाद तिवारियान के ग्राम प्रधान अजय कुमार ने सीओ को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है उनकी ग्राम पंचायत में पानी की टंकी का निर्माण हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि उसमे पीली ईट लगाई जा रही है जिसमें गुणवत्ता नहीं है वही मानक के अनुसार सामग्री नहीं लगाई जा रही है। इसको लेकर वह 28 जनवरी को मौके पर पहुंचे। ठेकेदार को मानक के अनुसार कार्य करवाने को कहा और वापस चला आया। उसके दो दिन बाद ठेकेदार उसके घर आया और कहा कि कंपनी के कुछ लोग आए है और पानी की टंकी के पास है। इस पर ग्राम प्रधान ठेकेदार के साथ चला गया। जहां देखा एक चौपहिया वाहन में कुछ लोग असलहों के साथ बैठे थे। उन लोगो ने प्रधान से जाति पूछकर गाली गलौज करने लगे। जब उसने विरोध किया तो आरोपियों ने लात-घूसों से जमकर मारपीट की। इसी बीच गांव के लोगों ने बचाया। प्रधान को जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रधान ने डायल 112 पर कॉल कर सूचना दी।

निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

डीएम व एसपी ने जिला व सेंट्रल जेल का किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद। पुलिस कप्तान विकास कुमार और इंचार्ज जिलाधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने जिला जेल एवं सेंट्रल जेल फतेहगढ़ का आकस्मिक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने बंदियों से बातचीत कर उनके हाल-चाल जाने। जिला जेल पहुंचे इंचार्ज जिलाधिकारी और पुलिस कप्तान ने जेल के बंदियों द्वारा तैयार की जा रही सामग्री को देखा तथा जेल के अस्पताल में जाकर बंदियों से मिलकर उनके हाल-चाल जाने। डीएम एसपी ने जेल की बैरकों का भी निरीक्षण किया। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ पहुंचकर बंदियों से पूछताछ की और जेल अधीक्षक को निर्देश दिए की बंदी के बीमार होते ही उसके समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए। अगर जेल में इलाज की व्यवस्था संभव नहीं है तो उसे तत्काल प्रभाव से लोहिया अस्पताल भेजा जाए। बंदियों के बीमार होने पर हीला हवाली न की जाए और ना ही यह बहाना बनाया जाए की गार्ड उपलब्ध नहीं हो सकी। इस दौरान जिला जेल अधीक्षक भीमसेन मुकुंद के कार्यों की डीएम एसपी ने सराहना की और कहा कि हर अधिकारी को बंदियों केसम्बन्ध में इसी तरह कार्य करना चाहिए।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक : सम्पत्रमश्नाति वस्त्रे वासश्च शोभनम् ।
योऽसंविभज्य भृत्येभ्य : को नृशंसतरस्तत : ॥

जो व्यक्ति स्वार्थी है, कीमती वस्त्र, स्वादिष्ट व्यंजन, सुख-ऐश्वर्य की वस्तुओं का उपभोग स्वयं करता है, उन्हें जरूरतमंदों में नहीं बाटंता-उससे बढ़कर क्रूर व्यक्ति कौन होगा?

संपादकीय

बजट से उम्मीदें

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को बजट सत्र के उद्घाटन अवसर पर संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में कहा कि एक देश तेज गति से तभी प्रगति कर सकता है जब वह अतीत की चुनौतियों को हरा दे और भविष्य के निर्माण में अधिकतम ऊर्जा लगाता है। उन्होंने कहा सरकार का मानना है कि विकसित भारत की भव्य इमारत युवा शक्ति, महिला शक्ति, किसानों और गरीबों के चार मजबूत स्तंभों पर खड़ी होगी। यानि स्पष्ट है कि भविष्य के लिए हम कौन सी राह पकड़ने वाले हैं। ध्यान रहे लोकसभा चुनाव से पहले संसद का यह आखिरी सत्र है। गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम अंतरिम बजट सदन में पेश करेंगी। इस बजट पर पूरे देश की नजर रहेगी। हालांकि बजट में कोई बड़ी घोषणा नहीं होगी क्योंकि यह आम चुनाव से पहले लेखानुदान होगा। सरकार जो अंतरिम बजट पेश करेगी वह सिर्फ तब तक के लिए सरकारी खर्चों को पूरा करने के वास्ते होगा जब तक कोई नई सरकार नहीं बन जाती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा कि जब चुनाव का समय निकट होता है, तब आमतौर पर पूर्ण बजट नहीं रखा जाता है, हम भी उसी परंपरा का निर्वाह करते हुए पूर्ण बजट नई सरकार बनने के बाद लेकर आएंगे।

लोकसभा चुनाव से पहले पेश होने वाला अंतरिम बजट, सत्ताधारी पार्टी के लिए मुफ्त एवं लोकलुभावन योजनाओं के जरिए मतदाताओं को आकर्षित करने का एक मौका होता है। वर्ष 2019 में आम चुनाव से पहले पेश अंतरिम बजट में भी ऐसा होते देख चुके हैं। 'किसान सम्मान निधि' योजना की घोषणा फरवरी 2019 के अंतरिम बजट में ही की गई थी। उसके दो महीने बाद लोकसभा के चुनाव हुए थे। सर्वे एजेंसी सीएसडीएस के मुताबिक लोकसभा चुनाव में इस योजना ने खेल परिवर्तक की भूमिका निभाई। मौजूदा लेखानुदान में क्या होगा, किन योजनाओं की घोषणा की जा सकती है, उनकी अटकलें ही लगाई जा सकती हैं, लेकिन देश के सामने जो समस्याएं और चुनौतियां हैं, उनके आधार पर विश्लेषण किया जा सकता है। दुनियाभर में गंभीर संकट के बीच भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था है और पिछली लगातार दो तिमाहियों में आर्थिक वृद्धि दर साढ़े सात प्रतिशत रही है। बेशक भारत की अर्थव्यवस्था कोरोना के बावजूद बेहतर स्थिति में है, लेकिन रोजगार, नौकरी, असमानता और देश पर कर्ज का बोझ आदि ऐसे मुद्दे हैं, जिन्हें अब बजट के जरिए गंभीरता से संबोधित किया जाना चाहिए।

शीत का प्रकोप, ऊष्मा और प्रकाश से हमारा नाता

रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0.5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है।

ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते।

सबसे ठंडा शहर साइबेरिया में साखा रिपब्लिक (रूस) का फेडरल डिस्ट्रिक्ट याकुत्स्क है। यहां 31 जनवरी को तापमान शून्य से नीचे 32 डिग्री सेल्सियस था। हर तरफ बर्फ था। लगता है याकुत्स्क फ्रीज हो गया है। फिर भी लोग जीते हैं और सक्रिय हैं। 'फिजियोलॉजी ऑफ कोल्ड' के लिहाज से देखा जाए तो यह बड़ी हिम्मत है। यहां रहने वाले लोगों के शरीर ने अनुकूलन कर लिया है। अमेरिका और याकुतिया के वैज्ञानिकों की रिसर्च यह बताती है कि दीर्घ निवास के कारण याकुट लोगों की शरीर क्रिया अनुकूलन की वजह से शीत को अद्भुत रूप से झेलने के काबिल हुई है। वैज्ञानिकों ने इन लोगों की शरीर क्रिया, मौसम के अनुसार शारीरिक गतिविधि, शरीर में वसा और कार्बोहाइड्रेट, हार्मोन और ठंड की वजह से शरीर के अंग-प्रत्यंगों में सूजन की संभावना होने के अलावा पोषण स्तर का आंकलन भी किया है। यह मालूम हुआ कि इनके शरीर में विशिष्ट प्रकार से मेटाबोलिक क्रियाओं की उत्पत्ति के बावजूद कुछ खास तरह से चयापचई विकारों का विकास होता है जिसे अमेरिका-रूस की संयुक्त मेडिकल रिसर्च टीम ने दर्ज किया। ऐसी ही कुछेक शारीरिक दिक्कतें भारत में मैदानी और पर्वतीय इलाकों में रहने वालों में देखा गई हैं जिनके कारण और नैदिनिकी कुछ अलग तरह की है।

भारत में उत्तर के मैदानी इलाकों में पिछले 20 दिन से अधिक हुआ, मौसम लोगों के शरीर और मन के अनुकूल नहीं है। गंगा-जमुना के मैदानी इलाकों में तापमान 0.5 से लेकर 45-47 डिग्री सेल्सियस तक होता है। राजस्थान में चुरू और हरियाणा के हिसार और नारनौल में तो यह शून्य दर्जे सेल्सियस से भी एक-दो दर्जा नीचे अनेक बार आंका गया है। गर्मी झेलने वाले लोग एक डिग्री सेल्सियस तक और 46 डिग्री तक तापमान पहुंचने पर अनुकूलन कैसे करते हैं। यह रहस्य शरीर की चयापचयी क्रियाओं और हार्मोन्स के स्राव की मात्रा के स्तर, रक्त में इसके विचरण और शरीर के रेस्पांस पर निर्भर करता है। हमारे लिए जून महीने में हीट-स्ट्रेस और शीत ऋतु में कोल्ड-स्ट्रेस को झेलना मुश्किल होता है। शरीर को अपने भीतर का 'कोर-टेम्परेचर' बनाए रखने से पहले कुछ परिवर्तन करने पड़ते हैं। यह तभी संभव है जब शरीर के भीतर मौजूद एंडोक्राइन ऑर्गन्स का आपस में सही जैव-रासायनिक संबंध कायम रहे और कोशिकाओं और सिस्टम में मौजूद संवेदी अर्थात् रिसेप्टर्स अपना काम सही से करें। चूंकि ऋतु परिवर्तन के दौरान दिन और रात की अवधि, प्रकाश और अंधेरे के कुल समय और तापमान एवं वायुमंडल में मौजूद नमी में बदलाव धीरे-धीरे होता है। इसलिए अनुकूलन भी साथ-साथ, धीमी गति से होता रहता है। मई-जून में लू चलने पर वातावरण अत्यधिक गर्म होने से और शीत ऋतु में कंपकपा देने वाली पश्चिमी हवाओं के चलने या कोल्ड-वेव के दौरान शरीर का एक हिस्सा अगर उघड़ा रह जाए और शरीर में पानी की कमी हो जाए तो क्रमशः हीट-स्ट्रेस और कोल्ड स्ट्रेस होता है।

कोल्ड-स्ट्रेस के बाद अगर 'हाइपोथर्मिया' हो जाए और समय से शरीर को उष्मा के संपर्क में न लाया जाए तो मृत्यु निश्चित है। वैज्ञानिक अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि शरीर का भीतरी तापमान 85.1 डिग्री फारेनहाइट तक अगर गिर जाता है तो यह जानलेवा संकट की स्थिति है और ऐसे में प्रति मिनट एक-दो बार ही दिल धड़कता है। नब्ज़ और सांस तो करीब-करीब बंद ही मालूम पड़ते हैं। अगर तापमान गिर कर 68 डिग्री फारनहाइट हो जाए तो मृत्यु निश्चित है। उत्तर भारत में ठंड का प्रकोप लंबी अवधि तक बना रहे तो प्रत्येक जीवधारी के शरीर में स्वैच्छिक रूप से चलने वाली मेटाबोलिक प्रक्रियाएं कुछ उत्पात कर सकती हैं। मधुमेह और हृदय रोग से पीड़ितों के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय होता है। बच्चों और वृद्ध लोगों के लिए यह बड़ी मुश्किलें पैदा करता है। सोने-जागने के समय और अवधि में अनिश्चितता होने लगती है, भूख बिगड़ जाती है और तरल भोजन का सेवन न करने और आहार की किस्म का ध्यान न रखने, पर्याप्त मात्रा में गुनगुना पानी न पीने के कारण भी शरीर का रेस्पोंस और जैव-रासायनिक संतुलन अत्यधिक ठंडे मौसम मैं चौपट हो जाता है।

ठंडे प्रदेशों में लोग इन दिनों घर से बाहर नहीं निकलते और घर में बैठकर आग तापते हैं। हमने देखा होगा कि कॉलोनियल टाइप के बंगलों में बड़े कमरे में एक अंगीठी बनाई जाती थी जिसमें सूखी लकड़ी के छोटे टुकड़े डालकर कई घंटा तक इसके सामने घर के लोग बैठा करते। अधिक ठंड और गर्मी में चिक को नीचे सरका कर लू और शीत से बचाव कर लिया जाता और अंदर के कमरों का ताममान 4-5 डिग्री सेल्सियस तक कम रखा जा सकता था। यूरोप, रूस, कनाडा, उत्तरी अमेरिका और जापान में पारंपरिक घरों को गर्म रखने के लिए एक केंद्रीय व्यवस्था बनाई जाती थी। इसमें एक दहन कक्ष में आग जलाकर इसकी ऊष्मा को पक्के सुरंगों और पाइप्स के जरिए पूरी इमारत में पहुंचाया जा सकता था। इसे सेंट्रल हीटिंग सिस्टम कहते हैं।

उत्तरी अक्षांशों में बसे शहरों में रईस लोगों और सरकारी इमारतों में आज भी यह सिस्टम चालू है। भारत में उत्तर के सर्दी झेलने वाले इलाकों में आजकल बनाए जाने वाले घरों के डिजाईन 'बिगाड़' दिए गए हैं। आर्किटेक्ट लोग आर्टिफीसियल-हीटिंग और कूलिंग को तरजीह दी जाए, ऐसा डिजाईन निकालते हैं। इससे घरों में एयर-कंडिशनर लगाने पड़ते हैं और जीवनयापन मंहगा हो जाता है। अत्यधिक शीत को सहने की क्षमता को पहचानने के लिए पृथ्वी पर अनेक चुनिंदा जगहों पर रहने वाले जीव-जंतुओं और मनुष्यों के शरीर पर अध्ययन किए गए हैं ताकि अनुकूलन कैसे होता है इसका पूरा मैकेनिज्म मालूम किया जाए और किसी वजह से इसके दुष्प्रभाव की चपेट में मनुष्य या पालतू जीव आए तो उसका सही से इलाज किया जा सके। ऊंचे और हिमपात वाले पर्वतों पर ऑक्सीजन की कमी भी गैर-रहवासियों को बुरी तरह प्रभावित कर सकती है अगर अनुकूलन के नियमों का पालन न किया जाए। मैदानी स्थानों पर जहां हिमपात होता है या अत्यधिक शीत होती है, तब पालतू पशु और मनुष्य के विपत्ति में पड़ने पर इलाज करने के प्रोटोकॉल न केवल तय किए गए हैं, बल्कि अत्याधुनिक रिसर्च से इसमें बराबर सुधार भी आता रहा है। उत्तरी ध्रुव क्षेत्र और हिमपात होने वाले पर्वतों और मैदानी इलाकों में जो जीव-जंतु रहते हैं वे हिमपात से पहले या तो नीचे आ जाते हैं या वे दीर्घ निद्रा लेते हैं। दीर्घ निद्रा के दौरान इनके शरीर की चयापचयी प्रक्रियाएं सुस्त पड़ जाती हैं और अंदर के मल द्रव्य 'री-सायकल' होने शुरू हो जाते हैं। इसकी बायो-केमिस्ट्री बड़ी अद्भुत है और नाइट्रोजन वेस्ट पदार्थ सुसुप्तावस्था में भी बाहर न निकले तो भी किसी प्रकार की टॉक्सिसिटी पैदा नहीं करते। यह लाखों साल में क्रमिक विकास के दौरान अनुकूलन से ही संभव हुआ है।

एक और महत्वपूर्ण बात यह कि कोहरे और आकाश में जरूरत से अधिक नमी व्याप्त हो जाने से कई दिन तक मनुष्य को अगर सूरज दिखाई न दे शरीर के भीतर मौजूद 'जैव-घड़ी' अर्थात् बायो-लॉजिकल क्लॉक, की सुइयां स्लो हो जाती हैं या कूदने-फांदने लगती हैं, कंफ्यूज हो सकती हैं और व्यक्ति का ध्यान डिगा सकती हैं। इसे 'डिस-ओरिएंटेशन' कह सकते हैं। अगर किसी व्यक्ति को मेटाबोलिक डिसऑर्डर है और दवा पर निर्भर है तब उसकी दवा की रोजाना की डोज और दिनचर्या को हल्का सा बदलने की जरूरत भी हमारा डॉक्टर बताएगा।

स्वस्थ मनुष्य को शारीरिक गतिविधि और हल्का व्यायाम, तरल, गर्म और ताजा आहार लेने। मांस-मदिरा से बचने, धूम्रपान कम कर देने या बिल्कुल ही त्याग देने और आहार में नमक और मीठा कम करने की भी स्लाह तो देगा ही, डॉक्टर यह भी कहेगा कि दवा निश्चित समय नियमित तौर पर लें। इसलिए सूरज के उदय होने के बाद अस्त होने तक विभिन्न उष्मीय तीव्रता से दृष्टिगोचर होना और इसे महसूस करना, ऋतु में अत्यधिक शीत होने के दिनों में जरूरी माना गया है। सबसे जरूरी है कोल्ड-एक्सपोज़र से बचना और शरीर की अंदरूनी ऊष्मा को बचा कर रखना। कुल मिलाकर यह मामला 'डाईयुर्नल रिदम्स' और सोलर-रेडिएशन से जुड़ा हुआ है जिसके केंद्र में है सूर्य और इससे मिलने वाली ऊष्मा की मात्रा और प्रकाश की तीव्रता और अवधि। इस दौरान ऋतु अनुसार वायु के प्रवाह की गति और वर्षा जरूरी हैं।

प्रसंगवश

महात्मा गांधी के आखिरी घंटे

वो 30 जनवरी का दिन था। महात्मा गांधी सुबह 3:30 बजे उठे और कुछ कांग्रेस के कागजी मसौदों को तैयार करके वापस सोने चले गए। इस दौरान उन्होंने नींबू और शहद का गरम पेय और मौसमी का जूस पिया। दोबारा वे 8:00 बजे उठे अखबारों पर नजर दौड़ाई फिर बृज कृष्ण ने उनकी तेल से मालिश की, नहाने के बाद उन्होंने बकरी का दूध, उबली हुई सब्जियां टमाटर मूली, गाजर का सलाद और संतरे का रस लिया। इस दौरान उनके पुराने साथी जो डरबन में उनके साथ थे रुस्तम सोराब जी अपने परिवार के साथ उनसे मिलने आए। इसके बाद बापू दिल्ली के कुछ मुस्लिम नेताओं से भी मिले। सुधीर घोष और उनके सचिव प्यारे लाल ने नेहरू और पटेल के बीच मतभेदों पर लंदन टाइम्स में छपी एक टिप्पणी पर उनकी राय मांगी तो बापू ने कहा यह मामला वह पटेल के सामने उठाएंगे, जो 4:00 बजे शाम को उनसे मिलने आ रहे हैं और नेहरू से भी बात करेंगे, जो 7:00 बजे शाम में आएंगे।

रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

उधर बिरला हाउस के लिए निकलने से पहले नाथूराम गोडसे ने नारायण दत्तात्रेय आप्टे से कहा कि उसका मूंगफली खाने का मन कर रहा है। आप्टे उनके लिए मूंगफली लेने गए। थोड़ी देर बाद आकर बोले मूंगफली मिल नहीं रही है, लेकिन गोडसे ने फिर से उनसे मूंगफली लाने के लिए कहा, आप्टे फिर से निकले और इस बार वह मूंगफली लेकर आए। दोनों ने मूंगफलियां खाई आप्टे ने कहा कि काम पर निकलने का समय हो रहा है। 4:15 बजे उन्होंने कनॉट प्लेस से एक तांगा किया और बिरला हाउस से कुछ पहले ही वह उतर गए। (इस बात को लॉपियर एंड कॉलिन्स ने अपनी किताब फ्रीडम एट मिडनाइट में लिखा है।)

4:00 बजे शाम को सरदार पटेल अपनी पुत्री मनी बेन के साथ बापू से मिलने आए और शाम 5:00 बजे प्रार्थना के समय तक उनसे बातचीत करते रहे। सरदार पटेल के साथ बात करते हुए बापू लगातार चरखा चला रहे थे और उन्हें समय का आभास न हुआ, पर आभा को मालूम था कि गांधी जी को प्रार्थना में देरी से पहुंचना बिल्कुल भी पसंद नहीं है। वह परेशान हो रही थी, लेकिन सरदार पटेल के सामने उनकी हिम्मत नहीं हो रही थी कि वह गांधी को टोक सकें कि उन्हें देर हो रही है। इसलिए उन्होंने बापू की जेब घड़ी उठाई और उसे धीरे से हिलाकर बापू को दिखाया। मणिबेन ने देखा और उनकी बातचीत में हस्तक्षेप किया। 5:10 हो चुके थे। आभा और मनु ने बापू को चप्पल पहनाकर उनका हाथ अपने कंधे पर रखकर उठाया। रास्ते में उन्होंने आभा से मजाक किया तुमने आज मुझे मवेशियों का खाना दिया था। उनका इशारा गाजरों की तरफ था आभा ने कहा हां बा भी इसको घोड़े का खाना कहती थीं, इस पर बापू हंसते हुए बोले अब मेरी दरियादिली देखों मैं इसका आनंद उठा रहा हूं जिसकी कोई परवाह तक नहीं करता है।

आभा ने बात को आगे बढ़ते हुए कहा आज आपकी घड़ी सोच रही होगी कि उसे नजर अंदाज किया जा रहा है तो बापू हंसते हुए बोले मैं घड़ी की तरफ क्यों देखूं यह नर्स का काम होता है। तुम्हारी वजह से मुझे 10 मिनट की देरी हो गई नर्स को अपना काम बिल्कुल समय पर करना चाहिए। ईश्वर के सामने भी प्रार्थना सभा में एक भी मिनट की देर से मुझे चिढ़ होती है। यही बात करते-करते हुए प्रार्थना स्थल तक पहुंच चुके थे।

आभा और मनु ने उन्हें बैठाते हुए अपने कंधों से उनका हाथ हटाया और बापू ने अपने दोनों हाथ लोगों के अभिवादन के लिए जोड़ लिए। तुरंत ही बाएं तरफ से नाथूराम जाकर उनके पैरों में झुका तो मनु को लगा कि वह उनका पैर छूना चाहता है। आभा ने जोर से बोला बापू को पहले ही देर हो चुकी है, उनके रास्ते में व्यवधान न उत्पन्न करिए, लेकिन गोडसे ने मनु को धक्का दिया तो उनके हाथ से माला और पुस्तक नीचे गिर गई। मनु उसे उठाने के लिए झुकी तो गोडसे ने पिस्तौल निकालकर सीधे तीन गोलियां बापू के सीने और पेट में दाग दीं। बापू के मुंह से "हे राम ममम" निकला और वह नीचे की ओर गिरे, आभा ने गिरते हुए बापू को संभाल लिया।

नाथूराम फायर करने के बाद पिस्टल को अपने हाथ से ऊपर उठकर पुलिस-पुलिस चिल्लाने लग गया, लेकिन वहां तो जैसे सारी चीज रुक गई थी और कम से कम एक मिनट तक कोई इंसान उसके पास तक नहीं आया। बाद में माली रघु काका ने उसके सर पर खुरपी के बट से प्रहार किया और उसे पकड़ लिया।

बदलते दौर में भारत और ताइवान के रिश्ते

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है।

ताइवान पूर्व एशिया में स्थित एक खूबसूरत द्वीप जो रिपब्लिक ऑफ चाइना भी कहलाता है। चीन ताइवान को 'वन चाइना पॉलिसी' का हिस्सा मानता है। जबकि यह अपने को एक स्वतंत्र देश के रूप में देखता है और दुनिया भी इसे इसी नजरिए से देखती है। क्षेत्रफल के आधार पर ताइवान एशिया में शायद सबसे छोटा देश और दुनियाभर में 129 वां है। तुलनात्मक रूप से क्षेत्रफल में यह केरल से भी छोटा और जनसंख्या में हरियाणा से भी कम है, लेकिन विशेष भौगोलिक स्थिति के कारण न तो चीन इसे अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर रखना चाहता है और न ही अमेरिका इसे प्रभाव मुक्त करना चाहता है।

दरअसल चीन के बढ़ते प्रभुत्व को देखते हुए अमेरिका भी उससे खौफ खाया हुआ है। दक्षिण पूर्वी चीन के तट से लगभग सौ मील की दूरी पर ताइवान स्थित है। अमेरिका की चिंता है कि अगर ताइवान पर चीन का कब्जा हो जाता है तो हवाई द्वीप पर स्थित अमेरिकी सेना के ठिकाने चीन के निशाने पर आ सकते हैं। साथ ही प्रशांत महासागर में चीन को खुला रास्ता मिल सकता है, जो अमेरिका के हितों को प्रभावित करेगा। इसलिए अमेरिका ताइवान का शुभचिंतक बना है। उसे निरंतर सैन्य सहायता और कूटनीतिक मदद भी करता आया है।

हाल ही में 13 जनवरी को ताइवान में राष्ट्रपति चुनाव हुआ जिसमें डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी यानी सत्तारूढ़ पार्टी के उम्मीदवार लाइ चिंग-ते जो वर्तमान में उपराष्ट्रपति पद पर हैं, ने जीत हासिल की। यह दल तीसरी बार सत्ता संभालने जा रहा है। लाइ चिंग-ते ने त्रिकोणीय संघर्ष में 40 प्रतिशत वोट हासिल किए। ताइवान चुनाव इस साल की सबसे चर्चित भू राजनीतिक घटनाओं में से पहली है। अमेरिका और चीन के आपसी रिश्तों के लिए भी यह अहम माना जा रहा है। अगर दोनों के रिश्तों में फर्क पड़ता है तो भारत पर भी असर पड़ना तय है। ज्ञात रहे कि इस साल भारत, अमेरिका समेत दुनिया के लगभग 50 देशों में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होने हैं। भारत ताइवान से व्यापारिक और सांस्कृतिक संबंध रखता है, लेकिन वन चाइना पॉलिसी को भी मानता है। यह पॉलिसी 1949 में आई और भारत ने इसे तुरंत मान्यता दे दी, परंतु अमेरिका ने इसे तीन दशक बाद यानी 1979 में मान्यता दी। यही कारण है कि चीन और अमेरिका कई बार आमने-सामने दिखते हैं।

ताइवान ने अमेरिका से पर्याप्त मात्रा में हथियार भी खरीदे। अमेरिकी सांसद नैंसी पेलोसी के 2022 में ताइवान दौरे के बाद चीन और अमेरिका के संबंधों में और ज्यादा कड़वाहट आई। उस दौरान चीन ने ताइवान सीमा पर युद्ध अभ्यास शुरू कर घेराबंदी भी कर दी थी। अमेरिका को ललकारते हुए चीन का यह बयान भी आया था कि जो लोग आग से खेल रहे हैं, वे जल जाएंगे। ताइवान दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में स्थित देशों से घनिष्ठता बढ़ा रहा है। हालांकि भारत में हमेशा से इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय मामलों में सावधानी बरतते हुए ही कदम आगे बढ़ाए हैं। वन चाइना पॉलिसी मानने के बावजूद भारत ने वर्ष 2008 से इसका जिक्र करना बंद कर दिया है। यह कदम चीन की उस धृष्टता के बाद उठाया गया था जब उसने अरुणाचल प्रदेश के दो शहरों को मंदारिन नाम देते हुए जम्मू-कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश के लोगों को स्टेपल वीजा जारी कर दिया था। इस दौरान ताइवान और भारत एक-दूसरे के करीब आते रहे। भारत और ताइवान शिक्षा, विज्ञान एवं तकनीक, व्यापार के क्षेत्र में एक-दूसरे के साथ खड़े हैं।

टेक्नोलॉजी की बात करें तो ताइवान कंप्यूटर उद्योग का घर है। आईटी उत्पादों का निर्माण, डिजाइन और निर्यात करने वाली एसर जैसी विश्वसनीय कंपनी यहीं की है। कंपनी के उत्पादों में पर्सनल कंप्यूटर, प्रोजेक्टर, टैबलेट, पीसी, स्मार्टफोन, स्मार्ट डिवाइस, एलसीडी मॉनिटर, सर्वर आदि शामिल हैं। आज भी करीब तीन हजार भारतीय छात्र ताइवान में पढ़ाई कर रहे हैं। व्यापारिक भागीदारी लगातार बाढ़ रही है। भारतीय फिल्म समारोहों में ताइवान की फिल्मों का प्रदर्शन हो रहा है। यह बात अलग है कि वन चाइना पॉलिसी को मानते हुए भारत ताइवान के खुलकर समर्थन में नहीं आ पाता है।

फिलहाल ताइवान में स्वतंत्रता समर्थक दल की जीत ने चीन की दुविधा को बढ़ा दिया है। इंडो पेसिफिक क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखना भारत की प्रमुखता है। ताइवान भी इस क्षेत्र की शांति, समृद्धि और स्थिरता के लिए हमेशा से वचनबद्ध रहा है। समान दृष्टिकोण होने के कारण भारत के साथ इसके वैचारिक रिश्ते प्रबल हैं। बहुदलीय लोकतांत्रिक व्यवस्था वाला यह देश लोकतंत्र का भी सच्चा समर्थक नजर आता है।

सोशल फोरम

जिज्ञासा महा ठगनी हम जानी

जिज्ञासा की मोहिनी कभी इस तरह ठग लेती है कि आदमी खुद को भस्म करने की हद तक नाचता है। मेरे एक बॉस साबुन बनाने वाली कंपनी के लिए मार्केटिंग रिसर्च कर रहे थे। वे जानना चाहते थे कि कोई अपना साबुन किस तरह चुनता है? एक दिन जिज्ञासा की झोंक में उन्होंने अपनी काम वाली बाई को करीब बुलाया और उससे पूछ बैठे-तुम कौन सा साबुन इस्तेमाल करती हो? बॉस का प्रश्न नितांत अकादमिक था, पर बाई ने उसे निजी दिलचस्पी का मामला माना और रोते हुए मेम साब से शिकायत कर दी। भाभी जी ने बॉस की खूब लू उतारी।

संजय वर्मा
इंदौर

यह किस्सा यूं याद आया कि पिछले दिनों मुझे भी जिज्ञासा की नागिन ने डस लिया। मैं 'द बर्थ ऑर्डर बुक' नाम की एक किताब पढ़ रहा था। इसके लेखक केविन लैमन का मानना है कि आप जैसे भी हैं, आपको वैसा बनाने के लिए आपका बर्थ ऑर्डर जिम्मेदार है। मतलब आप अपने माता-पिता की कौन से क्रम की संतान हैं, इससे तय होगा कि आपका व्यक्तित्व, दिलचस्पियां और जीवनशैली कैसी होगी। मुझ पर किताब का नशा ऐसा चढ़ा कि लगा मुझे जीवन के सारे प्रश्नों का हल मिल गया है। मैं मानने लगा कि पुतिन ने यूक्रेन पर हमला क्यों किया इसके पीछे भी उसका बर्थ आर्डर है। मुझे लगा कि मैं किसी को भी देखकर उसका बर्थ ऑर्डर बता सकता हूं। इसी बीच एक पार्टी में जाना हुआ। मैंने पार्टी में आए हर शख्स को इसी निगाह से देखना शुरू किया। एक भाभी जी बहुत इठला रही थीं। मैंने उनके पास जाकर पूछ क्या आप अपने भाई-बहनों में सबसे छोटी हैं? भाभी जी हड़बड़ा गईं। उन्हें पता नहीं था कि मैं ऐसी कोई किताब पढ़ रहा हूं। न ही यह पता था कि मैं अभी तक किताब आधी ही पढ़ी है और यह अधजल गगरी छलक रही है। उन्होंने यथासंभव रुखा होते हुए कहा-नहीं मैं अपने भाई बहनों में सबसे बड़ी हूं, पर इससे आपको क्या मतलब? मैंने अपना तीसरा पैग जल्दी-जल्दी खत्म किया और निकल लिया। यारों ऐसा भी होता है। आप सिर्फ काम, क्रोध लोभ, मोह और अहंकार की वजह से ही नहीं, जिज्ञासा की वजह से भी पिट सकते हैं। बहरहाल किताब बड़ी दिलचस्प है। मुझे खास तौर पर इसलिए पसंद आई, क्योंकि मैं मंझलों की विलुप्त प्राय प्रजाति का सदस्य हूं और इसमें मंझलों के दुख की बात है।

- फेसबुक वॉल से

धड़कते दिल की तमन्ना हो, मेरा प्यार हो तुम

पिछली सदी के चौथे एवं पांचवे दशक की स्टार अभिनेत्री और दिलकश गायिका सुरैया के बारे में यह बहस होती रही है कि उनके अभिनेत्री और गायिका रूपों में बेहतर रूप कौन सा था। अभिनेत्री के रूप में उन्हें हिंदी सिनेमा की पहली 'ग्लैमर गर्ल' माना जाता है जिन्होंने अपने चुंबकीय व्यक्तित्व, शालीन सौंदर्य और दिलफरेब अदाओं से करोड़ों के दिल जीते थे। अपनी सीमित अभिनय प्रतिभा के बावजूद उस दौर की कई बेहतरीन अभिनेत्रियों-नूरजहां, नरगिस, कामिनी कौशल, निम्मी और मधुबाला के बीच भी उनकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ी। अपने दो दशक लंबे कैरियर में सुरैया की कुछ चर्चित फिल्मे थीं - उमर खैयाम, विद्या, परवाना, अफसर, प्यार की जीत, शमा, बड़ी बहन, दिल्लगी, वारिस, माशूका, जीत, खूबसूरत, दीवाना, डाक बंगला, अनमोल घड़ी, मिर्ज़ा ग़ालिब और रुस्तम सोहराब। इन फिल्मों में अभिनेत्री के तौर पर सुरैया में नया और अलग कुछ भी नहीं था। सीधे-सादे अभिनय के बावजूद पर्दे पर उनकी शालीन उपस्थिति, ग्लैमर, मीडिया द्वारा बनाए गए उनके रहस्यमय आभा मंडल और अभिनेता देव आनंद के साथ चर्चित, लेकिन असफल प्रेम-संबंधों की वजह से ही लोग उनकी फिल्मों तक खींचे चले आते थे।



ध्रुव गुप्त
सेवानिवृत्त आईपीएस

ज्यादातर लोगों का मानना यह है कि सुरैया अभिनेत्री से बेहतर एक गायिका थी जिनकी खनकती, महीन, सुरीली आवाज के लाखों मुरीद आज भी हैं। हालांकि उन्होंने संगीत की कभी विधिवत शिक्षा नहीं ली, लेकिन उनका रूझान बचपन से ही संगीत की ओर था। वे पार्श्वगायिका ही बनना चाहती थीं। उनके गायन की शुरुआत आकाशवाणी से हुई थी। संगीतकार नौशाद ने आकाशवाणी के एक कार्यक्रम में जब सुरैया को गाते सुना तो उनकी आवाज और अंदाज से प्रभावित हुए। उन्होंने पहली बार सुरैया को फिल्म 'शारदा' में गाने का मौका दिया। उसके बाद जो हुआ वह इतिहास है। उनके कुछ बेहद लोकप्रिय गीत हैं - तू मेरा चांद मैं तेरी चांदनी, जब तुम ही नहीं अपने दुनिया ही बेगानी है, तुम मुझको भूल जाओ, ओ दूर जाने वाले वादा न भूल जाना, धड़कते दिल की तमन्ना हो मेरा प्यार हो तुम, नैन दीवाने एक नहीं माने, सोचा था क्या क्या हो गया, वो पास रहे या दूर रहे नजरों में समाए रहते हैं, मुरली वाले मुरली बजा, तेरे नैनो ने चोरी किया मेरा छोटा सा जिया, नुक्ताचीं है गमे दिल उसको सुनाए न बने, दिले नादां तुझे हुआ क्या है, ये न थी हमारी किस्मत कि विसाले यार होता, ये कैसी अज़ब दास्तां हो गई है, ऐ दिलरुबा नज़रे मिला। 'मिर्ज़ा ग़ालिब' में गुलाम मोहम्मद के संगीत में गालिब की कुछ गजलों को जिस बारीकी और खूबसूरती से उन्होंने गाया है, उन्हें सुनना आज भी एक विलक्षण अनुभव है। उनकी आवाज की खनक, गहराई और भंगिमाएं सुनने वालों को एक दूसरी ही दुनिया में ले जाती थी। लता के उत्कर्ष के पूर्व सुरैया ने ही हिंदी सिनेमा में गीत को गरिमा और ऊंचाई दी थी। राष्ट्रपति का स्वर्ण कमल पुरस्कार प्राप्त फिल्म 'मिर्जा गालिब' में सुरैया की गायिकी से प्रभावित होकर तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने उनसे कहा था- 'तुमने मिर्जा गालिब की रूह को जिंदा कर दिया।' आज उनके अभिनय का अंदाज पुराना पड़ गया है, लेकिन उनकी दिलकश गायिकी का असर संगीत प्रेमियों पर कई सदियों तक हावी रहेगा।

केलिगीतों की परंपरा

भागवत-कार ने रास-प्रसंग में केलिगीतों का उल्लेख किया है-निशम्य गीतं तदनंग वर्द्धनम्। केलिगीतों की परंपरा उससे भी प्राचीन रही होगी। गाहा सतसई में राधा का उल्लेख है। तमिल साहित्य के अध्येताओं ने मुल्लइ वन-प्रांतर में गाय चराने वाले ऐयर जन में प्रचलित लोकगीतों की बात कही है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

ब्रज साहित्य के समीक्षकों ने गोप-आभीर-गुर्जर के लोकगीतों का संदर्भ दिया है। कोई गीत-परंपरा गीत गोविंद के पीछे है और कोई गीत-परंपरा विद्यापति के गीतों से जुड़ी हुई अवश्य है। विद्यापति के जमाने में राधा-कृष्ण के प्रेमगीत भी लोक प्रचलित थे और हरगौरी के गीत भी लोक जीवन में गाए जाते थे। विद्यापति ने राधा-कृष्ण के प्रेमगीत भी लिखे और हरगौरी के गीत भी लिखे विद्यापति के गीत-महेशवानी, सोहर, बटगमनी, तिरहुत, समदाउन, नचारी आदि पुनः लोकमानस में रच बस गए। उनके गीत मंदिरों में कीर्तन के रूप में भी गाए जाने लगे। सूरदास के पदों के संबंध में यही बात आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने कही है। ऐसे अनेक लोकगीत आज भी ब्रज में प्रचलित हैं जिनमें सूर के पद तथा लोकगीत का भेद कहीं खो गया है।

केलिगीतों की वही प्राचीन परंपरा भागवतकार के मन में गूंज रही थी जिसका स्वर वेणुगीत, युगलगीत, गोपीगीत, भ्रमरगीत और महिषीगीत का राग बन गया है।

वह लोकमन ही था, जो भागवतकार के मन में संक्रांत हुआ, ठीक वैसे ही जैसे भागवतकार का मन जयदेव, विद्यापति, महाप्रभु चैतन्य और आचार्य वल्लभ के मन में संक्रांत हुआ तथा आचार्य मानस, कवि मानस और भक्त मानस से वह पुनः लोक मानस में संक्रांत हुआ। लोकमन से प्रेरणा पाकर भारत के चित्रकारों ने रस और रास के चित्र बनाए तथा संगीतकारों ने रास के संगीत और नृत्य का विकास किया। यह लोक मानस और शास्त्र मानस की निरंतर प्रक्रिया है।

लाल सिग्नल तोड़कर गुजरी ट्रेन रेल प्रशासन में मच गया हड़कंप

सुपरफास्ट शिवगंगा एक्सप्रेस ट्रेन ने किया ओवरशूट, आधे घंटे रहा रेल मार्ग ठप

संवाददाता, भरथना-इटावा

- ढाई घंटे बाद गंतव्य के लिए रवाना हुई ट्रेन
- भरथना स्टेशन पर यात्री होते रहे परेशान

अमृत विचार। दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक स्थित भरथना व टूंडला रेल प्रशासन में बुधवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब बनारस से चल कर दिल्ली जा रही सुपरफास्ट शिवगंगा एक्सप्रेस ट्रेन भरथना पहुंचने से पहले सुबह सवा 7 बजे आउटर पर लगे लाल सिग्नल को तोड़ते हुए (ओवरशूट) आगे निकल गई।

हालांकि केबिन मैन व गार्ड की वॉकीटॉकी पर मिली सूचना पर चालक लोको पायलट ने सिग्नल तोड़कर ट्रेन को आउटर पर ही रोक लिया। इसके चलते सुपरफास्ट शिवगंगा ट्रेन करीब आधे घंटे तक दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक की मेन अपलाइन पर खड़ी रही। रेल प्रशासन को दिल्ली-हावड़ा रेलवे ट्रैक की अप लाइन पर करीब आधे घंटे तक रेल यातायात ठप हो गया।

भरथना रेलवे स्टेशन पर खड़ी ट्रेन। अमृत विचार

इटावा व भरथना रेलवे प्रशासन के निर्देश पर शिवगंगा को 7.45 बजे धीमी गति से भरथना रेलवे स्टेशन तक ले जाया गया। स्टेशन की अप लूप लाइन के प्लेटफार्म नम्बर 4 पर ट्रेन पर खड़ा कर अधिकारियों ने ट्रेन के चालक लोको पायलट का डॉक्टरी परीक्षण कराते हुए अन्य जांच पड़ताल शुरू करदी। इस दौरान चाय-पानी नाश्ता और बगैर कैंटीन वाली स्टेशन पर सुबह,सुबह ट्रेन को खड़ा करने पर रेल यात्रियों को जल पान नास्ता आदि उपलब्ध करने में ट्रेन यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे के जिम्मेदार सूत्रों के मुताबिक ट्रेन का ओवरशूट होना बड़ी घटना है। लाल सिग्नल तोड़कर ट्रेन की आगे गंतव्य को निकलना बड़ी लापरवाही है। यदि आगे कोई अन्य ट्रेन रेलवे ट्रैक पर खड़ी होती तो एक बड़े ट्रेन हादसे को रोक पाना मुश्किल होता। हालांकि तमाम जांच पड़ताल के बाद रेल प्रशासन ने अन्य चालक लोको पायलट बुलाकर ट्रेन को करीब ढाई घंटे बाद 9.24 बजे गंतव्य के लिए सुरक्षित रवाना कर दिया। तब तक रेल यात्री भरथना स्टेशन पर परेशान होते रहे।

अपहरण के मामले में तीन को पांच-पांच साल का कारावास

इटावा। अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश गैगेस्टर एक्ट कोर्ट नंबर दस यज्ञेश चंद्र पांडे ने सात साल पुराने अपहरण के एक मामले की सुनवाई करते हुए तीन लोगों को दोषी पाते हुए उन्हें पांच पांच साल की सजा सुनाई । इसके अलावा कोर्ट ने उन पर दो दो हजार रूपया का जुर्माना भी लगाया।

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता संजीव चतुर्वेदी ने बताया कि जसवंत नगर क्षेत्र के गांव नगला अनिया निवासी सरमन सिंह ने पांच जुलाई 2016 को दर्ज रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि जब उसका पुत्र पैदल गांव आ रहा था तभी रंजिश के चलते उसके पुत्र योगेंद्र उर्फ बंगाली की हत्या की नियत से कार में सवार लोगों ने अपहरण कर लिया । इस सम्बंध में गांव के ही नुपेंद्र सहित चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। 9 जुलाई 2016 को बालक किसी तरह से बदमाशों के चंगुल से भाग गयाथा। बाद में वह बरामद हुआ।

किशोरी की हत्या में एक को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- चार लोगों को संदेह का लाभ देते हुए कोर्ट ने किया बरी
- दस साल बाद कोर्ट ने सुनाया फैसला

अमृत विचार। विशेष न्यायाधीश एससीएसटी कुमार प्रशांत ने दस साल पूर्व एक किशोरी की गोली मारकर हत्या किए जाने के मामले की सुनवाई करते हुए एक आरोपी को हत्या का दोषी पाया। दोषी पाए जाने पर कोर्ट ने उस उम्र कैद की सजा सुनाई। इसके अलावा कोर्ट ने उस पर पांच हजार रुपया का जुर्मानाभी लगाया। जुर्माना अदा न करने पर उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा। इसके अलावा कोर्ट ने इस मामले के चार आरोपियों को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

जिला शासकीय अधिवक्ता शिव कुमार शुक्ला ने बताया कि भरथना थाना क्षेत्र के गांव बूढा निवासी सत्य सिंह ने थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप लगाया था कि वह 31 जुलाई को अपने परिवार के साथ घर पर थे तभी पडोस के गांव जुग पुरा के रहने वाले सरमन सिंह पुत्र छोटे लाल, रमेश चंद्र पुत्र इतवारी लाल, जगदीश पुत्र इतवारी लाल , देवेंद्र पुत्र सरमन व राम जीवन पुत्र बदन

सिंह उसके दरवाजे पर आए और उसकी 17 साल की पुत्री अलका उर्फ खुशबू से मजदूरी पर खेतों में काम करने के लिए कहा। इस पर उसकी पत्री ने काम पर जाने से मना कर दिया।

इसी बात से नाराज होकर उक्त लोगों ने गाली गलौज कर उसे व परिवार के लोगों को जाति सूचक गालियां देकर अपमानित किया। जब उसने गाली गलौज करने से मना किया तो इसी बात से नाराज होकर उक्त लोगों ने फायरिंग कर दी। वही रमेश ने उसकी पुत्री को गोली मार दी। गोली लगने से खुशबू की मौके पर ही मौत हो गई। फायरिंग में उसीरा गांव के रहने वाले इंद्रेश के भी छर्रे लगे। बाद में उक्त लोग धमकी देते हुए भाग निकले। सत्य सिहं की तहरीर पर पलिस ने मामला दर्ज कर छानवीन शुरू कर दी। बाद में पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। छानवीन के बाद पुलिस ने सरमन , रमेश, जगदीश , देवेंद्र व रामजीवन के खिलाफ आरोपपत्र कोर्ट में पेश कर दिए।

मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश एससीएसटी कोर्ट में हुई। विशेष लोक अभियोजक रमा कांत चतुर्वेदी के द्वारा पेश किए साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर कोर्ट ने रमेश पुत्र इतवारी लाल को हत्या का दोषी पाया और उसे उम कैद की सजा सुनाई व उस पर पांच हजार रुपया का जुर्माना भी लगाया। जुर्मान अदा न करने पर उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा। इसके अलावा कोर्ट ने सरमन, जगदीश, देवेंद्र व राम जीवन को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

पंचकल्याणक में नेमिनाथ को हुआ ज्ञान

संवाददाता, जसवंतनगर-इटावा

अमृत विचार। पंचकल्याणक महोत्सव के चतुर्थ दिन बुधवार को नेमिनाथ भगवान को केवल ज्ञान प्राप्त हुआ। सुबह नित्य नियम कार्यक्रम के तहत अभिषेक शांतिधारा पंचकल्याणक विधान यज्ञ जाप अनुष्ठान आहुतियों के साथ अक्षय भैया के सानिध्य में हुआ।

प्रवचन करते गुरु आदित्य सागर महाराज ने दान की महिमा कहते हुए बताया कि दान से दरिद्रता का नाश होता है। सर्वोच्च दान आहार दान होता है। अतः अपने आस पास किसी कमजोर को दान दें। अगर नगर में कही दिगम्बर मुनि आये तो उनका चौका जरूर लगायें। नवधा भक्ति कर उनको आहार कराएं, अपने जीवन में प्रतिक्षण दान की भावना भाने से आत्मा का कल्याण होता है।

प्रवचन के बाद नेमिकुमार महाराज जो कि राज पाठ परिवार का परित्याग कर चुके थे, उनके आहार

पूजन करते आचार्य आदित्य सागर महाराज।

- दान से दरिद्रता का होता है नाश : आदित्य सागर

के लिए आदित्य सागर महाराज विधिनायक नेमिनाथ भगवान की प्रतिमा को अपने मस्तक पर धारण करके जैन मुहल्ले की गलियों से जब निकले तो समाज के लोग घरों के बाहर रंगोली व गुब्बारे से पूरे नगर को सजाए थे। स्वामी नमोस्तु नमोस्तु नमोस्तु हे स्वामी नमोस्तु नमोस्तु नमोस्तु अत्रो अत्रो तिष्टि तिष्टि पुकार रहे थे। विधि अनुसार आहार कराने का सौभाग्य रवि अमन जैन परिवार को मिला। जिज्ञासु श्रावक श्रेस्ठी, अनीता जैन ने प्रश्न किया हे गुरुदेव भावना भाकर भी धर्म कार्य में दान न दे पाना क्या कारण है। गुरुदेव ने कहा अंतराय कर्म के कारण ऐसा होता है।दान दे नही सकते तो भी कोई बात नही लेकिन भावना सदैव होनी चाहिए। सायं काल मे समवशरण लगा, जिसमे जन-जन के कल्याण की भावना देने वाले भगवान के समवशरण में विराजित आचार्य आदित्य सागर महाराज ने समवशरण की बारे में बताया ।

चार विकेट से सुपर किंग्स ने जूनियर यूथ प्रो-30 लीग जीती

इटावा। जीआईसी ग्राउंड पर जूनियर यूथप्रो- 30 का फाइनल मुकाबला यूथ क्रिकेट अकादमी सुपर किंग्स व यूथ क्रिकेट अकादमी टाइटंस के बीच हुआ।

फाइनल मुकाबले को यूथ क्रिकेट अकादमी सुपर किंग्स ने 4 विकेट से जीत लिया। फाइनल मैच का मैन ऑफ द मैच श्रेय राजपूत को चुना गया। इस लीग में शानदार प्रदर्शन के लिए सर्वश्रेष्ठ-सूर्यांश राठौर, सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज-अक्षिता पाठक, सर्वश्रेष्ठ फील्डर-मार्मिक गुप्ता, सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर-मिलिंद और प्लेयर ऑफ द सीरीज निखिल कुमार को चुना गया। ईसीए अध्यक्ष सर्वेश सिंह चौहान का स्वागत कोच शशांक पाठक, चेयरमैन इरशाद का स्वागत कोच सलीम हुसैन व सचिव राज कपूर राणा का स्वागत कोच हेमंत यादव ने किया।

आशा व रसोइयों ने जुलूस निकाल कचहरी में की सभा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। आशा, संगिनी और रसोइयों ने अपने मानदेय के नियमित भुगतान तथा राज्यकर्मचारी का दर्जा दिए जाने सहित अन्य मांगों को लेकर जुलूस निकाला। कचहरी पहुंचकर सभा की तथा ज्ञापन भी सौंपा।

स्कीम वर्कर्स सीटू के देशव्यापी आवाहन के तहत बुधवार को आशा, संगिनी व रसोइयों को नियमित भुगतान कराने, रसोइयों को पूरे 12 माह का मानदेय दिलाने, कई महीनों से बकाया पड़े मानदेय का भुगतान कराने, कमी का दर्जा, 26000 वेतन ,रिटायर होने पर कम से कम 10 लाख रुपये एक मुश्त भुगतान के साथ रसोइयों के हर वर्ष नवीनीकरण पर रोक लगाने जैसी मांगों को लेकर आंदोलन किया। इसे लेकर रेलवे स्टेशन से एकत्रित होकर शहर की सड़कों में गगन भेदी नारे लगाते हुए जुलूस कचहरी पहुंच कर सभा में बदल

कलेक्ट्रेट में नारेबाजी करतीं आशा व रसोइयां। अमृत विचार

- शहर की सड़कों पर जुलूस निकालकर लगाए नारे

गया। आशा, रसोइयों का मांग पत्र उप जिलाधिकारी को सौंपा। किसान सभा के राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री व प्रांतीय महामंत्री कामरेड मुकुट सिंह ने आंदोलन का समर्थन करते हुए कहा कि जिस तरीके से किसान आंनदोलन और ड्राइवरो की हड़ताल ने सरकार को झुकाने का काम किया है। स्क्रीम वर्क्स के प्रांतीय उपाध्यक्ष अमर सिंह शाक्य कहा कि केंद्र और राज्य सरकारे आशा, रसोइया कर्मचारी विरोधी नीतियों के कारण ही रसोइयों ,आशाओं की समस्याएं विकराल है। मंत्री संतोष शाक्य ने आंदोलन का समर्थन करते हुए आंदोलन में मदद करने की बात कही।आशा यूनियन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य और जिला मंत्री संगीता कश्यप ने आशाओं से 5 फरवरी को व्यापक रूप से आंदोलन में भाग लेने की अपील की। रसोइया यूनियन की जिला मंत्री अनिता पोरवाल, उमा देवी, जय श्री, सरस्वती, सर्वेश कुमारी, कुसुमा देवी ने भी विचार व्यक्त किये । अध्यक्षता रामचंद्र व शकुंतला देवी ने की ।

बाइक सवार युवक की मौत, एक घायल

बसरेहर, इटावा। थाना चौबिया क्षेत्र के अंतर्गत चौपला और बरालोकपुर के बीच में विद्युत सब स्टेशन के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। वहीं एक गंभीर रूप से घायल हो गया । ग्राम जटपुरा थाना किशनी जनपद मैनपुरी निवासी शाहिद खान 25 वर्ष पुत्र अली खान अपने मित्र नूरुद्दीन शाह के साथ में बाइक पर सवार होकर किशनी से अपने किसी निजी काम से इटावा जा रहा था। जैसे ही वह विद्युत सब स्टेशन चौपला के पास पहुंचा । किशनी की तरफ जा रहे किसी अज्ञात वाहन से उसकी टक्कर हो गई । अज्ञात वाहन का पहिया उसके सि के ऊपर से निकल जाने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई । साथी नूरुद्दीन घायल हो गया । मृतक ने हेलमेट नहीं पहना था । मौके से गुजर रहे राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस और एंबुलेंस को दी । घायल युवक को सैफई पीजीआई पहुंचाया। सूचना मिलते ही कर्री चौकी इंचार्ज दर्शन सिंह मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

ट्रक ने रौंदी भैंसें, विरोध में हाईवे जाम

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- पुलिस ने समझा-बुझाकर खुलवाया जाम
- कुनेरा गांव के पास ओवरटेक करने में हादसा

अमृत विचार। जिले में अलग अलग हुई सड़क दुर्घटनाओं में एक युवक और दो जानवरों की जान चली गई। इटावा मैनपुरी स्टेट हाईवे पर थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र में कुनैरा गांव में बुधवार सुबह ओवरटेक कर रहे बेकाबू ट्रक ने तीन भैसों को रौंद दिया। इनमें दो की मौत हो गई। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस ने समझा बुझाकर जाम खुलवाया।

बेकाबू ट्रक के ड्राइवर ने वाहनों को ओवरटेक करने के दौरान ट्रक पर नियंत्रण खो दिया । जिससे नीलेश यादव की तीन भैंस ट्रक की चपेट में आ गईं। जिसमें दो भैसों की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरी भैंस घायल हो गई। लोगों ने ड्राइवर समेत ट्रक को पकड़ कर

कुनैरा रोड पर दुर्घटना के बाद सड़क पर जमा लोग। अमृत विचार

हाईवे पर जाम लगा दिया। थोड़ी ही देर में दोनों ओर वाहनों की कतारें लग गई। ग्रामीण स्पीड ब्रेकर की मांग पर अड़ गए। सूचना पर थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह पुलिस बल के साथ आए। उन्होंने ग्रामीणों को समझा-बुझाकर जाम खुलवाया। ट्रक के साथ ड्राइवर को थाने भिजवाया। ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया।

दुर्गापुरा स्वास्थ्य केंद्र के चारो तरफ गंदगी

बकेवर-इटावा। कस्बा बकेवर के समीपवर्ती ग्राम पंचायत जैतपुर के मजरा दुर्गापुरा में बने उप स्वास्थ्य केंद्र के चारों ओर गंदगी का अंबार है। आधे गांव की नालियों का पानी गिरने से गंदगी बनी रहती है। फलस्वरूप संक्रमित बीमारियों के फैलने की स्थिति बनी रहती है।

ग्रामीण लायक सिंह यादव ने बताया कि उन्होंने कई बार जिला प्रशासन से शिकायत की, लेकिन आज तक जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी ।

ग्राम पंचायत अधिकारी विनय कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत का दायरा बड़ा है। दो बड़े गांव और चार मजरे है। चार प्राथमिक व एक उच्च प्राथमिक विद्यालय है। सफाई कर्मचारी एक है। सफाई का जिम्मा बहुत है। निजी मजदूर लगा कर शीघ्र सफाई कराई जायेगी।

उपेक्षाग्रस्त सपाई भाजपा में जाएंगे

संवाददाता भरथना,इटावा

अमृत विचार। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का समाजवादी पार्टी में विलय हुआ है, तब से एक मंच पर एक परिवार तो एकत्रित हो गया है परंतु प्रसपा के जमीनी कार्यकर्ताओं की लगातार उपेक्षा की जा रही है। पार्टी की ऐसी कार्यशैली से क्षुब्ध होकर सैकडों सपा पदाधिकारी व समर्थक आगामी चार फरवरी को एक मत एक राह के संकल्प के साथ समाजवादी पार्टी का साथ छोड़कर भारतीय जनता पार्टी का दामन थामेंगें।

बुधवार को कस्बा के जवाहर रोड स्थित शाही हवेली रेस्टोरेंट में समाजसेवी बृजेश चन्द्र दीक्षित की मौजूदगी में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के पूर्व जिला सचिव नीरज यादव ने बताया कि वर्ष 1998 से 2023

वार्ता करते प्रसपा पूर्व जिला सचिव नीरज यादव व अन्य। अमृत विचार

तक लगातार वह व उनका पूरा परिवार समाजवादी पार्टी के प्रति समर्पित रहा है। उन्होंने पार्टी के विभिन्न पदों का दायित्व निर्वाहन भी किया है। उन्होंने बताया कि जब से समाजवादी पार्टी में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी का विलय हुआ हैं,तब से एक मंच पर एक परिवार तो एकजुट हो गया है, लेकिन तब से सपा द्वारा लगातार प्रसपा के समर्पित कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं दिया जा रहा है। सपा पार्टी की ऐसी कार्यशैली से क्षुब्ध होकर वह विगत माह ही सपा की अपनी सक्रिय सदस्यता से त्यागपत्र दे चुके हैं। 4 फरवरी को मुहल्ला कृष्णा नगर में भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का दामन थामेंगें। प्रेसवार्ता के दौरान अनिल यादव,रोहित कुमार, श्याम किशोर,पवन कुमार यादव, अंकित यादव, लालू यादव आदि रहे।

मार्गदर्शन | सभी चौराहों पर सीसी कैमरे लगेंगे, दुर्घटनाओं को रोकने में करें मदद

दुर्घटना में घायल की मदद करने वाले किए जाएंगे सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए । अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी अवनीश राय ने कहा कि नेशनल हाईवे के दोनों तरफ ब्लैक स्पॉट अवश्य चिह्नित किए जांए। जहां से वाहन चढ़ते हैं वहां पर चेतावनी बोर्ड लगाये जाएं जिससे वाहन धीमी गति से चल सकें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि रोड सेफ्टी का ग्रुप बनाकर उसकी सूचना तत्काल ग्रुप पर डाली जाए। जिससे संबंधित अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंच सके। घायल व्यक्ति की मदद हो सके। ग्रुप पर जगह की लोकेशन भी डाल दी जाए

बैठक में निर्देश देते डीएम अवनीश राय, एसएसपी संजय कुमार वर्मा।

जिससे संबंधित को पहुंचने में आसानी हो। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना में जो भी व्यक्ति एंबुलेंस आदि की व्यवस्था करके व्यक्ति को बचाता है ऐसे व्यक्ति को जिला प्रशासन के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

डीएम अवनीश राय ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से कहा कि शहर के सभी चौराहों पर कैमरे अवश्य लगाये जाए जिससे क्राइम की संख्या कम से कम हो। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सेंट मेरी के सामने, डीएम आवास के पीछे वाली गली में क्राइम की संभावना अधिक होती है। वहां पर कैमरे लगाना अति आवश्यक है । उन्होंने कहा कि जनपद की सीमा में जो भी कैमरे लगे हैं और लगाए जा रहे हैं वे सही रहे। कटफोरी से अनंतराम तक जितने कैमरे लगे हुए हैं उनकी संख्या दे दी

- सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में रोड सेफ्टी ग्रुप बनाने के निर्देश

जाए तथा कैमरे की संख्या बढ़ा दी जाए । जिससे दुर्घटनाओं में कमी हो सके। उन्होंने कहा कि 22 ख्वाजा रोड पर अत्यधिक अंधेरा होने पर क्राइम एवं दुर्घटना की समस्या रहती है। वहां पर हाईमास्ट लाइट अवश्य लगाई जाए। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका से कहा कि डीएम चौराहे से पुलिस लाइन रोड पर हाई मास्ट लाइट लगाई जाए। उन्होंने अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को सड़क दुर्घटना पर होने वाली घटनाओं पर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अनाधिकृत वाहन संचालन के विरूद्ध पूरे जनपद में संयुक्त चैकिंग अभियान चलाया जाये। उन्होंने एनएचएआई को निर्देश दिये कि जनपद में चिन्हित किये गये नवीन दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रों/ब्लैकस्पॉट्स के दोनों तरफ नियमानुसार निर्धारित दूरी से पहले ब्लैकस्पॉट चेतावनी बोर्ड लगाये जाएं तथा सभी सुरक्षात्मक कार्य भी किये जायें। उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी को अवैध स्कूली वाहनों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला विद्यालय यान परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक भी आयोजित की गई जिसमें उन्होंने अधिकतम वाहनों का अनुबंध किए जाने के निर्देश दिए तथा वाहनों के फिटनेस आदि के लिए निर्देशित किया ।उन्होंने कहा कि छोटे वाहन बच्चों को लेकर शहर के अलावा हाईवे पर नहीं जाएंगे इसका एक अभियान चलाया जाए ।उन्होंने विद्यालयों के प्राचार्य को निर्देश दिए की प्राइवेट वाहनों में बच्चों की संख्या कम से कम होनी चाहिए, प्राइवेट छोटे वाहनों में सात बच्चों से ज्यादा नहीं ले जाने चाहिए।

डीएम आवास के पीछे वाली गली में पसरा रहता है अंधेरा

इटावा। डीएम आवास के पश्चिमी और क्राइस्ट चर्च की उत्तरी दीवाल के बीच से गुजरी गली में शाम होते ही अंधेरा पसर जाता है। सेंट मेरी के सामने से होते हुए स्व श्री मुलायम सिंह यादव के कोठी वाले रास्ते को जोड़ने वाली इस सड़क पर आवागमन बहुत बढ़ गया है। इसका कारण ओवरब्रिज बनने के कारण रास्ता बंद है।

युवाओं के झगड़ों से बन रहा अराजकता का माहौल

बकेवर, इटावा। जनता इंटर कॉलेज के प्रवेश द्वार के समीप युवकों की आपसी झगड़े थमने का नाम नहीं ले रहे। दो दिन पूर्व युवकों के गुटों ने अराजकता का माहौल पैदा कर दिया। जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते यह झगड़े की घटना संभव हुई है। इसके अलावा युवा वर्ग की बात की जाए तो पढ़ने वाले विद्यालय के छात्रों को दबंगई की ओर धकेल रहे हैं।

कार्यालय ग्राम पंचायत बरौली खुर्द विकास खण्ड सैफई–इटावा।

पत्रांक मेमो/ग्राम पंचायत–बरौली खुर्द/निविदा प्रकाशन/2023–24/ दिनांक 31.01.2024

निविदा सूचना

महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से ग्राम पंचायत बरौली खुर्द सैफई–इटावा के अन्तर्गत वर्ष 2023–24 की कार्ययोजना के अनुसार अनरेगा / 15 वें वित्त / पंचम वित्त आयोग के टाइड एवं अनटाइड मद निम्नांकित विवरण के अनुसार कराये जाने बाले निर्माण कार्यो हेतु ग्राम पंचायत बरौली खुर्द विकास खण्ड सैफई में फर्मो /ठेकेदारों से निविदायें/ टैण्डर 01/02/2024 से 07/02/2024 समय 02:30 तक आमंत्रित एवं दिनांक 07/02/2024 को ग्राम निविदा समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 03:30 पर खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 01/02/2024 से 07/02/2024 तक ग्राम पंचायत बरौली खुद सचिवालय कार्यालय दिवस में प्रातः 10:30 से 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क अदा कर क्रय किये जा सकते है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार है।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	योजना का नाम	प्राक्कलन की लागत	जमानत धनराशि 2 प्रतिशत	निविदा का मूल्य
1.	प्रा0वि0 ओड़मपुर में दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य।	पन्द्रहवें वित्त	1,92842.00	3,856.00	500.00
2.	उ0प्रा0 विद्यालय बंजराहार में दिव्यांग शौचालय निर्माण कार्य।	पन्द्रहवें वित्त	1,92842.00	3,856.00	500.00

निविदा की शर्ते ग्राम पंचायत बरौली खुर्द कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।
01– अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–730/33–3–2022–11/2022 दिनांक 26.04.2022 के अनुसार वित्त आयोग के अन्तर्गत सामग्री आपूर्ति हेतु पंचायती राज विभाग से जुड़े पदाधिकारी / कर्मी (क्षेत्र पंचायत प्रमुख खण्ड विकास अधिकारी सहायक विकास अधिकारी (पं0) ग्राम प्रधान पंचायत सचिव पंचायत सहायक पंचायती राज विभाग में सविदा पर कार्यरत कर्मी) के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तदारों द्वारा स्थापित फर्म/ वेण्डर की निविदा स्वीकार नही की जायेगी। साक्ष्य प्राप्त होने पर निविदा स्वतः निरस्त की दी जायेगी।

प्रधान – ग्राम पंचायत बरौली खुर्द
वि0ख0 सैफई (इटावा)

ग्राम पंचायत अधिकारी – ग्राम पंचायत बरौली खुर्द
वि0ख0 सैफई (इटावा)

कोटा डीलर के चुनाव में धांधली पर महिलाओं ने किया हंगामा

एक सैकड़ा से अधिक महिलाएं जिला मुख्यालय पहुंचीं, तहसीलदार विरोधी नारेबाजी

संवाददाता, ककोर, औरैया

अमृत विचार। जिला मुख्यालय पहुंचकर एक सैकड़ा महिलाओं ने कोटा डीलर के चुनाव में धांधली की शिकायत की। ग्राम पंचायत बरौली में राशन डीलर के चुनाव की शिकायत को लेकर महिलाओं ने जमकर हंगामा काटा और तहसीलदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

जिला आपूर्ति अधिकारी देवमणि मिश्रा से बात करने पर भी महिलाएं शांत नहीं हुईं। कलक्ट्रेट में ही धरने पर बैठ गई। जिला अधिकारी से मुलाकात करने के लिए महिलाएं जिद पर अड़ गई।महिलाओं ने बताया कि कोटा डीलर के लिए चार पर्चे भरे गए थे। जिसमें मनमानी ढंग से चुनाव कर लिया गया। जबकि सात समूह से चुनाव कराने के आदेश दिए गए थे।जिसमें ग्राम पंचायत अधिकारी ने एजेंडा में समूह द्वारा चुनाव कराने की बात लिखी थी ।लेकिन चुनाव में गठित टीम तहसीलदार की अगुआई में कराया गया ।इसमें स्पष्ट लिखा गया था । ग्राम सभा के सभी नामित सदस्य वोट डालेंगे। लेकिन हम लोगों को गुमराह किया गया हमारे पक्ष की 11 समूह उपस्थित थे, और विपक्ष के केवल पांच थे। उसके बावजूद भी तहसीलदार ने गुमराह किया।जब हम लोग घर चले गए तो 4:00 बजे के बाद 56 सदस्यों को बैठक चुनाव की एक पक्षीय घोषणा कर दी।जिस पर एक सैकड़ा महिलाओं ने जिला मुख्यालय पहुंचकर हंगामा किया। हंगामा को सुनकर अपर जिलाधिकारी ने वार्ता करने की कोशिश की तो कुछ देर बाद महिलाओं ने उनकी बात सुनी।महिलाओं ने आरोप लगाया कि कोटा डीलर चुनाव में तहसीलदार द्वारा धांधली की गई है और एक तरफा चुनाव की घोषणा की। इसलिए चुनाव कैंसिल करके दोबारा से टीम गठित के साथ चुनाव कराए जाएं। इस मामले में अपर जिला अधिकारी महेंद्र पाल सिंह ने आश्वासन दिया 3 दिन के अंदर उचित कार्रवाई होकर दोबारा चुनाव के आदेश किए जाएंगे।जिस पर सभी महिलाएं शांत होकर वापस चली गई।

जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

भारी वाहनों के लोड से सड़क क्षतिग्रस्त

अछल्दा औरया। नहर किनारे बनी सड़क पर डंपरों व ट्रकों के निकलने से सड़कों को क्षतिग्रस्त कर दिया है। अभी कुछ महीने पहले ही सड़क को बनाया गया था।

कस्बा के बगल से निकली निचली गंग नहर के किनारे मल्हौसी से लेकर दिबियापुर तक अभी कुछ महीने पहले ही सड़क बनाई गई थी। जिसे भारी वाहनों डंपरों, ट्रकों के निकलने से सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। विदित हो कि कस्बा के मुख्य मार्ग के नहर पुल एवं हरीगंज बाजार में नहर पुल क्षतिग्रस्त होने के चलते भारी वाहनों की रोकथाम के लिए हाइट गेज लगाए गए हैं। जिसके चलते भारी वाहन फफूंद बंबा के किनारे बनी सड़क से घसारा ओवर ब्रिज से निकलकर नहर किनारे बनी अछल्दा तक वाहन निकालते हैं। वहीं अछल्दा नहर पुल से दिबियापुर तक बनी नहर किनारे सड़क पर भारी वाहन पाता होते हुए रेलवे के ओवरब्रिज से निकलते हैं, उधर रेलवे किनारे बन रही बाउंड्री बनाई जा रही है। वहां तक सामान को पहुंचाने के लिए भारी वाहनों का नहर किनारे बनी सड़क पर निकलना हो रहा है। फफूंद बंबा पर भी अभी सड़क का निर्माण कराया गया है। फफूंद बंबा की भी सड़क को भारी वाहन रौंद रहे हैं।

बोर्ड परीक्षा के लिए आई कॉपियां

संवाददाता, ककोर, औरैया

- हाईस्कूल और इंटर परीक्षा में सम्मिलित होंगे 42465 छात्र
- प्रयोगात्मक परीक्षा के बाद वितरित होंगी कॉपियां

अमृत विचार। यूपी बोर्ड परीक्षा 22 फरवरी की तैयारी जनपद स्तर पर तेजी से हो रही है। परीक्षा कार्यालय ने हाई स्कूल व इंटर परीक्षा के लिए कॉपियों की पहली खेप आ गई है। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाई स्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए पुख्ता इंतजाम कर रही है। वहीं 22 फरवरी से शुरू हो रही परीक्षाओं के लिए भी कमर कस ली गई है। इस बार हाई स्कूल 22707 तथा इंटरमीडिएट 19758 में छात्र शामिल होंगे।

पिछले दिनों यूपी बोर्ड ने जिले में 77 परीक्षा केंद्रों की अंतिम सूची जारी कर दी। सभी कालेजों की आपत्तियां दाखिल होने के बावजूद उनका निस्तारण करके अंतिम सूची पर मुहर लगा दी गई। अब ऐसे में परीक्षा की तैयारी को तेजी से पूरा किया जा रहा है।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार इंटरमीडिएट की 97000 हजार कॉपियां तथा 29000 ब कापियां तथा हाईस्कूल की 1,15,000 अ तथा 46000 ब कापियां आ गई हैं। जल्दी ही शेष कॉपियां इस पखवाड़ा में आने की संभावना है। वहीं इस वर्ष की बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा 10 में 22707 तथा इंटरमीडिएट में 19758 छात्र हैं मिलाकर कुल 42465 छात्र परीक्षा देंगे। इन सभी कॉपियों को नगर पालिका स्कूल में सुरक्षित रखवा दिया गया है और 10 फरवरी के बाद परीक्षा के लिए कापियों का वितरण किया जाएगा। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि हाई स्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं की कॉपियां आ चुकी हैं उन्हें सुरक्षित रखवा दिया गया है। प्रयोगात्मक परीक्षाओं के बाद सभी स्कूलों को कॉपियां वितरित कर दी जाएगी।

जनता महाविद्यालय में रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण कैंप

अजीतमल औरैया । जनता महाविद्यालय में तीन दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के अंतिम दिन बुधवार को ध्वजारोहण, प्रार्थना एवं स्काउट गाइड गीत हुआ। प्राचार्य प्रो . एके शर्मा ने शिविर का निरीक्षण किया। प्रशिक्षण शिविर समापन के अवसर पर उन्होंने कहा कि रोवर्स रेंजर्स भविष्य में देश सेवा के संकल्प के साथ कार्य करें यही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। प्रशिक्षण शिविर में छात्र-छात्राओं ने बिना बर्तन के खाना बनाना तंबू लगाना आदि सीखा। प्रशिक्षक प्रदीप कुमार त्यागी द्वारा एवं उनके सहायक अभिषेक द्विवेदी एवं ललित शर्मा ने रोवर्स एवं रेंजर्स को स्काउटिंग की जानकारी दी। शिविर में प्रतिभागियों को रस्सी के सिरे सुरक्षित करना, गांठे और बंधन, खेल- गीत, सिंहनाद तथा विभिन्न प्रकार की तालिया के विषय में बताया। कैंपफायर की जानकारी एवं स्व :स्थान व झंडा उतारना आदि गतिविधियां सिखाई। रोवर्स प्रभारी डॉ उमाकांत मिश्रा ने प्राथमिक चिकित्सा की जानकारी देते हुए हाथ में पट्टी बांधना सिखाए। रेंजर्स प्रभारी डॉ शशि पालीवाल ने कैंपफायर की तैयारी, रोल प्ले एवं स्किल ओ रामा के विषय में बताया इस अवसर पर एनसीसी प्रभारी मेजर प्रो . योगेश बाबू दीक्षित, मुख्य प्रानुशासक प्रोफेसर वीरेश सिंह भदोरिया, प्रो .श्री प्रकाश यादव, प्रो अजय वर्मा डॉ . धर्मेंद्र कुमार डॉ सुधांशु मिश्र व अन्य शिक्षक व शिक्षक पर कर्मचारी उपस्थित रहे।

विद्यालय से पंखे एलईडी और साउंड सिस्टम ले गए चोर

फफूंद। थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय से चोर एकल कक्ष और कार्यालय की खिड़कियों को तोड़कर एलईडी, पंखे और साउंड सिस्टम चोरी कर ले गए। फफूंद थाना क्षेत्र में कस्बे से सटे गांव जैतपुर प्राथमिक विद्यालय में मंगलवार की रात चोरी हुई। बुधवार सुबह प्रधानाध्यापक ज्ञान प्रकाश जब विद्यालय खोलने पहुंचे तो उन्हें चोरी की घटना का पता चला। सूचना पाकर अजीतमल सीओ राम मोहन शर्मा ने जांच पड़ताल की।

आवारा पशुओं को किसानों व प्रधान ने गोशाला पहुंचाया

संवाददाता, फफूंद

अमृत विचार। क्षेत्र में आवारा पशुओं से किसान परेशान हैं। सारी रात फसलों की रखवाली के लिए जागने को मजबूर हैं। किसानों की परेशानी को देखते हुए ग्राम प्रधान ने घूम रहे बीस से अधिक गोवंशो को पकड़वाकर गोशाला में पहुंचा दिया।

भाग्यनगर ब्लाक के कई गांव में आवारा पशुओं के झुंड खुलेआम घूमते हुए किसानों की गेहूं, जौ और मटर की फसल को खा रहे हैं। जिससे किसान रात दिन खेतों की पहरेदारी करने को मजबूर है। विकास खंड की ग्राम पंचायत बूढ़ादाना क्षेत्र में भी किसान परेशान थे, पचास से अधिक किसान मंगलवार को ग्राम प्रधान ठाकुर मोहित सिंह से मिले और आवारा गोवंश को पकड़वाने की मांग की। जिस पर ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों के सहयोग से देर रात तक खुले घूम रहे बीस से अधिक गोवंशों को पकड़वाया और उन्हें लोडरों में लादकर उमरी गोशाला में पहुंचा दिया। जिससे किसानों ने राहत की सांस ली।

पशुओं को गोशाला ले जाते ग्रामीण।

सड़कों पर घूमते गोवंशों से हादसे का डर

कुदरकोट औरैया। कस्बे में सड़कों पर गोवंश भटकने को मजबूर हैं। शासन के आदेश की प्रशासन अनदेखी कर रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़कों पर गोवंश इधर-उधर भटक रहे हैं। जबकि शासन द्वारा आदेश जारी किया गया था दिसंबर के बाद एक भी गोवंश इधर-उधर भटकता हुआ नजर नहीं आना चाहिए। जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। इस संबंध में कई बार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, फिर भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है ऐसे में ऐसा प्रतीत होता है कि शासन के आदेशों की धज्जियां सरेआम उड़ाई जा रही हैं। ग्रामीण किसानों का कहना है इधर-उधर घूम रहे गौवंशों को गौशाला में पहुंचाया जाए। जिसके लिए सरकार पानी की तरह रुपया खर्च कर रही है फिर भी लोगों को राहत नहीं है।

सभी बूथों पर ग्रामीणों से करें संपर्क : भुवन प्रकाश

संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। भाजपा के गांव चलो अभियान की सफलता को लेकर बुधवार को औरैया मंडल की कार्यशाला पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद दुबे की अध्यक्षता में महाकाल गेस्ट हाऊस में हुई। कार्यशाला में मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता ने कहा कि मंडल के सभी बूथों में आगामी 4 फरवरी से 11 फरवरी तक कार्यकर्ताओं को 24 घंटे प्रवास के माध्यम से ग्रामीणों से संपर्क करना है।

उन्होंने कहा कि भाजपा की गरीब कल्याण की नीतियों का प्रचार करना, बूथ समिति का सत्यापन, मतदाता सूची का निरीक्षण, लाभार्थी से संपर्क, युवाओं, किसान समूह, छात्र, खिलाड़ी, प्रभुत्व नागरिकों से संवाद आदि कार्य करना है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। नगर कार्यशाला में वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप दुवे प्रधानाचार्य, भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष लल्ला शर्मा, भाजयुमो के प्रांतीय कार्यकारिणी सदस्य विवेक पाठक,सुधीर शुक्ला,नगर अध्यक्ष राम जी बाजपेई, किसान मोर्चा के जिला कोषाध्यक्ष रविन्द्र चतुर्वेदी,मनोज गुप्ता, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मनीष कठेरिया,आशीष चौबे,राहुल गुप्ता आदि उपस्थित रहे। इसके अलावा मंडल औरैया देहात, मुरादगंज अजीतमल, अछल्दा, बल्लापुर, फफूंद में मंडल बैठक हुई। वही दिबियापुर मंडल, बिधूना नगर, बिधूना देहात, एरवाकटरा, सहार, सहायल में आज गांव चलो अभियान की मंडल बैठक होगी।

- गांव चलो अभियान की सफलता के लिए हुई कार्यशाला

कार्यशाला को संबोधित करते जिलाध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता। अमृत विचार

भाजपा मंडल की कार्यशाला बैठक हुई

फफूंद औरैया। भारतीय जनता पार्टी मंडल फफूंद की कार्यशाला बैठक बुधवार को कटरा मनेपुर में स्थित माहेश्वरी गेस्ट हाउस में हुई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल के अध्यक्ष गोविंद मिश्रा एवं संचालन मंडल उपाध्यक्ष अखिलेश पाल ने की। बैठक में मुख्य अतिथि विकास गौर मंडल संयोजक विस्तारक, शिव प्रताप सिंह व आशीष पाल की उपस्थिति में मंडल फफूंद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से कहा की 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए आज से ही कमर कस लें। साथ ही जो मतदाता छूट गए हैं, जिनकी उम्र जनवरी 24 में 18 साल हो चुकी है। उनको मतदाता बनाया जाए। लोकसभा चुनाव के लिए अभी से जुट जाएं। मतदाताओं से जनसंपर्क करते समय केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं को बताएं। समस्या सुने और निस्तारण कराएं। कार्यशाला की बैठक में मुख्य रूप से भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष जीत कुमारी दुबे, भाजपा मंडल फफूंद के अध्यक्ष गोविंद मिश्रा, महिला मोर्चा मंडल फफूंद की अध्यक्ष मिथिलेश राजपूत, भाजपा मंडल फफूंद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विश्वनाथ शुक्ला रहे।

कार्यशाला में उपस्थित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता। अमृत विचार

छेड़खानी के दोषी को तीन वर्ष की कैद

कार्यालय, संवाददाता औरैया

- थाना अछल्दा के सात साल पुराने मामले में आया फैसला

अमृत विचार। विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने थाना अछल्दा में सात साल पूर्व किशोरी के साथ छेड़खानी के दोषी गौरव को तीन वर्ष के कठोर कारावास की सजा से दण्डित किया है। उस पर 15 हजार रुपये अर्थदण्ड भी लगाया गया।

उक्त मामले की पैरवी कर रहे डीजीसी अभिषेक मिश्रा व विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो जितेन्द्र सिंह तोमर एवं मृदुल मिश्रा ने बताया की उक्त मामला दिनांक 14 दिसंबर 2016 का है। वादी ने थाना अछल्दा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनकी नाबालिग बेटी 14 दिसंबर की शाम तीन बजे शकरकंदी की बेल की गठरी लेकर खेत से घर आ रही थी। तभी रास्ते में घात लगाए बैठे गौरव पुत्र शिवप्रकाश निवासी सुभानपुर अछल्दा ने पुत्री का मुंह दबाकर खेत में खींच ले गया और बोला कि अगर चिल्लाने की कोशिश की तो तमंचे से जान से मार देगा। किशोरी के चिल्लाने पर लोग जमा हो गए, इस पर गौरव वहां से भाग गया। पीड़िता ने घटना की जानकारी अपने घर वालों को आकर की। आरोपी पहले भी ऐसी हरकत कर चुका है। थाना अछल्दा में छेड़खानी का मामला पंजीकृत हुआ। पुलिस ने विवेचना कर अभियुक्त के विरुद्ध चार्जशीट कोर्ट में प्रस्तुत की। इस मामले पर विशेष न्यायालय (पॉक्सो अधिनियम) मनराज सिंह ने बुधवार को निर्णय सुनाया। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो जितेंद्र सिंह तोमर व मृदुल मिश्रा ने किशोरी के साथ छेड़खानी के साक्ष्य प्रस्तुत कर कठोर कार्यवाही की बहस की। बचाव पक्ष ने उसे निर्दोष साबित करने का पक्ष रखा। दोनों पक्षकारों की सुनने के बाद ए० डी० जे० मनराज सिंह ने अभियुक्त गौरव निवासी सुभानपुर अछल्दा को तीन बर्ष के कठोर कारावास व 15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा से दंडित किया।

गोशाला में गाय का किया गया इलाज

काऊ लिफ्टिंग मशीन पर खड़ी गाय।

अजीतमल। नगर पंचायत बाबरपुर की गोशाला में कई दिन से बीमार गोवंश खड़ी नहीं हो पा रही थी। काऊ लिफ्टिंग मशीन से गाय को खड़ा कर उसका इलाज किया गया। सभासद राहुल तिवारी ने बताया कि काऊ लिफ्टिंग मशीन से बीमार गोवंश को खड़ा किया गया।

अछल्दा के मेले में लगे झूले और सजीं दुकानें

संवादाता अछल्दा औरैया

- एक महीने तक चलेगा व्यापारियों को खासा लाभ मिलने की संभावना

अमृत विचार। अछल्दा कस्बा में हर वर्ष लगने वाला मेला एक माह तक रौनक बड़ा देता है। इस समय शीतकालीन मेला सजने लगा है। खजला और झूले के साथ खिलौना एवं खाने-पीने की दुकानें भी लगने लगी हैं। एक महीने तक चलने वाले मेले में व्यापारियों को लाखों को कारोबार होने का अनुमान है। मेले का शुभारंभ पांच फरवरी को होना है। मेले में हर बार आस-पास क्षेत्र के लोग आते है। मेले में पुलिस की खास सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम होता है। मेले में इस बार ब्रेक डांस, कटर, रेल, नाव, बच्चों का जंप झूला, पालकी झूला, ड्रेगन झूला के अलावा और कई प्रकार के झूले आए हैं। वही मेले में काला जादू, सांस्कृतिक कार्यक्रम, लगाए जाते है। इस मेले की सबसे खास बात ये है कि यहां बिकने वाली जलेबी और खजला है। मेले घूमने आए लोग जलेबी और खजला न खाए तब तक मेले का आनंद नहीं आता है।

सार-संक्षेप

घर वाले सोते रहे, चोर ले गए माल

बिधूना। मंगलवार रात चोरों ने एक मकान का ताला तोड़कर लगभग ढाई लाख रुपये से अधिक के जेवर, बारह हजार रुपये चोरी कर ले गए। पीड़ित ने घटना की लिखित तहरीर कोतवाली पुलिस को दी है। आंबेडकर नगर निवासी ओम प्रकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करते हैं। उनकी पत्नी रामरोशनी घर पर रहती है। मंगलवार रात्रि पत्नी घर के नीचे वाले कमरे में खाना खाने के बाद सो गई। सुबह जब वह घर की ऊपरी मंजिल पर गई तो कमरे का ताला टूटा मिला। कमरे में घुसकर देखा तो आलमारी के ताले टूटे मिले और उनमें रखे जेवर व नकदी गायब थी। पीड़ित की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने जांच पड़ताल की। पुलिस ने बताया रिपोर्ट दर्ज जांच की जा रही है।

डीएम के आदेश पर गैंगस्टर की संपत्ति जब्त

फफूंद। कस्बा निवासी एक गैंगस्टर आरोपी की अपराध से अर्जित साढ़े चार करोड़ से अधिक की चल व अचल संपत्ति को जिला प्रशासन ने जब्त की है। जब्ती की कार्रवाई पूर्व तहसीलदार और सीओ अजीतमल ने पुलिस फोर्स के साथ कस्बे के चौराहों और तिराहे पर ढोल बजाकर मुनादी कराकर की। फफूंद के मोहल्ला कायस्थान निवासी मोनू उर्फ अभय अग्निहोत्री गैंगस्टर का आरोपी है और अपराध करके अर्जित की गई साढ़े चार करोड़ से अधिक की चल अचल संपत्ति के आरोपों पर जिला अधिकारी ने उसकी संपत्ति जब्त करने का आदेश दिया। जिस पर बुधवार अपरान्ह तहसीलदार सदर अविनाश सिंह,नायब तहसीलदार प्रकाश चौधरी, सीओ अजीतमल राम मोहन शर्मा, राजस्व टीम और पुलिस फोर्स बैनर लेकर ढोल बजाते हुए थाने से अछल्दा चौराह होकर तिराहा चमनगंज पहुंचा। जहां से ख्यालीदास चौराह होकर दिबियापुर रोड पर गया। वहां स्थित मौजा अलीपुर कमालपुर के भूमि संख्या 212 मे मोनू अग्निहोत्री के निर्माणाधीन बिल्डिंग पर गैंगस्टर एक्ट की धारा 14 (1) के तहत संपत्ति जब्ती का बोर्ड लगाकर कार्रवाई पूरी की।

संपत्ति जब्त करती पुलिस।

ट्रैक्टर-ट्राली ले गए चोर

अछल्दा औरया। रात में चोरों ने एक ट्रैक्टर-ट्राली पार कर दी। सुबह परिजनों ने ट्राली को न देख होश उड़ गए। थाना क्षेत्र के ग्राम सलेमपुर निवासी अवधेश सिंह पुत्र लुकमान सिंह ने थाने में तहरीर दी है कि उनके गैराज में ट्रैक्टर ट्राली खड़ी थी, जो सुबह गायब मिली। घटना की जानकारी होने पर पुलिस ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की है।

नेत्र परीक्षण शिविर में उमड़े मरीज

अछल्दा, औरैया। कस्बा के स्टेशन रोड पर सेंट्रल बैंक के पास स्थित वैष्णो आईकेयर द्वारा मुफ्त नेत्र परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर में 45 मरीजों ने पंजीकरण कराया। 20 लोगों को आपरेशन कराने की सलाह दी गई। इन लोगों को ऑपरेशन के साथ दवा और मुफ्त चश्मा दिया जाएगा। बुधवार को वैष्णो आई केयर सेंटर की ओर से लगाए गए शिविर में मरीजों की जांच की गई। अधिकतर लोगों में मोतियाबिंद की शिकायत मिली। शिविर में मोतियाबिंद के आपरेशन लेंस प्रत्यारोपण विधि से किए जाएंगे। आयोजक डॉ . आशुतोष प्रताप सिंह रहे।

परीक्षण करते चिकित्सक।

उम्मीद केंद्र के अंतरिम बजट पर टिकी निगाहें

बजट से किसानों को जगी आस

कार्यालय संवाददाता, औरैया

अमृत विचार। गुरुवार को केंद्र सरकार इस कार्यकाल का अंतरिम बजट पेश करने जा रही है। किसान इस बजट को लेकर काफी उम्मीद लगाए बैठे है। उन्हें खाद पर सब्सिडी बढ़ने की उम्मीद है। सम्मान निधि में भी इजाफा होने की उम्मीद है। पिछले सालों में डीएपी, यूरिया खाद और कीटनाशक दवाओं के साथ डीजल के दामों में हुई बढ़ोतरी ने खेती किसानी की लागत बढ़ाई है।

किसान इस लागत में कमी तो दूसरी ओर से उपज की एमएसपी में बढ़ोतरी की उम्मीद भी जता रहे हैं। किसानों का मानना है कि अंतिम बजट से किसान हित में फैसले लिए जा सकते हैं। एक प्रचुर आबादी की आकांक्षाओं पर बजट कितना असरदार होगा यह पेश होने के बाद ही पता लगेगा।

क्या बोले किसान

किसानों के लिए लगातार खेती बाटे का सौदा बनती जा रही है। फसल उत्पादन की लागत बढ़ने व उपज का वाजिब दाम न मिल पाना इसके पीछे की वजह है। केंद्र सरकार के इस बजट में खाद व डीजल के दाम गिरने व उपज के दाम में बढ़ोतरी की आकांक्षा है।

-महावीर वर्मा माखनपुर

पिछले बजटों से किसान हित में सम्मान निधि से लेकर तमाम तरह के प्रयास किए गए, लेकिन खेती-किसानी में लागत बढ़ने की वजह से ये प्रयास न काफी लग रहे हैं। बजट से खेती किसानी के लिए काफी कुछ राह आसान की जा सकती है।

-अखिलेश शुक्ला दखलीपुर

सरकार के अंतरिम बजट में कृषि और ग्रामीण क्षेत्र को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। कृषि उपज का मूल्य एमएसपी के माध्यम से बढ़ाया जाए। खाद बीज में सब्सिडी बढ़ा जाए।

-अजय तिवारी निवाजपुर

कृषि यंत्रों की खरीद में समान रूप से किसानों को सब्सिडी का लाभ दिया जाए। खाद की किल्लत न हो इसके लिए समान रूप से सभी जगह एक जैसा दाम सुनिश्चित कराने की व्यवस्था बनाई जाए।

-राकेश त्रिपाठी ,ककोर बुजुर्ग

ट्रेन के ब्रेक शू चिपकने से उठा धुंआ

संवाददाता, अछल्दा-औरैया

अमृत विचार। दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर सुबह ब्रम्हपुत्र मेल के ब्रेक पहिया में चिपक जाने से उसमें से धुंआ उठने लगा। जिससे ट्रेन को स्टेशन पर रोक कर सही किया गया। उसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।

दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग के डाउन लाइन पर दिल्ली से कानपुर की तरफ जा रही 15657 ब्रम्हपुत्र मेल में दोपहर करीब 12 बजे के एसी कोच के पहियों से चिंगारी के साथ तेज धुंआ उठने लगा। जिससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। जानकारी होने पर ट्रेन को घसारा स्टेशन पर रोक दिया गया। ट्रेन में मौजूद रेलवे स्टाफ सहित आरपीएफ ने फायर गैस से धुंआ उठना बंद कराया। इसके करीब आधा घंटा बाद ट्रेन को रवाना किया गया। जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि पहिये मे ब्रेक चिपकने की वजह से ट्रेन रोकी गई थी।

क्रॉसिंग पर लगा जाम। अमृत विचार

- ट्रेन को रोककर ब्रेक सही होने के बाद किया रवाना

घसारा स्टेशन पर खड़ी ट्रेन।

एक घंटे क्रॉसिंग बंद होने से लगा लंबा जाम

अछल्दा औरैया । दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर ट्रेन की लेट लतीफी के चलते गेट नंबर 13 एक घंटा न खुलने से फफूंद बिधूना मार्ग पर जाम लग गया। जाम इतना लंबा लगा कि बाइक सवारों को जूझना पड़ा। फफूंद बिधूना मार्ग पर बुधवार दोपहर 12 :20 बजे गेट 13बी बंद हो गया। जिससे अति व्यस्ततम रेल मार्ग होने की वजह से 13बी गेट नहीं खुल सका। फफूंद बिधूना मार्ग पर लंबा जाम लग गया। करीब 1 :25 बजे क्रॉसिंग खुली।

एक नजर

बजट सत्र कल से, सर्वदलीय बैठक आज

अमृत विचार, लखनऊ : विधानमंडल के बजट सत्र के लिए सर्वदलीय बैठक गुरुवार को होगी। इसके बाद कार्यमंत्रणा समिति की बैठक होगी। अगले दिन 2 फरवरी शुक्रवार से विधानमंडल का बजट सत्र शुरू होगा। 5 फरवरी को राज्य सरकार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए उप्र. का बजट पेश करेगी। सभी मंत्रियों का पहली फरवरी को अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन करने का कार्यक्रम पहले तय था, जिसे स्थगित कर दिया गया है। बजट सत्र की शुरुआत दोनों सदनों की संयुक्त बैठक के समक्ष राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से होगी। तीन फरवरी को शनिवार होने के बावजूद सदन की बैठक आहूत की जाएगी। उस दिन शोक प्रस्ताव के बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी जाएगी। बीते दिनों शाहजहांपुर की ददरौल सीट से भाजपा के विधायक मानवेंद्र सिंह व बलरामपुर की गैसड़ी सीट से सपा विधायक डॉ. शिव प्रताप यादव का निधन हुआ था।

17 वरिष्ठ अफसरों को पीछे छोड़ प्रशांत की हुई ताजपोशी

यूपी को चौथी बार भी नहीं मिला पूर्णकालिक डीजीपी, मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में सबसे ऊपर होने के कारण मिली जिम्मेदारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

प्रशांत कुमार

अमृत विचार : डीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार की उप्र के नये कार्यवाहक डीजीपी पद पर ताजपोशी 17 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को पीछे छोड़कर हुई है। हालांकि वरिष्ठता में सबसे ऊपर होने के बाद मुकुल गोयल इस पद के लिए दावेदार नहीं माने जा रहे थे। दरअसल, उन्हें पहले ही अयोग्य ठहराते हुए डीजीपी के पद से हटाया गया था। साथ ही फरवरी माह में ही वह रिटायर होने वाले हैं। वैसे अमृत विचार के नवम्बर और दिसम्बर और दो दिन पहले भी प्रकाशित खबर में यह साफ कर दिया था कि चौथी बार भी प्रदेश पुलिस का मुखिया कार्यवाहक होगा और वह प्रशांत कुमार होंगे।

दरअसल, वरिष्ठता क्रम में प्रशांत कुमार से ऊपर अफसरों में मुकुल गोयल के अलावा आनंद कुमार, शफी अहसान रिजवी, आशीष गुप्ता, आदित्य मिश्रा, पीवी रामाशास्त्री, संदीप सालुंके, दलजीत सिंह चौधरी, रेणुका मिश्रा, बिजय कुमार मौर्या, सत्य नारायन साबत, अविनाश चंद्रा, संजय एम. तरडे, एमके बशाल, तनूजा श्रीवास्तव, सुभाष चंद्रा हैं। इसमें शफी अहसान रिजवी का कैडर उप्र-उत्तराखंड में फंसा है, इसलिए वह भी इस पद के लिए अर्ह नहीं थे। आनंद कुमार, पिछली बार भी मजबूत दावेदारों में थे, लेकिन डीजी जेल के पद पर तैनाती के दौरान जेलों में भ्रष्टाचार की हुई शिकायतों की तपिश ने उनकी साख पर बट्टा लगा दिया था। लिहाजा ऐन मौके पर वह दौड़ से बाहर हो गए थे और विजय कुमार को जिम्मेदारी दे दी गई थी।

पुलिस के मुखिया फिर कार्यवाहक : प्रशांत कुमार की तैनाती के साथ देश के सबसे राज्य उप्र को चौथी बार भी पूर्णकालिक डीजीपी मिलने का रास्ता बंद हो गया। 11 मई 2022 को सरकार ने पूर्णकालिक डीजीपी मुकुल गोयल को अचानक हटा दिया था। उसके बाद से अभी तक देश के सबसे बड़े राज्य की पुलिस को उसका पूर्णकालिक डीजी नहीं मिल पाया है। गोयल के बाद सरकार ने डीएस चौहान को कार्यवाहक डीजीपी बनाया था। फिर 31 मार्च 2023 को चौहान के रिटायरमेंट के बाद आरके विश्वकर्मा कार्यवाहक डीजीपी बने। विश्वकर्मा के 30 मई को रिटायर होने के बाद विजय कुमार कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए और 31 को उनकी सेवानिवृति के बाद प्रशांत कुमार को इस पद पर बैठाया गया है।

नए डीजीपी के लिए प्रशांत कुमार के पक्ष में जमीन तैयार
पद रिक्त न होते हुए भी डीपीसी में बना दिए गए डीजी, पूर्व के कई फैसलों से पक्ष दिख रहा मजबूत
लखनऊ, अदिति नारायण, आनंद कुमार व साबत भी दौड़ में
29 जनवरी को अमृत विचार में प्रकाशित समाचार।

वरिष्ठता सूची में हैं नीचे

प्रशांत कुमार वैसे तो 1990 बैच के अफसरों में वरिष्ठता सूची में काफी नीचे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के भरोसेमंद अफसरों में सबसे ऊपर होने के चलते उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। वैसे नए डीजीपी के लिए उनके पक्ष में जमीन पहले से ही तैयार की गई थी। मसलन, डीजी के नियमित 14 पद रिक्त न होने के बावजूद एक माह पहले ही डीपीसी के माध्यम से उन्हें डीजी बना दिया गया। पहले यह माना जा रहा था कि 31 जनवरी को विजय कुमार और डीजी एसके माथुर के सेवानिवृत्त होने के बाद खाली होने वाले पद के आधार पर वह एक फरवरी को डीजी बनेंगे। सूत्रों के मुताबिक, शायद यह माना गया कि एक ही दिन डीजी पद पर प्रमोशन और फिर डीजीपी पद पर तैनाती से संदेश कुछ ठीक नहीं जाएगा। डीजीपी के ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार भी उन्हीं के पास पहले से ही था। अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा और 26 जनवरी को देखते हुए प्रदेशभर के पुलिसकर्मियों की छुट्टी को लेकर आदेश भी इस बार प्रशांत कुमार के हस्ताक्षर से ही जारी हुए थे।

फिर कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति पर अखिलेश ने उठाए सवाल

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र में निरंतर चौथी बार कार्यवाहक डीजीपी की नियुक्ति किये जाने पर समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने सवाल खड़े किये हैं। सपा प्रमुख ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि लगता है एक बार फिर उप्र को कार्यवाहक डीजीपी मिलने वाला है। जनता पूछ रही है कि हर बार कार्यवाहक डीजीपी बनाने का खेल दिल्ली-लखनऊ के झगड़े की वजह से हो रहा है या फिर अपराधियों के संग सत्ता की सांठगांठ के कारण। अखिलेश इससे पूर्व विधानसभा में भी कार्यवाहक उप्र. पुलिस के मुखिया को लेकर सरकार से सवाल पूछते रहे हैं।

पूर्व की सरकारों में किसान करते थे आत्महत्या : योगी

मुख्यमंत्री ने सीमैप में किसान मेला की शुरुआत की

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

सीमैप द्वारा आयोजित किसान मेले के कार्यक्रम का उद्घाटन करते मुख्यमंत्री योगी साथ में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व मौजूद अन्य लोग। अमृत विचार

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पहले की सरकारों में किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल पाता था। संसद के हर सत्र में किसानों की आत्महत्या का मुद्दा उठता था। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2022 तक किसानों की आमदनी दोगुनी करने का लक्ष्य रखा। कई योजनाएं शुरू कीं और किसानों को वैज्ञानिक शोध एवं इनोवेशन से जोड़ा। इसी का परिणाम है कि वर्ष 2018 से अन्नदाता किसानों को उनकी लागत का डेढ़ गुना दाम मिलना शुरू हुआ।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को पिकनिक स्पॉट रोड स्थित केन्द्रीय औषधि एवं सगन्ध पौधा संस्थान (सीमैप) द्वारा आयोजित किसान मेला की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने उप्र. के किसानों को औषधीय खेती और बागवानी से भी जोड़ा है। उनके हर्बल प्रोडक्ट्स को प्रमोट कर रही है। इससे किसान अपने उत्पाद का कई गुना दाम प्राप्त कर रहा है। इस दौरान योगी ने मेले में लगी प्रदर्शनी में लगे स्टालों को देखा और किसानों से बातचीत भी की। मेले में 15 प्रदेशों से ज्यादा के चार हजार से ज्यादा किसान शामिल हुए। औषधीय पौधों की खेती करने वाले किसानों के लिए सीमैप एक एरोमा मिशन एप भी लांच करेगा, जो किसानों और इंडस्ट्री के बीच एक सेतु का काम करेगा। कार्यक्रम में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, सीएसआई-आर सीमैप के महानिदेशक डॉ. एन कलैसेल्वी समेत बड़ी संख्या में उप्र. के जिलों व विभिन्न प्रदेशों से आए किसान मौजूद रहे।

प्रदेश में हैं 89 कृषि विज्ञान केंद्र

देश की 16 फीसदी आबादी उत्तर प्रदेश में रहती है। 11 फीसदी कृषि योग्य भूमि होने के बावजूद 22 फीसदी से अधिक खाद्यान्न का उत्पादन अकेले उत्तर प्रदेश करता है। उत्तर प्रदेश में 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं। चार राज्य कृषि विश्वविद्यालय हैं और पांचवां स्थापित होने जा रहा है। कृषि, बागवानी और आयुष से जुड़े ऐसे तमाम संस्थान उप्र. में मौजूद हैं।

4000 किसानों को राम मंदिर के दर्शन कराएगी सरकार

राजधानी में बुधवार को आयोजित किसान मेला में शामिल हुए सभी 4000 किसानों को राज्य सरकार राम मंदिर के दर्शन कराएगी। यह घोषणा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की है। मेले में 15 राज्यों के किसान भी शामिल हुए हैं। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर सीमैप द्वारा विकसित एरोमा एप का लोकार्पण भी किया।

बोर्ड परीक्षा में अब नहीं चलेगी केंद्र व्यवस्थापकों की बहानेबाजी

नकल रोकने, व्यवस्था बनाए रखने, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, उत्तर पुस्तिकाओं की देखरेख को लेकर दिया जा रहा प्रशिक्षण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ केंद्र व्यवस्थापक पहले गड़बड़ी पकड़े जाने पर कहते थे, हमें किसी ने नहीं दी थी तकनीकी जानकारी

अमृत विचार : यूपी बोर्ड परीक्षा को नकल विहीन संचालित करने में इस बार केंद्र व्यवस्थापकों की किसी भी तरह की बहानेबाजी नहीं चलेगी। वे तकनीकी रूप से प्रशिक्षित न होने का बहाना करके कॉपी, पेपर, कक्ष निरीक्षकों की तैनाती से लेकर सीसीटीवी कैमरा के खराब संचालन के मामले से बच निकलते थे। मगर, इसबार उन्हें मास्टर ट्रेनर के जरिए प्रशिक्षण देकर सरकार दक्ष बना रही है, ताकि नकल की कोई गुंजाइश न रहे। हालांकि परीक्षा के दौरान कैमरे की आडियो खराब बताकर नकल कराने के तमाम मामले सामने आते रहे हैं।

इस बार केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं की समुचित व्यवस्था देखने के लिए मास्टर्स ट्रेनर्स के माध्यम से प्रशिक्षित किया जा रहा है। उन्हें परीक्षाओं से जुड़ी बारीक चीजों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि परीक्षा में किसी तरह की त्रुटि न हो। माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि परीक्षाओं को नकलविहीन बनाने और बिना किसी त्रुटि के संपन्न कराने के लिए केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं की व्यवस्था से संबंधित प्रशिक्षण देने का निर्णय किया गया है। प्रदेश के सभी 75 जनपदों में यह प्रशिक्षण चल रहा है। प्रत्येक जिले के लिए तीन मास्टर्स ट्रेनर्स की नियुक्ति की गई है, जो ऑडियो-वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षाओं से संबंधित हर बारीक जानकारी मुहैया करा रहे हैं। इसमें उन्हें नकल रोकने, व्यवस्था बनाए रखने, प्रश्नपत्रों की सिक्योरिटी, उत्तर पुस्तिकाओं की देखरेख समेत अन्य सभी महत्वपूर्ण विषयों के बारे में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

कक्ष निरीक्षकों को मिलेगी कंप्यूटराइज्ड आईडी

नई व्यवस्थाओं के तहत पहली बार उत्तर पुस्तिकाओं में सुरक्षात्मक क्यूआर कोड, लोगो, कवर पेज पर उनकी कोडिंग की गई है, जबकि पेज नंबर के साथ-साथ इस बार पिछले वर्ष में उपयोग किए गए कलर्स से अलग चार कलर्स में इन्हें पब्लिश कराया गया है। इसके अलावा पहली बार कक्ष निरीक्षकों के लिए एक सुरक्षित क्यूआर कोड और क्रमांक युक्त कंप्यूटराइज्ड परिचय पत्र भी प्रदान किया जा रहा है।

8265 केंद्रों पर 55 लाख से अधिक विद्यार्थी देंगे परीक्षा

बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं, जो 9 मार्च तक चलेंगी। इस बार हाईस्कूल में 29,47,325 और इंटरमीडिएट में 25,77,965 यानी कुल 55,25,290 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। बोर्ड की ओर से प्रदेश भर में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय परीक्षा केंद्रों की संख्या 566 है, सवित्त परीक्षा केंद्र 3479 और वित्तविहीन 4220 परीक्षा केंद्र हैं।

अखिलेश के करीबी नेता ने छोड़ी सपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ मनोज यादव ने पार्टी में पारिवारिक कलह का लगाया आरोप, प्रधानमंत्री मोदी की सराहना

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची सामने आते ही मैनपुरी में पार्टी के नेता और उद्योगपति मनोज यादव ने पार्टी छोड़ने का एलान कर दिया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के करीबी माने जाने वाले आरसीएल ग्रुप के चेयरमैन मनोज यादव ने मंगलवार को सपा से इस्तीफा दे दिया।

मनोज यादव ने पार्टी छोड़ते वक्त कहा कि सपा में पारिवारिक कलह अधिक है। इसके साथ ही उन्होंने स्थानीय स्तर पर नेताओं द्वारा एक दूसरे की टांग खींचने का आरोप लगाया है। मनोज ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। बिना किसी पक्षपात के काम किया जा रहा है। मनोज ने अभी खुलासा नहीं किया कि वे भाजपा में जाएंगे या नहीं। इससे पहले मंगलवार को ही पार्टी ने राज्य की 16 लोकसभा उम्मीदवारों की सूची में डिंपल यादव को मैनपुरी सीट पर उम्मीदवार घोषित किया है।

बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर एसी चिन्हित करने का प्रस्ताव वापस

अमृत विचार, लखनऊ : बिजली उपभोक्ताओं के आवासों पर लगे एसी को चिन्हित करने व इससे बिलिंग डेटा में शामिल किये जाने का प्रस्ताव वापस हो गया है। उत्तर प्रदेश राज्य उपभोक्ता परिषद के विरोध पर प्रस्ताव वापस लिया गया है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के निदेशक वाणिज्य योगेश कुमार ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के निदेशक आईटी को प्रस्ताव भेजा था। प्रस्ताव में कहा गया था कि शहरों के साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में एसी का इस्तेमाल हो रहा है। बिलिंग डाटा में एसी का इस्तेमाल चिन्हित होने से राजस्व वसूली में बढ़ोतरी हो सकेगी। उपभोक्ता परिषद के अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि मध्यांचल विद्युत वितरण निगम 'बैकफुट' पर आ गया है।

वर्ग पहेली-329

बाएं से दाएं

1. 1. किसी का विनाश करने वाली, विनाशिनी 2. मार डालने वाली, नष्ट करने वाली।
5. अंगारों पर दग्ध किया हुआ, भूना हुआ, जलाया हुआ।
7. हठधर्मी, दुराग्रही, अड़ियल।
8. 1. धांधली करने वाला, घोटालेबाज़ 2. भ्रष्टाचारी, बेईमान 3. धूर्त।

ऊपर से नीचे

2. तीन रंगों वाला।
3. 1. (संगीत) एक रागिनी जिसे प्रात :काल गाते हैं 2. (संगीत) चार मात्राओं का एक ताल।
4. भौतिकवादी, पदार्थवादी।
6. 1. धोखा देने वाला, जालसाज़ी या कपटपूर्ण व्यवहार करने वाला, ठग, विश्वासघाती 2. छली, कपटी, बेईमान, दगाबाज़, धूर्त, कुटिल।



वर्ग पहेली - 328 का हल

1 ज		2 के		3 सिं
तु		जु		गा
क		अ		रि
	4 ढो	ल	5 कि	या
6 पू			लो	7 झाँ
ज		8 पी	ल	पाँ
न				ली

यूपी में सड़क हादसों में प्रतिदिन 65 लोग गंवाते हैं जान

वर्ष 2022 की तुलना में जनवरी से दिसंबर 2023 तक हादसों में 6.7 प्रतिशत का इजाफा

नीरज मिश्र, लखनऊ

▸▸ दुर्घटनाओं से हुई मौतों में 4.7 फीसद की बढ़ोतरी की गई दर्ज

अमृत विचार : लोगों को यातायात नियम समझाते-समझाते करीब एक दशक पूरा होने को है। लेकिन न तो दुर्घटनाओं का ग्राफ कम हुआ और न ही मौतों की संख्या में गिरावट आई। जागरूकता कार्यक्रमों की बाढ़ भी बीते दस वर्षों में आंकड़ा घटा पाने में नाकाम रही। परिवहन, यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत तमाम एजेंसियों के समग्र प्रयास के दावे धरातल पर अपना असर नहीं छोड़ पा रहे हैं। साल 2023 के दौरान प्रदेश में जो हादसों और उनसे होने वाली मौतों का ग्राफ सामने आया है, वह चौंकाने वाला है। प्रदेश में बीते साल (2023) 23,652 लोगों की मौत हुई है। यानी प्रतिदिन 64.8 लोगों की जान सड़क हादसों में गई है। दुर्घटनाओं की संख्या में वर्ष 2022 की तुलना में इस साल 6.7 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। वहीं दुर्घटनाओं से हुई मौतों में 4.7 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

विंग के प्रयास : वर्ष 2015 में सरकार ने रोड सेफ्टी विंग की स्थापना की थी। इसमें यातायात, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, लोक निर्माण, एनएचआई समेत कई विभागों को शामिल किया गया था। इस पूरी विंग को अपने-अपने कार्य क्षेत्रों में खामियां दूर कर समग्र प्रयास करना था।

जनवरी से दिसंबर तक के आंकड़े

वर्ष	दुर्घटनाएं	मौत	घायल
2022	41,746	22,595	28,541
2023	44,534	23,652	31,098

भारी वाहनों के लिए होगी अलग लेन

अपर परिवहन आयुक्त सड़क सुरक्षा पुष्पसेन सत्यार्थी ने बताया कि निश्चित तौर पर साल 2023 के हादसे चौंकाने वाले हैं। हर स्तर पर विधिवत मॉनीटरिंग जारी है। विभागों की जवाबदेही तय की गई है। आगरा, यमुना समेत विभिन्न एक्सप्रेस-वे पर सख्त प्रवर्तन के निर्देश भी दिए गए हैं। एक्सप्रेस-वे से संबंधित सभी जिम्मेदार एजेंसियों को सचेत किया गया है कि वे अपनी परिधि में लगातार वाहनों से पेट्रोलिंग करें। देखने में आता है कि इन सभी हाइवे पर बड़े वाहन खड़े रहते हैं। भारी वाहनों के लिए एक लेन सुनिश्चित कराने के लिए उच्च स्तरीय वार्ता कर एक अलग लेन तैयार कराई जाएगी।

4-ई कांसेप्ट से आएगा सुधार

- **इंजीनियरिंग**-लोनिवि समेत विभिन्न एजेंसियां सड़क की खामियां दूर कर ब्लैक स्पॉट में सुधार, जागरूकता बोर्ड लगाना।
- **एजूकेशन**-स्कूलों में यातायात नियमों को पाठ्यक्रम में शामिल करा ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करना।
- **इमरजेंसी केयर**-हाइवे पर ट्रॉमा सेंटर बनाए जाने, दुर्घटना के बाद गोल्डेन आवर्स में घायल को समय से अस्पताल पहुंचाना और गुड सेमेस्टर तैयार करना।
- **इन्फोर्समेंट (प्रवर्तन)**- ट्रैफिक नियमों का पालन न करने वाले वाहनस्वामियों पर ठोस कार्रवाई करना। जुर्माना दरें बढ़ाई गई।

सुडोकू -46

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

3			4		8			
5			6				7	1
		9		2		6		
			8		6			5
	3	4				2	9	
1			9		2			
2		3		1		8		
6	7				4			3
			3		5			2

सुडोकू - 45 का हल

5	4	2	9	6	7	8	1	3
8	9	1	5	3	4	6	2	7
6	3	7	1	8	2	9	5	4
3	6	5	2	1	9	7	4	8
1	8	4	7	5	3	2	9	6
2	7	9	8	4	6	1	3	5
7	1	3	6	9	5	4	8	2
4	2	8	3	7	1	5	6	9
9	5	6	4	2	8	3	7	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 14.03 तक तत्पश्चात सप्तमी।

आज का पंचांग



मुहूर्त-अभिजित-11.58-12.42 तक। दुर्मुहूर्त अशुद्ध-10.31-11.14, 14.53-15.37 तक।
दिशाशूल-दक्षिण। **ऋतु**-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-चित्रा 2 फरवरी 03.49 तक तत्पश्चात स्वाती।

मेष — आज व्यवसाय और करियर में आपको अच्छा धन लाभ होगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कई सारे रुके हुए काम दोबारा शुरू हो सकते हैं। बातचीत द्वारा परिस्थितियों को सम्भाल लेंगे।

वृष — आज व्यापार में नया अनुबंध कर सकते हैं। किसी सहकर्मी से आपका झगड़ा हो सकता है। घर की जरूरतों का ध्यान रखें। आपकी जीवनशैली में सुधार होगा। एकाग्रता के साथ कार्य करेंगे, तो परिणाम बेहतरीन तरीके से मिलेंगे।

मिथुन — आज जॉब में किसी तरह के बदलाव को लेकर विचार बनेगा। प्रेम संबंधों को लेकर परिजनों का रुख सहयोगात्मक रहेगा। घर की जिम्मेदारियां आपको संभालनी होंगी। गरिष्ठ भोजन के सेवन से आपको कब्ज की शिकायत हो सकती है।

कर्क — आज भविष्य को लेकर थोड़े आशंकित रहेंगे। चिकित्सा के पेशे से जुड़े लोगों के ऊपर काफी दबाव हो सकता है। अपने शौक को पूरा करने में समय लगा सकते हैं। दिखावे और आडंबर के चक्कर में गलती न हो इसका ध्यान रखें।

सिंह — आज व्यवसाय में उत्तरोत्तर उन्नति के योग बन रहे हैं। दांपत्य संबंधों में काफी प्रगाढ़ता रहेगी। जीवनसाथी की सलाह से आपको व्यवसाय में काफी लाभ मिल सकता है। आनंद और उल्लास के साथ समय व्यतीत होगा।

कन्या — आज आपको लक्ष्यों के प्रति सहज रहना चाहिए। समय पर काम नहीं होने से तनाव हो सकता है। आपको काफी भागदौड़ करनी पड़ेगी, लेकिन इसका आपको सकारात्मक परिणाम भी अवश्य मिलेगा। नकारात्मक लोगों से दूरी बनाकर रखें।

तुला — आज दांपत्य और प्रेम संबंधों के मामले में भाग्यशाली रहेंगे। कीमती वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। सामाजिक कार्यों में आप व्यस्त होंगे। नई जॉब ढूंढ रहे हैं तो आपको सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपके कार्यों की प्रशन्सा होगी।

वृश्चिक — आज बातचीत के माध्यम से कई सारी परेशानियां सुलझने की संभावना बन सकती है। आत्मविश्लेषण में समय जरूर व्यतीत करें। धन के मामले में आपको निराशा हाथ लग सकती है। व्यर्थ के कार्यों में अपना समय और धन बर्बाद न करें।

धनु — आज निजी संबंधों में प्रसन्नता और संतुष्टि का अनुभव करेंगे। व्यापार में आप नया प्रयोग कर सकते हैं जिसमें शीघ्र ही आपको सफलता भी मिल सकती है। पारिवारिक वातावरण सुखद रहेगा। दूसरों के मामलों में अधिक हस्तक्षेप न करें।

मकर — आज जॉब में बदलाव के के विषय में सोच सकते हैं। अधिकारी वर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहेगा। सकारात्मक विचारों के प्रभाव में रहेंगे। रूढ़िवादी विचारों से आपको बचना चाहिए। इससे लोग आपके बारे में गलत राय भी बना सकते हैं।

कुंभ — आज साझेदारी वाले कार्यों के लिए समय उत्तम है। बहुराष्ट्रीय कंपनियों में काम कर रहे लोगों का जॉब में स्थानांतरण या विभागीय बदलाव हो सकता है। ऑनलाइन किसी बड़ी मीटिंग में शामिल हो सकते हैं।

मीन — आज उतना ही काम करें जितना आप संभाल सकते हैं। झूठे वायदे करने से आपको बचना चाहिए। पारिवारिक मामलों में बाहर के लोगों की राय न लें। धैर्य और विवेक से काम लेना आपके लिए बेहद जरूरी है।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
परदेसी बाबू — सुबह : 10.00
दानवीर — रात : 07.00

SONY MAX
तुम्हारी सुलु — सुबह : 10.50
सड़क — रात : 09.17

SONY PIX
वर्टिकल लिमिट — सुबह : 08.46
इट — शाम : 06.30

ZEE CINEMA
हम साथ साथ हैं — सुबह : 10.30
मुक्काबाज — रात : 07.30

colors CINEPLEX
नमक हलाल — दोपहर : 12.14
कभी खुशी कभी गम — रात : 07.00

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर सुबह-10.30 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी- किसी को इस शादी से ऐतराज
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा?
तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

दो एमओआईसी के खिलाफ कार्रवाई के दिए गए निर्देश

सीडीओ ने स्वास्थ्य समिति की बैठक में प्रगति पर जताया अंसतोष

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- अपने-अपने कार्यक्षेत्र में समस्याएं करेंगे हल
- योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं अधिकारी

अमृत विचार। मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार गौतम की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक विकास भवन के प्रेरणा सभागार में हुई। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि शासन से संचालित योजनाएं, आयुष्मान कार्ड ,जननी सुरक्षा , टीकाकरण , संचारी रोग एवं दस्तक अभियान जैसी अन्य योजनाओं की प्रगति में तेजी लाएं ।

उन्होंने ताखा एवं चकरनगर की प्रगति रिपोर्ट पर असंतोष व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया की दोनों एमओआईसी के खिलाफ कार्रवाई अवश्य की जाए । उन्होंने कहा कि समस्त एमओआईसी प्रतिदिन अपने-अपने कार्य क्षेत्र में विजिट कर समस्याओं का समाधान करेंगे । शिकायत पाए जाने पर संबंधित के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि मुख्य चिकित्साधिकारी प्रतिदिन अपने स्तर से समीक्षा भी करते रहे। उन्होंने सभी एम ओआईसी को बैठक में रिपोर्ट के साथ न आने पर नाराजगी व्यक्त की । उन्होंने सेम बच्चों को 100 प्रतिशत दवाई पिलाई जाने के निर्देश दिए।

उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि जो भी आशा एएनएम घर घर जाकर टीकाकरण कर रही हैं , इसकी रिपोर्टिंग भी की जाए , एमओआईसी बढ़पुरा द्वारा रिपोर्टिंग नहीं की जा रही है, जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कोई भी समस्या आने पर आप स्वयं ही जिम्मेदार होंगे। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिए कि सीएससी ,पीएससी पर निरीक्षण के दौरान जो भी एएनएम अनुपस्थित पाई जाती है उनका एक दिन का वेतन अवश्य काटा जाए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी गीताराम ,सीएमएस, एमएस , जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ राजेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर कर एक लाख रुपये की हेराफेरी

संवाददाता, ककोर औरैया

- ग्राम प्रधान ने प्रधानाचार्य पर लगाया आरोप
- मामले की जांच के लिए बैंक मैनेजर से स्टेटस मांगा

अमृत विचार। दिबियापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत उसरारी में पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट में प्रधान के फर्जी हस्ताक्षर करके प्रधानाचार्य ने एमडीएम पैसे का गवन कर लिया। यह मामला तब प्रकाश में आया जब ग्राम प्रधान ने मिड डे मील की हकीकत पता की। प्रधान ने इस मामले की लिखित शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी दाताराम से की है। खंड शिक्षा अधिकारी ने इस मामले की जांच के लिए बैंक मैनेजर से स्टेटस मांगा है ।

स्टेटस मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। उसरारी के प्रधान संत कुमार नायक ने बताया कि पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने एमडीएम एवं कंपोजिट खाते से फर्जी हस्ताक्षर करके चेक द्वारा लगभग एक लाख रूपये निकाल लिए। प्रधानाचार्य से जानकारी मांगी तो प्रधानाध्यापक ने कुछ नहीं बताया।जानकारी होने के बाद अगस्त माह के पहले 61000 एवं नवंबर महीने से पहले 39000 का गबन किया गया।प्रधान संतकुमार ने इस मामले की जांच करवाकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।खंड शिक्षा अधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में प्रधान ने आरोप लगाया कि बिना जानकारी के पैसा निकालना गलत तरीका है। इस मामले में खंड शिक्षा अधिकारी दाताराम ने बताया कि एसएमसी और एमडीएम खाता से रुपए निकालने की शिकायत मिली है।बैंक द्वारा जानकारी मिलती ही विधिक कार्रवाई की जाएगी।

बार एसोसिएशन कार्यकारिणी ने ली शपथ

संवाददाता अजीतमल औरैया

- आमोद त्रिपाठी निर्विरोध निर्वाचित हुए
- नवनियुक्त अध्यक्ष का वकीलों ने किया स्वागत

शपथ लेते नवनिर्वाचित पदाधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। तहसील सभागार में बुधवार को बार एसोसिएशन अजीतमल की कार्यकारिणी के सदस्यों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के आयोजक बार एसोसिएशन अजीतमल के महामंत्री आमोद त्रिपाठी ने आए हुए अतिथियों को फूल मालाओं से सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि एडवोकेट परेश मिश्रा विशिष्ट अतिथि एडवोकेट सुनील दुबे की अध्यक्षता में शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि ने कहा कि बार एसोसिएशन के सभी निर्वाचित सदस्यों का धन्यवाद व्यक्त करता हूं। और सभी पदाधिकारी अपने दायित्व का जिम्मेदारी से निर्वाहन करें। बार एसोसिएशन अजीतमल में इस बार दो अध्यक्ष नियुक्त हुए जो 6-6 माह का कार्यकाल करेंगे। महामंत्री एडवोकेट आमोद त्रिपाठी निर्विरोध निर्वाचित हुए। महामंत्री ने बताया कि मैं अपने दायित्व का निर्वहन अधिवक्ताओं के हित में करुंगा।

बार एसोसिएशन अजीतमल की नवनिर्वाचित कमेटी में अध्यक्ष एडवोकेट चन्द्रपाल सिंह सेंगर और एडवोकेट गोविन्द दीक्षित,महामंत्री एडवोकेट आमोद त्रिपाठी,उपाध्यक्ष एडवोकेट नगेन्द्र तिवारी,कोषाध्यक्ष एडवोवेट सुनील कुमार कुशवाहा,आय व्यय निरीक्षक एडवोकेट बृजेश कुमार सविता,मंत्री एडवोकेट राहुल सिंह सेंगर,सदस्य एडवोकेट शैलेन्द्र प्रजापति और एडवोकेट सन्दीप सक्सेना आदि लोगो ने शपथ ग्रहण की।इस मौके पर समस्त तहसील स्टाफ, अधिवक्ता व नगरवासी मौजूद रहे।

पश्चिमी विक्षोभ बनने से मौसम में हो रहा परिवर्तन

संवाददाता महेवा, इटावा।

गेहूं की फसल।

अमृत विचार। जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम का मिजाज अब बदलने लगा है। हिमालय पर अंतिम साइक्लोन बनने से पश्चिमी हवाओं पर रोक लग गई है। जिससे लोगों को सर्दी से राहत मिल सकती है। मौसम विभाग ने एडवाइजरी जारी कर बताया कि सुबह शाम हल्की ठंड होगी । दिन में धूप निकलने से राहत मिलेगी । बाद में इसके प्रभाव से बारिश की संभावना बढ़ जाती है ।

बुधवार को सुबह आसमान में घना कोहरा छाया रहा। दोपहर को तेज धूप निकलने से तापमान में वृद्धि हो गई। ऐसे में लोगों को सर्दी से राहत महसूस हुई। कृषि वैज्ञानिक डा अक्षय कुमार का कहना है कि हिमालय पर एक पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है । जिससे एक प्रेरित चक्रवाती संरक्षण उत्तरी भाग में है। इस पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर मैदानी भाग में एक एंटी साइक्लोन बन गया है। जिससे उत्तर पश्चिमी हवाओं पर कुछ दिन के लिए रोक लग गई है। उन्होंने यह भी बताया कि जनवरी माह की अंतिम सप्ताह में ठंड का असर यदि कम होगा तो इससे अधिक प्रभाव गेहूं की फसल पर पड़ेगा। उन्होंने बताया कि सर्दी कम होने से गेहूं का उत्पादन कम होता है। अगेती गेहूं में इस समय बाली निकल रही है। पिछेती गेहूं अभी वृद्धि कर रहा है। गेहूं को बढ़ाने के लिए अधिकतम तापमान 15 डिग्री से कम होना चाहिए, जबकि न्यूनतम तापमान 5 से 8 डिग्री तक होना चाहिए । तापमान बढ़ा तो गेहूं का उत्पादन कम होगा।

कुष्ठ रोग में उपचार से होगा लाभ

संवाददाता बकेवर, इटावा

- महेवा सीएचसी में कुष्ठ रोग विरोधी दिवस मनाया
- चिकित्सकों ने कहा, रोग छूने से नहीं फैलता

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यक्रम में बोलते अश्वनी त्रिपाठी।

अमृत विचार। महेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विश्व कुष्ठ रोग विरोधी दिवस के अवसर पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया । डॉ जितेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि कुष्ठ रोग छूने से नहीं फैलता है। न ही साथ में रहने और खाने से फैलता है। कुष्ठ रोग लाइलाज बीमारी भी नहीं है। समुचित इलाज के बाद कुष्ठ रोगी स्वस्थ जीवन जी सकता है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राविधिक स्वयंसेवक राजेन्द्र बाबू त्रिपाठी ने बताया कि प्रत्येक सफेद दाग कुष्ठ रोग की निशानी नहीं होता। शरीर में जो भी सफेद दाग हैं सुई चुभोने से या नोचने से यदि सुन्न पड़ जाएं तो यह लक्षण कुष्ठ रोग की निशानी है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के प्राविधिक स्वयंसेवक अश्विनी त्रिपाठी ने बताया कि 1953 में कुष्ठ रोग विरोधी दिवस की शुरुआत हुई थी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कुष्ठ रोगियों की सेवा और सहायता करने की अपने अनुयाइयों को प्रेरणा देते थे। इसलिए उनके शहीद दिवस को भी को भी कुष्ठ रोग विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है।

श्री त्रिपाठी ने आगे बताया कि प्रत्येक दस हजार लोगों में 0.4 व्यक्तियों को कुष्ठ रोग हो सकता है। कुष्ठ रोगी को चाहिए कि वह विटामिन ए बी डी तथा बी 12 से परफ्यूम प्रचुर मात्रा में पदार्थो का अधिक से अधिक सेवन करें । ज्यादातर गुनगुना पानी ही पीएं। जिससे से कुष्ठ रोग पर नियंत्रण पाया जा सकता है। श्री त्रिपाठी ने आगे बताया कि शासन ने प्रत्येक कुष्ठ रोगी को तीन हजार मासिक सहायता भी दी जाती है। इस अवसर पर डा अनीता सिंह तथा स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ और आशाबहू और इलाज कराने आए लोग भी उपस्थित रहे।

गो माता की सेवा करने से सभी देवताओं को मिलती है संतुष्टि

इटावा। ग्राम खड़कौली में चल रही श्रीमदभागवत कथा में आचार्य साकेत बिहारी दीक्षित ने भगवान श्री कृष्ण की बाललीला का वर्णन किया। माखन चोरी की लीला में जिन गोपियों का मन माखन के समान निर्मल और कोमल था। भगवान ने उन्हीं के घर जाकर माखन खाया। आचार्य दीक्षित ने बताया कि गाय के अंदर 33 करोड़ देवी देवता निवास करते हैं। ये चलता फिरता मंदिर है। गौ माता की सेवा करने से समस्त देवताओं को संतुष्टि मिलती है।

श्री दीक्षित ने बताया भक्ति रूपी यमुना से कपट रूपी कालिया नाग को बाहर किया । भगवान कहते हैं भक्ति में दिखावा छल हमें अच्छा नहीं लगता। कथा में बताया कि इंद्र के अभिमान को नष्ट करने के लिए श्री कृष्ण ने बाएं हाथ की कनिष्ठका उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया। सभी ब्रज वासियों की रक्षा की। वहीं वृंदावन से आए कलाकारो की सुंदर सुंदर झांकियों का दर्शन हुआ।

सार-संक्षेप

पीपीएस गायत्री यादव को बुके भेंट करते प्रधानाचार्य अनुज प्रताप सिंह। अमृत विचार

पीपीएस गायत्री यादव और डॉ. रिया को मिला सम्मान

जसवंतनगर, इटावा। मुलायम सिंह यादव इंटर कॉलेज रायनगर में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग से चयनित इटावा जनपद से एक मात्र पीपीएस अधिकारी गायत्री यादव एवं विद्यालय की पूर्व मेधावी छात्रा डॉक्टर रिया यादव का अभिनंदन किया गया। डा रिया वर्तमान में सैफई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक पद की जिम्मेदारी संभालते हुए चिकित्सा क्षेत्र के माध्यम से देश सेवा दे रही हैं। दोनों मेधावियों का प्रधानाचार्य अनुज प्रताप सिंह यादव ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत अभिनंदन किया। कहा कि हमें खुशी है कि ये मेधावी अपनी मेहनत की दम पर उच्चस्थ पदों पर आसीन होकर कॉलेज,जिला और प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं। उम्मीद है कि अध्यनरत विद्यार्थी इनसे प्रेरणा लेकर अपने मां-बाप और कॉलेज का नाम रोशन करेंगे। सम्मान समारोह में अनिल प्रताप सिंह,डॉ अजीत यादव,रामचरित मिश्रा,ऋषि मिश्र, ओम प्रकाश, शिवराज सिंह,वेद प्रकाश,शिवप्रताप सिंह,विशेष यादव, निर्मला,शकुंतला,प्रदीप विश्वकर्मा,राम नरेश,भानु प्रताप सिंह,प्रवीण कुमार, कृष्णाकांत,अभिषेक कुमार,राकेश कुमार,शैलेंद्र,बृजेंद्र कुमार, राम निवास सहित कॉलेज का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

छात्रा को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य अनिमेष वर्मा । अमृत विचार

जनता कॉलेज के मेधावियों को किया सम्मानित

बकेवर, इटावा। जनता विद्यालय इंटर कालेज बकेवर में विद्यालय में प्रधानाचार्य अनिमेष वर्मा ने मेधावियों और पदक जीतने वाले खिलाड़ी और छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय में उपाध्यक्ष सिद्धार्थ शंकर दीक्षित,राजेन्द्र सिंह कुशवाह,डॉ नलिनी शुक्ला,डॉ ज्योति भदौरिया, अजय सिद्दार्थ,राजीव दुबे, देवेंद्र सिंह, अनंत अवस्थी, शिवेंद्र सिंह, हिंद लाल मौर्य सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। प्राथमिक विद्यालय कोठी शेरपुर में छात्र छात्राओं ने प्रधानाध्यापिका मंजरी श्रीवास्तव, सुमेधा उपस्थित रही।

पूर्व सैनिक बंधु की बैठक में शामिल सिटी मजिस्ट्रेट व अन्य अधिकारी।

पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण का दिया भरोसा

इटावा। जनवरी महीने की सैनिक बंधु की बैठक डीएम मीटिंग हाल में संपन्न हुई। सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह की मौजूदगी में हर माह की तरह पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया और उसके निदान का भरोसा दिलाया गया। बैठक में पेंशन प्रकरण के साथ ही स्वास्थ्य बीमा संबंधी अन्य जानकारी के बारे में भी सिटी मजिस्ट्रेट ने पूर्व सैनिकों से साझा किया साथ ही उनके अनुभव भी जाने। जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह भदौरिया की अनुपस्थिति में केप्टन सुरेश सिंह भदौरिया ने पूर्व सैनिक संगठन की अध्यक्षता की। मीटिंग में उपस्थित जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल हयात, कैप्टन सुरेश, कैप्टन शैलेन्द्र, हरपाल सिंह, राकेश, राधारमण, बृजेन्द्र सिंह, भगवान दास 'प्रशांत', उपेन्द्र सिंह, उदय प्रताप सिंह, नारायण सिंह, विश्राम सिंह, सोहन लाल, शैलेन्द्र शुक्ला और बहुत से पूर्व सैनिक तथा बीरांगनायें उपस्थित रहीं।

शम्भूनाथ महाराज के जन्मदिन पर हुआ भंडारा

महाराज का स्वागत करते समीर।

इटावा। श्री सिद्ध गुफा दिव्य ध्यान योग संस्थान एवं सिद्ध गुफा जीव रक्षा गौशाला ब्रह्मचारी शंभू नाथ महाराज का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। आनंदकंद प्रभु की आरती के बाद जन्मदिन के मौके पर खोये का केक बनाकर उसे काटा गया। इसके साथ ही भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस दौरान भक्तों को प्रसाद वितरित करते हुए सभी ने शंभू नाथ महाराज को जन्मदिन की बधाई दी। शम्भूनाथ महाराज के जन्मोत्सव पर फूल मालाओं से सम्मान किया गया। उनके शिष्य समीर दोहरे, राधेश दिवाकर ने महाराज जी को शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। उन्होने गौशाला के सभी कर्मचारियों को कंबल दिए। देवर्षि द्विवेदी जिलाध्यक्ष विहिप व रणवीर चौहान रहे।

प्रवक्ता-शिक्षक हुए सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट का समारोह
- प्रबंधक व शिक्षक नेताओं की उपस्थिति रही

सम्मानित होने वाले चित्रकला शिक्षक। अमृत विचार

अमृत विचार। माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट के शिक्षक सम्मान समारोह में चित्रकला प्रवक्ता व शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

समारोह में इस्लामिया इंटर कालेज के चित्रकला प्रवक्ता व अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय से एमएफए इन पेंटिंग एवं पीजी डिप्लोमा इन एपलायड आर्ट सैयद अली साबिर अलीगढ़, चौधरी जवाहर सिंह इंटर कालेज सुतियानी ताखा के सहायक अध्यापक चित्रकला व बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय से एमएफए इन म्यूरल एवं पीएचडी की उपाधि से सम्मानित डा. सुरजन प्रसाद, श्री बिहारी जी इंटर कालेज अहेरीपुर के सहायक अध्यापक चित्रकला व बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय से एमएफए इन एपलायड आर्ट सतीश कुमार, डायट इटावा के चित्रकला प्रवक्ता व बनारस हिन्दू विश्व विद्यालय से एमएफए इन मूर्तिकला आनन्द कुमार, श्री ज्ञान चन्द्र वैद्य इंटर कालेज इकदिल के सहायक अध्यापक चित्रकला व अलीगढ़ मुस्लिम विश्व विद्यालय से एमएफए इन पेंटिंग सोमेश कुमार शर्मा आदि को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि डीआईओएस मनोज कुमार, विशिष्ट अतिथि एआरटीओ ब्रजेश कुमार, बीडीओ, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, प्रबन्धक, प्रधानाचार्य सहित उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला एवं प्रदेश स्तरीय नेता मौजूद रहे।

पुलिस ने शातिर चोर पकड़ा चाकू बरामद

इटावा। कोतवाली पुलिस ने गस्त के दौरान लोधी मोहल्ला के पास से एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई के बाद उसे जेल भेज दिया।

प्रभारी निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान ने बताया कि वह अपनी टीम के साथ गस्त परथे तभी मुखबिर की सूचना पर उन्होने लोधी मोहल्ले के पास से मोनू उर्फ बिल्ली पुत्र मान सिंह निवासी लोधी मोहल्ला को गिरफ्तार कर लिया ।

तलाशी में उसके पास से एक चाकू बरामद हुआ। पकडा गया मोनू एक शातिर चोर है। उसके खिलाफ कई मामले दर्ज है। पुलिस न आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया।

मैच खेलने निकले युवक ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता फफूंद, औरैया

- थाना क्षेत्र के गढ़िया खजुआ की घटना

अनमोल।

अमृत विचार। थाना क्षेत्र के एक गांव में मैच खलने के लिए एक युवक घर से निकला था, जो देर रात्रि तक घर नहीं आया। परिजनों ने तलाश की, लेकिन पता नहीं लगा। सुबह करीब दस बजे ग्रामीणों ने फांसी पर लटका हुआ शव देखा तो परिजनों को जानकारी दी।

थाना क्षेत्र के गढ़िया खजुआ निवासी महेंद्र प्रताप सिह का 22 वर्षीय पुत्र अनमोल मंगलवार की सुबह लगभग नौ बजे दोस्तों के साथ उसरा में मैच खेलने गया था, शाम चार बजे मैच खत्म होने के बाद सभी युवक अपने घर चले गए, लेकिन अनमोल घर नहीं पहुचा। देर शाम जब पिता महेंद्र प्रताप सिह मजदूरी करके घर वापस आए तो उन्होंने पत्नी पुष्पा देवी से अनमोल के बारे में जानकारी की तो पता चला अभी तक घर नहीं आया है। फोन से बात न होने पर परिजन रात भर खोजते रहे। बुधवार सुबह लगभग दस बजे गांव के लोग खेतों पर गये तो उन्होंने पेड़ पर फांसी पर लटका देखा। सूचना पर पहुची पुलिस व फोरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल करने के बाद शव पोस्टमार्टम भेजा। परिजनों ने किसी के विरुद्ध कोई आरोप नहीं लगाया है। इस बारे में कार्य वाहक थानाध्यक्ष संदीप जादौन ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम भेजा है। घरवालों ने आरोप नहीं लगाया है।

योजना | अधूरा काम देख लाभार्थी हुए परेशान, मार्च तक होगा कामकाज

आवास विकास परिषद ने 124 पात्रों को दिए पीएम आवास

कार्यालय संवाददाता, इटावा

अमृत विचार। आवास विकास परिषद आम आदमी के घर के सपने को साकार करने जा रहा है। शहर के सूत मिल में आवास विकास परिषद की जमीन पर बन रहे हाउसिंग टावर में 124 प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के लाभार्थियों को आवास आवंटित किए गए। फिलहाल इन आवास का कामकाज अभी अधूरा होने से आवंटन के लिए आए लाभार्थियों के चेहरे पर मायूसी नजर आई। उनका कहना था कि उन्हें उम्मीद थी कि वह जल्द से जल्द नए साल में घर में प्रवेश करेंगे लेकिन फिलहाल उन्हें इंतजार करना होगा। वहीं दूसरी ओर 2022 में आवेदन करने वाले 45 चयनित लाभार्थियों को और अधिक लंबा इंतजार करना होगा। दरअसल टेंडर प्रक्रिया में हुई देरी की वजह से ब्लॉक बी- 3 का काम अब शुरू हुआ है जबकि ब्लॉक बी-1 व बी- 2 में 85 फ़ीसदी काम पूरा करने का दावा किया गया। वहीं मार्च में 96 आवास को रहने लायक बनाकर उन्हें अलॉट करने की तैयारी की जा रही है। चुनावी वर्ष में न सिर्फ सरकार बल्कि प्रशासन भी तेजी से काम कर रहे हैं। यही कारण है कि आवास विकास परिषद को 2018 में जिन 144 आवास निर्माण की स्वीकृति मिली थी वह 2021 और 2022 के प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के पात्रों को आवंटित किए जा रहे हैं। फिलहाल योजना के पहले चरण में कुल 20 आवास लाभार्थी चयन से शेष हैं जिनके लिए जल्द ही शेष प्रक्रिया पूरी की जानी है। लाभार्थियों का कहना है कि 2021 में उन्होंने आवेदन किया था और 2024 के जनवरी महीने में भी फिलहाल उन्हें आवास पूरा नहीं दिख रहा। 3 साल के इंतजार के बाद अब कब आवास की चाबी मिलेगी इसका कोई पता नहीं है। दरअसल प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना में ढाई लाख रुपये का अंशदान देने पर भी कीमत देनी होगी।

प्रत्येक ब्लॉक में 48 आवास का किया गया है निर्माण

इटावा। आवास विकास परिषद के जरिए जिन आवासों का निर्माण कराया जा रहा है उनमें 144 आवास निर्माण के लिए कुल तीन ब्लॉक बनाए गए हैं। प्रत्येक ब्लॉक में 48 आवास है 4 फ्लोर के एक टावर में भूतल, प्रथम, द्वितीय व तृतीय तल का निर्माण किया गया है। आवास विकास परिषद के सहायक अभियंता मोहम्मद मुख्तार खान ने बताया कि ब्लॉक बी वन व बी टू के 96 आवासों को मार्च तक रहने लायक बनाने के लिए तेजी से काम कराया जा रहा है। अधिकांश आवास में केवल फिनिशिंग का काम बाकी है जबकि बी थ्री ब्लॉक के 48 आवास की टेंडर प्रक्रिया में काफी देरी हुई थी।

आचार संहिता से पहले मिल सकती है लाभार्थियों को चाभी

इटावा। चुनावी माहौल को देखते हुए उम्मीद की जा रही है कि आचार संहिता लगने से पहले ही लाभार्थियों को चाबी उपलब्ध करा दी जाएगी। बुधवार को ब्लॉकवार आवास आवंटन के लिए पात्र लोगों को बुलाया गया था। कार्यक्रम में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट एसडीएम कौशल कुमार, आवास विकास परिषद संपत्ति विभाग के अधिशासी अभियंता अभिषेक राज, सहायक अभियंता मोहम्मद मुख्तार खान, डूडा विभाग से फरहत इक़बाल समेत सभी लाभार्थी मौजूद रहें। लॉटरी सिस्टम के जरिए इन सभी को भू तल, प्रथम, द्वितीय व तृतीय तल पर आवास आवंटित किए गए।

शांतिभंग करने में छह लोगों को किया गिरफ्तार

बकेवर, इटावा। पुलिस ने अशांति फैलाने वाले लोगों पर सख्ती बरतते हुए कई को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह अभियान लगातार जारी रखा जाएगा, जिससे अपराध पर अंकुश लगाया जा सके।

थाना प्रभारी बकेवर राजकुमार सिंह ने बताया कि गालीगलौज मारपीट की सूचना पर बराउख चौकी इंचार्ज अनुज बालियान ने लीटेपुरा गांव के अंकित कुमार को, एसआई आरके निषाद ने गांव पिलखना के रामजी, राजकुमार को झगड़ा करते हुए अहेरीपुर के शमीम खान को चौकी इंचार्ज अहेरीपुर ने निवाड़ी कला कस्बा के देवकमल व राजकमल द्वारा एक युवक को मारपीट करने पर शांतिभंग करने में गिरफ्तार किया।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 डीएमओ 825 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1000 फ्लैग 1120 बोल्ड 1160 डीएमओ 840।

कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूंदड़ा	2525-2550
आरआर 21	2700-2750
गेहूंफ़ारम	2800-2850
जौ	2000-2100
ज्वार	2600-4000
बाजरा	2125-2175
मकाई	2000-2200
दलहन (प्रति क्वि.)	
लोकल	मिल डिलीवरी
चना	5400-5500
अरहर	7500-8000
मसूर	5500-5600
मटर	4400-4500
उड़दहरा	10000-10200
उड़दकाला	6000-8000
मूंग	8500-8800
दाल (प्रति क्वि.)	
अरहरफूल	14800-15000
अरहरस्पेशल1	12400-12600
चनादाल	6850-6950
मटरदाल	5400-5500
मसूरमलका	7050-7100
मसूरदाल	7050-7100
उड़ददाल	8500-12000
उड़द धोवा	10000-12500
मूँगदाल	9000-10500
मूँग धोवा	9500-11500
चावल (प्रति क्वि.)	
अरवा	2000-2300
बासमती नं.1	9100-11000
सेला	2500-3000
बासमती नं.2	7000-8000
आटा-मैदा (प्रति 50 किग्रा.)	
आटा	1490-1550
मैदा	1475-1520
सूजी	1500-1550
चक्कीआटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.)	
शाहपसंद	1430-1475
तिलहन (प्रति क्वि.)	
लाही	5000-5050
अलसी	4500-4600 रुपये।

बजट 2024 से पहले बाजार हुआ गुलजार

शेयरों में तेजी के चलते सेंसेक्स 612 अंक चढ़ा और निफ्टी भी 21700 के पार पहुंचा

मुंबई, एजेंसी

बजट से पहले स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 612 अंक चढ़ गया। मुख्य रूप से एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार लाभ में रहा। निवेशकों की नजर अब बृहस्पतिवार को पेश होने वाले अंतरिम बजट और नीतिगत दर को लेकर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के निर्णय पर होगी। इससे बाजार को दिशा मिलेगी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 711.49 अंक तक उछला था। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 203.60 अंक यानी 0.95 प्रतिशत की बढ़त के साथ 21,725.70 अंक पर बंद हुआ।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा-निफ्टी की शुरुआत कमजोर रही। लेकिन बाद में इसमें तेजी आई और यह 204 अंक चढ़कर 21,726 अंक के स्तर पर पहुंच गया। वैश्विक बाजार को अमेरिकी फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर को लेकर टिप्पणी की प्रतीक्षा है। घरेलू मोर्चे पर निवेशकों की नजर बजट पर होगी। सेंसेक्स की कंपनियों में सन फार्मा, टाटा मोटर्स, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति, बजाज फिनसर्व, पावरग्रिड और अल्ट्राटेक सीमेंट सर्वाधिक लाभ में रहीं। दूसरी तरफ, लार्सन एंड टुब्रो का शेयर चार प्रतिशत से अधिक नीचे आया। दिसंबर तिमाही का परिणाम बाजार उम्मीद के अनुरूप नहीं होने से कंपनी का शेयर नीचे आया। इसके अलावा, टाइटन में भी गिरावट रही।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा-अंतरिम बजट से पहले बाजार में एक सकारात्मक धारणा बनती दिखी। हालांकि, बजट को लेकर उम्मीदें कम हैं लेकिन बाजार को कर राजस्व अधिक होने से राजकोषीय घाटा कम रहने की उम्मीद है। कहा-कुल मिलाकर बाजार में रुख उतार-चढ़ाव वाला है। इस समय गिरावट पर लिवाली की रणनीति उपयुक्त है।

निवेशकों की संपत्ति 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

नई दिल्ली। शेयर बाजार में तेजी के साथ निवेशकों की संपत्ति बुधवार को 4.58 लाख करोड़ रुपये बढ़ गयी। शुरुआती नुकसान से उबरते हुए तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 612.21 अंक यानी 0.86 प्रतिशत की तेजी के साथ 71,752.11 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार में तेजी से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 4,58,130.52 करोड़ रुपये बढ़कर 3,79,78,375.88 करोड़ रुपये पहुंच गया।

आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार 14 महीने के निचले स्तर पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी

दिसंबर, 2023 में आठ प्रमुख बुनियादी उद्योगों की वृद्धि धीमी होकर 14 महीने के निचले स्तर 3.8 प्रतिशत पर आ गई है। एक साल पहले इसी अवधि में बुनियादी उद्योग का उत्पादन 8.3 प्रतिशत बढ़ा था। बुधवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। इस दौरान कच्चा तेल, बिजली, इस्पात और सीमेंट क्षेत्र का प्रदर्शन कमजोर रहा।

आठ प्रमुख बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली शामिल हैं। इनकी वृद्धि नवंबर में 7.9 प्रतिशत थी। दिसंबर, 2023 से निचला स्तर अक्टूबर, 2022 में 0.9 प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अप्रैल-दिसंबर के दौरान इन आठ क्षेत्रों की वृद्धि सालाना आधार पर 8.1 प्रतिशत पर स्थिर रही है। दिसंबर, 2023 के दौरान कोयला, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली का उत्पादन बढ़ने की रफ्तार घट गई। समीक्षाधीन महीने में केवल प्राकृतिक गैस का उत्पादन सालाना आधार पर अधिक रहा। यह उद्योग दिसंबर, 2022 के 2.6 प्रतिशत के मुकाबले दिसंबर, 2023 में 6.6 प्रतिशत बढ़ा। पिछले साल दिसंबर में कच्चे तेल का उत्पादन एक प्रतिशत घट गया। आठ प्रमुख बुनियादी उद्योग औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में 40.27 प्रतिशत का योगदान करते हैं।

▸▸ सरकारी आंकड़े के मुताबिक दिसंबर में 3.8 प्रतिशत पर

राजकोषीय घाटा वार्षिक अनुमान का 55 प्रतिशत

केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा दिसंबर, 2023 के अंत में 9.82 लाख करोड़ रुपये रहा है, जो वार्षिक बजट अनुमान का 55 प्रतिशत है। लेखा महानियंत्रक (सीजीए) द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले साल इसी अवधि में राजकोषीय घाटा 2022-23 के बजट अनुमान का 59.8 प्रतिशत था। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सरकार का राजकोषीय घाटा 17.86 लाख करोड़ रुपये या जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का 5.9 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

सर्राफा

कानपुर	
चॉदी 999 (प्रति किलो)	73,800
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	82,500
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	87,500
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	64,450
गिन्नी (प्रति नग)	48,000-48,200
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	64,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	64,000
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	74,000
चांदी तैयार	74,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	63,900
सोना जेवरात गिन्नी	62,900
चांदी पक्की	730 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	64,050
चांदी आभूषण	73,700।

चीनी उत्पादन 10 प्रतिशत घटकर 330.5 लाख टन रहने का अनुमान

नई दिल्ली। भारतीय चीनी मिल संघ (इस्मा) ने कहा है कि देश का कुल चीनी उत्पादन सितंबर में समाप्त होने वाले मौजूदा विपणन वर्ष में 10 प्रतिशत घटकर 330.5 लाख टन रहने का अनुमान है। इसमें एथनॉल के स्थानांतरित चीनी भी शामिल है। महाराष्ट्र और कर्नाटक में कम उत्पादन की वजह से कुल उत्पादन नीचे आने का अनुमान है। इस्मा ने अक्टूबर-सितंबर के लिए चीनी उत्पादन का अपना दूसरा अग्रिम अनुमान जारी किया। उद्योग निकाय ने विपणन वर्ष 2023-24 में कुल अनुमानित चीनी उत्पादन लगभग 330.5 लाख टन रहने का अनुमान लगाया है।

देश के केंद्रीय बजट 2024 से एमएसएमई को है काफी उम्मीदें

नई दिल्ली, एजेंसी

▸▸ संगठन ने कहा-सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला है क्षेत्र

भारतीय युवा शक्ति ट्रस्ट ने देश के केंद्रीय बजट 2024 में वर्तमान अर्थव्यवस्था की बदलती जरूरतों को देखते हुए सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) पर रणनीतिक फोकस रखे जाने की अपील की है।

संगठन ने आज यहां जारी बयान में कहा कि उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अनुसार, एमएसएमई क्षेत्र, कृषि के बाद दूसरा सबसे बड़ा रोजगार पैदा करने वाला क्षेत्र है, जिसने 1 जुलाई, 2020 और 1 अगस्त, 2023 के बीच 12,36,15,681 व्यक्तियों को रोजगार देने का आंकड़ा है।

महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानते हुए, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने विविध योजनाएं लागू की हैं। इन योजनाओं के तहत ऋण सहायता, नए उद्यम विकास, फॉर्मलाइजेशन, इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास, कौशल विकास और बाजार सहायता जैसे मुद्दों को कवर किया गया है। 11 जनवरी, 2023 को लॉन्च किया गया उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म भी अनौपचारिक सूक्ष्म उद्यमों को औपचारिक दायरे में लाने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है।

जीएसटी संग्रह 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि जनवरी में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत बढ़कर 1.72 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया। यह किसी महीने में अब तक का दूसरा बड़ा संग्रह है। चालू वित्त वर्ष में तीन महीने ऐसे रहे, जब संग्रह 1.70 लाख करोड़ रुपये या उससे अधिक रहा। वित्त मंत्रालय ने कहा-जनवरी 2024 में (31-01-2024 की शाम पांच बजे तक) जमा सकल जीएसटी राजस्व 1,72,129 करोड़ रुपये है, जो जनवरी 2023 में एकत्रित 1,55,922 करोड़ रुपये के राजस्व से 10.4 प्रतिशत अधिक है।

ईटीएफ निकासी से 2023 में सोने की वैश्विक मांग पांच प्रतिशत गिरी

मुंबई, एजेंसी

▸▸ डब्ल्यूजीसी की एक रिपोर्ट से हुआ खुलासा

एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) से निकासी जारी रहने से सोने की वैश्विक मांग वर्ष 2023 में एक साल पहले की तुलना में पांच प्रतिशत घटकर 4,448.4 टन रह गई। विश्व स्वर्ण परिषद (डब्ल्यूजीसी) की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

डब्ल्यूजीसी की सोने की मांग के रुझान पर रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2022 में सोने की कुल वैश्विक मांग 4,699 टन थी। रिपोर्ट कहती है कि वैश्विक स्वर्ण ईटीएफ में लगातार तीसरी बार वार्षिक निकासी देखी गई। पिछले साल 244.4 टन ईटीएफ की निकासी हुई, जबकि वर्ष 2022 में यह आंकड़ा 109.5 टन रहा था। सबसे अधिक नुकसान यूरोप में हुआ, जहां होल्डिंग में 180 टन की कमी आई। यह वर्ष 2013 के बाद का सबसे खराब वार्षिक प्रदर्शन है। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल के अंत में ईटीएफ निकासी की गति काफी धीमी हो गई, लेकिन अक्टूबर में हुई भारी निकासी का अक्टूबर-दिसंबर तिमाही पर दबदबा रहा।

राष्ट्रीय

एक नजर

खुदाई के दौरान मिट्टी ढही, दो लोगों की मौत

जयपुर। राजस्थान के खैरथल-तिजारा जिले के फूलबाग थाना क्षेत्र में बुधवार को एक निजी कंपनी में सेफ्टी टैंक की खुदाई के दौरान मिट्टी ढह जाने की घटना में इसमें दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा भिवाड़ी के औद्योगिक क्षेत्र में प्रयाग पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में उस समय हुआ जब दोनों मजदूर 10 फीट गहरे गड्ढे में काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि मृत मजदूरों की पहचान मध्यप्रदेश के रहने वाले रामकिशन (25) और वंदना (25) के रूप में की गई है।

शिवसेना विधायक अनिल बाबर का निधन

मुंबई। शिवसेना विधायक अनिल बाबर का बीमारी के कारण बुधवार तड़के महाराष्ट्र के सांगली जिले में निधन हो गया। वह 74 वर्ष के थे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाबर ने सांगली के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बाबर के निधन पर दुख व्यक्त किया और कहा कि बाबर के निधन से उन्होंने एक मार्गदर्शक एवं करीबी सहयोगी और राज्य के लोगों ने एक वरिष्ठ जनप्रतिनिधि खो दिया है। बाबर महाराष्ट्र के सांगली जिले के खानापूर-अटपाडी से विधायक थे।

सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना के मामले में एक वकील को दोषी ठहराते हुई की टिप्पणी

गरिमा बनाए रखें न्यायिक अधिकारी: शीर्ष कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने 2006 के आपराधिक अवमानना के मामले में एक वकील को दोषी ठहराते हुए कहा है कि न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने और उन्हें प्रायोजित और निराधार आरोपों से बचाने की जरूरत है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति पी. श्रीनरसिम्हा की पीठ ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने वकील के माफीनामे को खारिज करने का सही फैसला किया क्योंकि इसमें निष्कपटता का अभाव था। पीठ ने कहा कि माफीनामा देर से दायर किया गया और यह केवल एक दिखावटी कदम था। उनकी उम्र और कई बीमारियों से पीड़ित होने की बात पर गौर करते हुए उच्च न्यायालय द्वारा वकील को दी गई सजा को तीन महीने के कारावास से बदलकर अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक कर दिया गया।

वकील गुलशन बाजवा ने 17 अगस्त, 2006 को एक मुवक्किल के लिए एक मामले में पेश होने के दौरान उच्च न्यायालय की पीठ के समक्ष एक वकील को कथित तौर पर धमकी दी थी। जब उन्हें नोटिस जारी किया गया तो वह पेश नहीं हुए। इसके बाद बाजवा ने इसी मामले में अर्जी दाखिल कर उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर आरोप लगाए। उच्चतम न्यायालय की पीठ ने अपने एक आदेश में कहा कि हम न्यायिक अधिकारियों की गरिमा और प्रतिष्ठा बनाए रखने और उन्हें प्रायोजित और निराधार आरोपों से बचाने की आवश्यकता पर उच्च न्यायालय के फैसले से पूरी तरह सहमत हैं।

शीर्ष अदालत वर्तमान में दिल्ली उच्च न्यायालय के 2006 के उस फैसले के खिलाफ बाजवा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उन्हें अदालत की अवमानना के लिए तीन महीने कैद की सजा सुनाई गई थी। उच्चतम न्या या लय की पीठ ने कहा कि हालांकि, अपीलकर्ता की उम्र और उनकी इस दलील को ध्यान में रखते हुए कि वह कुछ बीमारियों से पीड़ित है, हम उच्च न्यायालय द्वारा दी गई सजा को तीन महीने के कारावास से बदलकर अदालत की कार्यवाही समाप्त होने तक करते हैं।

दोषसिद्धि के आदेश में दखल की कोई जरूरत नहीं

शीर्ष अदालत ने कहा-उच्च न्यायालय ने वकील के व्यवहार में एक पैटर्न देखा। उन्हें उस पीठ के साथ दुर्व्यवहार करने की आदत है, जो उनसे सहमत नहीं है। अदालत ने कहा, अपीलकर्ता के खिलाफ दोषसिद्धि के आदेश में दखल की कोई जरूरत नहीं है।

संजय सिंह जेल से नहीं आए संसद, तीन सदस्यों ने ली शपथ

नई दिल्ली, अमृत विचार: संसद के बजट सत्र के पहले दिन राज्यसभा में तीन सदस्यों को शपथ दिलाई गई। न्यायिक हिरासत में चल रहे संजय सिंह शपथ नहीं ले सके।

चंडीगढ़ विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति सतनाम सिंह संधू को राष्ट्रपति द्वारा राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था और दिल्ली विधानसभा से तीन सदस्य नारायण देव गुप्ता, संजय सिंह एवं महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल को निरोध निर्विरोध चुना गया है। इनमें नारायण देव गुप्ता एवं संजय सिंह को दूसरी बार चुना गया है जबकि स्वाति पालीवाल पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता का स्थान पर आई हैं। संजय सिंह को छोड़ सभी तीनों सदस्यों को सभापति द्वारा शपथ दिलाई गई। माना जा रहा है कि संजय सिंह बाद में शपथ लेने जेल से आएंगे।

अंतरिम बजट आज, 146 सांसदों का निलंबन वापस

नई दिल्ली, ब्यूरो

▸▸ रेलवे के बजट में हो सकती है 20 प्रतिशत की वृद्धि

अमृत विचार : बजट सत्र के दूसरे दिन गुरुवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन अंतरिम बजट पेश करेंगी। इससे पहले बुधवार को उन सभी 146 सांसदों का निलंबन वापस ले लिया गया, जिन्हें शीतकालीन सत्र में बारी-बारी से निलंबित किया गया था। अंतरिम बजट को चुनावी दृष्टि से लोकलु भवन होने की संभावना है और रेलवे को 20 प्रतिशत अतिरिक्त धनराशि मिल सकती है।

संभावना है कि चुनावी वर्ष होने के कारण इस बार का बजट लोक लुभावना होगा और आम जनता से जुड़ी कई बड़ी परियोजनाओं का ऐलान होगा। रेलवे को भी पिछले बजट की तुलना में 20 प्रतिशत ज्यादा फंड आवंटित होगा।

9 फरवरी तक चलने वाले बजट सत्र को लेकर केंद्रीय संसदीय मंत्री प्रहलाद जोशी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, जनता दल (यू), तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, शिवसेना, तेलुगु देसम सहित कई दलों के नेताओं से सहयोग करने की अपील कर चुके हैं। बजट सत्र में सबसे ज्यादा निगाहें रेलवे पर टिकी है। कहा जा रहा है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस बार 20 प्रतिशथ ज्यादा फंड दिया जाएगा। मगर किराए में किसी छूट की संभावना नहीं है। सूत्रों के मुताबिक रेलवे बोर्ड में बजट पूर्व हुई बैठक में इस विषय पर चर्चा हुई थी जिसमें कहा गया था कि हम रेल यात्रियों को वास्तविक किराए में 55 फीसद का अनुदान पहले से ही दे रहे हैं। वरिष्ठ नागरिकों सहित कुछ श्रेणियां के किराए में छूट का प्रावधान हो सकता है।

जम्मू कश्मीर में वाहन खाई में गिरा, सात की मौत

बारामूला। जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में बुधवार को एक वाहन के सड़क से फिसलकर गहरी खाई में गिर जाने से सात यात्रियों की मौत हो गयी। पुलिस ने यह जानकारी दी। उसने बताया कि उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले में उरी के बोनियार इलाके में एक यात्री वाहन सड़क से फिसलकर गहरी खाई में जा गिरा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (यातायात ग्रामीण-कश्मीर) रवींद्र पॉल सिंह ने बताया कि इस हादसे में सात लोगों की जान चली गयी जबकि सात अन्य घायल हो गये। उन्होंने बताया कि शव बरामद कर लिये गये हैं तथा कानूनी औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि घायलों को बारामूला के एक अस्पताल में ले जाया गया है।

दुष्कर्म के आरोपों पर एम्स के चिकित्सक तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के एक चिकित्सक को साथी महिला चिकित्सक को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोप में तलब किया और कहा कि मौजूद साक्ष्य मामले को आगे बढ़ाने के लिए 'प्रथम दृष्टया पर्याप्त' हैं।

मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट विजयश्री राठौड़ हौज खास थाने में डॉ. दीपक गुप्ता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (भादंसं) की धाराओं 376 (बलात्कार), 377 (अप्राकृतिक अपराध), 313 (महिला की सहमति के बिना गर्भपात कराना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत दर्ज मामले की सुनवाई कर रही थीं। मजिस्ट्रेट ने कहा-मैंने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 173 के तहत चालान और दर्ज बयान व साक्ष्यों को देखा है और प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि ये सभी चीजें मामले को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त हैं। उन्होंने 23 जनवरी को एक आदेश में कहा-सभी चीजों को देखते हुए मैंने आरोपी के खिलाफ भादंसं की धाराओं के अंतर्गत अपराध पर संज्ञान लिया है।

दिल्ली उच्च न्यायालय ने सुपरटेक समूह प्रमुख आर के अरोड़ा की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को रियल्टी प्रमुख सुपरटेक समूह के अध्यक्ष और प्रवर्तक आर. के. अरोड़ा की उस याचिका पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा, जिसमें उन्होंने धनशोधन मामले में उन्हें जमानत देने से इनकार करने के आदेश को चुनौती दी है। न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी ने ईडी को नोटिस जारी किया और मामले को 21 फरवरी को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया। अरोड़ा ने 24 जनवरी के निचली अदालत के आदेश को रद्द करने की मांग की है, जिसने उनकी नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी थी। उनके वकील ने अदालत की अर्जी पर विचार करने का आग्रह करते हुए कहा कि वह पिछले छह महीने से हिरासत में हैं।

जातीय जनगणना को लेकर झूठा श्रेय ले रहे राहुल

पटना, एजेंसी

▸▸ राहुल गांधी के बयान पर नीतीश ने किया पलटवार

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का यह दावा 'बेतुका' है कि राज्य में जाति-आधारित सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था। राज्य के महागठबंधन से अलग होकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में लौटने के तीन दिन बाद संवाददाताओं से बातचीत में जनता दल यूनाइटेड (जद यू) अध्यक्ष ने यह भी दावा किया कि विपक्षी गठबंधन को दिया गया नाम 'इंडिया' उन्हें पसंद नहीं था। बिहार के महागठबंधन में कांग्रेस भी एक घटक है।

कुमार ने कहा-उनका (राहुल) दावा बेतुका है कि राज्य में जातिगत सर्वेक्षण कांग्रेस के दबाव में किया गया था। हर कोई जानता है कि पहल केवल मैंने ही की थी। अब लोग श्रेय ले रहे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के तहत मंगलवार को पूर्णिया में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए दावा किया था कि 'महागठबंधन' के सहयोगियों के दबाव में जाति-आधारित सर्वेक्षण के बाद नीतीश खुद को घिरा हुआ महसूस कर रहे थे और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक तरह से उन्हें राहत दे दी। विपक्षी गठबंधन इंडिया पर निधाना साधते हुए कुमार ने कहा-वे लोग (घटक दल) कुछ नहीं कर रहे थे... सीट बंटवारे पर भी कोई चर्चा नहीं हो रही थी। सच कहूं तो, इस गठबंधन को दिया गया नाम (इंडिया) मुझे बिल्कुल पंसद नहीं था। उन्होंने स्वयं निर्णय लिया। अब, मैं यहां (राजग) वापस आ गया हूं। अब कहीं और जाने का सवाल नहीं उठता है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और राजद नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के सवाल पर जदू (यू) प्रमुख ने कहा-जांच एजेंसी अपना काम कर रही है।

केरल की अदालत ने तिहरे हत्याकांड के दोषी को सुनाई मौत की सजा

कोच्चि। केरल की एक अदालत ने संपत्ति विवाद को लेकर अपने भाई भाभी और भतीजी की हत्या के मामले में आरोपी को दोषी करार देते हुए बुधवार को मौत की सजा सुनाई। विशेष लोक अभियोजक (एसपीपी) बिंदु पी.ए. ने संवाददाताओं को बताया कि अतिरिक्त जिला अदालत (महिलाओं और बच्चों के खिलाफ अत्याचार और यौन हिंसा के मामलों के लिए) ने आरोपी को अपने सबसे बड़े भाई की बेटी(घटना के समय 33 साल उम्र) की हत्या के लिए मौत की सजा सुनाई। एसपीपी ने कहा कि धारदार हथियार से महिला पर 35 बार हमला किया गया था जो अपराध की नृशंता को प्रदर्शित करता है।

आप की अर्जी पर चंडीगढ़ प्रशासन, नगर निगम से जवाब-तलब

चंडीगढ़, एजेंसी

महापौर का चुनाव

▸▸ हाईकोर्ट ने जवाब देने के लिए तीन हफ्ते का दिया समय



पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने महापौर का नए सिरे से चुनाव कराने की आम आदमी पार्टी (आप) की अर्जी पर बुधवार को कोई राहत देने से इनकार कर दिया तथा चंडीगढ़ प्रशासन एवं नगर निगम से तीन हफ्ते में जवाब मांगा।

आम आदमी पार्टी ने मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए उच्च न्यायालय से मंगलवार के चुनाव को खारिज करने तथा उच्च न्यायालय के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में नए सिरे से महापौर का चुनाव कराने का अनुरोध किया है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने कल आश्चर्यजनक ढंग से कांग्रेस-आम आदमी पार्टी (आप) गठबंधन को हराते हुए चंडीगढ़ महापौर चुनाव में सभी तीन शीर्ष पद जीत लिए। इस गठबंधन ने पीठासीन अधिकारी द्वारा मतपत्रों के साथ छेड़छाड़ किये जाने का आरोप लगाया है। न्यायमूर्ति सुधीर सिंह और न्यायमूर्ति हर्ष बुंगेर की खंडपीठ ने बुधवार को चंडीगढ़ प्रशासन, चंडीगढ़ नगर निगम, पीठासीन अधिकारी अनिल मसिह, नवनिर्वाचित महापौर मनोज सोनकर एवं अन्य को नोटिस जारी कर उनसे तीन हफ्ते में जवाब मांगा। इस मामले में अगली सुनवाई 26 फरवरी को होगी।

आप पार्षद एवं महापौर पद के लिए प्रत्याशी कुलदीप कुमार ने चंडीगढ़ नगर निगम और केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ प्रशासन एवं अन्य के खिलाफ याचिका दायर की है। सुनवाई के बाद पत्रकारों से बात करते हुए चंडीगढ़ प्रशासन के वकील अनिल मेहता ने कहा कि अदालत ने याचिकाकर्ता को कोई अंतरिम राहत नहीं दी। मेहता ने कहा-हमें जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते का वक्त दिया गया हैं। उन्होंने कहा कि याचिका की पोषणीयता से जुड़ा मुद्दा अब भी लंबित है। याचिकाकर्ता के वकील गुरमिंदर सिंह ने कहा कि अदालत ने नोटिस जारी किया तथा प्रतिवादियों को जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ्ते दिए।

गुरमिंदर सिंह ने कहा कि हमारे अनुरोध का दायरा था कि महापौर चुनाव परिणाम खारिज किया जाए तथा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराए जाएं। सिंह पंजाब के महाधिवक्ता भी हैं। अपनी अर्जी में याचिकाकर्ता ने अदालत से उच्च न्यायालय के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराये जाने का निर्देश देने का अनुरोध किया है ताकि कोई कदाचार न हो।

एक नजर

उत्तर कोरिया ने लंबी दूरी की मिसाइलों का किया परीक्षण

सियोल। उत्तर कोरिया ने बुधवार को कहा कि उसने अपनी जवाबी और रणनीतिक हमले की क्षमताओं को बढ़ाने के मकसद से लंबी दूरी की क्रूज मिसाइलों का परीक्षण किया। दक्षिण कोरिया और जापान पर रणनीतिक दबाव बनाने के लिए उत्तर कोरिया का यह नवीनतम परीक्षण है। दक्षिण कोरिया की सेना ने पश्चिमी तटीय क्षेत्र में उत्तर कोरिया की ओर से कई क्रूज मिसाइलें दागने का पता लगाया था, इसके एक दिन बाद ही उत्तर कोरिया की सरकारी मीडिया में यह खबर आई। उत्तर कोरिया की ओर से इस माह यह तीसरा प्रक्षेपण है।

रूस ने यूक्रेन के साथ की 195 युद्धबंदियों की अदला-बदली

कीव। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूस और यूक्रेन ने 195-195 युद्धबंदियों की अदला-बदली की है। मंत्रालय ने बताया कि यह अदला-बदली बुधवार को की गई। इस घोषणा से एक सप्ताह पहले रूस ने आरोप लगाया था कि यूक्रेनी बलों ने यूक्रेनी युद्धबंदियों को ले जा रहे सेना के एक परिवहन विमान को मार गिराया। इन युद्धबंदियों की रूस के युद्धबंदियों से अदला-बदली की जानी थी। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि सीमा पार से दागी गईं मिसाइलों ने 24 जनवरी को रूस के बेलगोरोद क्षेत्र में विमान को मार गिराया। यूक्रेन की सीमा से लगते बेलगोरोद में स्थानीय प्राधिकारियों ने बताया था कि इस घटना में विमान में सवार सभी 74 लोगों की मौत हो गई जिसमें चालक दल के छह सदस्य और रूस के तीन सैनिक शामिल थे।

होमलैंड सिक्योरिटी ने मयोरकास के खिलाफ किया वोट

वाशिंगटन। अमेरिकी हाउस रिपब्लिकन की होमलैंड सिक्योरिटी कमेटी ने कानून का पालन करने से जानबूझकर और प्रणालीगत इनकार करने और मैक्सिको सटी सीमा से होने वाले अवैध अप्रवास मामले से निपटने में सार्वजनिक विश्वास के उल्लंघन के लिए होमलैंड सिक्योरिटी सचिव एलेजांद्रो मायोरकास पर महाभियोग चलाने के लिए सफलतापूर्वक मतदान किया। कमेटी के चेयरमैन मार्क ग्रीन ने टिप्पणी करते हुए कहा कि मायोरकास ने जानबूझकर और व्यवस्थित रूप से कांग्रेस द्वारा पारित कानूनों का पालन करने से इनकार कर दिया है और कांग्रेस तथा अमेरिकी जनता के विश्वास को तोड़ा है।

मंगोलिया में गैस टैंक विस्फोट में मरने वालों हुई पांच

उलानबटोर। मंगोलिया में हाल ही में हुए गैस टैंक विस्फोट में बुधवार को एक और व्यक्ति की मौत के साथ मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई। नेशनल ट्रॉमा एंड ऑर्थोपेडिक रिसर्च सेंटर के मुताबिक विस्फोट के कारण शरीर का 90-95 प्रतिशत से अधिक जल जाने के कारण अस्पताल में भर्ती एक नागरिक की अस्पताल में मौत हो गई। केंद्र ने एक बयान में कहा कि कथित तौर पर 60 टन तरलीकृत प्राकृतिक गैस ले जा रहे एक टैंकर में पिछले सप्ताह एक वाहन दुर्घटना के कारण राजधानी के दक्षिण-पूर्वी जिले बायनजुरख में एक चौराहे पर विस्फोट हो गया। विस्फोट के दौरान 10 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है।

पर्ड्यू विवि के छात्र की मौत में कुछ भी संदेहास्पद नहीं

वाशिंगटन। अमेरिका के पर्ड्यू विश्वविद्यालय हवाई अड्डे के नजदीक मिले भारतीय मूल के छात्र नील आचार्य के शव पर फॉरेंसिक विशेषज्ञों को चोट का कोई निशान नहीं मिला है और न ही मामले में किसी अनहोनी की आशंका है। मृत्यु समीक्षक (कॉरनोर) कार्यालय ने यह जानकारी दी।

▸▸ **रविवार को हवाई अड्डे के नजदीक मिला था नील आचार्य का शव**

आचार्य का शव रविवार को हवाई अड्डे के नजदीक मिला था और पुलिस को पूरे प्रकरण की जांच के लिए सूचित किया गया था। द लफायेट्टे जर्नल एंड कुरियर अखबार ने खबर दी कि सोमवार के पोस्टमॉर्टम के बाद भी आचार्य की मौत पहेली बनी हुई है। टिप्पेकैनोई काउंटी के मृत्यु समीक्षक कैरी कॉस्टेलो ने कहा कि फॉरेंसिक विशेषज्ञों को आचार्य के शव पर चोट का कोई निशान नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि मौत के पीछे किसी अनहोनी की आशंका नहीं है। मौत के प्राथमिक कारणों की जानकारी विषविज्ञान जांच के नतीजे से मिलेगी जिसकी रिपोर्ट आने में छह सप्ताह का समय लगेगा।

नासा ने खोजा छह ग्रहों का दुर्लभ संसार

नैनीताल कार्यालय

अमृत विचार : ग्रहों की हमारी अपनी दुनिया के अलावा और भी अनेकों संसार हैं, जो अनोखे ही नही दुर्लभ भी हैं। नासा ने हाल ही में छः ग्रहों वाले सौर परिवार की खोज की है। इस खोज को दुर्लभ खोज माना जा रहा है, जहां भविष्य में जीवन की संभावना जताई जा रही हैं।

यह खोज अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा की टीइएसएस टेलीस्कोप द्वारा हुई है। इस सौर मंडल का सूर्य अभी युवा है। खास बात यह है कि इसका व्यवहार बिल्कुल बच्चों जैसा है, जो अठखेलियां करता प्रतीत होता है। इसका नाम टीओआई-1136 दिया गया है। नासा का मानना है कि यह ग्रह प्रणाली ग्रहों के निर्माण से संबंधित जरूरी जानकारी प्रदान कर सकती है साथ ही तारे के चारों ओर ग्रह कैसे बनते और विकसित होने की जानकारी दे सकते हैं। बड़ी बात यह है कि खगोलविदों को 4 अरब साल पहले की हमारे ब्रह्मांडीय विकास की जानकारी मिल सकती है। यह सौर मंडल पृथ्वी से लगभग 270 प्रकाश वर्ष दूर स्थित है। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में खगोल भौतिकी विजिटिंग प्रोफेसर तारा फेदरॉल्फ़ का कहना है कि नया सौर मंडल हमारे सौर मंडल के समान हो सकता है, जो हमें बहुत कुछ जानकारी दे सकता हैं। इस खोज के प्रारंभिक अध्ययन में कई दूरबीनों से अवलोकन किया गया। जिससे ग्रहों के द्रव्यमान, उनकी कक्षाओं के आकार और यहां तक कि उनके वायुमंडल की विशेषताओं का पता लगाया गया।



नासा द्वारा खोजे गए नए सौर परिवार की तस्वीर।

कई तरह की समानताएं हैं दोनों सौर मंडल के ग्रहों में

छह ग्रहों की यह दुनिया हमारे सौर मंडल के ग्रहों से मेल खाती हैं। एक ग्रह की चौड़ाई पृथ्वी से दोगुनी है, जबकि इसके अन्य ग्रह हमारे ग्रह के आकार से चार गुना बड़े हैं। साथ ही बर्फ के ग्रह हमारे यूरेनस और नेपच्यून के आकार के बराबर हैं। इसके ग्रह 88 पृथ्वी दिनों से भी कम समय में एक चक्कर पूरा करते हैं। इससे पता चलता है कि इस सौर मंडल के ग्रह अपने तारे के बेहद नजदीक मौजूद हैं।

मलेशिया के 17वें राजा के रूप में इब्राहिम ने ली शपथ

कुआलालंपुर। मलेशिया के जोहोर राज्य पर शासन करने वाले अरबपति सुल्तान ने क्रमगत बदलाव वाली राजशाही व्यवस्था के तहत देश के 17वें राजा के रूप में शपथ ली।

सुल्तान इब्राहिम इस्कंदर (65) ने महल में पद की शपथ ली। उन्होंने अन्य शाही परिवारों, प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम और कैबिनेट सदस्यों की मौजूदगी में एक समारोह में शपथ से संबंधित महत्वपूर्ण दस्तावेज पर हस्ताक्षर किये। बाद में राज्याभिषेक समारोह आयोजित किया जाएगा। देश के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक, सुल्तान इब्राहिम के पास रियल एस्टेट से लेकर दूरसंचार और बिजली संयंत्रों तक एक व्यापक व्यापारिक साम्राज्य है।

पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी को 14 साल की जेल

तोशाखाना भ्रष्टाचार मामला: सरकारी पद पर रहने से 10 साल तक के लिए प्रतिबंधित

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में बुधवार को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई। एक दिन पहले ही मंगलवार को सरकारी गोपनीयता अधिनियम उल्लंघन मामले में एक विशेष अदालत ने खान (71) को 10 साल जेल की सजा सुनाई थी।

नई सजा सुनाए जाने से आम चुनाव से सत्ता में लौटने की उनकी कोशिश को एक और झटका लगा है। जवाबदेही अदालत के न्यायाधीश मोहम्मद बशीर ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में रावलपिंडी की अडियाला जेल में सुनवाई की। अदालत ने अपने फैसले में दोनों पर 10 साल तक किसी भी सरकारी पद पर रहने से प्रतिबंध लगाया है और प्रत्येक पर 78.70-78.70 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। बुशरा बीबी बुधवार को अदालत में पेश नहीं हुईं। सुनवाई की शुरुआत में न्यायाधीश बशीर ने खान से पूछा कि क्या उन्होंने अपने बयान दर्ज कराए हैं। इस पर पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके वकील के आने के बाद वह बयान दर्ज कराएंगे। खान ने कहा कि मुझे धोखा दिया गया है, मुझे केवल सुनवाई के लिए उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। दोषी ठहराए जाने के बाद बुशरा बीबी अडियाला जेल पहुंचीं और उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया। मामले में न्यायाधीश ने जुलाई 2018 में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ को भी दोषी ठहराया था।

सजा सुनाते समय अदालत ने धोखा दिया: इमरान

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने बुधवार को जवाबदेही अदालत पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई में केवल उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था लेकिन इसके बजाय उन्हें और उनकी पत्नी को 14 साल जेल की सजा सुनाई गई। तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में खान पर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान मिले महंगे सरकारी उपहारों को अपने पास रखने का आरोप है। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक ने कहा कि मुझे धोखा दिया गया है क्योंकि मुझे केवल सुनवाई में उपस्थिति दर्ज कराने के लिए बुलाया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके वकील के आने के बाद वह अपना बयान दर्ज कराएंगे। पूर्व प्रधानमंत्री ने एक दिन पहले सिफर मामले में फैसले का जिक्र करते हुए कहा, आप जल्दी में क्यों हैं? कल भी,

जल्दबाजी में सजा सुनाई गई। उन्होंने कहा कि मेरे वकील अभी तक यहां नहीं आए हैं। जब वे आएंगे तो मैं उन्हें बताने के बाद बयान दर्ज कराऊंगा। खान ने कहा कि वह केवल अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए अदालत में उपस्थित हुए हैं। इस पर खान से कहा गया कि वह तुरंत अपना बयान दर्ज कराएं और अदालत का समय बर्बाद न करें। इसके बाद खान अदालत कक्ष से बाहर निकल गए, जिसके बाद अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री और उनकी पत्नी को उनकी अनुपस्थिति में सजा सुनाई। दोषी ठहराए जाने के बाद बुशरा बीबी अडियाला जेल पहुंचीं और उन्होंने आत्मसमर्पण कर दिया।

नामांकन खारिज करने को इमरान ने शीर्ष अदालत में दी चुनौती

इस्लामाबाद। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने आठ फरवरी के आम चुनाव में पंजाब प्रांत में दो नेशनल असेम्बली सीट पर अपना नामांकन पत्र खारिज कर दिये जाने को बुधवार को उच्चतम न्यायालय में चुनौती दी। प्रांत के लाहौर एवं मियांवाली जिलों में नेशनल असेम्बली की दो सीट पर पिछले महीने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के सुप्रीमो खान के नामांकन पत्रों को 'नैतिक आधार पर एवं तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में दोषी करार दिये जाने के कारण' खारिज कर दिया गया था। खान ने नामांकन पत्रों को खारिज किये जाने के खिलाफ इस माह के प्रारंभ में लाहौर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। उच्च न्यायालय ने निर्वाचन अधिकारी एवं अपीलीय न्यायाधिकरण के फैसलों को सही करार देते हुए खान की याचिका खारिज कर दी थी। खान ने याचिका में शीर्ष अदालत से उन्हें दो निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ने के लिए पात्र घोषित करने की अपील की है। अर्जी में कहा गया है कि अनुच्छेद 63(1) (एच) के तहत अयोग्य घोषित करने की अधिसूचना अनुचित है।

अमेरिकी नौसेना ने लाल सागर में हुती की मिसाइल को मार गिराया

यरुशलम, एजेंसी

अमेरिकी नौसेना के विध्वसंक पोत ने लाल सागर में यमन के हुती विद्रोहियों द्वारा दागी गई पोत रोधी मिसाइल को सफलतापूर्वक मार गिराया। यह इस समुद्री मार्ग पर अमेरिकी गश्ती बल को निशाना बनाकर किया गया नवीनतम हमला है।

अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने बताया कि हमला मंगलवार देर रात आर्ले बर्क श्रेणी के निर्देशित मिसाइल विध्वंसक यूएसएस ग्रावैली को निशाना बनाकर किया गया। हालांकि, हमले में कोई हताहत नहीं हुआ और न ही किसी नुकसान की खबर है। हुती विद्रोहियों के एक सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने बुधवार सुबह जारी बयान में हमले की जिम्मेदारी लेते हुए इसे फिलिस्तीनी लोगों के उत्पीड़न के लिए जीत और देश के खिलाफ अमेरिकी-ब्रिटिश आक्रामकता की प्रतिक्रिया बताया।

हुती विद्रोही पूर्व में भी बढ़ा-चढ़ाकर दावा करते रहे हैं, जबकि उनकी मिसाइलें कभी-कभी जमीन पर नष्ट हो जाती हैं और अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहती हैं। हुती विद्रोहियों ने सोमवार को भी बिना किसी सबूत के दावा किया था कि उसने यूएसएस लुईस बी. पुलर को निशाना बनाया है। यह पोत नौसेना सील और अन्य के लिए तैरते आधार के तौर पर काम करता है। हालांकि, अमेरिका ने दावे को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा कोई हमला नहीं हुआ। हुती विद्रोहियों ने शुक्रवार को भी व्यापारिक जहाज पर मिसाइलें दागी थी जिसकी वजह से आग लग गई थी।

17 फरवरी तक अभियान शुरू कर सकता है यूरोपीय संघ

मॉस्को। यूरोपीय संघ (ईयू) लाल सागर में व्यापारी जहाजों को हुती हमलों से बचाने के लिए 17 फरवरी को अभियान शुरू कर सकता है हालांकि उसके सभी सदस्य देश इसमें हिस्सा लेने के इच्छुक नहीं होंगे। यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने बुधवार को यह जानकारी दी। बोरेल ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के रक्षा मंत्रियों की एक अनौपचारिक बैठक से पहले कहा कि लाल सागर में दु:खद सुरक्षा चुनौती, हुतियों के हमलों का सामना करने वाले लाल सागर में व्यापारी जहाजों को बचाने में भाग लेने के लिए यूरोपीय संघ के एक नए नौसेना मिशन का निर्माण, मुझे यकीन है कि निर्णय होगा। सभी सदस्य देश भाग लेने के इच्छुक नहीं होंगे, लेकिन मुझे आशा है कि कोई भी बाधा नहीं डालेगा।

हुती विद्रोहियों से निपटने के लिए पोत भेजन को तैयार ब्रिटेन

लंदन। ब्रिटेन हुती विद्रोहियों के मिसाइल और ड्रोन हमलों से जहाजों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लाल सागर में एक विमानवाहक पोत भेजने की तैयारी कर रहा है। द टेलीग्राफ अखबार ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्रिटेन की नौसेना अमेरिका लौटने पर अमेरिकी विमानवाहक पोत यूएसएस इवाइट आइजनहावर को बदलने की तैयारी कर रही है। रिपोर्ट में बताया है कि ब्रिटेन के पास एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स और एचएमएस क्वीन एलिजाबेथ जैसे दो विमानवाहक पोत हैं, जिन्हें एफ-35 लड़ाकू विमान ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। यह भी कहा गया है कि यदि इस क्षेत्र में तैनात किया जाता है तो एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स अपना पहला लड़ाकू अभियान चलाएगा।

खान यूनिस के अल-अमल अस्पताल पर इजराइली सेना ने हमला किया

गाजा, एजेंसी

इजराइली बलों ने दक्षिणी गाजा पट्टी में खान यूनिस के अल-अमल अस्पताल पर हमला किया। सरकारी फिलिस्तीन टीवी ने यह जानकारी दी है। फिलिस्तीन रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने कहा कि इजराइली बलों ने मंगलवार को अस्पताल की बाहरी दीवार को ध्वस्त कर दिया और विस्थापित लोगों तथा चिकित्सा कर्मियों को परिसर तुरंत खाली करने के लिए कहा।

गौरतलब है कि पिछले दिनों में अस्पताल के आसपास तीव्र इजराइली गोलाबारी देखी गई थी, जिसके कारण कई लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। इसके साथ ही सैकड़ों फिलिस्तीनियों को क्षेत्र से विस्थापित होना पड़ा था। अल-अमल अस्पताल में खान यूनिस के विभिन्न क्षेत्रों में इजराइल की ओर से की जा रही गोलीबारी के कारण हजारों फिलिस्तीनियों ने शरण ली है। इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने हालांकि इस रिपोर्ट का खंडन किया है। आईडीएफ के एक प्रवक्ता ने कहा कि अल-अमल अस्पताल पर कोई हमला नहीं हुआ है। इसमें प्रवेश नहीं हुआ है या बंदूक की नोक पर लोगों को छोड़ने का कोई आदेश नहीं दिया गया है। समिति ने कहा कि अस्पतालों के आसपास के इलाकों सहित घनी आबादी वाले शहरी इलाकों में चल रही शत्रुताएं सबसे कमजोर समूहों, जैसे चिकित्सा टीमों, मरीजों, घायलों, बच्चों, दिव्यांगों और बुजुर्गों के जीवन को खतरे में डालती हैं।

आज मिस्र जाएगा हमास का प्रतिनिधिमंडल

गाजा। हमास का एक प्रतिनिधिमंडल हाल ही में फ्रांस की राजधानी पेरिस में आयोजित बैठक के दौरान गाजा पट्टी में संघर्ष विराम पर रूपरेखा के समझौते पर चर्चा करने के लिए बुधवार को मिस्र का दौरा करेगा। फिलिस्तीनी सूत्रों ने बताया कि प्रतिनिधिमंडल मिस्र की जनरल इंटेलिजेंस सर्विस के प्रमुख अब्बास कामेल के साथ राजधानी काहिरा में बैठक करेगा। मिस्र में होने वाली बैठक में पेरिस बैठक के नतीजों पर चर्चा होगी, जिसमें गाजा में युद्धविराम के लिए कई चरणों की रूपरेखा तैयार की गई थी। हमास के राजनीतिक ब्यूरो के प्रमुख इस्माइल हानियेह ने घोषणा की थी कि पेरिस बैठक में प्रस्ताव मिला है, जिसमें गाजा में हिंसा को रोकना और इजराइली जेलों से फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों को रिहा करना शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव पर हमारा रूख गाजा के खिलाफ इजराइली आक्रामकता को रोकने और गाजा पट्टी से सेना को वापस लेने पर आधारित होगी।

10 हजार भारतीय श्रमिक अगले सप्ताहसे पहुंचेंगे इजराइल

यरुशलम। निर्माण क्षेत्र में कामगारों की कमी का सामना कर रहे इजराइल में अगले सप्ताह से भारत से करीब 10,000 श्रमिक आएंगे। उद्योग सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। इजराइल बिल्डर्स एसोसिएशन (आईबीए) के एक सूत्र ने बताया कि ये 10,000 श्रमिक प्रति सप्ताह 700 से 1,000 के जत्थे में पहुंचेंगे।

गाजा में हमास के साथ इजराइल के संघर्ष और फिलिस्तीनी श्रमिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध तथा कई हजार अन्य विदेशी श्रमिकों के प्रस्थान के साथ, इजराइली निर्माण उद्योग को गहरे संकट का सामना करना पड़ रहा है और कई परियोजनाएं अटक गई हैं या देरी का शिकार हो गई हैं। संघर्ष के बाद, इजराइल ने फिलिस्तीनी श्रमिकों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था। कई हजार अन्य विदेशी श्रमिकों के चले जाने से इजराइल के निर्माण उद्योग को गहरे संकट का सामना करना पड़ रहा है।

इजराइल के कारोबारी द कैलकलिस्ट ने पिछले हफ्ते हिब्रू में एक खबर में कहा कि निर्माण उद्योग के लिए विदेशी श्रमिकों का कोटा 30,000 से बढ़ाकर 50,000 कर दिया गया है और इजराइली सरकार ने पिछले महीने भारत से 10,000 श्रमिकों के आगमन को मंजूरी दी थी। आईबीए ने पुष्टि है की कि कैलकलिस्ट की खबर में विवरण सही थे। श्रमिकों के पहले जत्थे के आगमन पर कहा कि हमें उम्मीद है कि वे अगले सप्ताह आएंगे।

राजनयिकों ने देखा बीएपीएस मंदिर...

अबु धाबी के बीएपीएस हिंदू मंदिर के उद्घाटन में अब एक महीने से कम का समय शेष है। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारतीय राजदूत संजय सुधीर ने दुनियाभर के कई राजनयिकों की यहां मेजबानी की। वे सभी मंदिर की वस्तुकला और जटिल रूपांकनों को देखकर आश्चर्यचकित रह गए।

जापान के थर्मल पावर स्टेशन में विस्फोट, लगी आग

टोक्यो। जापान के मध्यवर्ती आइची प्रान्त में एक थर्मल पावर स्टेशन में बुधवार को विस्फोट हो गया, जिसके बाद घटनास्थल पर आग और काला धुआं उठता देखा गया। यह विस्फोट अपराह्न करीब तीन बजे हुआ।

पुलिस ने बताया कि टोक्यो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी होल्डिंग्स इंक और चुबु इलेक्ट्रिक पावर कंपनी के संयुक्त उद्यम, जेरा कंपनी द्वारा संचालित संयंत्र में यह हादसा हुआ। अग्निशमन विभाग और अधिकारियों ने अब तक जेरा ताकेतोयो थर्मल पावर स्टेशन में विस्फोट के परिणामस्वरूप किसी के घायल होने की पुष्टि नहीं की है। समाचार एजेंसी क्योडो ने अग्निशमन अधिकारियों और प्रीफेक्चरल पुलिस के हवाले से बताया कि विस्फोट इमारत की 13वीं मंजिल पर बॉयलर के भीतर हुआ। कन्वेयर से आग निकलती देखी गई है, काला धुआं उठता देखा गया है।

म्यांमार ने राजनीतिक दलों के पंजीकरण कानून में किया संशोधन

यांगून। म्यांमार की स्टेट एडमिनिस्ट्रेशन कौंसिल ने देश के राजनीतिक दल पंजीकरण कानून में संशोधन करते हुए एक नया कानून लागू किया है। म्यांमार की आधिकारिक ई-पेपर ग्लोबल न्यू लाइट ने बुधवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। कौंसिल अध्यक्ष वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग द्वारा हस्ताक्षरित संशोधित कानून को म्यांमार संघ गणराज्य के संविधान की धारा 419 के तहत अधिनियमित किया गया है। नए कानून में पार्टी की सदस्यता के लिए न्यूनतम आवश्यकता को 100,000 से घटाकर 50,000 सदस्यों तक कर दिया गया है और पार्टियों को जिन टाउनशिप में काम करना है।

चुनावी घमासान अपने गृह राज्य में धीरे-धीरे बढ़ रही है हेली की लोकप्रियता, 23 फरवरी को होना है प्राइमरी चुनाव

ट्रंप की टीम ने निक्की हेली को बताया युद्ध समर्थक

वाशिंगटन, एजेंसी

रिपब्लिकन पार्टी की नेता एवं पार्टी की राष्ट्रपति पद की दावेवारी की दौड़ में शमिल भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली पर हमला तेज करते हुए डोनाल्ड ट्रंप की चुनाव प्रचार टीम ने मंगलवार को उन पर युद्ध समर्थक होने का आरोप लगाया। वहीं, हेली ने ट्रंप पर निशाना साधते हुए मंगलवार को अमेरिका को फिर से सामान्य बनाएं का नया नारा गढ़ा।

ट्रंप की चुनाव प्रचार अभियान टीम के प्रवक्ता स्टीवन चेउंग ने कहा तथ्य यह है कि हेली को पता है कि उनके पास इस बात के लिए कोई ठोस तर्क या कोई सुसंगत कारण नहीं है कि उन्हें राष्ट्रपति क्यों बनना चाहिए। लेकिन मतदाता यह जानते हैं कि वह एक युद्ध समर्थक हैं जो अमेरिका को अंतहीन युद्धों में झोंकना पसंद करेंगी। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आयोवा और न्यू हैम्पशायर में पहली दो रिपब्लिकन प्राइमरी जीत ली है और दक्षिण कैरोलाइना में 30 प्रतिशत से अधिक अंकों से आगे हैं, जहां 23 फरवरी को प्राइमरी चुनाव होना है। दक्षिण कैरोलाइना से दो बार की गवर्नर हेली (51) की लोकप्रियता उनके गृह राज्य में धीरे-धीरे बढ़ रही है जहां उन्हें मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद है। हेली ने कहा कि अगर ट्रंप सारा समय और पैसा अदालती मामलों और अराजकता पर खर्च कर रहे हैं तो वह राष्ट्रपति जो बाइडन को नहीं हरा सकते। उन्होंने एक नया नारा गढ़ा अमेरिका को फिर से सामान्य बनाएं। हेली का अभियान 23 फरवरी को पार्टी के दक्षिण कैरोलाइना प्राइमरी से पहले महत्वपूर्ण चरण में प्रवेश कर रहा है।

हेली ने चार सालों में अमेरिका के दुश्मनों को किया प्रोत्साहित

ट्रंप की चुनाव प्रचार अभियान टीम ने हेली पर तुरंत पलटवार करते हुए कहा तथ्य यह है कि पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप के कार्यकाल के दौरान अमेरिका अधिक सुरक्षित था। पिछले चार वर्षों में कुटिल जो बाइडन के साथ व्हाइट हाउस के कमजोर और अक्षम नेतृत्व ने अमेरिका के दुश्मनों को प्रोत्साहित किया है। निक्की हेली के नेतृत्व में कुछ अलग नहीं होगा। हेली ने कहा कि चुनाव प्रचार अभियान टीम ने उनके गृह राज्य कैरोलाइना में आक्रामक अभियान शुरू किया है। हमारा अभियान देश भर के उन लोगों की टिप्पणियों और ईमेल से भरे हैं जो अमेरिका को फिर से सामान्य बनाना चाहते हैं।

भारतीय नागरिक को 28 लाख डॉलर की धोखाधड़ी मामले में नौ साल की जेल

वाशिंगटन। अमेरिका में मंगलवार को एक भारतीय नागरिक को 28 लाख डॉलर की स्वास्थ्य देखभाल धोखाधड़ी के मामले में नौ साल की कैद की सजा सुनाई गई। न्याय विभाग ने यह जानकारी दी।

अदालती दस्तावेजों के अनुसार घरेलू स्वास्थ्य कंपनी श्रृंग होम केयर इंक (श्रृंग) के मालिक एवं संचालक मिशिगन निवासी 43 वर्षीय योगेश के. पंचोली से दवाओं की बिक्री का अधिकार छीन लिया गया था बावजूद इसके पंचोली ने कंपनी के अपने स्वामित्व को छिपाने के लिए दूसरों के नाम, हस्ताक्षर और व्यक्तिगत पहचान संबंधी जानकारी का उपयोग करके श्रृंग को खरीदा।

जी20 को जन-जन तक ले जाना महत्वपूर्ण कदम : श्रीनिवास

जोहानिसबर्ग, एजेंसी

▸▸ **कहा- जी20 के इतिहास में पहले कभी भी इतनी सफलता के साथ राजधानी के बाहर आयोजित नहीं हुए थे इतने सारे कार्यक्रम**

पिछले साल भारत की अध्यक्षता में हुए जी20 शिखर सम्मेलन को जन-जन तक ले जाने से न केवल समूह के महत्व के बारे में लोगों में जागरुकता पैदा हुई, बल्कि इसने सभी की भलाई के लिए अलग-अलग देशों की सरकारों को भी एकजुट किया। भारत सरकार के संयुक्त सचिव के.जे. श्रीनिवास ने मंगलवार को यहां एक बैठक में यह बात कही।

जोहानिसबर्ग के वाणिज्य दूतावास में 150 से अधिक प्रवासी और स्थानीय भारतीय समुदाय के नेता एकत्र हुए। गुयाना में उच्चायुक्त नियुक्त होने से पहले श्रीनिवास 2013 और 2016 के बीच जोहानिसबर्ग में भारत के महावाणिज्य दूत थे।

श्रीनिवास ने कहा कि जी20 शिखर सम्मेलन का आयोजन ऐसा घटनाक्रम था जिस पर हम सभी भारतीयों, एनआरआई और प्रवासी भारतीयों को बहुत गर्व होना चाहिए। यह एक ऐसा अवसर था जब पूरी दुनिया हमारी ओर देख रही थी और हमने इसे सफलता के साथ पूरा किया। उन्होंने कहा कि पूरे शिखर सम्मेलन को जनता के बीच ले जाना भारत के नेतृत्व में एक बड़ा कदम था। जी20 के इतिहास में पहले कभी भी इतनी सफलता के साथ राजधानी के बाहर इतने सारे कार्यक्रम आयोजित नहीं हुए थे।